C O N T E N T S

Sixteenth Series, Vol.XV, Seventh Session, 2016/1937 (Saka)
No.10, Tuesday, March 8, 2016/Phalguna18, 1937(Saka)

SUBJECT	PAGES
OBITUARY REFERENCES	11-12
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
*Starred Question Nos.141 to 145	13-62
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	
Starred Question Nos.146 to 160	63-143
Unstarred Question Nos.1611 to 1840	144-722

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

RULING BY THE SPEAKER 723

PAPERS LAID ON THE TABLE 724-748

MESSAGES FROM RAJYA SABHA
AND
BILLS AS PASSED BY RAJYA SABHA 749-750

STANDING COMMITTEE ON HEALTH AND FAMILY WELFARE
92nd Report 751

STATEMENT BY MINISTER
Issue of tax proposals for EPF/Superannuation Fund
Shri Arun Jaitley 752-754

BUSINESS OF THE HOUSE 755-758

ENEMY PROPERTY (AMENDMENT AND VALIDATION) BILL, 2016 759

STATEMENT RE: ORDINANCE 759

REFERENCE BY THE SPEAKER 760-813
International Women's Day

Hon'ble Speaker 760-761
Shrimati Sonia Gandhi 762-765
Shrimati Hemamalini 765-768
Shrimati R. Vanaroja 769-771
Shrimati Satabdi Roy 772-773
Shrimati Pratyusha Rajeshwari Singh 774-775
Shrimati Bhavana Pundlikrao Gawali 776-778
Shrimati Kavitha Kalvakuntla 779-781
Shrimati P.K. Sreemathi Teacher 782-784
Shrimati Supriya Sule 785-787
Shrimati Meenakashi Lekhi 788-790

Shrimati Ranjeet Ranjan	790-792
Prof. Sugata Bose	792-793
Shrimati Kothapalli Geetha	793-794
Shrimati Jayshreeben Patel	795-796
Shrimati M. Vasanthi	797
Shrimati Rama Devi	798
Dr. Ratna De (Nag)	799-800
Shrimati Riti Pathak	800-801
Shrimati Anupriya Patel	801-802
Shrimati Poonam Mahajan	802-805
Shrimati Aparupa Poddar	805-806
Shri Anurag Singh Thakur	806-807
Sadhvi Niranjan Jyoti	807-808
Shri M. Venkaiah Naidu	808-813

MATTERS UNDER RULE 377 814-839

(i) Need to accord sanction to the proposal of Government of Gujarat for setting up Anganwadi Centres in the State

Shrimati Jayshreeben Patel 815

(ii) Need to formulate a plan to treat pollution in Nag river in Maharashtra

Shri Nana Patole 816

(iii) Need to provide fair compensation to all the farmers in Uttar Pradesh distressed due to damage to their crops on account of unseasonal rains and hailstorms in the State

Shrimati Krishna Raj 817

(iv) Need to depute private school teachers as well as unemployed youth in census, election duties and other public welfare programmes

Dr. Mahendra Nath Pandey 818

(v) Need to promote sites of cultural heritage in Sidhi district, Madhya Pradesh and also take measures to promote tourism in the region

Shrimati Riti Pathak 819

(vi) Need to conserve and develop Rohtasgarh Fort in Rohtas district, Bihar

Shri Chhedi Paswan 820

(vii) Need to provide houses to people belonging to Korku tribe in Anuppur disrict, Madhya Pradesh

Shri Dalpat Singh Paraste 821

(viii) Need to fill-up the post of Director in AIIMS, Bhopal, Madhya Pradesh

Shri Alok Sanjar 822

(ix) Need to provide adequate compensation to the farmers whose land has been acquired for construction of National Highway Nos. 148-D and 758 in Bhilwara parliamentary constituency, Rajasthan

Shri Subhash Chandra Baheria 823

(x) Need to discuss the outcome of WTO meeting held in Nairobi, Kenya

Shri Rattan Lal Kataria 824

(xi) Need to establish a Sainik School/Military School in Meerut, Uttar Pradesh

Shri Rajendra Agrawal 825

(xii) Need to provide road facilities to villages and hamlets under Dungar Patti Amawara gram panchayat in Sawai Madhopur parliamentary constituency, Rajasthan

Shri Sukhbir Singh Jaunapuria 826

(xiii) Need to start work on gauge-conversion of railway line between Anandnagar and Nautanwa in Uttar Pradesh

Shri Pankaj Chaudhary 827

(xiv) Need to construct dam on river Kosi in Supaul parliamentary constituency, Bihar

Shrimati Ranjeet Ranjan 828

(xv) Need to set up ATM in every Gram Panchayat of Bangalore Rural parliamentary constituency, Karnataka

Shri D.K. Suresh 829

(xvi) Need to operate Cuddalore-Tiruchirappalli Train No. 76841 from Tirupapuliyur in Tamil Nadu

Shri A. Arunmozhithevan 830

(xvii) Need to address the problem of length of railway platform at Arakkonam Junction, Tamil Nadu and also provide a stoppage for all the express trains at the railway station

Shri G. Hari 831

(xviii) Need to construct a bridge in Nadia district block, West Bengal

Shri Tapas Paul 832

(xix) Need to do away with the sedition clause in IPC in view of recent JNU incident

Prof. Saugata Roy 833

(xx) Need to upgrade and revamp the radio station at Jeypore, Koraput district, Odisha

Shri Balabhadra Majhi 834

(xxi) Need to strengthen security system at all the railway stations in the country

Shri Chandrakant Khaire 835

(xxii) Need to take suitable steps to promote tourism

Shri Ch. Malla Reddy 836

(xxiii) Need to release dues of wages under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme in Attappadi tribal area in Palakkad Parliamentary Constituency, Kerala

Shri M.B. Rajesh 837

(xxiv) Need to establish a Jawahar Navodaya Vidyalaya or Kendriya Vidyalaya at any of the islands of Lakshadweep other than Kavaratti and Minicoy islands

Mohammed Faizal 838

(xxxv) Need to declare annual 'Kanwar Yatra' from Sultanganj (Bihar) to Deoghar (Jharkhand) as a national fair

Shri Jai Prakash Narayan Yadav 839

RAILWAY BUDGET (2016-17) – GENERAL DISCUSSION, AND DEMANDS FOR GRANTS ON ACCOUNT (RAILWAYS), 2016-17 840-1052

Shri Tariq Anwar 840-843

Shri Alok Sanjar 844-846

Shri Ganesh Singh 847-849

Shri K. Gopal 850-852

Shri A. Arunmozhithevan 853-856

Shri Virender Kashyap 857-858

Shrimati R. Vanaroja 859-861

Shri G. Hari 862-867

Shri K. Ashok Kumar 868-869

Shri T.G. Venkatesh Babu 870-876

Shri C.N. Jayadevan 877-880

Shri P.K. Biju 881-885

Shri Chintaman Navasha Wanga 886-887

Shri K.R.P. Prabakaran 888-892

Shri Jai Prakash Narayan Yadav 893-896

Dr. Thokchom Meinya 897-899

Shri Abhijit Mukherjee 900-901

Shrimati Krishna Raj 902-906

Prof. Sugata Bose 907-910

Shri Arka Keshari Deo 911-912

Shri D.K. Suresh	913-917
Shri Adhalrao Patil Shivajirao	918-921
Shri S.P. Muddahanume Gowda	922-925
Dr. Sunil Baliram Gaikwad	926
Shri K.H. Muniyappa	927-932
Shrimati Poonam Mahajan	933-936
Shrimati Supriya Sule	937-944
Shrimati Darshana Vikram Jardosh	945-949
Shri Sanjay Dhotre	950-951
Dr. Mamtaz Sanghmita	952-953
Shri C. Mahendran	954-956
Shri Satyapal Singh	957-959
Shri B.N. Chandrappa	960-962
Dr. Yashwant Singh	963
Shri Hari Majhi	964
Shrimati Ranjanben Bhatt	965-967
Dr. Tapas Mandal	968-973
Shri Nalin Kumar Kateel	974-980
Shrimati Anju Bala	981-983
Shri H.D. Devegowda	984-990
Dr. Kirit P. Solanki	991-994
Dr. Bhartiben D. Shyal	995-997
Shri Harishchandra Chavan	998-999
Shri P. Karunakaran	1000-1001
Dr. Prabhas Kumar Singh	1002-1005
Shrimati Kamla Paatle	1006-1007
Kumari Shobha Karandlaje	1008-1010
Dr. Boora Narsaiah Goud	1011-1015
Shrimati Rakshatai Khadse	1016-1018

Shri B. Vinod Kumar	1019-1021
Shri Ram Kumar Sharma	1022-1024
Shri Shivkumar Udasi	1025-1029
Shrimati Rama Devi	1030-1033
Shri Radheshyam Biswas	1034-1037
Shri P.P. Chaudhary	1038-1041
Shrimati Santosh Ahlawat	1042-1044
Shri P.R. Sundaram	1045
Shri Bhagwant Mann	1046-1048
Shri Bharat Singh	1049-1052
Shri Prem Das Rai	1053
Shri Prem Singh Chandumajra	1054-1056
Shri V. Panneerselvam	1057-1060
Shrimati Pratima Mondal	1061-1063
Shri Vinod Khanna	1064-1068
Shri Ramesh Bidhuri	1069-1072
Shri Ram Mohan Naidu Kinjarapu	1073-1080
Shri Naranbhai Kachhadia	1081-1083
Shrimati Anupriya Patel	1084-1085
Shri Jose K. Mani	1086-1088
Shri Rajesh Ranjan	1089-1092
Shri P.R. Senthilnathan	1093-1098
Shri Rajveer Singh (Raju Bhaiya)	1099-1100
Shri N.K. Premachandran	1101-1106
Dr. Ratna De (Nag)	1107-1110
Shri Vijay Kumar Hansdak	1111-1113
Shri Ram Tahal Choudhary	1114-1116
Adv. Joice George	1117-1120
Shri P.C. Mohan	1121-1123

Shri Arvind Sawant	1125-1127
Dr. Virendra Kumar	1128-1130
Dr. Prasanna Kumar Patasani	1131-1134
Shri Gopal Shetty	1135-1139
Shri Jhina Hikaka	1140-1141
Prof. A.S.R. Naik	1142-1143
Shri C.R. Chaudhary	1144-1147
Shri Kantilal Bhuria	1148-1150
Shri Chandra Prakash Joshi	1151-1154
Shri Rameshwar Teli	1155
Shri Dushyant Chautala	1156-1159
Shri Lallu Singh	1160-1161
Shrimati K. Maragatham	1162-1163
Shri Bhagwanth Khuba	1164-1165
Shri Sushil Kumar Singh	1166-1168
Prof. Richard Hay	1169-1170
Shri Bidyut Baran Mahato	1171-1172
Shri Abhishek Singh	1173-1174
Shri Janardhan Singh Sigriwal	1175-1177
Shri Lakhan Lal Sahu	1178-1179
Shri Rabindra Kumar Jena	1180-1182
Shri Ashwini Kumar Choubey	1183-1186
Shri Ravindra Kumar Pandey	1187-1188
Shri Sunil Kumar Singh	1189-1191
Shri Ajay Misra Teni	1192-1193
Shri Bhola Singh	1194
Shri Uday Pratap Singh	1195-1197
Shri M. Murli Mohan	1198-1200
Shri Sudheer Gupta	1201-1202

Shri Rahul Shewale	1203-1204
Shri Pratap Simha	1205-1207
Shri Sharad Tripathi	1208-1209
Shri Devendra Singh Bhole	1210-1212
Shri Mukesh Rajput	1213-1214
Shri Ajay Tamta	1215-1216
Dr. K.C. Patel	1217-1218
Shri Bhanu Pratap Singh Verma	1219-1220
Shri Hari Narayan Rajbhar	1221-1222
Shri Vishnu Dayal Ram	1224-1225
Shri Bhairon Prasad Mishra	1226-1227
Dr. Mahendra Nath Pandey	1228-1229
Shri Daddan Mishra	1230-1231
Shri Kaushal Kishore	1232-1233

ANNEXURE – I

Member-wise Index to Starred Questions	1252
Member-wise Index to Unstarred Questions	1253-1258

ANNEXURE – II

Ministry-wise Index to Starred Questions	1259
Ministry-wise Index to Unstarred Questions	1260

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shrimati Sumitra Mahajan

THE DEPUTY SPEAKER

Dr. M. Thambidurai

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Arjun Charan Sethi

Shri Hukmdeo Narayan Yadav

Shri Anandrao Adsul

Shri Pralhad Joshi

Dr. Ratna De (Nag)

Shri Ramen Deka

Shri Konakalla Narayana Rao

Shri Hukum Singh

Shri K.H. Muniyappa

Dr. P. Venugopal

SECRETARY GENERAL

Shri Anoop Mishra

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Thursday, March 8, 2016/Phalguna 18, 1937 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

OBITUARY REFERENCES

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे तीन पूर्व साथियों श्री जसुभाई धानाभाई बारड, श्री बसोरी सिंह मसराम और श्री पवन दीवान के दुःखद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री जसुभाई धानाभाई गुजरात के जूनागढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए 14वीं लोक सभा के सदस्य थे। वे खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति तथा सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति के सदस्य थे। इससे पूर्व, वे 1990 से 2003 तक तीन बार गुजरात विधान सभा के सदस्य थे और गुजरात सरकार में मंत्री थे। अपने निधन के समय श्री बारड गुजरात विधान सभा के सदस्य थे। श्री जसुभाई धानाभाई बारड का निधन 60 वर्ष की आयु में 25 जनवरी, 2016 को अहमदाबाद में हुआ।

श्री बसोरी सिंह मसराम मध्य प्रदेश के मण्डला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए 15वीं लोक सभा के सदस्य थे। वे सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी समिति तथा सभा पटल पर रखे गए पत्रों संबंधी समिति के सदस्य थे। इससे पूर्व, श्री मसराम वर्ष 1993 से 1998 तक मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य थे और वर्ष 1998 के दौरान मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री थे। श्री बसोरी सिंह मसराम का निधन 70 वर्ष की आयु में 26 जनवरी, 2016 को मध्य प्रदेश में हुआ।

श्री पवन दीवान मध्य प्रदेश के महासमुंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए 10वीं और 11वीं लोक सभा के सदस्य थे। वे 10वीं लोक सभा के दौरान खाद्य, नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति के सदस्य थे। इससे पूर्व, श्री दीवान 1977 से 1979 तक मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य थे और मध्य प्रदेश सरकार में सामाजिक कल्याण और जेल मंत्री थे। श्री पवन दीवान का निधन 71 वर्ष की आयु में 2 मार्च, 2016 को नई दिल्ली में हुआ। हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और अपनी ओर से तथा सभा की ओर से शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं।

अब सभा दिवगंत आत्मा के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन खड़ी रहेगी।

11.04 ½ hours

(*The Members then stood in silence for short while)*

11.05 hours

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

HON. SPEAKER : Q. No.141, Shri M. Murli Mohan.

(Q. 141)

SHRI M. MURLI MOHAN: Respected Madam, thank you for giving me a chance to put supplementary questions.

The Department of Agriculture, Cooperation and Farmers Welfare is implementing Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH) for development of horticulture and for holistic growth of the horticulture sector in the country. Although, the Union Government has taken a lot of steps to implement this scheme, much has to be done by providing adequate funds, upgradation of technological support, etc.

What are the specific steps being taken by the Government to promote horticulture in Andhra Pradesh and Telangana States? Is the Government promoting development of cold chains through the Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH) in the States of Andhra Pradesh and Telangana? If so, the funds allocated for the Government of Andhra Pradesh and Telangana under the MIDH Scheme in terms of logistic and technical support to improve production of Mango, Coconut, seasonal fruits and other horticulture products.

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. संजीव बालियान) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आंध्र प्रदेश को इस वर्ष एमआईडीएच के तहत 71 करोड़ रुपये एलॉट हुए थे, जिनमें से 55 करोड़ रुपये रिलीज हो चुके थे और बाकी जो पैसा है, वह जल्द ही रिलीज कर दिया जायेगा। इसके अलावा एनएचबी, यानी नैशनल हार्टिकल्चर बोर्ड नाम की एक स्कीम है, जो डिमांड ड्रिवन स्कीम है। अगर आंध्र प्रदेश से कोई भी प्रोजैक्ट सबमिट होता है, तो उसमें अलग से स्टेटवाइज एलोकेशन नहीं किया जाता। जिस भी स्टेट में प्राइवेट या गवर्नमैंट पब्लिक अंडरटेकिंग्स कम्पनी उसमें प्रोजैक्ट सबमिट करती है, तो उसे फंडिंग दी जाती है।

SHRI M. MURLI MOHAN : Has any time-line been fixed to make the Floriculture Institute at Kadiyam, Rajahmundry functional along with the funds earmarked? Is the Government planning to setup a Mega Food Park at Rajahmundry? What are the number of districts / development blocks covered under the Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH) in reference to Andhra Pradesh and Telangana?

डॉ. संजीव बालियान : माननीय अध्यक्ष महोदया, आंध्र प्रदेश के 11 जिले इसके अंडर कवर्ड हैं। माननीय सदस्य ने जिस सैंटर ऑफ एक्सीलैंस की बात की है, उस बारे में अभी मेरे पास कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। मैं यह नहीं बता सकता कि अभी तक प्रपोजल आया है या नहीं, जबकि फूड पार्क फूड प्रौसैसिंग इंडस्ट्री मिनिस्ट्री के अंडर आता है।

श्रीमती अंजू बाला: माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे आज प्रश्न का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : यदि आज महिलाएं प्रश्न पूछना चाहती हैं, तो मेरी कोशिश है कि मैं उन्हें ज्यादा प्रश्न पूछने का मौका दूं।

श्रीमती अंजू बाला : मैडम, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं कृषि मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि बागवानी के संबंध में विकास मिशन की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं और इस योजना के अंतर्गत क्या सुविधाएं प्रदान की गयी हैं? इसके साथ-साथ इस योजना के लिए पिछले दो सालों में कितना पैसा खर्च हुआ है?

डॉ. संजीव बालियान : अध्यक्ष महोदया, इस योजना में, यानी एमआईडीएच में हर स्टेट को अलग-अलग पैसा एलॉट आता है। अगर माननीय सदस्या उत्तर प्रदेश के संबंध में पूछना चाहती हैं, तो उत्तर प्रदेश को इस वर्ष 40 करोड़ रुपये का आबंटन हुआ था, जिसमें से 20 करोड़ रुपये रिलीज कर दिये गये हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि उत्तर प्रदेश के करीब पिछले वर्ष के 17 करोड़ रुपये अनयूटिलाइज्ड बैलेंस के तौर पर हैं, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश को इस बार का एलॉटमैंट थोड़ा कम हुआ है।

SHRI R. DHRUVANARAYANA : Thank you, Madam. In his reply, the Minister has given the objective of this Scheme. The *Economic Survey* points out that the post-harvest wastages and losses are very key concerns for the horticulture sector as the cumulative waste is very high, which ranges between 5 per cent and 20 per cent.

Another concern for the horticulture farmer is that they are regularly affected by price dips, especially, during harvest season of onion and potatoes. What measures are being taken by the Government under the MIDH to address these two major concerns?

डॉ. संजीव बालियान: माननीय अध्यक्ष जी, कोल्ड चेन डेवलपमेंट स्कीम एमआईडीएच के अधीन आती है। अगर कोई प्रोजेक्ट सब्मिट किया जाता है तो नेशनल हॉर्टीकल्चर बोर्ड भी लगातार मदद करते हैं। पोस्ट हार्वेस्ट लॉसिस में ज्यादातर प्रोग्राम फूड प्रोसेसिंग मिनिस्ट्री में आते हैं। फंड की समस्या है, नेशनल हार्टीक्लचर बोर्ड का करीब 350 करोड़ का बजट है, यह नहीं है कि हर जगह एस्टाबलिशमेंट किया जा सकता है। जहां तक प्रयास की बात है, कोल्ड चेन डेवलपमेंट का लगातार काम चल रहा है। सीफेट की स्टडी है, माननीय सदस्य ने ठीक कहा है कि पांच से बीस परसेंट के करीब लगातार लॉस है। अगर ओनियन और पटेटो की कीमत में समस्या है, मार्किट इन्टरवेंशन स्कीम है, जिसके तहत स्टेट गवर्नमेंट केंद्र सरकार से पैसा मांग सकती है। अगर ऐसा लगे कि रेट कम हो रहा है तो सरकार इन्टरफेयर करते हुए एमआईएस स्कीम के तहत किसान की मदद कर सकती है।

श्री दुष्यंत चौटाला : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जवाब दिया गया है कि देश में 384 जिले हॉर्टीकल्चर संबंधित हैं जिसमें 18 जिले हरियाणा प्रदेश में हैं। पिछले सालों में गन्नौर के पास हॉर्टीकल्चर संबंधित मंडी बनाई गई थी लेकिन अब तक उस मंडी की शुरुआत नहीं हो पाई जिसके कारण बहुत से किसान हॉर्टीकल्चर संबंधित उत्पाद को विदेशों में एक्सपोर्ट नहीं कर पा

रहे हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि पिछले दिनों जब किसान गोभी की फसल लेकर मंडी में आए तो एक रुपए किलो से भी कम दाम पर फसल बेचनी पड़ी, यही नहीं बल्कि उनको ट्रैक्टर चलाने पड़े।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री से प्रश्न है कि क्या केंद्र सरकार कोई योजना बना रही है जिसके तहत एमएसपी किसान को हॉटीकल्चर प्रोड्यूज पर दिया जा सके जिससे ईयरली प्रोड्यूज में मदद हो सके।

श्री राधा मोहन सिंह: माननीय अध्यक्ष जी, मंडी कानून राज्यों के तहत है। सरकार ने राष्ट्रीय मंडी बनाने की नई शुरुआत की है। इसके तहत सभी राज्यों को मंडी कानून बदलने के लिए कहा गया था। 14 राज्यों ने अपने कानून में परिवर्तन कर लिया है। पंजाब को छोड़कर बाकी सभी राज्यों ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है और उसके तहत हम ई-ट्रेडिंग प्लेटफार्म मुहैया कराने जा रहे हैं ताकि किसानों को अच्छा मूल्य मिल सके।

श्रीमती रीती पाठक: माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपकी बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे पूरक प्रश्न पूछने का मौका दिया। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि देश में और प्रदेश में ऐसे कितने जिले हैं जहां किसान बागवानी में नई टेक्नोलाजी का प्रयोग कर रहे हैं?

मैं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र से आती हूं। मैं पूछना चाहती हूं कि मध्य प्रदेश में ऐसे कौन से जिले हैं जहां बागवानी को बढ़ावा देने के लिए नई टेक्नालाजी और नई योजनाओं का प्रयोग किया गया है? क्या इसमें सीधी जिला आता है जिससे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को प्राथमिकता दी जा सके।

डॉ. संजीव बालियान: माननीय अध्यक्ष जी, मध्य प्रदेश के करीब 39 डिस्ट्रिक्ट एमआईडीएच में कवर हैं। सीधी जिला इसके अंदर आता है। अगर कोई डिस्ट्रिक्ट नहीं भी आता है तो प्रदेश सरकार आरकेवाई योजना के तहत काम कर सकती है।

(Q. 142)

SHRI C. MAHENDRAN: Madam Speaker, in Tiruppur District, there is one Amaravathi Dam. The total capacity of this Dam is four TMC. During the rainy season, around four TMC of water is wasted. To save water, our Amma has proposed to construct a Dam called Upper Amaravathi Dam which can save up to three TMC of water, through which agriculture in three districts Tiruppur, Karur and Erode will improve further. This will also improve the life of farmers. To construct the proposed Dam, around 250 acres of forest land is to be acquired. In this context, Tamil Nadu Government has sent a proposal to the Union Government for environmental clearance.

My first supplementary question to the hon. Minister is, has the Union Government received the above proposal from the Tamil Nadu Government to grant environmental clearance to acquire 250 acres of forest land to construct the Upper Amaravathi Dam? If so, what is the action taken by the Government in this regard and by when will clearance be given to the above project?

श्री प्रकाश जावड़ेकर: माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो यह सवाल पूछा है, वह देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और मैं इसके लिए माननीय सदस्य को बधाई देना चाहता हूं। पर्यावरण की मान्यताएं कैसे मिलती हैं, उसमें क्या सुधार किये हैं और अब क्या स्थिति है? Before coming to specific issue of Amaravathi Dam, इसमें पहले हमने इतने सुधार किये कि पर्यावरण की मंजूरी के लिए हमने एक अध्ययन किया। पहले किसी भी उद्योग की स्थापना करनी होती थी तो उसमें 600 दिन लगते थे। हमने पर्यावरण शर्तों के साथ कोई भी समझौता किये बगैर उल्टा उनका थोड़ा मानक स्ट्रिन्जेंट किया है लेकिन उसमें प्रक्रियाएं सरल की है। प्रक्रिया में जहां पर डिले होता था, वह कम किया और पारदर्शी प्रक्रिया बनाई, ऑनलाइन प्रक्रिया शुरु की और इसका परिणाम यह हुआ कि जहां एवरेज 600 दिन एक मंजूरी के लिए लगते थे, अब 190 दिन लगते हैं। हम जल्दी ही पर्यावरण के साथ समझौता किये बगैर 100 दिन में एप्रूवल करने का निर्णय करेंगे। यही एक नया प्रयास है। उसके कारण क्या हुआ है कि पिछले 22 महीने में हमने 943 एनवॉयरनमेंटल एप्रूवल्स दिये हैं। पर्यावरण एप्रूवल्स दिये हैं। शर्तों के साथ दिये हैं लेकिन उससे 6,72,422 करोड़ रुपये का इनवेस्टमेंट जो देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण था, वह अनलॉक हुआ है। यह एक बहुत बड़ा सुधार हुआ है।

As far as the very specific project of Amaravathi Dam about which the Member has asked, I will invite him tomorrow itself to the Ministry, or even today afternoon, and will give him full information. I will even keep it on the Table. I can assure you that on any public irrigation project, once the full information is ready, we go to the spot and *via* satellite we see the site. In the Forest Appraisal Committee we conduct the inspection. There are experts also and State people are also there. And with the consent of all we lay the conditions. Therefore, Amaravathi Dam also will get due approval within the shortest possible time. That I can say for Tamil Nadu people.

HON. SPEAKER: Hon. Minister, you are working very enthusiastically. लेकिन अगर हम थोड़ा संक्षेप में उत्तर दे सकें तो अच्छा होगा। The Minister is doing well. Some thing is necessary also, I can understand. And the question also should be very short.

SHRI C. MAHENDRAN: Madam Speaker, our Amma is taking various steps and implementing various schemes for overall development in Tamil Nadu. In this context, Amma has recently conducted a Global Investors Meet in Chennai which was attended by many investors from abroad and proposal for investment worth Rs.2.42 lakh crore have been received. During this meet, our Amma has announced a single-window system for speedy disposal and clearance of all projects at a single place.

My second supplementary question to the hon. Minister is, will the same kind of a single-window system be introduced and implemented?

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: This is a suggestion and we have already started working on a single-window system. This is an online system which we have already implemented. We are taking a review of the system from time to time with the aim that that the delays should cut to the minimum.

We have taken 12 big policy decisions under which we have simplified the processes and therefore all those projects which require environmental clearance will be given as soon as possible.

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश : महोदया, परसों हम एक नई ऊर्जा लेकर इसी सभागृह से निकले हैं।

टेक्सटाइल और डायमंड, ये दोनों इंडस्ट्रीज मेरे एरिया में हैं। टेक्सटाइल मिल से जो धुआं निकलता था, उसके दुष्प्रभाव को रोकने के लिए एक नई टेक्नोलोजी आई है। इसके लिए अपग्रेडेशन फंड भी अलाट किया गया है और टेक्सटाइल पार्क भी बने हैं। जिस एरिया में पुरानी मिल है और वहां जो लोग रहते हैं, उसके लिए कुछ मापदंड बनाए गए हैं। इसके अलावा डायमंड को धोने के लिए एसिड का प्रयोग किया जाता है और छोटे-छोटे घरों में भी यह काम किया जाता है। इस काम में भी धुआं निकलता है। इसके लिए भी कुछ मापदंड तय किए जाने चाहिए।

मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि क्या नई लिस्ट के अंदर टेक्सटाइल और डायमंड इंडस्ट्रीज के लिए किसी तरह के मापदंड बनाए गए हैं?

श्री प्रकाश जावड़ेकर : महोदया, माननीय सदस्या ने बहुत अच्छा सवाल किया है। टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए हमने मानक बनाए हैं और मैं कहना चाहूंगा कि सभी उद्योगों में जैसे-जैसे तकनीक की प्रगति होती है, हम हर छह महीने में रिव्यू करते हैं कि उन मानकों को थोड़ा और कड़ा किया जाए जिससे कि लोगों को नुकसान न हो। इन दोनों इंडस्ट्रीज से लोगों को तकलीफ न हो, इसके लिए हमने 24x7 मोनिटरिंग डिवाइसिस लगाने के लिए सभी टेक्सटाइल यूनिट्स को कहा है और मुझे खुशी है कि 80 फीसदी मिलों ने 24 घंटे निगरानी के संयत्र लगा लिए हैं। अगर कोई पन्द्रह मिनट पोल्यूशन एक्सीड करता है तो तुरंत मुझे भी एसएमएस आता है, उद्योग को भी जाता है और स्क्रीन पर भी दिखाई देता है। इस पर तुरंत कार्यवाही शुरू की जाती है।

SHRIMATI PRATIMA MONDAL: Hon. Speaker Madam, thank you for giving me the opportunity to speak. Obtaining of environmental clearance certificate is a lengthy and critical procedure. Companies are facing a lot of difficulty to get this environmental clearance certificate. I would like to ask the hon. Minister whether the Government has conducted any survey to know how many companies run without having any environmental clearance certificate and what steps have been taken thereof and whether the Government has any target to simplify the process as a whole in this regard.

माननीय अध्यक्ष : मंत्री जी ने इस बारे में बता दिया है।

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: We have already simplified the process. I will give just one example. The Terms of Reference which is given after the

environment impact assessment is presented to the Expert Appraisal Committee. This process used to take 13 months. We have standardized the Terms of Reference of all 38 sectors of industries which require environmental approvals and clearance. Now the time taken is only one month instead of 13 month. That is the major reform we have done. As far as many new industries are concerned, we have re-categorized the industries based on scientific study of pollution load and there are now 36 industries under 'White' category which will require no permission because their pollution load is less than 10 per cent. Therefore, they can start immediately without consent to operate or consent to establish from the Pollution Control Board.

माननीय अध्यक्ष : आप लोग देखें कि पर्यावरण और इंडस्ट्री, दोनों की चिंता महिलाएं कर रही हैं।

SHRIMATI R. VANAROJA : Hon. Speaker Madam, presently any project having a total area of 20,000 square metres is exempted from environmental clearance. There are demands to enhance this limit to 50,000 square metres so that there can be much more Foreign Direct Investment in projects. So, I would like to know from the hon. Minister whether the Government has taken any decision to enhance the exemption limit to 50,000 square metres for environmental clearance and whether any notification has been issued in this regard.

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: That is a very good question again.

Many building and construction projects used to wait for three to four years for environmental approvals. We studied each and every case and found out that there were same conditions which were applied to all the projects. So, we have already standardized the conditions for environmental safeguards and we have taken a policy decision. The decision will be shortly announced but we are giving relief to the real estate sector for affordable housing projects to come up in a nice way because the Government under the leadership of Shri Narendra Modi is committed to provide ease of doing responsible business. We have worked out the architecture of responsible business. We will announce the decision soon.

She has asked about only 50,000 metres; we may announce even more.

KUMARI SUSHMITA DEV: Sir, I am elated to see in your answer that many steps have been taken to streamline permissions and ensure transparency.

You have spoken about linear projects between two States. As you are aware, I come from Silchar and till today we are waiting for environmental clearances for the linear project Maha Sadak from Silchar to Saurashtra. I have met you also. I will be highly obliged if you can enlighten me and the House about the progress because there was a meeting of the National Wildlife Board on the 26th February.

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: We have already decided; we have already fast tracked the proposal. There were some deficiencies for which clarification has come. Now, in the next meeting, we will definitely take it up. We will also inform you if there is any problem in between but we will take immediate decisions. We are not keeping it pending. Linear projects are now decided by the regional committees. Where wildlife sanctuary issue comes, we have no pendency in the National Wildlife Board. So, in the next meeting the proposal will be taken up.

श्रीमती भावना पुंडलिकराव गवली : महोदया, हमारे विदर्भ क्षेत्र में हजारों एकड़ बंजर जमीन पड़ी है। उस जमीन पर कोई पेड़ नहीं है लेकिन वह जमीन फारेस्ट मिनिस्ट्री के अधीन आती है। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि क्या उस जमीन का उपयोग पेड़ लगाने के लिए किया जाएगा? इसके साथ यह भी पूछना चाहती हूं कि क्या मंत्री जी का मंत्रालय और पॉवर मिनिस्ट्री मिलकर इस जमीन का उपयोग सोलर प्लांट लगाने के लिए करेंगे? यह जमीन सालों से ऐसे ही पड़ी है और राज्य सरकार ने भी प्रपोजल भेजा है कि इस जगह के लिए कुछ खास किया जाए।

श्री प्रकाश जावड़ेकर महोदया, डिग्रेडिड फारेस्ट में अफारेस्ट्रेशन करना चाहिए। इसके लिए हम CAMPA बिल लाए हैं, जो सदन के सामने आएगा। मुझे खुशी है कि स्टैंडिंग कमेटी ने अपनी अनुशंसाएं दी हैं और हमने बहुत-सी रिक्मेंडेशंस स्वीकार भी की हैं। मुझे लगता है कि इससे सभी पार्टियां सहमत होंगी। इस तरह की जमीन पर वनीकरण के लिए चालीस हजार करोड़ रुपया हम सभी राज्यों को उपलब्ध करा देंगे, यही निर्णय है।

(Q.143)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : महोदया, महिला दिवस के मौके पर सभी महिला सांसदों को बधाई देता हूं और आपने शानदार आयोजन सांसदों और विधायकों के लिए किया, इसके लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं।

अध्यक्ष जी, मुझे विभाग की तरफ से प्रश्न के उत्तर में मिला है कि फीडस्टॉक और प्राकृतिक गैस की अनुपलब्धता के कारण इंडस्ट्री को यहां प्राब्लम आती है क्योंकि विदेशों से सब कुछ इम्पोर्ट होता है। सरकार ने एक योजना बनाई है कि ईरान में एसईजेड में वहां निवेश करेंगे। क्या इसके माध्यम से मेक इन इंडिया को बल मिलेगा? वहां से फीडस्टॉक लाने की जो बात कही जा रही है, उसका क्या लाभ होगा और जो योजना रखी गई है, इस पर अब तक क्या-क्या हो चुका है क्योंकि उत्तर में विस्तार से जानकारी नहीं दी गई है? मंत्री जी कृपया बताने की कृपा करें कि यह मुद्दा कहां तक पहुंचा है?

श्री हंसराज गंगाराम अहीर : माननीय अध्यक्ष महोदया, यह सही है कि फीडस्टॉक हमारे देश में बहुत कम उपलब्ध है और विदेशों से इसे गैस के रूप में आयात किया जाता है। सदस्य महोदय ने प्रश्न पूछा है कि क्या ईरान में हम फीडस्टॉक के लिए कोई प्लांट लगाने जा रहे हैं? उस संबंध में सरकार ने चर्चा प्रारंभ की है और भविष्य में ईरान सरकार से हमारी बात होती है और यदि हमारी शर्तें मान ली जाती हैं तो इससे बहुत ज्यादा लाभ यह होगा कि देश में फीडस्टॉक कम है और देश की डाऊन स्ट्रीम इंडस्ट्री के लिए हमें रॉ मैटिरियल मिलता नहीं है। यदि वहीं पर हम इसका इंडस्ट्री लगाकर और मीडियम प्रोसेसिंग करें, तो उससे यह लाभ होगा कि हम देश में प्लास्टिक, केमिकल इंडस्ट्री और फर्टिलाइज़र इंडस्ट्री, जिसमें हम यूरिया का उपयोग भी कर सकते हैं। इसलिए सरकार ईरान में चाबहार पोर्ट के पास इस प्लांट को लगाने के बारे में चर्चा कर रही है। "मेक इन इंडिया" के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी के जो विचार हैं और सरकार की जो नीति है, उसमें हम निश्चित ही यहाँ पर इंडस्ट्री को रॉ मैटिरियल के रूप में अपने ही इंडस्ट्री से मिडिल स्टॉक बनाकर उपलब्ध करा सकेंगे। इससे रोजगार भी मिलेगा और उत्पादकता भी बढ़ेगी, जिसमें प्लास्टिक इंडस्ट्री भी है, केमिकल इंडस्ट्री भी है और फर्टिलाइज़र में भी इसका लाभ होगा।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : अध्यक्ष जी, यह उत्तर नहीं मिला कि यह कहाँ तक पहुंचा है, इसमें क्या-क्या हुआ है, मैंने यह पूछा था। दूसरी बात यह है कि जिस तरह से विभाग ने नीम कोटेड यूरिया का काम किया तो बहुत सारा लाभ मिला। पिछले 10 वर्षों में यह सुनने को मिलता था कि यूरिया की कमी है, लेकिन इनके विभाग ने बहुत अच्छा काम किया कि नीम कोटेड यूरिया के कारण देश में यूरिया की कोई कमी नहीं है, इसके मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। लेकिन इस क्षेत्र में शॉर्ट टर्म और लांग टर्म सरकार का क्या ऑब्जेक्टिव है, किस प्रकार से हम इम्पोर्ट करने पर निर्भर नहीं रहेंगे, आपकी क्या परियोजनाएँ हैं, आप क्या

प्रोडक्ट्स लाने वाले हैं, किस प्रकार से आप उस विषय में आगे बढ़ रहे हैं और इससे "मेक इन इंडिया" को किस रूप में बल मिलेगा, क्या इस संबंध में आप सदन को कुछ जानकारी देने की कृपा करेंगे?

श्री हंसराज गंगाराम अहीर : माननीय अध्यक्ष महोदया, आज की स्थिति में तो हम इतना दावा नहीं कर सकते हैं कि हमें गैस और क्रूड ऑयल इम्पोर्ट नहीं करना पड़ेगा। देश में उसकी उपलब्धता ही कम है। देश में इसका 80 प्रतिशत आयात आज भी बाहर के देशों से करना पड़ता है। सदस्य महोदय को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने यूरिया के मामले में विभाग की नीति की प्रशंसा की है। यूरिया की कमी न हो, आगे भी ऐसी कोशिश की जाएगी।

अभी जो बातें हो रही थी कि ईरान में प्लांट लगाकर, वहाँ पर क्लस्टर कॉमप्लेक्स लगाकर हम वहाँ से जो रॉ मैटिरियल लाने वाले हैं, उसमें हम अमोनिया भी ले आएंगे, जिससे यूरिया में भी लाभ होगा। नीम कोटेड यूरिया का उत्पादन और भी प्रभावी तरीके से देश में बढ़ता जाएगा। बीच में इसकी प्रोसेसिंग के बारे में आप जो बता रहे थे तो हमने इसी वर्ष 20 तारीख को भारत और इरान के बीच एक ज्वाइंट कमीशन की मीटिंग हुई थी और इसमें ईरान सरकार ने हमें सकारात्मक रूप से आश्वस्त किया है कि हमारी जो शर्तें हैं, उनको मानकर वहाँ पर हमें गैस उपलब्ध करा देंगे। इसमें बहुत अच्छी बात यह होने जा रही है कि जो गैस हमें उपलब्ध होगी, वह 1.5 से 2.5 यू.एस. डालर के दाम में मिलेगी। आज सात से आठ यू.एस. डालर के मूल्य पर हम गैस लेते हैं। इसके मुकाबले हमें वहाँ पर वन-फोर्थ दाम में गैस मिलेगी। इससे देश को बहुत ज्यादा लाभ मिलने की उम्मीद मैं करता हूँ, इसके लिए आगे बातचीत चल रही है। इस पर बहुत जल्दी निर्णय होने के आसार हैं।

श्रीमती संतोष अहलावत: अध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आज आप महिलाओं को मौका दे रही हैं।

मैं आपके माध्यम से रसायन और उर्वरक मंत्री से पूछना चाहती हूं कि राजस्थान के बाड़मेर क्षेत्र में स्थित रिफाइनरी की प्रगति क्या है और क्या उसको अतिशीघ्र पूरा करने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं?

श्री हंसराज गंगाराम अहीर: अध्यक्ष महोदया, प्लास्टिक और केमिकल इंडस्ट्री के लिए निश्चित ही यह फायदेमंद होगा अगर वहां पर यह प्लांट खड़ा हो। लेकिन इन सभी चीजों को, रिफाइनरीज को पेट्रोलियम मिनिस्ट्री देखती है, इसलिए यह प्रश्न पेट्रोलियम मिनिस्ट्री से संबंधित है। राजस्थान में रिफाइनरी बने, यह हमारी शुभकामना है।

DR. SHASHI THAROOR: Thank you Madam Speaker.

This is an extremely interesting and unusual venture that the Government has embarked upon because it is basically like creating a reverse SEZ. You are creating an SEZ in a foreign country in order to benefit us. But the answer by the Minister has not given clear details and I think my friend, Shri Anurag Thakur has also pointed it out that it is a bit skimpy on details. Where the foreign country comes to our country and works in our SEZ, they follow the Indian laws and they employ Indian labourers. When we go to a foreign country, आपने रोजगार के बारे में बोला है, लेकिन वहां इंडियन्स को रोजगार कैसे मिलेगा? I am curious as to whether you have a list of priorities, whether rules have been established or do you have to have certain guidelines by which you create joint ventures with, for example, an Iranian company and an Indian company? Do you create investment patterns under certain rules? Are there profit sharing arrangements? It is not clear from your answer Minister Saheb. You are saying that we can get petroleum, natural gas and fertilizers cheaper. मान लिया, बहुत अच्छी बात है, लेकिन how exactly does it benefit India and Indians? What are the rules and criteria by which you are going to create these reverse SEZs? I think on this your Ministry owes us a little more clarification. There should be a policy statement outlining all this because it would not only be Iran. Tomorrow you may talk about Myanmar. You may go to a third country. Where would you like to go and what common principles and standards will you follow that would benefit Indians, that will employ Indians and that will give profits to Indians.

श्री हंसराज गंगाराम अहीर: अध्यक्ष महोदया, मैंने पहले भी स्पष्ट किया कि देश में नेचुरल गैस और क्रूड ऑयल की बहुत कमी है, हमें आगे भी कुछ वर्षों तक इम्पोर्ट पर ही निर्भर रहना पड़ेगा। यहां पर यह स्पष्ट कर देता हूं कि वहां जो प्लांट लगेगा, वहां हम फाइनल प्रोडक्ट तैयार नहीं करेंगे, वहां पर हम इंटरमीडिएट तैयार करेंगे और उसकी फाइनल प्रोसेसिंग अपने देश में होगी। हमने यह भी शर्त रखी है कि वहां जो भी प्लांट लगेंगे, उसमें हमारे देश के 10 प्रतिशत लोग काम करेंगे और उसके बाद यहां जो फाइनल प्रोडक्ट तैयार होगा, दोनों को मिलाकर वहां हमारे 20 प्रतिशत लोगों को इंप्लायमेंट मिलेगा और जब फाइनल

प्रोडक्शन होगा तो 80 प्रतिशत इंप्लायमेंट इस देश में ही मिलेगा। देश में नेचुरल गैस और क्रूड ऑयल की कमी है, इसलिए आत्मनिर्भर होने तक हमें आयात करना ही पड़ेगा।

श्रीमती कमला पाटले : महोदया, मैं छत्तीसगढ़ प्रदेश के जांजगीर-चाम्पा जिले से आती हूं जो कृषि प्रधान जिला है और छत्तीसगढ़ राज्य को कृषि के विषय में धान का कटोरा कहा जाता है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि पिछले कई वर्षों से किसानों के द्वारा, हमारे द्वारा कृषि मिशन, बागवानी मिशन के लिए मांग की जा रही है। हमारे जांजगीर-चाम्पा जिले का 70 से 80 प्रतिशत एरिया सिंचित क्षेत्र है और उस जिले की प्रमुख कृषि फसल धान ही है। इसलिए मैं बागवानी मिशन के क्षेत्र में माननीय कृषि मंत्री जी से चाहूंगी कि जांजगीर-चाम्पा जिले को उसमें जोड़ा जाए।

माननीय अध्यक्ष : आपका प्रश्न बिल्कुल ही अलग है, इस प्रश्न से सन्दर्भित नहीं है।

(Q.144)

श्री विनायक भाऊराव राऊत : अध्यक्ष महोदया, मेरे प्रश्न के उत्तर में मंत्री महोदय ने विस्तृत जानकारी दी है, लेकिन बाघों से मनुष्य हानि का जो ब्यौरा दिया गया है, उसकी संख्या दुर्भाग्य से महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा है और पश्चिम बंगाल में भी ज्यादा है। मनुष्य हानि न होने के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की है, उनके बारे में भी यहां जानकारी दी है।

मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि जिन योजनाओं और परियोजनाओं को बनाने के बाद भी महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में इतनी ज्यादा संख्या में बाघों का मानव जाति पर आक्रमण हो रहा है।

माननीय अध्यक्ष: मनुष्य भी तो बाघों के क्षेत्र में चले गए हैं, वे भी बेचारे क्या करें।

श्री विनायक भाऊराव राऊत : सही बात है। जंगलों में आदिवासी बस्तियां हैं। उन लोगों के पुनर्वसन के लिए सरकार के पास क्या योजना है? इसके अलावा जिस तरह से गैर कानूनी रूप से जंगलों की कटाई हो रही है, उस बारे में भी सरकार ने क्या योजना बनाई है कि अवैध रूप से जंगल न काटे जाएं?

श्री प्रकाश जावड़ेकर : अध्यक्ष जी, यह प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है। बाघ हमारे इकोलॉजिकल सिस्टम का एक शिखर हैं, लेकिन मनुष्य भी तो शिखर है। इसलिए यह कॉंफ्लिक्ट नहीं होना चाहिए। इसके लिए हमने तीन उपाय किए हैं। पहला तो यह है कि जो आदिवासी समाज जंगल में रहता है और स्वेच्छा से बाहर आना चाहता है, उनके लिए प्रति परिवार दस लाख रुपए देकर उनका पुनर्वास ठीक तरह से हो, वे बाहर आएं, यह उपाय किया है। इस साल भी हमने इसके लिए बहुत पैसा खर्च किया है। अगले साल 395 करोड़ रुपए का प्रावधान टाइगर प्रोजेक्ट के लिए है। इस बार 60/40 के पैटर्न पर राज्यों को भी लगभग 250 करोड़ रुपए देने होंगे, इस प्रकार लगभग 640 करोड़ रुपए मिलेंगे। इससे ज्यादा लोगों का पुनर्वास होगा, जिससे कॉंफ्लिक्ट न हो। दूसरी बात यह है कि बाघ जंगल से क्यों बाहर आते हैं। वे इसलिए ऐसा करते हैं कि उन्हें पानी नहीं मिलता या चारे की जब कमी होती है तो प्रे, जिनका वे शिकार करते हैं, जो फॉडर होता है, वह कम होने से उनके लिए शिकार होने वाले जानवरों की कमी हो जाती है। इसलिए फॉडर और वाटर एग्मेंटेशन का कार्यक्रम भी बनाया गया है।

श्री विनायक भाऊराव राऊत : बाघ मानव बस्ती में आते हैं पानी और भक्षण के लिए। महाराष्ट्र में रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग और संगमनेर आदि कई ऐसे जिले हैं, खासकर संगमनेर में रहने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए मंत्री जी ने दस लाख रुपए बताएं हैं, लेकिन वहां के लोगों को आठ लाख रुपए ही मिले हैं। रतनागिरि और सिंधुदुर्ग के कई ऐसे इलाके हैं जहां बाघ के साथ-साथ नीलगाय और गेंदू भैंसे जिन्हें कहते हैं, इस तरह के जानवरों की संख्या काफी है। ये जानवर जब मानव बस्ती में आते हैं तो किसानों की खेती और बागों की

भी काफी हानि होती है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इन जंगली प्राणियों की वजह से खेती और बागों को हो रहे नुकसान से बचाने के लिए आपने क्या योजना बनाई है?

श्री प्रकाश जावड़ेकर: अध्यक्ष जी, यह सच है कि वन्य प्राणियों से जो नुकसान होता है उसके लिए हमने कानून के आधार पर राज्यों से प्रस्ताव मंगाए हैं। महाराष्ट्र सरकार ने, ब्लू बुल, जिसे रेडरोज़ कहते हैं, उसके कारण जो संकट आता है उससे निपटने के लिए प्रस्ताव भेजा है। हमने उसे मंजूरी दी है।

श्री राहुल शेवाले : अध्यक्ष महोदया, टाइगर संसार में एक प्रतिष्ठित जानवर है। परंतु यह जानवर अब लुप्त होने के कगार पर है। पिछले 100 वर्षों में एशिया में टाइगर्स की संख्या करीब एक लाख आंकी गई थी। लेकिन आज यह संख्या घटकर लगभग 3,200 ही रह गई है। मनुष्य का वाइल्ड लाइफ ट्रेड के लालच का सबसे अधिक असर टाइगर्स पर हुआ है। मेरी जानकारी के अनुसार कान्हा नेशनल पार्क में तुली टाइगर कॉरिडोर बनाया है। इस तरह के कॉरिडोर में टाइगर को स्वतंत्र जीवन जीने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। देश के अन्य स्थानों पर भी टाइगर कॉरिडोर बनाया गया है या बनाने का विचार है। इस टाइगर कॉरिडोर से किस प्रकार से टाइगर का संरक्षण होता है? मानव और जंगली जानवरों के संघर्ष को रोकने के लिए क्या प्रभावी कदम सरकार ने उठाए हैं? इसके साथ ही 1 जून, 2015 को मंत्रालय द्वारा जारी नोटिफिकेशन में सुझाए गए ह्यूमन वाइल्ड लाइफ मेनेजमेंट स्ट्रेटजी पर राज्य सरकारों ने मानव-वन्य जीवों के संघर्ष को समाप्त करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं? मेरी जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह अखबारों में एक खबर छपी थी।

माननीय अध्यक्ष: कृपया प्रश्न पूछें।

श्री राहुल शेवाले: संजय गांधी नेशनल पार्क में, जो दिल्ली-मुम्बई कॉरिडोर है, उस बारे में जगह मांगी थी। जो संजय गांधी नेशनल पार्क से जाने वाला था। माननीय मंत्री जी से मैं जानना चाहता हूं कि क्या संजय गांधी नेशनल पार्क से दिल्ली-मुम्बई कॉरिडोर का रूट जाने वाला है या नहीं? अगर ऐसा है तो मैं कहना चाहता हूं कि सभी मुम्बईवासियों का इसे लेकर विरोध है। इसके साथ ही जो ह्यूमन वाइल्ड लाइफ मेनेजमेंट स्ट्रेटजी है, उसके भी खिलाफ है।

श्री प्रकाश जावड़ेकर: ऐसा प्रस्ताव सरकार के पास नहीं आया है।

SHRIMATI SUPRIYA SULE: Madam, I would like to ask the hon. Minister on one point. 'Save the Tiger' has been a flagship programme of several Governments and it has been a success story in India. The only question is, in Maharashtra, we have maximum attacks, the reason being the way we do love

human beings, we do love our animals as well. What can we do in Maharashtra? The maximum leopard attacks are around Sanjay Gandhi National Park where urbanization seems to be the biggest challenge. Actually, we are intruding on their area than their intruding on our area. There are a lot of NGOs in Tadoba which are making many suggestions for addressing the animal conflict. They have managed to move several villages out of Tadoba but the compensation and skills for livelihood has not been a success story. If you could intervene in this matter, I am sure, we can help all these people a lot more.

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Madam, it is a very good question and a suggestion for action.

Let me tell you that we have 49 Tiger Sanctuaries now. Out of these 49 Sanctuaries, we have prepared and approved Working Plans for more than 34 Tiger Sanctuaries and others are in the process of approval. So, we are discussing the matter with the State Government, the State Forest Department, the officers of the Wildlife Sanctuary, NGOs and all stakeholders so that specific situational solutions in each Tiger Reserve can be worked out. We want to minimize these conflicts because every year, a loss of 20 to 30 people is not a good sign. We are trying utmost to minimize this conflict.

SHRIMATI KAVITHA KALVAKUNTLA: I would like to wish you all a very Happy Women's Day to all of you and especially my best and special wishes for my male colleagues…. (*Interruptions*)

My question is related to Paris Accord. Till date, 55 countries have not signed the Accord and in an interview, you have quoted that India had made specific compromises. In the spirit of compromise, we did not want to block the Accord and so, we have signed the Accord.

Through you, Madam, I would like to ask the Minister as to what are the compromises that India had made to sign this Agreement. Secondly, all the developed nations have quoted that a funding of 62 billion dollars is given to the developing nations. How much climate financing did India receive from 2014?

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Though it is not directly related to the main Question, I would like to reply in two sentences. Firstly, no country has signed it because the signing process will start on 22nd April in UN Headquarters. All countries have declared that they will sign and ratify the Agreement. So, that is a process which will be valid for one year.

As far as international finance is concerned, we are emphasizing the developed countries that they must follow their commitment of 100 billion dollars and we have also led with an example that we can charge coal at 6 dollars per tonne. If the developed world can do the same, it can generate 100 billion dollars.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल: अध्यक्ष जी, हम सब जानते हैं कि गिर फॉरेस्ट गुजरात में है और एशियन लॉयन केवल गिर फॉरेस्ट में ही पाया जाता है। गिर फॉरेस्ट में एशियन लॉयन के साथ-साथ बहुत सारे अन्य हिंसक प्राणी भी पाए जाते हैं। मैंने देखा है कि कई बार आस-पास के गांव में वे घुसकर मानव हानि तो करते हैं, साथ ही साथ पालतु पशु जैसे- गाय, भैंस, बकरी और भेड़ इत्यादि जो उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है, उनको भी मार देते हैं या कई बार इंजर्ड कर देते हैं। माननीय मंत्री जी से मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहती हूं कि पालतु पशुओं की हानि के लिए क्या सरकार कोई मुआवजा देती है या नहीं?

श्री प्रकाश जावड़ेकर : महोदया, पालतु जानवर अगर इस कनफलिक्ट में मारे जाते हैं तो उसके लिए एक प्रोसैस है, जिसके तहत मुआवजा दिया जाता है। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं, Gir Forest is one of the best examples of how human and wild life can happily stay together and when there are accidents, they are taken care of adequately.

श्रीमती अनुप्रिया पटेल : अध्यक्ष महोदया, मैं उत्तर प्रदेश राज्य से आती हूं, वहां घड़रोज़ और जंगली सुअर किसानों के लिए बहुत बड़ी समस्या बन चुके हैं। दलहन और तिलहन की खेती इनकी वजह से बुरी तरह से चौपट हो रही है, लेकिन इनको मारने की अनुमति मेरे राज्य में नहीं है। माननीय मंत्री जी ने अपने उत्तर में बताया कि इनको वर्मिन की केटेगिरी में डालने के लिए आप राज्यों से प्रस्ताव मंगाते हैं। मैंने इस विषय को पहले भी सदन में उठाया था और मैं माननीय मंत्री जी से व्यक्तिगत रूप से भी मिली थी। मेरा माननीय मंत्री जी से एक छोटा सा प्रश्न है कि क्या मेरे राज्य उत्तर प्रदेश की सरकार ने आपको अभी तक ऐसा प्रस्ताव भेजा है कि उन्हें वर्मिल की श्रेणी में डाल दिया जाए या नहीं। क्योंकि हमारे राज्य के किसानों के लिए यह एक बहुत बड़ी समस्या है और रोज ही इस विषय को लेकर किसान आंदोलन हो रहे हैं।

श्री प्रकाश जावड़ेकर : महोदया, राज्य सरकार का प्रस्ताव आने तक हम उस पर कानूनन काम नहीं कर सकते और इसलिए राज्य सरकार से प्रस्ताव आने की हम प्रतीक्षा में हैं।

श्रीमती रंजीत रंजन : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि वातावरण ऐसा हो रहा है कि शेर, बाघ गांवों में आ रहे हैं, इसका कारण यह है कि एक तो उन्हें भोजन नहीं मिल रहा है, जैसा अभी अनुप्रिया जी कह रही थीं कि वे भेड़, बकरियों पर भी अटैक करते हैं। क्या हम लोगों ने ही जंगल काट-काट कर उनकी जगह घेर ली है, जिसके कारण उन्हें गांवों में आना पड़ता है और क्या हम उन्हें बाहर निकालने के लिए बंदिश के लिए ही पर्याप्त सुविधाओं का क्रियान्वयन करेंगे या उनके लिए जो जंगल पर्याप्त नहीं बचे हैं, क्या उसके लिए भी कोई प्लान है। इसके साथ ही मैं कहना चाहती हूं जिन लोगों पर अटैक होता है और उन्हें जो मुआवजा दिया जाता है, वह बहुत ही कम है। मैं समझती हूं कि उसे बढ़ाकर ज्यादा किया जाए।

दूसरी बात यह है कि कल ही मैं पेपर में पढ़ रही थी कि बहुत सारे ऐसे जू हैं, जिनमें जानवरों को पर्याप्त मात्रा में भोजन ही नहीं दिया जाता है। कोई एजेन्सीज या प्राइवेट एनजीओज वगैरह उन्हें चलाते हैं, लेकिन पर्याप्त खाना नहीं होने के कारण भी कई जगहों पर जो प्राइवेट जू बने हुए हैं, उनमें बाघ या अन्य तरह के जानवर भूख के कारण मर रहे हैं, उसके लिए सरकार क्या कर रही है?

श्री प्रकाश जावड़ेकर : पहला जैसे मैंने कहा कि हमारी सक्सैज स्टोरी प्रोजैक्ट टाइगर है, अब दुनिया के 70 फीसदी बाघ भारत में हैं। अभी 13 देशों में बाघ होते हैं और 13 देशों के मंत्री आकर 13 देशों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ एक यहां कांफ्रैंस हो रही है, जिसका उद्घाटन प्रधान मंत्री जी करेंगे। उसमें इस पर पूरा विचार होगा। लेकिन बाघों का मैंनेजमैन्ट हर एक टाइगर सैंक्चुअरी में अलग से तैयार किया जाता है, कंप्रिहैन्सिव है, इसमें अपने जो पब्लिक रिप्रजेन्टेटिव्ज हैं, उनके भी कोई सजैशंस हैं तो उन्हें भी तवज्जो दी जायेगी। जहां तक उनके फॉडर एंड वाटर की जो रिक्वायरमैन्ट है तथा उन्हें कारीडोर भी सेफ मिले, क्योंकि बाघों की संख्या बढ़ती है तो क्षेत्र भी ज्यादा लगता है। अपने देश में जमीन कम है, लेकिन लोग ज्यादा हैं, यह कंफ्लिक्ट है, लेकिन इसमें से भी रास्ता निकालकर एक बेहतरीन उदाहरण भारत ने दुनिया के समक्ष पेश किया है।

SHRIMATI K. MARAGATHAM : Today is Women's Day. I would like to inform the august House that one woman fought with a tiger single handedly for several hours in a village in Uttar Pradesh to save her wards and finally she succeeded in it. This is women power. That is okay.

I would like to know from the hon. Minister how the Government plans to protect men from animals as men-animal conflicts have increased in a big way now due to animals coming out of forest areas in search of food. Thank you.

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: This is what exactly I am saying that water and fodder augmentation in jungle areas are necessary. Now every sanctuary will have a separate plan for water augmentation. If water, fodder and prey are available, then tiger ecology works. That is what we are aiming at.

(Q.145)

श्री विद्युत वरन महतो: माननीय अध्यक्ष महोदया, मंत्री जी को मैं धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया है, मैं सीधे प्रश्न पर आता हूं, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि सरकार द्वारा दवाओं की कीमत पर अंकुश लगाने और गरीबों को सस्ती एवं उचित दर पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं। इसके साथ ही साथ मूल्य नियंत्रण के दायरे में आने वाली दवाओं की कीमत सरकार द्वारा तय किये जाने के बावजूद कई दवा कंपनियां ज्यादा रेट में दवाई बेच रही है। मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि सरकार द्वारा इस पर नजर रखने हेतु क्या कदम उठाये जा रहे हैं?

श्री हंसराज गंगाराम अहीर : अध्यक्ष महोदया, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि हमारे मंत्रालय, विभाग में पहले एनपीपीए सन् 1997 में बनाया गया था, जिसके तहत दवाइयों के मूल्य निर्धारण हेतु एक प्राधिकरण बनाया गया। उसके बाद औषधियों के मूल्य निर्धारण हेतु एक नीति बनाई गई, अभी प्राइस कंट्रोल के लिए डीपीसीओ में सन् 2013 में प्राइस कंट्रोल करने हेतु सूची बनाई गई है, एनएलईम हमें स्वास्थ्य मंत्रालय से मिलता है। गरीबों और मरीजों को सस्ती दवाई उचित मूल्यों पर मिलें इसका पूरा प्रयास मंत्रालय करता है। माननीय सदस्य ने जो पूछा है कि कहीं पर डीपीसीओ से अधिक, जो रेट हम तय करते हैं, उससे अधिक मूल्यों पर अगर कोई दवाई बिकती है और उसकी शिकायतें हमें आती हैं तो हम कार्यवाही करते हैं। लेकिन ऐसी कोई लिखित शिकायत हमें मिली नहीं है। केंद्र सरकार भी इस पर कार्यवाही करती है राज्य सरकार भी इस पर कार्यवाही करने की अधिकारी है। सदस्य महोदय से ऐसी कोई पर्टिक्युलर शिकायत हमें मिल जाएगी तो हम उस पर कार्यवाही करेंगे।

श्री विद्युत वरन महतो : अध्यक्ष महोदया, मेरा दूसरा पूरक प्रश्न है कि सरकार घातक बीमारियों जैसे कैंसर, ह्रदय रोग, हैपेटाइटिस, मधुमेह, किडनी के मरीजों तक सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए क्या उपाय कर रही है?

महोदया, खासकर 5-6 मार्च को आपने एक अनूठी और ऐतिहासिक पहल की। राष्ट्रीय महिला जप्रतिनिधि सम्मेलन में आपने जो विषय सबको दिये थे, इनमें सामाजिक, आर्थिक, राजकीय और गुड गवर्नैन्स के परिप्रेक्ष्य में महिलाओं ने बहुत सारे सुझाव भी दिये। मैं चाहती हूँ कि उन सुझावों पर हम सब गौर करें। आज के दिन मैं यह कहना चाहती हूँ सारे सदन को और सारी महिलाओं को अभिनन्दन करना चाहिए कि एयर इंडिया की फ्लाइट सान फ्रांसिस्को से यहाँ दिल्ली में आई 8 मार्च को और क्रू से लेकर तथा पायलट से लेकर ग्राउंड स्टाफ तक सारी महिलाएँ इसमें थीं। इसके लिए हमें उन सब महिलाओं का अभिनन्दन करना चाहिए, शुभकामनाएँ देनी चाहिए। हमसे पूर्व वक्ता हेमा मालिनी जी ने भी कहा था और महिलाओं का ज़िक्र भी किया था। मैं उसी संदर्भ में कहना चाहती हूँ कि -

"दिन की रोशनी ख्वाबों को बनाने में गुज़र गई,
रात की नींद बच्चों को सुलाने में गुज़र गई,
जिस घर में मेरे नाम की तख्ती भी नहीं,
सारी उम्र उस घर को सजाने में गुज़र गई।"

महिलाओं की स्थिति में अभी सुधार हुआ है। मगर मैं कहना चाहती हूँ कि जब हम लिंग अनुपात की बात करते हैं, ईक्वैलिटी की बात करते हैं और पूरे देश में जब हम महिलाओं के अनुपात के बारे में चिन्ता करते हैं, तो मैं धन्यवाद देना चाहूँगी हमारी सरकार को, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को, जिन्होंने हरियाणा में "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" का अभियान शुरू किया और सुकन्या समृद्धि योजना की भी शुरूआत वहाँ पर की। मुझे आपको यह कहना है कि गुजरात में शेरों की दहाड़ के बीच भी हमारी महिलाएँ वहाँ रेस्क्यू ऑपरेशन कर रही है, आज महिला वहाँ तक पहुँच गई है। आज महिलाओं ने पूरे आकाश को भी थाम लिया है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी तो दो पंक्तियों ने ही सबका दिल जीत लिया है।

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल : मैं दो सुझाव देना चाहती हूँ, जैसे कई सारे सुझाव यहाँ दिए गए हैं। हम 33 प्रतिशत आरक्षण की बात करते हैं मगर खासकर जैन्डर बजट जब हम बनाते हैं तो महिला की भागीदारी भी इसमें होनी चाहिए। हरेक राज्य में जैन्डर बजटिंग अलग होती है। गुजरात में तीसरा बजट मुख्य मंत्री आनन्दीबेन पटेल ने पेश किया है और उसमें महिलाओं के लिए अच्छे से प्रावधान किया गया है। हर राज्य में

यदि ऐसा होगा तो मैं मानती हूँ कि महिलाओं को भी पूरा न्याय मिलेगा। मैं यह कहती हूँ कि केन्द्र सरकार के तमाम मंत्रालयों और विभागों में भी 30 प्रतिशत महिलाओं के आरक्षण का प्रावधान करना चाहिए। मैं कहती हूँ कि हमारे देश के शिक्षा के सभी स्तरों पर जो पाठ्यक्रम हैं, उनकी किताबों में महिलाओं के प्रति सकारात्मक अभिगम वाला पाठ्यक्रम शामिल करना चाहिए और सभी पाठ्यक्रमों की समीक्षा भी करनी चाहिए। हम फील्ड में जाते हैं। जहाँ कुमार-कन्या की मिश्रित पाठशालाएँ है, वहाँ गुजरात में जिस तरह 30 प्रतिशत महिला शिक्षिकाओं की भर्ती वहाँ पर की है, ऐसी प्रक्रिया भी करनी चाहिए। इसके अलावा पाठशालाओं में सैनिटेशन का प्रावधान भी करना चाहिए, ताकि महिला अच्छे से शिक्षा भी ले सके।

आखिर में मैं यह कहना चाहती हूँ कि जैसे आज के महिला दिवस पर हमें प्रतीक्षा करनी पड़ी मगर बोलने का मौका मिला, ऐसे ही सिर्फ 8 मार्च को नहीं, बल्कि हर रोज़ हमें थोड़ा-थोड़ा मौका दिया जाए तो हम भी बोल सकेंगे। आखिर में मैं महिलाओं के लिए कहना चाहूँगी कि -

"खड़ा हिमालय बता रहा है डरो न आंधी पानी में
खड़े रहो तुम अपने पथ पर, आंधी और तूफानों में।"

SHRIMATI M. VASANTHI (TENKASI): Madam Speaker, I would first of all, like to extend my warm greetings on the occasion of International Women's Day, to all the women of our nation.

The development of women implies development of the nation. Our leader, the Chief Minister of Tamil Nadu, hon. *Puratchi Thalaivi Amma* strongly believes in this and has taken every action for the welfare of women through many schemes, right from the birth, such as the *Thottil Kulandthai* Scheme, Girl Child Protection Scheme, Free Sanitary Napkins Scheme for Adolescent Girls, Gold for *Mangalsutra*, Cash Assistance for Graduate Women for their Wedding, establishing the first All Women Police Station in the country, Women Self Help Groups, the *Amma* Maternity Scheme and many more schemes for the welfare of women across the State of Tamil Nadu.

Recently, *Amma* has announced to hike the reservation of seats for women in all local bodies in Tamil Nadu to 50 per cent so as to promote women empowerment.

I would like to request the Union Government to take steps to increase the funds under the MPLADS so that we can help women in the rural areas in a better way. Thank you.

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रमा देवी, केवल एक मिनट में बोलें। आज आपको तो बहुत गर्व है, इसलिए एक मिनट बोलो।

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय अध्यक्ष महोदया, आपको किस रूप में मैं देखती हूं या सदन देखता है, मैं तो ये दो पंक्तियां कहती हूं। 'या देवी सर्वभूतेषू, मातृरूपेण संस्थितः, नमस्तस्यै-नमस्तस्यै, सनस्तस्यै नमो नमः।' जब शक्ति रूप में आती हैं तो या देवी शक्ति रूपेणः, माने नमस्तस्यै-नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः। शक्ति और मातृ रूप दोनों में आप यह सदन देखती हैं। आज मैं दो शब्द कहना चाहती हूं कि आज हम लोग जहां मेरा मायका है, वह वैशाली जिला से, जहां विश्व में सर्वप्रथम वहां लोकतंत्र की स्थापना हुई थी, उस धरती से मैं आई हूं। जहां मेरी ससुराल है, वह चम्पारण की धरती है, जहां महात्मा गांधी ने सत्याग्रह किया था और दांडी यात्रा की थी और उनके मन में एक विश्वास था कि महिलाओं को अगर आगे बढ़ाएंगे तो वह विश्वास की देवी है, ईमानदारी से काम करती है, जैसे अपने परिवारों में ईमानदारी से सब को बराबर हिस्सा देती है, उस तरह अगर इस क्षेत्र में आएगी तो उसके साथ किसी तरह की बेईमानी नहीं होगी, किसी तरह का घोटाला-घपला नहीं होगा तो उनमें विश्वास था।

मैं चाहती हूं कि आज के दिन हम लोग 365 दिन उन लोगों का है, उसमें से अगर एक दिन हम लोगों को मिला है तो थोड़ा सा भरपूर मिले, जैसे लिंग परिवर्तन की बात हुई है कि असमानता है। कारण यही है कि जिस महिला के पेट में, गर्भ में बेटी रहती है तो लोग सोचते हैं कि अरे, बेटी है। जैसे ही बेटी पैदा होती है तो माथा नीचे कर लेता है और धौना गिरा लेता है। अगर बेटा होता है तो कहता है कि एक लाठी तैयार हो गई। यह अन्तर आज भी समाज में देखा जाता है। मैं चाहती हूं कि अगर बेटी की भ्रूण हत्या नहीं हो, बेटी पढ़ाओ - बेटी बढ़ाओ की जो हम लोगों को शिक्षा हमारे प्रधानमंत्री दे रहे हैं, हम चाह रहे हैं कि जिस तरह से बेटियों को समकक्ष उसकी आवश्यकता है और उसकी ताकत है तो आफिस से जाते-जाते लोग कहते हैं कि चाय बनाओ, मेरा दोस्त आ गया, नाश्ता दो। ऐसी स्थिति जब घर में पैदा होती है तो फिर औरतों को नीचे देखा जाता है। हम समझते हैं कि बेटियों को जो जन्म देता है, वह सोचता है कि जन्म के बाद इसकी सुरक्षा करना, इसकी पढ़ाई करना, इसकी शादी-ब्याह में जो तिलक दहेज लगता है, उसको भी कैसे हम कर सकते हैं तो हम चाहते हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बस हो गया, मैं एक मिनट से ज्यादा समय न लें।

आपकी सब बहुत सी अच्छी बातें आई हैं, आप ताकतवर महिला हैं, बैठिये।

DR. RATNA DE (NAG) (HOOGHLY): The United Nations has come up with the theme for International Women's Day in 2016: 'Planet 50-50 by 2030: Step It Up for Gender Equality'. There is a need to ensure gender equality. It is not going to be an easy task. We live in a world where inequality prevails. To be very frank, inequality is our psyche. To come out of this mould is not easy. It is arduous. It needs a lot of guts, courage and what not.

Woman has the capacity to excel in whatever she does or whatever she aspires for. Our hon. Speaker, Shrimati Sumitra Mahajan is a good example of how women can achieve with hard work, sincerity and perseverance. Our country has produced many eminent women leaders starting from Indira Gandhi, our former President Pratibha Patil, our former Lok Sabha Speaker Meira Kumar. My party, the Trinamool Congress is headed by a woman, Mamata Banerjee who faced all odds to come to this position and become the Chief Minister of West Bengal. We should take up the cudgels. When we come across any injustice, we should not let it go.

I would like to quote Mr. Ban Ki-moon, the UN Secretary-General's message for International Women's Day 2016:

> "We have shattered so many glass ceilings we created a carpet of shards. Now we are sweeping away the assumptions and bias of the past so women can advance across new frontiers."

Before I conclude, Madam, I would like to convey my regards to you and all the hon. Members of this House of all women in my State, in the country and outside the country. Thank you, Madam.

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती रीती पाठक, केवल एक मिनट। आज आपने प्रश्न भी पूछा है।

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) : अध्यक्ष महोदया, बहुत धन्यवाद। आज महिला सशक्तीकरण दिवस है। अभी हमारी बहन ने भी कहा कि हम एक दिन क्यों मनायें। पर मैं ऐसा मानती हूं कि जन्म दिन तो एक दिन ही

मनाया जाता है। खैर, 365 दिन पूरे हमारे ही हैं, लेकिन हमें अपने कर्तव्य को निभाने के लिए उन सारे दिनों में एक दिन तो सैलीब्रेट करना पड़ेगा।

अध्यक्ष महोदया, दो लाइनों से मैं अपनी बात शुरू करना चाहूंगी -

व्यष्टि सुन्दर है, समष्टि सुन्दर है
दृश्य सुन्दर है, दृष्टि सुन्दर है,
त्याग की दिव्यमूर्ति तुम नारी,
जिसके होने से सृष्टि सुन्दर है।

आदरणीय अध्यक्ष महोदया, महिला सशक्तीकरण हेतु दो दिनों का महासम्मेलन, जो आपके द्वारा आयोजित किया गया, उसमें प्रधान मंत्री जी ने जो अपना वक्तव्य दिया, उन लाइनों के माध्यम से मैं अपनी बात रखने जा रही हूं। प्रधान मंत्री जी ने कहा - "न जाने कितनी क्षमता है? दोनों हाथें अगर मोबाइल में हों, आपकी उंगलियां लैपटॉप में हों, बच्चों को आप संभाल रही हों, तो भी आप राजनीति के क्षेत्र में अपना सर्वोपरि दिखाती हैं, तो भी आप समाज के क्षेत्र में अपना स्थान बनाती हैं, तो भी आप विश्व में आने वाले हर क्षेत्र में अपना नाम कायम रखती हैं। नारी, तुम शक्तिमान हो और निश्चित रूप से तुम्हें हमारा नमन है।" ऐसे शब्दों से आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने हमें नवाज़ा और हमारा सम्मान किया।

मैं धन्यवाद के साथ आपके माध्यम से बस इतना ही कहना चाहती हूं, चूंकि समय भी बहुत कम है, कि नारी कभी प्रेम की सर्वोच्चता पर राधा कहलाती है, तो कभी मातृभूमि पर प्राणों को न्यौछावर कर झांसी की रानी बन जाती है, तो कभी अंतरिक्ष में जाकर सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला हो जाती हैं, तो कभी खेल के मैदान में सायना नेहवाल और सानिया मिर्ज़ा बन जाती है। कभी त्याग और आत्म बलिदान कर पन्ना धाय बनती है, तो कभी राजनीति में दुर्गा समझी जाने वाली इन्दिरा और सुषमा कहलाती हैं। प्रबंधन और शीर्ष उद्यमों में सावित्री जिन्दल बन जाती है, तो कहीं नीरजा बन मातृभूमि का सम्मान बचाती है।

अध्यक्ष महोदया, इन बातों को कहने का आशय मेरा सिर्फ इतना ही है कि यदि नारी को कमज़ोर आंका जाएगा, तो निश्चित रूप से यह देश कमज़ोर ही होगा। इस देश को मज़बूत बनाने के लिए स्वाभाविक है कि आज हम सब उन बातों को लेकर चलें, जिन बातों को सुषमा जी ने कोट किया कि आज मैं देख रही हूं कि देश के सर्वोच्च पदों पर बैठे हुए गणमान्य यदि नारी सशक्तीकरण की बात कर रहे हैं, तो निश्चित रूप से महिलाओं को, हम बहनों को भी सशक्तीकरण हेतु आगे बढ़ना चाहिए।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपकी बात को भी कोट करते हुए अपनी बात को समाप्त करना चाहूंगी कि हमें डिमांड नहीं करना, हमें तो बस कमांड करना है।

जय हिन्द, जय भारत।

SHRIMATI ANUPRIYA PATEL (MIRZAPUR): Happy Women's Day, Madam to you, to all my hon. friends here and women across the nation.

Madam, this Parliament from time to time has enacted various laws to protect the dignity of our women but unfortunately women still continue to be oppressed and exploited in different parts of the country. I will say with all conviction today that the only solution to this problem is having more and more women in our State Legislatures as well as in our Parliament. The Women's Reservation Bill must be brought to the consideration of the House, keeping space for women coming from the marginalized section of this society, the SCs, STs and the OBCs. It is because nobody can talk their pains and their miseries better than them. Our Legislatures must be a reflection of women coming from all sections of the society. Madam, women need to understand that no social reformer, no saint, no political leader and no bureaucrat can create change in our life. We have to be an instrument of change and this process must begin with love for our identity as a woman, self-acceptance, self-exploration, understanding in our strength and facing and fighting our own insecurities and fears to grow as an empowered individual.

Madam, I just want to conclude by saying that a woman is like a tea bag, you never know her strength unless you put her in hot water.

श्रीमती पूनम महाजन (उत्तर मध्य मुम्बई) : अध्यक्ष महोदया जी, मैं अपने दो-तीन मुद्दे रखना चाहती हूं। उस मुद्दे की शुरूआत के पहले मैं दो लोगों को ये मुद्दे समर्पित करना चाहती हूं। इसमें से एक, मेरे माता और पिता हैं, जिन्होंने मुझे पैदा किया और मेरे भाई और मेरे में कोई भी दूजा भाव नहीं रखा और हम सबको समानता दी और दूसरी, ऐसी महिला कुशल संगठक हैं।

अध्यक्ष महोदया जी, बहुत सारे राजा हुए, जिन्होंने इस देश को आगे बढ़ाया। लेकिन, एक ऐसी बेटी, जिसने अपने पिता की उम्मीदों को साकार किया, एक ऐसी पत्नी, जो अपने पति के आदर्शों को आगे ले गयी, एक ऐसी कुशल संगठिता, जो वीरता और ममता का ऐसा अद्भुत सम्मिश्रण है, historian compares her to the Queen Elizabeth-I of England and Queen Catherine-II of

Russia, one such ruler was Holkar, Queen of Malwa kingdom, Lok Mata Punyashlok Ahilya Bai Holkar.

महोदया, वर्ष 1928 तक का इतिहास तो यहां पर बताया गया, लेकिन जो एक कुशल संगठिता थीं, जो एक रानी थीं, उनके इतिहास को भी हम एक बार नमन करके आगे बढ़ना चाहते हैं।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं कि आपने हमें पांच और छः तारीख को एक अच्छा प्लेटफॉर्म दिया, जहां वीमेन लेजिस्लेटर्स कॉन्क्लेव में हमने अच्छा काम किया, हमने अपने विचार रखे। सशक्त भारत के रूप से हम कैसे सशक्त महिला उसे आगे बढ़ा सकती हैं, उस रूप से हमने कार्य किया। प्रधान मंत्री जी ने वहां पर एक बहुत अच्छी सटीक बात कही कि 'वीमेन इम्पावरमेंट' शब्द ही गलत है। वीमेन या महिला शब्द आते ही सशक्तता, इम्पावरमेंट उस महिला से जुड़ती है, इसलिए there is no need of women empowerment because they are already empowered.

महोदया, मैं इसमें तीन मुद्दे रखना चाहती हूं, क्योंकि आपने सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल नम्बर - 5 के बारे में बात कही। तीन मुद्दे बहुत जरूरी हैं, जहां पर हम समानता ला सकते हैं। एक है, मानसिक और शारीरिक। जब हम 'इम्पावरमेंट' शब्द कहते हैं तो 'इम्पावरमेंट' शब्द को बाजू में रख कर हम उसे प्रगतिकरण कह सकते हैं, डेवलपमेंट कह सकते हैं, एक मानसिक-शारीरिक प्रगतिकरण। जब हम सब, एक माता-पिता तय करेंगे कि मेरा बेटा और बेटी समान होंगे, तो ही यह मानसिक और शारीरिक प्रगतिकरण आगे होगा।

इसमें मैं एक छोटा-सा उदाहरण दूंगी। रॉबिन चौरासिया जैसी एक लड़की मेरे चुनाव क्षेत्र में पिता, पति और भाई के कुकर्म से और सेक्स वर्कर्स की बेटियां, इन सबको नए जीवन की उम्मीद देने के लिए उनको पढ़ा रही हैं, उन्हें आगे बढ़ा रही हैं। उन्हें शारीरिक-मानसिक रूप से इन चीज़ों से बाहर लाकर आज रॉबिन चौरासिया ग्लोबल टीचर्स प्राइस में एकमेव ऐसी भारतीय हैं, जिनका नाम उसमें शामिल किया गया है।

दूसरी महत्वपूर्ण बात एस.डी.जी. नम्बर- 5 में है - 'आर्थिक प्रगतिकरण, उनकी ताकत।' आज आप जानती हैं कि घर का कर्ता पुरुष होता है। लेकिन, जब वह पैसा कमा कर लाता है, तो फिर महिला ही उसका सदुपयोग करती है और घर में उस रूप से उसका काम करती है। हम किसान को इस देश की रीढ़ की हड्डी कहते हैं। लेकिन, जब किसान बीज डालने के लिए गड्ढा खोदता है, तो महिला उसमें बीज डालती है, वह उसमें पानी डालती है। इस देश की व्हाइट रिवॉल्यूशन हो या दूध की क्रांति हो, तो उसमें महिला ही आगे आयी है। उसका भी एक छोटा उदाहरण दूंगी। प्रधान मंत्री जी ने 'सांसद आदर्श ग्राम

योजना' में हम सबको छोटे-छोटे गांव दिए। उसमें से एक गांव चारोटी को मैंने लिया। पूरी तरह से वह आदिवासी गांव है। लेकिन, वहां की सरपंच महिला है - रंजना धापसी। उन्होंने अपनी सक्षमता दिखाई और आज मेरी दोस्त अनीता डोंगरे के साथ हमने वहां पर एक गार्मेन्ट फैक्ट्री बनाई है। वहां पर सौ महिलाएं काम करती हैं। वहां पर जो कपड़े बनाए जाते हैं, वह हमारे गांव चारोटी की महिलाएं बनाती हैं। उसकी एक शॉल भी हमारे आदरणीय वेंकैया नायडू जी ने यहां पहन कर दिखाया था।

तीसरी महत्वपूर्ण बात एस.डी.जी. गोल नम्बर - 5 को पूरा करने की है - 'Political and Organisational Support'. मैंने एक बात कही थी कि हमारे यहां इतिहास में लोक सभा में सबसे ज्यादा महिला एम.पी. हैं, लेकिन लैटिन अमेरिका में यह कहा जाता है और यह शुरूआत है कि 'One woman enters in politics, she changes but many women come in politics, politics change.' हमें बहुत सारी महिलाओं की इसमें बहुत जरूरत है और वह वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में बताया गया।

अन्त में, मैं यह ही कहूंगी कि मुझे गर्व है कि मैं आज़ाद भारत में पैदा हुई हूं। आजकल कुछ दिनों से आज़ादी की परिभाषाएं बहुत अलग-अलग बनाई गयी हैं। लेकिन, एक महिला के नाते मेरी आज़ादी की परिभाषा एक ही है। मेरी परिभाषा है कि मैं आज़ादी चाहती हूं मेरे गर्भ में पली बेटी को बचाने और पढ़ाने के लिए, मैं आज़ादी चाहती हूं कि जो भी कपड़े पहनूं, बिना डर के इस देश में घूमूं, मैं आज़ादी चाहती हूं शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने वाले समाज के उस तबके से, मैं आज़ादी चाहती हूं उन विचारों से कि अगर महिला आगे बढ़े तो उसके चरित्र पर सवाल उठाया जाता है, उसकी मेहनत की प्रशंसा बाद में की जाती है और मैं आज़ादी चाहती हूं मन्दिर और दरगाह में जाने के लिए और मैं वहां सुकून से प्रार्थना कर सकूं। यही है सच्चे आज़ाद हिन्दुस्तान की आज़ादी की परिभाषा and this freedom is required for us, not the other *azaadi.*

बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. SPEAKER: Now, Shrimati Aparupa Poddar.

Please conclude within a minute because it is already 1.45 p.m. अब बाकी सब से माफी मांगना पड़ेगा।

SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAG): Thank you, hon. Madam Speaker, for allowing me to speak in this august House. मैं अपने सभी कुलीग्स को वीमेन डे की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं, आपको भी मैं अपनी शुभकामनाएं देती हूं।...(व्यवधान)

पप्पू भाई, दो मिनट के लिए रूक जाइए। मैं आपके जैसी एक्सपर्ट नहीं हूं।

माननीय अध्यक्ष : आप अपनी बात बोलिए।

श्रीमती अपरूपा पोद्दार : हम आज जिस क्षेत्र आरामबाग लोक सभा कंस्टीट्युन्सी से चुन कर आए हैं, वहां से सबसे पहली बार मैं एक महिला सांसद के तौर पर चुन कर आई हूं और मैं अपनी पार्टी की लीडर ममता बनर्जी और अपने सभी कार्यकर्ताओं को मैं धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने मुझे इस ज़गह पर पहुंचाया है। उस क्षेत्र की सभी माताओं-बहनों को, जिन्होंने सबसे ज्यादा वोट मुझे देकर पश्चिम बंगाल में सेकेंड पोजीशन में मुझे लाए, मैं उनको भी शुभकामनाएं देती हूं।

यहां पर सभी ने अपने-अपने बारे में बताया, लेकिन हमारा क्षेत्र ऐसी जगह है, जहां पर राजाराम मोहन राय जैसे व्यक्तित्व ने जन्म लिया, जिन्होंने सती प्रथा की कुप्रथा को बंद किया, जिसके चलते आज सब महिलायें इस जगह पर सुरक्षित हैं। रामकृष्ण देव का भी जन्म स्थान हमारे ही क्षेत्र में पड़ता है, जिन्होंने समाज को यह समझाया था कि देवी की पूजा करनी चाहिए। इस जगह से जब हम चुनकर आते हैं और अपने क्षेत्र में जब जाते हैं तो जो पिछड़े वर्ग की महिलायें हैं, वे ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए, शिक्षित करने के लिए और सबसे ज्यादा लड़कियों को शिक्षित करने के लिए हमारी पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी जो विभिन्न स्कीम्स के माध्यम से, कन्याश्री से, शिखाश्री से और अन्य स्कीम्स से वे अपने बच्चों को इनवाल्व कराते हैं और उनको एजुकेशन दे रहे हैं। यहां पर सभी सांसदों ने अपनी-अपनी बात कही। पूनम जी अभी बता रही थीं कि अपने क्षेत्र में उन्होंने बहुत अच्छी-अच्छी स्कीम्स की हैं।

माननीय अध्यक्ष : सबने की हैं।

श्रीमती अपरूपा पोद्दार : हम इस ऑगस्ट हाउस को आज इस जगह पर कहना चाहते हैं कि आज की तारीख में जो डिस्कशन हो रहा है, अगर महिलाओं के लिए कोई स्पेशल स्कीम स्किल डेवलपमेंट के लिए हो, जिसमें महिला लोग भाग ले सकें, तो हम लोगों के लिए बहुत अच्छा होगा।

माननीय अध्यक्ष : अनुराग ठाकुर जी, आप युवा हो, युवा की सोच बने तो बहुत प्रभाव होगा, इसलिए मैं आपको एक मिनट का समय दे रही हूँ।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): महोदया, मैं यहाँ से बोलने की अनुमति चाहता हूँ।

माननीय अध्यक्ष : जी, बोलिए।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : धन्यवाद, अध्यक्ष महोदया, मैं एक मिनट से ज्यादा समय नहीं लूँगा। मुझे केवल इतना कहना है कि 16 दिसम्बर की घटना के बाद एक चर्चा इसी सदन में हुई थी महिलाओं के अधिकार के लिए, उनके सशक्तिकरण के लिए। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आपने सभी महिला सांसदों को

बोलने का मौका दिया। मुझे केवल इतनी बात रखनी है कि एक सांसद होने के नाते मैंने अपनी जिम्मेदारी समझी और एक ऑनर अवर वुमेन नामक एक संस्था खड़ी की है। जिसमें अरूण जेटली जी से लेकर जय पांडा जी से लेकर, सुप्रिया जी, किरण खेर सब लोगों ने आकर अलग-अलग समय पर महिलाओं के अधिकार, सम्मान, सशक्तिकरण की बात कही और जनता को जागरूक करने का प्रयास किया। पिछले सत्र में हमने एम.पी. कनेक्ट प्रोग्राम शुरू किया, जिसमें उसके अन्तर्गत बहुत सारे सांसदों ने आकर अपनी जिम्मेदारी को संभाला और अपने क्षेत्र में जाकर वुमेन हेल्पलाइन, सेल्फ डिफेंस क्लॉसेज से लेकर अवेयरनेस प्रोग्राम कैसे आगे किए जाएं, उन सब पर अपना सहयोग दिया है। मैं आशा करता हूँ कि और ज्यादा सांसद भी इससे आकर जुड़ेंगे ताकि हम अपने-अपने लोक सभा क्षेत्रों में जाकर महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण की बात कर सकें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : साध्वी निरंजन ज्योति, मैं आपको एक मिनट का समय देती हूँ, क्योंकि मुझे मालूम है आपने शिक्षा के लिए संघर्ष किया है, स्वयं जीवन में संघर्ष किया है, इसलिए मैं आपको एक मिनट का समय देती हूँ।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (साध्वी निरंजन ज्योति): अध्यक्ष महोदया, आज महिला दिवस के पावन अवसर पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया, सबसे पहले मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि पहली बार पूरे देश की महिलाओं को बुलाकर आपने जो सम्मान दिया है, मैं यह कह सकती हूं उस दो दिवसीय कार्यक्रम से महिलाओं के अंदर हौसले बुलन्द हुए हैं। मैं बहुत ज्यादा बातें नहीं कहना चाहती, केवल इतना ही कहना चाहती हूं कि महिला दिवस के रूप में मनाना, मैं यह समझती हूं कि हमारे भारत में नारियों का सम्मान सदैव रहा है, चाहे आध्यात्मिक क्षेत्र में हो, भक्ति के क्षेत्र में हो, राजनैतिक क्षेत्र में हो या फिर गृहणी के रूप में हो। मैं बस इतना ही कहना चाहती हूं कि हमारे अंदर भी क्षमता होनी चाहिए। मेरी हिस्ट्री माननीय गृह मंत्री जी ज्यादा जानते हैं, क्योंकि वे मेरे गांव तक हो आए हैं। मेरे परिवार में कोई राजनैतिक व्यक्ति नहीं है। बस इतना ही कहना चाहती हूं बहनों से कि यदि तुम ठान लो, तारे गगन के तोड़ सकती हो, यदि तुम ठान लो तो अपने सुयश का एक नवअध्याय भी तुम जोड़ सकती हो। यह नारी का सम्मान ही है, यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः। आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए कहूंगी कि आपने मुझे यहां बोलने का मौका दिया। मैं उस रूरल क्षेत्र से आती हूं, अभी 70 प्रतिशत महिलाएं अशिक्षित हैं। आवश्यकता है महिला दिवस के रूप में, क्रांति लाने के लिए शिक्षा के रूप में, महिलाएं शिक्षित होंगी तो अपना कदम आगे बढ़ा लेंगी। इतना ही कहते हुए, 'बहनों अपनी शक्ति जगाकर जुट जाओ निर्माण में, संस्कृति का सौभाग्य छिपा है, नारी के उत्थान में।'

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT, MINISTER OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. VENKAIAH NAIDU): Madam Speaker, I was carefully listening to the various points and suggestions made by hon. Members from different sides of the House today. We have also been receiving suggestions from different people from time to time across the country. After listening to many of the sisters who spoke on this issue, I could realize that if we give an opportunity, they can excel. That is the lesson which all of us have to understand.

You have seen that we made an experiment also this time about the Presidential Address. The Presidential Address is one of the important debates in the House. It was initiated by Shrimati Meenakashi Lekhi. It was seconded by Shrimati Harsimrat Kaur. Both the proposer and the seconder were women. I must say and admit that both of them have effectively put forth the point of view of the Government. I am very happy about it.

Today also, from different parties we have seen different ladies speaking about women's empowerment. They all made wonderful and beautiful points in their own way and that also shows the point, given an opportunity, as I told you, they can excel.

But now the issue is, after these many years of Independence, dowry, child marriage, 'Bhrun Hatya', atrocities against women—these are still happening. We should all ponder over this. This is not because of this party or that party. I do not want to be, what you call, political in this issue. We have seen that also and if at all somebody has to take the blame, then all of us have to take the blame and take it in proportion to the time we have ruled the country. So, let us not try to make politics out of this. The issue is, the change of mindset. For dowry, there is a law. But has it changed fully? Then, with regard to atrocities against women, we passed a very stringent law recently, Nirbhaya law. Has it changed the position totally? No. It has changed to some extent but we need to go further.

And, the third one is, as I told you, about the Bhrun Hatya. They are trying to find out whether a girl is going to be born or a boy is going to be born, feticide. We have legally banned that also. But what is happening we are all aware. With regard to dowry harassment also, we know who are responsible for the same. I need not explain further.

So, every section of the society, including men, women—all of us have to introspect and then we have to create a social atmosphere of that need for change in the country. Some people are saying it is all because of our culture. I do not agree with them. We call this country as motherland, not father's land. We call it as motherland, *Matrubhumi.* That shows the respect which our culture had about a woman in this country.

We also say, Vande Mataram. 'Mataram' is the slogan given during the freedom movement. That also shows what was the thinking at that time of our great forefathers and our leaders. Even in Purana period also, when we take the example of Saraswati as education, people say Education Minister.… (*Interruptions*) सर, हमने आपके नेता की बात सुनी है, आप भी हमारी बात सुनिए। ...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : इसमें नेता का क्वैश्चन नहीं है। ...(व्यवधान) Why are you bringing *netas* name here? You take your part.… (*Interruptions*)

श्री एम. वैंकैय्या नायडू : आप क्यों इंटरफेयर करते हैं?...(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : It has nothing to do with this. इसका डिसकशन के साथ क्या संबंध है?...(व्यवधान)

श्री एम. वैंकैय्या नायडू : मैं वहीं पूछना चाहता हूं कि इस डिसकशन के साथ क्या संबंध था, डिस्क्रिमिनैशन।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : वैंकैय्या जी, आप अपनी बात को कंक्लूड करें। सभी ने बहुत अच्छे वातावरण में सदन में चर्चा की है।

…(व्यवधान)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: That is your habit to disrupt people in between. What can I do? I cannot change it now at this age.

My point is, you have objection for taking the name of Saraswati. I was talking about Saraswati. I do not know why you suddenly got up and then started making comments against me. It is very uncharitable.

Second thing is, I want to take the name of Parvati. You may have objection for that also. I want to take the name of Lakshmi Devi. … (*Interruptions*) Madam Speaker, these are all people we admire as Goddess.

HON. SPEAKER: Please conclude now.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: We admire them as Goddess. That is our culture. That is our heritage. That is our tradition. So, what I am trying to say is, now what appears to my mind is, the utmost important thing is, education of the girl child. The Government has started that programme. Earlier Governments have done it and our Government is also doing it in an effective manner. That should be taken up by all the people concerned at various levels.

After *Beti Padhao Beti Bachao*, next is economic empowerment. Any number of reservations you give, unless you empower women economically, unless you give them some right to property, unless you give them employment opportunities and also self-employment, you will not be able to succeed to end this disparity between man and woman.

Thirdly, Madam, I come from an area where Self-Help Group movement is very powerful and it is where the women are in the forefront. उसमें मैंने स्वयं ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में अनुभव किया है कि जो बैंक से ऋण लेते हैं, आज कल हम लोग नॉन परफॉर्मिंग ऐसेट (एनपीए) के बारे में सुनते हैं, उन्होंने इतना दिया, उन्होंने इतना लिया, वगैरह चर्चा में है। But the repayment of loan by the Self-Help Groups is 99.9 per cent. That speaks about the greatness of the women who are dealing in the financial matters.

Then, in the scheme of Housing For All, the title of the house would be in the name of the lady or woman of the house. That also really helps us.

There are also schemes called *Sukanya Samriddhi Yojana* and *Ladli Laxmi Yojna*. Such schemes encourage the female child for education. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Naidu ji, please conclude. There is no doubt that there are many good projects.

… (*Interruptions*)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: I am concluding, Madam. The Government of the day has initiated many projects for the welfare of the women. But that alone will not be sufficient. So, first, there has to be a social change; second, there has to be economic empowerment and third, there has to be given political empowerment to women. We have given empowerment in panchayat raj and urban local bodies. Now, we have seen the experiment. Initially people used to say, यह नहीं होगा। सरपंच पति होगा, मैक्सिमम एक बार पति होगा, उसके बाद गति क्या होगी, आप लोगों ने अनुभव किया है। उसमें बहुत काफी परिवर्तन आये हैं। ...(व्यवधान) In last 10 years, we could not have reservation for women at Parliament level because there was no consensus. Out Government is also moving in the direction of evolving consensus. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : अब आप सभी को शुभकामना दे दीजिए।

...(व्यवधान)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: The point is that they could not evolve consensus in 10 years. We are also working in the direction of evolving consensus and I hope we will succeed at the earliest and then we can move forward.

I would like to convey the greetings from my Government to all sisters, mothers and children across the country. We will keep in mind the spirit of the suggestions given with regard to Committees. … (*Interruptions*) As the Parliamentary Affairs Minister I can tell you that there is no adequate representation of women in Committees. I would request the respective parties to suggest the names of female representatives, we will keep it in mind and remind them also to give adequate representation to women as far as the Parliamentary Committees are concern. That suggestion is well taken.

माननीय अध्यक्ष : मैं माफी चाहूंगी कि मैं सभी को सदन में बोलने के लिए समय नहीं दे पायी - कुमारी शोभा कारान्दलाजे, श्रीमती नीलम सोनकर, श्रीमती संतोष अहलावत, श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश, श्रीमती कमला पाटले, श्रीमती के.मरगथम, श्रीमती अंजू बाला, श्रीमती कृष्णा राज, मैं इन लोगों से दो बार माफी माँगूगी, क्योंकि मैं उन्हें प्रश्न काल में भी समय नहीं दे पायी, श्रीमती वी. सत्यबामा, हमारे भाई भी हैं - श्री जय प्रकाश नारायण यादव, श्री राजेश रंजन, श्री सत्यपाल सिंह जी, मैं जानती हूं कि ये सभी लोग सदन में बोलना चाहते हैं। आप सभी उसी प्रकार सम्मान प्रकट करना चाहते हैं और अपनी शुभकामनायें देना चाहते हैं, मैं दर्ज करना चाहूंगी कि आप सभी की शुभकामनायें सभी तक पहुंच गयी हैं।

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 3 pm.

13.58 hours

The Lok Sabha then adjourned till Fifteen of the Clock.

15.04 hours

The Lok Sabha re-assembled at Four Minutes past Fifteen of the Clock.

(Shri K.H. Muniyappa *in the Chair*)

MATTERS UNDER RULE 377 *

HON. CHAIRPERSON : Hon. Members, the Matters under Rule 377 shall be laid on the Table of the House. Members who have been permitted to raise matters under Rule 377 today and are desirous of laying them, may personally hand over text of the matters at the Table of the House within 20 minutes.

Only those matters shall be treated as laid for which text has been received at the Table within the stipulated time. The rest will be treated as lapsed.

* Treated as laid on the Table.

(i) Need to accord sanction to the proposal of Government of Gujarat for setting up Anganwadi Centres in the State

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा): आंगनबाड़ी, महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय के तहत शिशुओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक अहम परियोजना है। इसमें केन्द्र सरकार का 75 प्रतिशत और राज्य सरकार का 25 प्रतिशत हिस्सा होता है।

गुजरात सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार के महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय को योजना-2, आईसीडीएस को 2013-14 में 198 आंगनबाड़ी तथा 19 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों की कुल मिलाकर 217 की परमीशन के लिए दरखास्त की गई थी। इस प्रकार की दरखास्त वर्ष 2014-15 में गुजरात सरकार द्वारा 792 आंगनबाड़ी तथा 728 मिनी आंगनबाड़ी कुल मिलाकर 1520 की दरखास्त की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2013-14 में 2015 तक कुल मिलाकर 990 आंगनबाड़ी तथा 747 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों कुल 1737 आंगनबाड़ी केन्द्रों की दरखास्त की थी। हाल ही में भारत सरकार द्वारा 677 आंगनबाड़ी तथा 215 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों की मंजूरी मिल गई है, बाकी बची हुई 313 आंगनबाड़ी तथा 532 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों की मंजूरी की दरखास्त भारत सरकार के पास लंबित है।

मेरी मांग है कि दूर दराज इलाकों में तथा नगर इकाई की गरीब बस्तियों में रहने वाले शिशुओं के विकास की टूटती कड़ियों को जोड़ा जा सके और शिशुओं की जिंदगी को संवार सकें, इसलिए जल्द से जल्द बाकी केन्द्रों की मंजूरी दी जाए।

(ii) Need to formulate a plan to treat pollution in Nag river in Maharashtra

श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया): महाराष्ट्र में मेरे निर्वाचन क्षेत्र के जिला-भंडारा में वैनगंगा नदी पर स्थित गोसीखुर्द परियोजना को सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रकल्प घोषित किया जा चुका है लेकिन यह अलग बात है कि इस प्रकल्प के विकास वास्ते वित्तीय अनुदान उपलब्ध कराने हेतु सरकार देरी कर रही है। बात अनुदान की नहीं है, बात है इस राष्टीय प्रकल्प के आसपास बसने वाले व वेनगंगा के दूषित पानी को प्रयोग में लाने वाले स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की, क्योंकि वैनगंगा के दूषित पानी को प्रयोग में लाने पर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें हो रही हैं। नागपुर से निकली नाग नदी, जिसका दूषित पानी भंडारा में वैनगंगा नदी पर स्थित राष्ट्रीय प्रकल्प पर आकर मिलता है, वैनगंगा के पानी को दूषित कर रही है।

मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए नागपुर से निकलते ही नाग नदी के दूषित जल को स्वच्छ करने संबंधी योजना सरकार द्वारा शीघ्र लाने की आवश्यकता है ताकि राष्ट्रीय प्रकल्प के आसपास बसने वाले लोगों को राहत मिले व वैनगंगा को प्रदूषण से बचाया जा सके।

(iii) Need to provide fair compensation to all the farmers in Uttar Pradesh distressed due to damage to their crops on account of unseasonal rains and hailstorms in the State

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर): इस वर्ष बेमौसम बरसात एवं ओलावृष्टि से हमारा अन्नदाता भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। देश की केन्द्र सरकार द्वारा प्राकृतिक आपदा के प्रभाव से किसानों के कष्ट को कम करने के लिए तथा मानवीय आधार पर भी लगभग सभी राज्यों को समुचित मुआवजा दिया गया है। आज माननीय मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के साथ खड़ी है। मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करती हूँ कि समस्त उत्तर प्रदेश के जिले का सर्वे किया जाये तथा हर किसान की उचित क्षतिपूर्ति की जाए।

मैं उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र का नेतृत्व करती हूं, मेरे संसदीय क्षेत्र में 20 लाख किसान निवास करते हैं। सभी की फसलों को ओलावृष्टि से भारी नुकसान पहुंचा है। इस आपदा से अनुमानित 80 प्रतिशत फसल बर्बाद हो चुकी है। ज्यादातर किसान इस विपदा से ग्रसित हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में किसानों के नाम पर 56 करोड़ रूपया मुआवजे के रूप में दिखाया गया है जबकि वास्तविकता यह है कि 50 से 70 प्रतिशत किसान अभी भी मुआवजे से वंचित हैं। 40 से 50 प्रतिशत गांवों को अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। जिसका मूल कारण प्रशासन द्वारा किसानों को मुआवजे स्वरूप दी गई राशि में घोर विसंगति एवं उचित वितरण न होना है। जिन्हें मुआवजा मिलना चाहिए उन लोगों को मुआवजा न देकर जो सम्पन्न लोग थे उन्हें दे दिया गया और वे किसान जिनको मुआवजे की जरूरत थी वे आज भी दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए जिससे अन्नदाता को न्याय मिल सके।

अंत में, मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करती हूं कि किसानों को उचित मुआवजा समय पर दिया जाए जिससे किसान इस विपदा से निकल सकें।

(iv) Need to depute private school teachers as well as unemployed youth in census, election duties and other public welfare programmes

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली): उत्तर प्रदेश सहित देश के अनेक राज्यों में अनेक शासकीय कार्य, जैसे- जनगणना, मतदाता सूची का निर्धारण, पुनरीक्षण, सहकारिता, पंचायत तथा विभिन्न प्रकार के चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन, सरकार के विभिन्न जनोपयोगी कार्यक्रमों में सामान्य तौर पर और स्वाभाविक रूप से प्राथमिक एवं जूनियर (उच्च माध्यमिक) प्राध्यापकों की डयूटी लगातार लगायी जाती है। इसके कारण देश में प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा के अध्ययन-अध्यापन एवं गुणवत्ता पर बहुत ही कुप्रभाव पड़ता है। संबंधित अध्यापकगण अध्यापन की जगह वर्ष के छः माह लगभग इन्हीं कार्यों में लगे रहते हैं, जिससे ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में सामान्य, मध्यम आय एवं गरीब तबके के बच्चों का शैक्षणिक विकास प्रभावित होता है।

अतः इस विषय में मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि ऐसी नीति बनायी जाये, जिससे इनके कार्यों में निजी विद्यालयों के अध्यापकों को भी लगाया जाये और साथ-साथ पंजीकृत बेराजगार नौजवानों को भी उचित प्रशिक्षण देकर इस कार्य के लिए विशेष रूप से अलग से रजिस्ट्रेशन कराया जाये। इन्हें इस कार्य के लिए समुचित पारिश्रमिक एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए समुचित पुरस्कार भी दिये जायें, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में साक्षरता एवं शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़े तथा एक नये प्रकार के युवाओं एवं कर्मियों की टीम भी तैयार हो, जिससे उन्हें रोजगार के नये अवसर भी उपलब्ध हो सकेंगे।

(v) Need to promote sites of cultural heritage in Sidhi district, Madhya Pradesh and also take measures to promote tourism in the region

श्रीमती रीती पाठक(सीधी): मेरा संसदीय क्षेत्र सीधी 'विन्ध्य क्षेत्र' की धार्मिक, ऐतिहासिक व दार्शनिक स्थलों का बड़ा केन्द्र है। जिसे अगर पर्यटन की दृष्टि से देखें तो सीधी जिले में गोपद व बनास के संगम पर अवस्थित भगवान शिव का चन्द्रेह मन्दिर, जिसे प्रथम गद्य साहित्य के प्रणेता महाकवि बाण-भट्ट की कर्मस्थली व 'कादम्बरी' की रचना स्थली के रूप में जाना जाता है। जहां पहुंचने पर आज भी एक अलग सी शान्ति व आध्यात्म की अनुभूति होती है। वहीं इसी जिले में घेघरा में स्थित मां चण्डी का प्रसिद्ध मन्दिर है जिसके संदर्भ में यह जन स्तुति और कुछ इतिहास विदों की मान्यता है कि अकबर के नौ रत्नों में एक बीरबल की साधना स्थली भी यही है।

अगर प्राकृतिक, सौन्दर्य की बात करें तो बहती हुई नदियों से घिरे इस क्षेत्र में जहां सोन घड़ियाल अभ्यारण्य स्थित है तो दूसरी ओर पुरातत्वविदों के अनुसार 10वीं सदी की निर्मित व मनमोहक भगवान चतुर्भुज की मूर्ति जो सिंगरौली जिले के पड़री ग्राम में स्थित है। साथ ही माड़ा की गुफाओं की बात करें तो मान्यताएं चौथी व पॉचवीं सदी की है जहां भगवान शिव के अनन्य स्वरूपों को देखा जा सकता है।

अतः मेरा माननीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री जी से अनुरोध है कि हमारे लोक सभा क्षेत्र में स्थित अत्यंत प्राकृतिक धरोहरों को ध्यान में रखकर इन स्थलों के प्रचार-प्रसार व विकास हेतु समुचित प्रयास करने की कृपा करें जो पर्यटन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

(vi) Need to conserve and develop Rohtasgarh Fort in Rohtas district, Bihar

श्री छेदी पासवान (सासाराम):रोहतासगढ़ किला भारतवर्ष के प्राचीन एवं विशाल पहाड़ी दुर्गों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। रोहतासगढ़ किला गया- मुगलसराय रेल खंड एवं शेरशाह सूरी पथ डेहरी ऑन-सोन से 45 कि.मी. दक्षिण पश्चिम में विंध्य पर्वत पर स्थित है। रोहतास मुख्यालय से 55 कि.मी. इसकी दूरी है। यह समुद्र तल से 1800 फीट की ऊंचाई पर कैमूर पहाड़ी पर स्थित है।

रोहतासगढ़ के इतिहास प्रमाणों से ज्ञात होता है कि इस किले का निर्माण हरिश्चन्द्र के पुत्र रोहिताश्व द्वारा कराया गया था।

लगभग 28 मील की परिधि में फैले इस किले में सराय महल, रंग महल, शीश महल, पंच महल, फूल महल, आइना महल, रानी का झरोखा, मान सिंह की कचहरी, सिंहासन कक्ष, हथिया पोल विवाह-मण्डप चौरासन, रोहिताश्व, गणेश मंदिर, फांसी घर आदि आज भी दर्शनार्थ विद्यमान है। इसमें लगभग नौ सौ पचास बड़े कमरे तथा नौ हजार छोटे कमरे हैं। इसकी बनावट पूर्णतः वैज्ञानिक ढंग से की गई है, जिससे सभी कमरों में सूर्य की किरणें सहजता से गमन कर सके। संप्रति यह आदिवासियों का तीर्थ स्थल है जहां प्रत्येक वर्ष देशभर के आदिवासी समाज का बृहत मेला लगता है।

अतः मेरा विशेष अनुरोध है कि अत्यंत महत्वपूर्ण इस प्राचीन इमारत को राष्ट्रीय महत्व की ऐतिहासिक धरोहर के रूप में अंगीकृत कर विकसित करने की कृपा की जाए।

(vii) Need to provide houses to people belonging to Korku tribe in Anuppur disrict, Madhya Pradesh

श्री दलपत सिंह परस्ते (शहडोल): मध्य प्रदेश के जिला अनुपपुर में कूडकू जनजाति के परिवार काफी अधिक हैं जो कि अति गरीबी में जीवन निर्वहन कर रहे हैं। इन परिवारों को इन्दिरा आवास तथा दूसरी योजनाओं से कोई आवास उपलब्ध नहीं कराया गया है। ऐसे परिवार दैनिक मजदूरी करके अपना जीवनयापन करते हैं। ऐसे सभी परिवार जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हैं। इस क्षेत्र में हल्दीबाड़ी परियोजना के कारण गरीब परिवार प्रभावित हैं। क्षेत्र के लोगों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ऐसे जनजाति के लोगों को शीघ्र निर्मित मकान दिय जाएं।

(viii) Need to fill-up the post of Director in AIIMS, Bhopal, Madhya Pradesh

श्री आलोक संजर (भोपाल): भोपाल में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में निदेशक एम्स का पद अभी तक रिक्त पड़ा है। यद्यपि रायपुर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स के निदेशक को इसका अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। परन्तु इससे संस्थान के दैनिक परिचालन में अत्यधक असुविधा हो रही है। इसके अलावा अस्पताल में उपकरणों एवं डॉक्टरों के अभाव के कारण यह अस्पताल सिर्फ आंशिक रूप से कार्य कर पा रहा है। मैं मंत्री महोदय से विनम्र निवेदन करना चाहता हूं कि भोपाल एम्स में निदेशक पद पर शीघ्रातिशीघ्र नियुक्ति की जाय। उपकरणों को सुलभ कराने के साथ-साथ डाक्टरों के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति करने की नितांत आवश्यकता है, जिससे भोपाल एम्स पूर्णरूप से कार्य कर सकें।

(ix) Need to provide adequate compensation to the farmers whose land has been acquired for construction of National Highway Nos. 148-D and 758 in Bhilwara parliamentary constituency, Rajasthan

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): मेरे लोक सभा क्षेत्र भीलवाड़ा अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148-डी एवं संख्या 758 का निर्माण हो रहा है। इसके लिए किसानों की कीमती भूमि का अधिग्रहण किया गया है। परन्तु किसानों को भूमि का मुआवजा वर्तमान मूल्य का 10 प्रतिशत भी नहीं दिया जा रहा है। इस कारण से किसानों के भूखे मरने की नौबत आ रही है। मेरा सरकार से आग्रह है कि तहसील सहाडा जिला भीलवाड़ा जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 758 एवं हिण्डोली एवं नैनवा तहसील जिला बूंदी राजस्थान जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148डी का निर्माण हो रहा है उस क्षेत्र के किसानों को केन्द्र सरकार की मंशा के अनुरूप वर्तमान मूल्य की चार गुनी राशि मुआवजा के रूप में दी जाये।

(x) Need to discuss the outcome of WTO meeting held in Nairobi, Kenya

SHRI RATTAN LAL KATARIA (AMBALA): I would like to request the Commerce and Industry Minister to highlight the various issues which were discussed in WTO meeting held in Nairobi, Kenya. US and EU were emphasizing to include investment on energy, security as new issues but for India, labor and environment are non- trade issues. For India, there is a need to rework formula to calculate permissible level of domestic procurements as the current one may restrict ability to procure grains for PDS. Although the Government is committed to the cause of farmers and has taken a consistent stand at WTO to protect their interests but nation would like to know the current outcome of meeting in Nairobi.

(xi) Need to establish a Sainik School/Military School in Meerut, Uttar Pradesh

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): देश में वर्तमान में केवल पांच राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल हैं तथा 25 सैनिक स्कूल हैं। दिनांक 26 फरवरी, 2016 को प्रकाशित रक्षा मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार 11 और सैनिक स्कूलों को स्थापित किए जाने का सिद्धान्ततः निर्णय लिया गया है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोई सैनिक स्कूल नहीं है तथा प्रस्तावित 11 सैनिक स्कूलों में से तीन उत्तर प्रदेश के झांसी, मैनपुरी एवं अमेठी में स्थापित किए जाने हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लगभग छह करोड़ की आबादी के लिए कोई सैनिक स्कूल नहीं है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में सैनिकों तथा सैन्य अधिकारियों का चयन होता है।

सरकार से अनुरोध है कि वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश की शौर्य परम्परा तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मेरठ में एक राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल अथवा सैनिक स्कूल की स्थापना करने का कष्ट करें।

(xii) Need to provide road facilities to villages and hamlets under Dungar Patti Amawara gram panchayat in Sawai Madhopur parliamentary constituency, Rajasthan

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र के सवाई माधोपुर जिले की बामनवास विधानसभा के ग्राम पंचायत डूंगरपट्टी अमावरा के अंतर्गत 1. कोचर, 2. खाडा, 3. पाडाकेड, 4. श्यामीआडा, 5. डाडा, 6. बाच्छीपांच, गांव और 12 ढाणी आती है जहां पर आज भी बिजली, पानी व सड़क की बहुत भारी समस्या है। इन गाँवों की पंचायत समिति तहसील बामनवास है। इन गाँवों के लोगों को अपने ग्राम पंचायत मुख्यालय अमावरा व तहसील बामनवास जाने के लिए लालसोट होकर जाना पड़ता है जिसमें करीब 70 कि.मी. का लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ता है। यहां पर एक पहाड़ी है अगर इस पहाड़ी को काटकर इसमें से रास्ता बना दिया जाए तो यह दूरी मात्र 5 किमी. की रह जाएगी।

मेरी मांग है कि इन गांवों के लोगों के लिए पहाड़ी को काटकर सड़क बनाई जाए। इस सड़क मार्ग के बनने से उपरोक्त सभी गांव ग्राम पंचायत अमावरा तहसील व पंचायत समिति बामनवास से जुड़ जाएंगे जिससे इन गांवों के लोगों को अपने दैनिक एवं जरूरी कार्यों को करने में सुविधा मिलेगी।

(xiii) Need to start work on gauge-conversion of railway line between Anandnagar and Nautanwa in Uttar Pradesh

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): जनपद-महाराजगंज (उ0प्र0) में आनन्दनगर से नौतनवां तक रेल मार्ग का आमान परिवर्तन किया गया था। उक्त कार्य में हुई गड़बड़ियों के संबंध में मैने जांच कराये जाने की मांग भी की है।

पिछले रेल बजट में पुरानी रेल लाइन बदल नयी रेल लाइन लगाने के लिए धन आवंटित किया गया था। सारी प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद भी अभी तक स्वीकृत कार्य को शुरू नहीं कराया गया। अब इस बजट में भी शेष बची पुरानी रेल लाइन को बदलकर नयी रेल लाइन लगाने के लिए स्वीकृति दी गयी है।

मेरे सरकार से अनुरोध है कि आनन्दनगर नौतनवां रेल मार्ग पर 40 किमी पुरानी रेल लाइन को बदलकर नयी रेल लाइन लगाने का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए तथा इस कार्य हेतु अबतक जारी की गयी धनराशि तथा तय किमी की रेल लाइन को बदलने में हो रही देरी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए।

(xiv) Need to construct dam on river Kosi in Supaul parliamentary constituency, Bihar

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल): मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल के अन्तर्गत किशनपुर प्रखंड के हांसा, चमेतवा, झखराती, मोमिन टोला, पीरगंज तेलियारी बेला, सुजानपुर गांव कोशी की विभीषिका से काफी प्रभावित है। सिंचाई विभाग बिहार सरकार के द्वारा उक्त गांवों को बाढ़ एवं कटाव से बचाव हेतु नदी के किनारे 1500 मीटर में बांध बनाने हेतु निविदा की गई है, जो उस स्थल पर बांध एवं बचाव हेतु नाकाफी है, जिससे स्थानीय विस्थापितों में भयंकर आक्रोश है एवं इसके लिए चरणबद्ध आन्दोलन भी किया जा रहा है। उक्त स्थल में पूरब एवं पश्चिम तरफ करीब 10 किलोमीटर तक अतिरिक्त बांध का निर्माण आवश्यक है एवं बाढ़ विस्थापितों के निदान हेतु किशनपुर प्रखंड के प्रस्तावित दस गांवों एवं सुपौल प्रखंड के घुरण पूर्वी कोशी तटबंध के 62वें किलोमीटर तक नदी किनारे लगभग 4000 मीटर में भी बांध बनाया जाना अति आवश्यक है। यह बांध बनने से इस इलाके के करीब 15 लाख आबादी को राहत मिलेगी एवं प्रायः प्रत्येक साल आने वाले बाढ़ से होने वाली जान माल के नुकसान को रोका जा सकेगा।

अतः मैं सरकार से मांग करती हूं कि अविलम्ब उक्त स्थल पर पुख्ता बांध बनवाया जाए ताकि मेरे क्षेत्र की आम जनता को कोशी की विभीषिका से मुक्ति मिल सके।

(xv) Need to set up ATM in every Gram Panchayat of Bangalore Rural parliamentary constituency, Karnataka

SHRI D.K. SURESH (BANGALORE RURAL): In my Bangalore Rural Parliamentary constituency there are 206 Gram Panchayats. Only about 30 Gram Panchayats have banks. Despite requesting lead Bank Managers, banks are not setting up new branches in these Gram Panchayats.

Rural people find it very difficult to operate their bank accounts. The Prime Minister has been promoting financial inclusion of the rural people. However,, the facilities and infrastructure available for rural citizens are inadequate.

The Government has introduced the Rupay Card, and the Jan Dan Scheme, but if the rural people have to commute 10-15 Kms. for just a simple bank transaction then the financial inclusion will only be on paper.

For true financial inclusion, I request the Union Government to open ATM in every Gram Panchayat of my Parliamentary Constituency.

(xvi) Need to operate Cuddalore-Tiruchirappalli Train No. 76841 from Tirupapuliyur in Tamil Nadu

SHRI A. AURNMOZHITHEVAN (CUDDALORE): Cuddalore is District Headquarters and a city with high population , Employees of various offices, industry trade and general public in Cuddalore travel through Tirupapulliyur Railway Station, Cuddalore. Cuddalore-Tiruchirappalli Train No. 76841 starts from Cuddalore O.T Junction. I request the Minister to operate Cuddalore-TirUchirappalli train from Tirupapulliyur Station which is situated in the Cuddalore city and is 5 kms. from Cuddalore O.T. junction.

The Cuddalore-Tiruchirappalli, Train No. 76841 starts from Cuddalore Junction from 4th platform every day. Since there is no foot-path to cross from 1st platform to 4th platform, the aged, differently-abled persons with heavy luggage find it very difficult to walk through 1st platform to 4th platform by steps. I therefore request the Minister to take action to operate the train form 1st platform, as the Cudalore-Tiruchirappalli train was operated from the 1st platform in early days.

There are no toilet facilities in Cuddalore-Tiruchirappalli train. People Travel for nearly 5.00 hours and they find it very difficult to travel without toilet facilities. Therefore, I also request the Hon'ble Minister to provide coaches with toilet facilities in this train.

(xvii) Need to address the problem of length of railway platform at Arakkonam Junction, Tamil Nadu and also provide a stoppage for all the express trains at the railway station

SHRI G. HARI (ARAKKONAM): Arakkonam is an important Railway Junction having many issues which need to be addressed immediately. From Arakkonam and its surrounding areas 20-30 thousand people are commuting to and from Chennai every day.

The existing platform at Arakkonam railway station is inadequate for express trains connected with a large number of bogies. When these trains stop at Arakkonam junction,most of the bogies go beyond the length of the platform which causes a problem for passengers. Passengers cannot alight or board the train and for old and women it is absolutely impossible. During nights the problems goes from bad to worse. As a result of this problem, on many occasions, women and old-aged people fell down from trains and get hurt with serious injuries. Even loss of life is reported every now and then. Therefore, I urge the Union Government to address this serious issue immediately and expand the platform length and increase the level appropriately.

Holy shrines like Tirupati, Tirutani, Kanjeepurm will be well served by giving a facelift to Arakkonam junction as these pilgrim centres are connected by Arakkonam. Also, the Naval Air Station INS RAJALI is situated in Arakkonam. So there is frequent visit of Defence personnel form different parts of the country. Hence expanding and improving Arakkonam junction with modern amenities is very important. I have also requested the Minister for Railways to consider our another long pending demand of making Arakkonam a stop for all the Express Trains.

(xviii) Need to construct a bridge in Nadia district block, West Bengal

SHRI TAPAS PAUL (KRISHNANAGAR): There is need to construct a bridge connecting Burdwan-Katwa ghat to Ballabpara, GP-Ballabpara Ghat at Kaliganj (Nadia District Block). Lakhs of people will be benefited as communication will become easy and fast.

(xix) Need to do away with the sedition clause in IPC in view of recent JNU incident

The Minister has claimed that the operating ratio for the coming year 2016-17 will be 92%, after including the 7th Pay Commisison expense. However the 7th Pay Commission would be add approximately Rs. 36,000 crore with a 10% annual increase of Rs. 15,000 crore. Pension expenditure would approximately Rs. 42,500 crore. The budgeted figure for depreciation for 2015-16 has been reduced by the Minister from 7,900 crore to 3,200 crore. The actual requirement for depreciation is Rs. 25,000 crore. While including arrears this goes up to more than Rs. 1 lakh crore. Thus, the Operating Ratio is around 120%. Adding the enhanced debt and expenditure from external borrowing will further worsen this scenario. The Minister has taken on a massive debt burden but has not given a clear strategy as to how he will repay it beyond endlessly using the phrase 'innovative financing'.

The Minister in his speech has relied on the PPP model for project execution. The redevelopment of 400 stations and many more projects will be executed through this mode. However this is not a new idea at all. This model has been operative in the railways for two decades now, if not more. What do the fact of actual experience, and not abstract economic theories, say about its efficacy? Let us take the example of the Rail Land Development Authority (RLDA) set up in 2006 by amendment to the Railway Act, 1989. It was tasked with optimising the Railway Land Bank, approximately 43,000 hectares, through the PPP route. After a decade of experience what has been the final output? Only 100 acres land with RLDA has all legal entitlements and encumbrance-free status. The Minister should explain how this will be avoided and why PPP model will work this time.

* Speech was laid on the Table.

The Government has given a great thrust to 'Make in India' and two loco units have been set up with an order of Rs. 40,000 crore. The people of Telangana have been yet again disappointed, however as the decades-old demand of setting up a coach factory and administrative division of Kazipet remains unfulfilled. The Minister has also initiated Joint Ventures with the State Governments for undertaking rail based projects. The Government of Telangana State is one of the 17 States which has initiated this partnership and it is due to the dynamic and forward looking vision of the Hon'ble Chief Minister Shir K. Chandrashekhar Rao Garu.

India as a country has a peculiar tolerance of accidents. Our investment in safety measures overall is very low and life is cheap here. It is no different in the Railways. It is thus refreshing to see that the Minister has announced 'Mission Zero Accident'. But the focus is very narrow. It is only on unmanned crossings and collision avoidance. The Railways should also aim to include fire and smoke detection systems and detector derailment devices in all the trains. This would guard against fire hazards and derailment respectively. Derailment is particularly important given the high frequency with which it happens. At present, very limited field trials for both technologies are taking place in AC coaches of elite trains like Shatabdi and Rajdhani. Every life has value and the Minister should endeavour to ensure that every coach of every train has these safety devices.

New trains of Uday, Tejas, Humsafar, Antyodaya Express, etc. have been announced but there should also be mention of where they will run. The Minister should also introduce a 'Southern Splendour' Express which connects all the five South Indian States and goes to the historical, pilgrimage and tourist places in these states. It can begin and end in Secunderabad station in Telangana. The Government plans to introduce a high speed passenger train connecting Mumbai to Ahmedabad. This should be replicated and capitals of the two Telugu States, Hyderabad and Amravati respectively, should be connected. Similarly, the cities

of Bengaluru and Chennai should also be connected by such a high speed link. These can be constructed with the same overseas Japanese assistance.

श्री राम कुमार शर्मा (सीतामढ़ी) : सभापति महोदय, मैं राष्ट्रीय लोक समता पार्टी की ओर से रेल बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। भारतीय रेल विश्व के एक बड़े परिवहन संगठन के रूप में है, जिसमें लगभग 14 लाख लोग कार्य करते हैं और इसमें रेल मार्ग की लम्बाई लगभग 66030 किलोमीटर है, माल ढुलाई डिब्बे दो लाख बयालिस हजार से अधिक हैं और प्रतिदिन लगभग 21 हजार गाड़ियां चलाई जाती हैं। 23 मिलियन यात्री दैनिक यात्रा करते हैं और 1,100 मिलियन टन माल ढुलाई का प्रावधान किया गया है।

हमारा रेलवे संगठन एक विशाल संगठन है। सन् 1980 में देश परिवहन के क्षेत्र में रेलवे की भागीदारी 62 प्रतिशत थी, जो सन् 2012 तक मात्र 36 प्रतिशत रह गई है। माननीय रेल मंत्री महोदय ने इस पर सुधार के लिए अनेक उपाय किए हैं। अंतर्राष्ट्रीय मंदी के कारण हमारी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्र में मंदी आई है। फिर भी मैं अपनी ओर से रेल मंत्री जी और रेल राज्य मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने सुधार के लिए अनेक उपाय करने का काम किया है। माननीय मंत्री महोदय के संदर्भ में जो निर्णय लिया गया है, उसका मैं स्वागत करता हूँ। उनका यह कहना है कि रेलवे का राजस्व बढ़ाने के लिए अब मालभाड़े की दर में वृद्धि नहीं की जाएगी। बल्कि परिवहन के क्षेत्र में रेल की भागीदारी बढ़ा कर राजस्व अर्जित किया जाएगा। उन्होंने जो दूसरा निर्णय लिया है, वह भी प्रशंसनीय है कि भविष्य में उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए जो एक रूपया भी खर्च होगा, उसकी पूरी जांच-पड़ताल होगी और कार्यकुशलता मापदण्डों और खरीद की प्रक्रियाओं में सुधार कर अंतर्राष्ट्रीय प्रक्रियाओं के सर्वोत्तम प्रक्रिया के समक्ष बनाया जाएगा। रेल में एक रूपये के निवेश करने से रेल की अर्थव्यवस्था में पांच रूपये की वृद्धि होती है। इस तथ्य को समझने के बाद मुझे आश्चर्य होता है कि पिछले कई वर्षों से देश की बागडोर उन लोगों के हाथ में रही है, जो अपने आप को विश्व स्तर का अर्थशास्त्री मानते हैं। आश्चर्य होता है कि इस अर्थशास्त्री के सामने अवसंरचना के क्षेत्र में रेलवे महत्व जानते हुए भी क्यों परिवहन के क्षेत्र में गिरावट को देश के लिए सहन किया गया। आज यदि कोई पुनः हिस्सेदारी बढ़ाने का संकल्प लिया जाता है तो क्या कारण है कि पिछले वर्षों से रेल प्रशासन मौन मुख हो कर बैठा और देखता रहा।

रेल के वास्तविक विकास के साथ-साथ देश के विकास से जुड़े होने के कारण रेल का वास्तविक विकास आवश्यक है। रेलवे के विकास में जो बाधाएं हैं, वह पहली है रेल की दुर्घटना, दूसरी है रेलवे की अकुशलता और तीसरी है रेलवे में भ्रष्टाचार। दुर्घटना में भारी कमी आई है। सन् 1960-61 में 2031 दुर्घटनाएं हो रही थीं, लेकिन सन् 2014-15 में मात्र 131 रह गई है। वर्तमान रेल बजट में कार्यकुशलता, सामर्थ और दक्षता बढ़ाने पर भी आदरणीय रेल मंत्री महोदय ने बल दिया है, जो सराहनीय कदम है।

मंत्री महोदय, मैं आपको अपनी ओर से भी धन्यवाद देता हूँ कि आपने भ्रष्टाचार को कम करने के लिए भी कई उपाय करने का काम किया है, जिससे रेलवे की उत्पादकता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर भी रोक लगने का काम होगा। मंत्री महोदय भ्रष्टाचार को कम करने के लिए जो खरीद के विकेंद्रीकरण का काम करने का काम किया है, वह भी सराहनीय है। मैं रेल मंत्री को अपनी ओर से धन्यवाद देता हूँ कि उनकी दृष्टि जहां-जहां भी गई है, वहां स्थिति सुधर गई है, दशा सुधर गई है और दिशा भी सुधर गई है। जैसे वृद्धों की तरफ उनका ध्यान गया तो उनकी दशा में भी सुधार आया है। बच्चों एवं महिलाओं की दशा में भी सुधार आया है, लेकिन रेल मंत्री महोदय मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूँ, मैं आपका ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि मैं जगत जननी माँ जानकी की धरती सीतामढ़ी से आता हूँ। लेकिन सीतामढ़ी की ओर आपका ध्यान नहीं गया है, वहां से एक भी ट्रेन दिल्ली के लिए अभी तक नहीं चलाई गई है। मैं अपनी ओर से और समस्त बिहार वासियों की ओर से आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ कि आपके समय में 12 तारीख को आदरणीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा दिघ्घापुल का उद्घाटन होने जा रहा है। आप इससे संपूर्ण उत्तर बिहार वासियों को पाटलीपुत्र-पटना से जोड़ने का काम कर रहे हैं। लेकिन सीतामढ़ी से एक भी ट्रेन चलाने की अभी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मैं आग्रह करता हूँ कि निश्चित रूप से सीतामढ़ी से एक ट्रेन पाटलीपुत्र के लिए प्रावधान करने का उपाय करेंगे। साथ-साथ दूसरा प्रस्ताव यह भी है कि जो नरकटियागंज से अभी एक ट्रेन चल रही है, वह रकसौल से सीतामढ़ी हो कर के मुजफ्फरपुर आते हुए यदि पटना पहुंचती है तो अभी एक समाधान होगा। इस ओर मैं आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ

आदरणीय रेल मंत्री महोदय मैं आपको यह भी कहना चाहता हूँ कि संपर्क क्रांति ट्रेन मुजफ्फरपुर में लगभग 21 घंटा रूकी रहती है। उसको यदि मुजफ्फरपुर से मात्र सीतामढ़ी तक बढ़ा दिया जाए तो जगत जननी माँ जानकी की धरती का कल्याण हो जाएगा और यह नेपाल की सीमा से लगा हुआ है तो दूसरे देश के लोग भी इससे लाभान्वित होंगे। इसलिए मेरा आग्रह है कि संपर्क क्रांति को मुजफ्फरपुर से नहीं सीतामढ़ी से संचालित कराया जाए। साथ-साथ बिहार संपर्क क्रांति, जो दरभंगा से चलती है, आपका डीआरएम कार्यालय समस्तीपुर में है, लेकिन वहां से भी एक ट्रेन नहीं चली है। यदि इस ट्रेन को दरभंगा के बदले आप समस्तीपुर से चलाते हैं और समस्तीपुर से दरभंगा, दरभंगा से सीतामढ़ी होते हुए मुजफ्फरपुर आती है, तो सभी जिलों को टच करते हुए, वह दिल्ली तक पहुंच जाएगी। इन्हीं शब्दों के साथ आपके प्रति आभार व्यक्त करते हुए, आपको धन्यवाद देता हूँ और अपनी पार्टी की ओर से इस रेल बजट का समर्थन करता हूँ।

*SHRI SHIVKUMAR UDASI (HAVERI): I support the Railway Budget, 2016-17 presented by the Hon. Railway Minister, Shri Suresh Prabhuji. Before I say anything, I would like to congratulate Shri Prabhuji for having presented a Budget which displays his pragmatic approach, determination, clarity and sensitivity. And it also shows that he has structured the Budget with a human face. The Hon. Minister has presented a very practical, realistic and balanced budget. Karnataka State has got Rs. 2,779 crore against Rs. 2,111 crore of previous year. The Hon. Minister has proposed to take up doubling and completion of various projects in the State. Shri Prabhuji has also announced construction of seven over bridges and five subways in the State.

Railway is the lifeline of the country whether it is in the case of transportation of the passengers or the freight. Railway is the vital segment of our transport infrastructure. All of us have no difference of opinion that the railway has been playing a key role in India's social and economic development. It is a cheap and affordable means of transportation for the million of passengers. The Railways continue to serve this country and it has the biggest contribution in the national integration. After a long time, it's an innovative budget and it's been managed without increasing passenger fares, which is good. There was a lot of out of the box thinking particularly the point to engage the States in a common programme. Railway Budget provisions for 2016-17 will improve the ease of doing business and improve the connectivity of the manufacturing units with ports and air connectivity.

I would like to express my gratitude to the Railway Minister for announcing policy decisions of Hubli-Chickajur and Gadag-Hotagi rail line doubling, allocation of Rs. 60 crore for Gadag-Wadi new railway line, allocation of Rs. 6.35 crore for new ROB on Varada River, allocation of funds for ROB near LC 227 between Motebennur and Byadagi. Haveri Parliamentary Constituency has a number of small scale industries and there is a lot of scope for development of

* Speech was laid on the Table.

tourism. Therefore, the railway must develop better rail network in the area. Karnataka is one of the States where railway facilities are abysmal. In respect of rail connectivity, Karnataka is one of the backward States in this country. North Karnataka region needs more railway facilities for its development.

Karnataka has only 16.9 km per 1,000 sq km railway network, while Tamil Nadu, Gujarat and Punjab have much higher rail densities.

The major demands pertaining to my Parliamentary Constituency are given below. I urge upon the hon'ble Minister to consider these genuine demands.

I would like to request that the funds for converting Haveri and Gadag Railway Station into a "World Class Railway Station" may kindly be allocated in the current Budget. Gadag city railway station falls under category "B", which lies in my Parliamentary Constituency and district headquarters. It completely qualifies to acquire category "A" Railway Station.

Gadag-Mundargi-Hadagali-Harpanhalli new line was included in the Rail Budget 2015-16. I request to conduct a survey of the same in the current Budget. Gadag-Haveri new line is capable of ushering in a new era of economic development. I am given to understand that the proposal is pending in NITI Aayog. This new line is one of the ambitious railway projects of North Karnataka. Current Budget 2016-17 included doubling of 190 km long Hubli-Chickjajur broad gauge single line. The total estimated expenditure will be Rs. 1294.13 crore. The project is likely to be completed in 4¼ years and will cover the areas of Chitradurga, Davangere, Haveri and Dharwad. Entire route from Pune-Miraj-Hubli-Bangalore has been identified for doubling which will not only improve smooth flow of traffic but also boost overall development of the region. My humble request is to double tracking of Hubli-Chickajajur route to reduce the total cost of Gadag-Haveri new line. I earnestly request that this project may be included in the Rail Budget 2016-17.

There has been a long standing demand of the people of Byadagi and Yelvagi, Haveri District (it covers 7 taluks) to stop 12725/12726 Intercity Express

passing via these Railway Stations. As you are aware Byadagi chilli is famous chilly variety grown mainly in North Karnataka, named after the Town called Byadagi. Byadagi and Yelvagi are part of my Parliamentary Constituency. If you could kindly arrange to stop the above Expess trains passing via Byadagi and Yelvagi Stations, it will pave way for much faster growth of not only agricultural, commercial and industrial activities, but would greatly benefit the local populace.

Kindly consider one minute stoppage of the following trains at Haveri, the District Headquarter :

(i) Yeshvantpur to Hazrat Nizmuddin to Yeshvantpur (Train No. 12629/12630) - Weekly twice via Hubli.

(ii) Chandigarh to Yeshvantpur to Chandigarh (Train No. 22685/22686) - Weekly twice via Hubli.

Gadag-Bijapur Passenger Train: There is a time gap between the two trains, travelling from Gadag to Bijapur (i.e. first train at morning 6 AM and the next at 2.30 PM, in the afternoon). Passengers commuting between these two cities are demanding additional passenger trains in between these two timings. They have also demanded for the introduction of an additional train between Bijapur-Gadag to help passengers catch the trains going to Bangalore, Secunderabad and Mumbai. This demand is in the interests of the people.

Provision/improvement of Infrastructure facilities at Ranebennur, Byadagi, Yelavagi, Devaragudda Station. Byadagi is known to be a world renowned market for chilly. To facilitate traders to directly supply chilly to major city, if the existing Good shed is expanded it would be of greater help to the traders of this town. Earlier trains were stopping at Halligudi station, after gauge conversion, passengers of this station are demanding restoration of stoppage of trains for their convenience and cost saving. Enhancement in the Reservation Quota from Gadag, Haveri, Ranebennur and Byagati is required for trains running via these stations. I sincerely urge the Hon'ble Minister to get the quota increased for the above stations and earmark at least 10 per cent quota for the above stations, so that the

people of these towns will be benefitted. There is a need to provide an alternative entry to the Gadag Betageri railway station to help commuters reaching the station by connecting through a Foot Overbridge to JT College Road. It would not only benefit commuters coming from JT College Road side but also ease traffic congestion near the railway station. (Betageri (Kurattipete) to JT College Road connecting to 3rd Platform). At present, there is no Government Railway Police (GRP) outpost at Haveri Railway Station. There are repeated complaints of scuffles between commuters in the wake of increased traffic at Haveri railway station, the GRP should create an outpost at Haveri railway station.

Railway Station at Haveri 2nd platform length should be increased. Railway Station at Byadagi has no link between 1st and 2nd platform. Ladies Boogie should be increased in all passenger trains from Hubli to Bangalore to Hubli. Platform facility at "KALASUR" village near Haveri station is needed, as there is already stoppage for all passenger trains.

The good news about the Railway Budget, probably, is that Railways have secured healthy financial results and its performance has been on the positive side. The Railway Budget is a forward looking one and it has many positive features which would help the Railways to sustain the growth momentum and support the over-all economic development. It is my humble opinion that we should complement the hon. Railway Minister for a strong financial performance and improvement in the efficiency.

I am happy to note that the Railway Budget takes a remarkable approach towards the safety measures. It is a major challenge to ensure a risk-free journey in the Railways in a vast country like ours. This is a very commendable task. Steps have been taken in this regard, and more and more steps are being taken to ensure risk-free journey. To conclude, I would like to thank the Railway Minister and his team for achieving healthy financial results and excellent performance in freight and passenger operations.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): महोदय, रेल बजट पर मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया गया है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूँ।

माननीय रेल मंत्री जी द्वारा जो रेलवे बजट पेश किया गया है, वह रेलवे को आम लोगों के लिए अत्यधिक सुविधाजनक, हाईटेक और सुगम बनाने का प्रयास है। रेल बजट 2016-17 में यात्री किराया और माल भाड़े में कोई बदलाव न करते हुए माननीय रेल मंत्री जी ने यात्री सुविधा पर विशेष ध्यान दिया है। इस बजट में रेल विकास परियोजना के लिए योजनागत व्यय को बढ़ाकर 1.21 लाख करोड़ रूपये किया है, जो पिछले वर्षों के निवेश के औसत का लगभग दोगुना है। इस बजट से लोगों को आशा जगी है। निःसन्देह यह रेल बजट रेलवे को एक नई देशा प्रदान करेगा। इस बजट में बुनियादी ढ़ाँचे को मजबूत करने का प्रयास किया गया है। वैसी रेलवे परियोजनाएं जो वर्षों से लम्बित पड़ी हैं, उन्हें पूरा करने की सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है, जो कि एक सराहनीय कदम है। पिछली सरकारों में यह देखा जाता था कि लोगों की वाहावाही लूटने के लिए हर बजट में बड़ी-बड़ी योजनाओं की घोषणा कर दी जाती थी, लेकिन सभी को आधा-अधूरा ही छोड़ दिया जाता था और हर साल नई योजनाओं की घोषणा कर दी जाती थी। आज आवश्यकता है कि रेलवे की पिछली महत्वाकांक्षी योजनाएं, जो किसी न किसी कारणवश लम्बित हैं, उनको पूरा करने के लिए मंत्री जी आपको ध्यान देने की जरूरत है।

रेल मंत्री जी ने रेलवे कायाकल्प करने के लिए कई खास योजनाओं की घोषणा की है, जिससे समय की माँग के अनुरूप रेलवे को अत्यधिक हाईटेक किया जा सके और आम लोगों के लिए रेलवे की यात्रा सुविधाजनक बनाई जाए। इस रेल बजट में तीन नई सुपरफास्ट रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की गई है। हमसफर नाम की गाड़ियां वातानुकूलित थ्री एसी डिब्बे वाली होंगी, जिनमें भोजन का भी विकल्प होगा। तेजस नाम की गाड़ियां 130 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेगी, जबकि तीसरी प्रकार की ट्रेन उदय नाम से चलाई जाएगी, जो डबल डेकर होगी। इन सबके अलावा उत्कृष्ट नाम से वातानुकूलित दो तला गाड़ियां चलाने की भी घोषणा की गई है। यह दो तला गाड़ियां व्यस्त मार्गों पर चलाने की योजना है। बजट में अनारक्षित यात्रियों की सुविधा का भी ध्यान रखा गया है। ऐसे यात्रियों के लिए दीन दयाल अनारक्षित डिब्बे लगाए जाएंगे, जिनमें पेयजल और मोबाइल चार्जिंग जैसी सुविधा उपलब्ध रहेगी। इन सबसे निश्चित रूप से लोगों का रेलवे में सफर करना पहले से अधिक सुविधाजनक होगा। मैं रेल मंत्री जी को धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने आम जनों के लिए रेल सुविधाओं में बढ़ोत्तरी पर विशेष ध्यान दिया है।

मंत्री जी ने तीन नए मालगाड़ी मार्ग बनाए जाने की बात इस बजट में कही है, जिसके निर्माण से माल की ढुलाई में कई गुना बढ़ोत्तरी होगी तथा रेलवे के राजस्व में गुणात्मक वृद्धि होगी। नए रेल मार्गों के निर्माण से यात्री रेलगाड़ियों की बढ़ोत्तरी होगी और उनका परिचालन भी निर्बाध रूप से होगा।

बिहार के अधिकांश लोग देश के अन्य शहरों में कार्यरत हैं, जो हर दो-तीन महीने के बाद बिहार आते-जाते हैं। जिसके कारण बिहार में जाने वाली, बिहार से आने वाली रेल सेवाओं में काफी भीड़-भाड़ रहती है। एक अनुमान के अनुसार हर साल सिर्फ छठ पर्व पर 31 लाख लोग देश के अन्य शहरों से बिहार आते हैं। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि बिहार से आने-जाने वाली रेल सेवाओं में बढ़ोत्तरी बढ़ती माँग के अनुरूप की जाए तो इससे लोगों को सुविधा मिलने के साथ-साथ रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी। छठ बिहार का एक महत्वपूर्ण और लोकप्रिय पर्व है। छठ पूजा के लिए देश के कोने-कोने में बसे बिहार के निवासी बिहार आते हैं, मगर छठ के समय उनकी माँग के अनुसार रेल सेवा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण लोगों को छत पर चढ़कर यात्रा करनी पड़ती है और प्लेटफार्म पर अपार भीड़ हो जाती है। रेलवे को दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म टिकट बेचना बन्द करना पड़ता है, जिससे रेलवे के राजस्व की भी हानि होती है।

यही हाल होली, दीपावली और ईद के मौके पर भी देखने को मिलता है। मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि छठ पर्व, दीपावली, ईद एवं होली के अवसर पर बिहार को अतिरिक्त रेल सेवा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। बिहार में रेलवे की कई पूर्व घोषित परियोजनाएँ चालू नहीं की गई हैं। अगर की गई हैं तो अत्यधिक धीमी गति से कार्य हो रहा है। इससे परियोजनाओं पर लागत खर्च भी बढ़ रहा है। रेल परियोजनाओं एवं रेलवे का विकास देश के विकास एवं रेलवे की मांग के अनुरूप होना चाहिए जो इस रेल बजट में देखने को मिलता है। यह रेल बजट किसानों, आदिवासियों और मज़दूरों को लाभ पहुँचाने वाला है। हम यह कहना चाहते हैं कि रेलवे की माली हालत खराब होने का मुख्य कारण रेलवे में व्याप्त भ्रष्टाचार है जिस पर रेल मंत्री जी ने बजट में प्रकाश डाला है। माल बुकिंग में बहुत भ्रष्टाचार है। उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। माल बुकिंग कराने में जो भ्रष्टाचार है, उसे दूर किया जाए जिससे व्यापारी सस्ते में अपने माल को बुक कर सकें। इससे महंगाई कम होगी और रेलवे के राजस्व में बढ़ोतरी होगी।

इसी के साथ मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करती हूँ कि कई सालों से बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, बापूधाम, मोतिहारी से दक्षिण बिहार एवं झारखंड के लिए नई रेल सेवाएँ चलाए जाने हेतु मांग हो रही है। कानपुर से गोरखपुर के बीच में चलने वाली चौरी चौरा एक्सप्रैस रेलवे सेवा का बापूधाम मोतिहारी तक विस्तार किया जाए। सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रैस की तर्ज पर एक और सुपरफास्ट ट्रेन चलाई जाए अथवा बापूधाम मोतिहारी गरीब रथ साप्ताहिक ट्रेन को प्रतिदिन किया जाए। क्योंकि चकिया, बापूधाम,

मोतिहारी, बेतिया, नरकटिया, बगहा के लोगों को दिल्ली की यात्रा करने के लिए हमेशा परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा मेरे संसदीय क्षेत्र के पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत घोड़ासहन रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रैस ट्रेन संख्या 17005-17006, 12545-12546, 14017-14018 एवं 14007-14008 का ठहराव जनहित में नितांत आवश्यक है। साथ ही सीतामढ़ी-रक्सौल रेलखंड पर दैनिक व्यापारियों और विद्यार्थियों एवं सरकारी कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखते हुए सुबह-शाम एक जोड़ी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन आवश्यक है। मैं इस रेल बजट का समर्थन करती हूँ और रेल मंत्री को धन्यवाद देती हूँ कि हमारे यहाँ शिवहर ने कभी रेल लाईन नहीं देखी थी, उसके लिए अब मंज़ूरी मिली है। 20 करोड़ रुपये तो मिले ही हैं लेकिन 900 करोड़ रुपये की वहाँ मांग है। इसके लिए रेल मंत्री जी से आग्रह करती हूँ। धन्यवाद।

SHRI RADHESHYAM BISWAS (KARIMGANJ): Mr. Chairman, Sir, I thank you for granting me the opportunity to express my views on behalf of our party AIUDF on the Railway Budget for 2016-17. First of all, I would like to thank the Railway Minister for his efforts to complete the gauge conversion work between Lumding-Silchar and starting three new trains including goods trains which are running successfully.

I request the Minister for starting a few trains in the new BG line to connect North Eastern States as well as my constituency of Barak Valley. Now we are in the end of Mega Block and the hon. Minister announced during the flagging time at Silchar that some new trains will start from various stations of Tripura, Mizoram and Barak Valley, but they have not been included in the Railway Budget Speech. So, I request the Minister to start the following trains within March, 2016

- Daily Intercity Express train between Silchar and Dibrugarh
- Daily Super Fast Express trains from Agartala via Karimganj to
- Guwahati
- Duronto Express from Vhairobi via Hailakandi to New Delhi
- Duronto Express from Silchar to Bengaluru
- Duronto Express between Agartala and Mumbai at least twice a week
- Direct Super Fast Express train from Silchar to Bengaluru via Kolkata and Chennai
- A Janshatabdi and Shatabdi Express train from Badarpur to Guwahati daily, which may be extended upto Bhairabi and Agartala in near future
- A Rajdhani Express from Agartala to New Delhi to facilitate passengers of Barak Valley, Mizoram and Manipur.

- Several local trains between major stations of Barak Valley, such as Silchar, Karimganj, Hailakandi, Bharabi, Badarpur, Dharmanagar, Agartala, Mahisashan and Dullavcheera, which were stopped since 1 ½ years due to Mega block.
- Introduction of new train between Dhubri and Guwahati including Intercity and Janshatabdi Expresses.
- Introduction of new train from Jogikhopa to Mahendraganj via Mancachar, introduction of train service both passenger and goods between Golakganj Station of Dhubri District in Assam and Kolkata in West Bengal via Rangpur and other places in Bangladesh as it was used before partition.
- Daily Janshatabdi Express between Barpeta and Guwahati to connect the district with its capital;
- Introduction of new superfast express trains from Barpeta to Delhi, Kolkata and Mumbai;
- Stoppage of train like Rajdhani Express, Kanchanjunga Express at Hojai station in view of commercial activities and as public demand.

I also request to introduce new trains which were announced out of the three new trains from metro cities of the country to the North Eastern States *via* Guwahati.

As a result of conversion and raising heights from old line to BG lines under my constituency of Karimganj, there is a huge requirement of road overbridges or road underbridges specially from Badarpur-Agartala, Karimganj-Mahisashan,Barigram-Dullavcheeraand Kathakal-Bhairabi line and other parts of Assam like Goalpara-Dhubri, and Barpeta railway lines.

I request to allocate sufficient amount in the present Budget for the construction of ROB/RUB to maintain connectivity of the people of the locality and to avoid future accidents.

After the completion of BG line conversion between Silchar and Lumding there was information published in newspapers that due to non-availability of infrastructure for cleaning coaches at Silchar, long distance trains will not be started regularly. I request to allocate sufficient amount for establishing cleaning facility at Silchar. Badarpur is a railway township since 1885 and Railway department have huge land; I request you to create a new division at Badarpur which is a long term demand of local people. I also request to set up a loco-shed in the same place for repairing engine, coaches etc. As a result, local employment would be done.

During the Budget Speech, I was very much concentrated to find what we have got for North Eastern region. Unfortunately, I did not find much to cheer up. I do not find any major changes in the past Budgets and the present Budget for NF railway. As we all know and it is an open secret that NF railway is very much back-dated and under developed in comparison to the other zones of the country.

The tracks under NF railway are still in such condition that train like Rajdhani Express has to be halted in stations in certain places for crossing and it cannot run in high speed. It hardly attains half of its highest speed limit in NF railway tracks.

Through this august House, several things were demanded by me in last two years, but I can see only one or two things included that also partially. As per the announcement of the General Manager of NF railway, in a Press meet he said that for survey of Patharkandi to Kahnmun a sum of Rs. 50,000, for survey of Silchar to Kolkata *via* Bangladesh a sum of Rs. 15.77 lakh, a sum of Rs. 20 lakh for survey of Bhairabi-Sairong railway line project, and a sum of Rs. 44.8 lakh for survey of double line at Dhubri with bridge over river Brahmaputra are also provided in the Budget. Survey does not mean approval of the projects. I request

you to include these projects in the present Budget on priority basis for the economic development of the region.

The Railway Budget for the year 2016 has increased the allocation but there were no big announcements for any zones.

Thank you, Sir.

***श्री पी.पी. चौधरी (पाली):** सर्वप्रथम मैं माननीय रेलमंत्री श्री सुरेश प्रभु जी व माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित करना चाहूंगा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र पाली में वर्षों से लंबित मांग को ध्यान मे रखते हुए बिलाड़ा से बर नई रेल लाइन का सर्वे पुनः कराने के निर्देश प्रदान किये।

मैं बजट में दिये गये आंकड़ों की बौछार नहीं करना चाहता, मेरे योग्य साथियों के द्वारा बड़े विस्तार से चर्चा की जा चुकी है। बजट पढ़ने के बाद स्पष्ट धारणा बनती है कि ये एक विकास परक और निरंतरता का बजट है।

जनता के लिए इस साल जारी किया गया रेलवे बजट पिछले साल के बजट से कहीं ज्यादा अच्छा एवं जनता के रोज़मर्रा के कामों को ध्यान में रखते हुए बहुत सरल तरीके से पेश किया गया है। देश की जनता की जरूरतों को नज़र में रखते हुए रेल बजट के मुद्दे सरल बनाने की कोशिश की गई है तथा जनता की जरूरतों को देखते हुए रेलवे में सुख-सुविधाओं की बढ़ोत्तरी की गई है। इस रेल बजट में कई सेवाओं में इजाफा किया गया है तथा आने वाले सालों में कई तरह की रणनीतियों पर काम करने की योजनाएं तैयार की गई हैं।

इस वर्ष रेल बजट में रेल भाड़ा एवं माल भाड़े में बढ़ोत्तरी न कर लोगों को तोहफा दिया है। यात्री किराया न बढ़ाने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस वर्ष रेल बजट में महिलाओं को ध्यान में रखते हुए उनके लिए रेलवे टिकट में 33 फीसदी आरक्षण दिया गया है, जिससे कि महिलाओं का ट्रेन में सफर करना आसान होगा। बुर्जुगों को ध्यान में रखते हुए उनके कोटे में 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है, जिससे कि बुजुर्गों को ट्रेनों में सफर करने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने सभी ट्रेनों में नॉन ए.सी. कोचों में बढ़ोत्तरी की है। इस साल रेलवे ने लोगों के लिए नई हैल्प लाईन नम्बर 139 जारी किया है, जिसके तहत लोग इस लाईन नं. पर कॉल कर कभी भी अपना टिकट कैंसिल करवा सकते हैं, इस सेवा के द्वारा लोग अपने घर बैठे ही अपना टिकट कैंसिल करवा सकते हैं। इस रेलवे बजट में माननीय मंत्री जी ने भोपाल के हबीबगंज रेलवे स्टेशन सहित 4 रेलवे स्टेशनों का पुनर्वास करने का प्रस्ताव भी रखा है। हबीबगंज स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनाने के साथ ही स्टेशन पर एफ.एम. की सुविधा भी लोगों को मिल सकेगी। बजट में लोगों के लिए एक नया हैल्प लाईन नं. 189 जारी किया गया है जिससे कि लोग सुरक्षा हेतु इस हैल्पलाईन नं. पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इस बजट में रेलवे ने सभी कैटेगरी में 33 फीसदी तक आरक्षण देने की घोषणा की है। इस बजट के तहत हर ट्रेन के कोच में जी.पी.एस. सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे कि यात्रियों को सफर के

* Speech was laid on the Table.

दौरान प्रत्येक रास्ते की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इस बार रेलवे टिकट बुक करने के लिए यात्रियों के लिए एक नया मोबाइल ऐप भी लान्च किया है जिससे कि यात्री लोग इस मोबाइल ऐप के जरिए बिना रेलवे स्टेशन जाए घर बैठे ही अपना रेल टिकट बुक कर अपना टिकट कन्फर्म कर सकते हैं।

इस वर्ष के रेल बजट ने राजस्थान को भी अहम तोहफे के रूप में राजस्थान रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की घोषणा की है। रेल बजट ने जिलेवासियों की करीब 20 साल पुरानी मांग के तहत बर-बिलाड़ा लाईन को रेल मार्ग से जोड़ने एवं जिले के 47 कि.मी. नए रेलमार्ग को बिछाने के लिए नए सिरे से सर्वे को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही, खोरी के समीप क्रॉसिंग पर आर.ओ.बी. निर्माण भी करवाया जाएगा। इस बजट के तहत राजस्थान के रानी-मारवाड़ जंकशन के बीच कुल 45.42 कि.मी. रेलवे ट्रैक के कुछ हिस्से में डबल रेलवे लाईन बिछाई जाएगी जिससे कि दो ट्रेनें आसानी से गुजर सकेंगी तथा इससे क्रॉसिंग की समस्या भी खत्म हो जाएगी। राजस्थान के पाली जिले में पानी, मारवाड़ जंक्शन, फालना तथा जवाई बांध, रेलवे स्टेशन पर दिव्यांगों एवं असहाय लोगों को ध्यान में रखते हुए उन्हें इलेक्ट्रिक व्हील चेयर मुहैया करवाई जाएंगी। इस बजट के तहत पाली के रेलवे क्रॉसिंग-11 खोरी के समीप आर.ओ.बी. निर्माण, चोटिला से राजकियावास के बीच में आबाढ़ जिले के 7 रेलवे फाटकों से ग्रामीणों को मुक्ति मिल सकेगी। इस रेलवे बजट में 400 बड़े स्टेशनों को वाई-फाई सुविधा प्रदान करने की घोषणा में जोधपुर मंडल के पाली तथा अजमेर मंडल का सबसे ज्यादा इनकम वाले फालना स्टेशन का नंबर आने की उम्मीद इस बजट में जताई गई है। रेल बजट में गत वर्ष में मंजूर किए गए नाथद्वारा-मारवाड़ जंक्शन के बीच आमान-परिवर्तन को इस बार मंजूरी प्रदान कर दी गई है। दोनों प्रमुख रेलवे स्टेशनों के बीच 167 कि.मी. रेलवे मार्ग का सर्वेक्षण भी होगा, इसके लिए बजट में 44.55 लाख रूपए का प्रावधान तय किया गया है। रेल बजट में गैंगमैनों को ट्रेनों की लोकेशन के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाने वाला रक्ष नामक उपकरण दिया जाएगा, जिससे कि जिले के 70 गैंगमैनों को इसका फायदा मिल सकेगा।

मेरे लोकसभा क्षेत्र पाली (राजस्थान) से होकर गुजर रहे डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि पाली स्थित बगड़ी नगर स्टेशन के पास गेल संख्या 50-सी पर उत्तर-पश्चिम रेलवे ट्रैक हेतु अण्डर ब्रिज बनाना प्रस्तावित है, जिसकी चौड़ाई व ऊँचाई 2X 4.5 X 5 है।

मैं आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि बगड़ी नगर पाली जिले का सबसे बड़ा राजस्व व कृषि आधारित क्षेत्र है, यहां उप-तहसील कार्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटवारी ट्रेनिंग सेन्टर, अनेकों शैक्षणिक संस्थान, सामुदायिक चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय, पुलिस थाना, डाकघर, बैंक आदि हैं। इस क्षेत्र में मुख्यतः मेहंदी, गेहूं, मक्का, बाजरा व सनाय पत्ती की खेती की जाती है। किसान व काश्तकार

कृषि उपज को बड़े-बड़े ट्रकों के माध्यम से पाली जिले में स्थित सोजत कृषि मण्डी तक ले जाते हैं, जो रास्ता इसी प्रस्तावित अण्डर ब्रिज से होकर निकलता है, इसके अतिरिक्त इस मार्ग से लगभग 800-1000 वाहन प्रतिदिन आते-जाते हैं। बड़े वाहनों का प्रस्तावित अण्डर ब्रिज के नीचे से निकलना मुश्किल होगा तथा जाम की स्थिति भी बनी रहेगी। अतः आपसे अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में पुनः सर्वे कराकर अण्डर ब्रिज के स्थान पर ओवर ब्रिज निर्माण करने संबंधी कदम उठाने की कृपा करें, ताकि स्थानीय लोगों, विशेषकर किसानों को समस्या का सामना न करना पड़े।

रेल यात्रियों की सुविधाओं के लिए सुझाव देना चाहूंगा कि दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन के कारण मोबाईल का प्रयोग प्रायः प्रत्येक रेलवे यात्री द्वारा किया जाने लगा है। अतः मैं यह मांग करता हूँ कि प्रत्येक रेलगाड़ी में एवं प्रत्येक कोच में मोबाईल चार्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। प्रत्येक रेलगाड़ी के दो कोच के बीच में पानी का स्टेण्ड स्थापित हो, जिसमें कम से कम चार नल लगे हों। क्योंकि प्रायः स्टेशनों पर देखा गया है कि जो पैक पानी की बोतल बेचते हैं, उनकी मिलीभगत से अधिकांशतः रेलवे के पानी पीने के नल बंद करा दिये जाते हैं। प्रत्येक रेलगाड़ी के प्रत्येक कोच में पीने के पानी के लिए वाटर ए.टी.एम. लगाया जाये ताकि यात्रियों को शुद्ध एवं ठण्डा पानी पीने के लिए मिल सके। जहां पर रेलवे का जंक्शन होता है, वहॉ पर चार-पॉच रेलगाड़ियॉ खड़ी रहने के करण चालक जो हॉर्न बजाता है, उसमे दुविधा रहती है कि किस ट्रेन का हॉर्न बजा है। अतः मेरा यह सुझाव है कि प्रत्येक रेलगाड़ी में एक से अधिक हॉर्न लगे होने चाहिए जिससे यात्री तुरंत सतर्क हो सके। रेलगाड़ी में स्टेशन के आने से पहले यात्रियों को स्टेशन की सूचना अनाउंसमेंट के माध्यम से दिल्ली मेट्रो की तर्ज पर दी जानी चाहिए। प्रत्येक सांसद के साथ कम्पेनियन की रेल यात्रा निःशुल्क होती है, लेकिन जब सांसद द्वारा हवाई यात्रा की जा रही हो या कम्पेनियन को सांसद के निर्देशानुसार कहीं यात्रा करनी हो तो ऐसी स्थिति के लिए कम्पेनियन को अकेले यात्रा करने पर लिमिटेड निःशुल्क टिकट उपलब्ध कराने का मैं सुझाव देता हूँ।

ट्रेन किस स्टेशन से होकर गुजर रही है, यह देखना बहुत मुश्किल है, विशेषकर रात के समय। मेरा सुझाव है कि एल.ई.डी. से युक्त स्टेशनों के नाम प्रत्येक स्टेशन पर दोनों तरफ कई बार लिखे होने चाहिए। आज 70 प्रतिशत से ज्यादा यात्री ट्रॉली बैग का इस्तेमाल करते है, जिन्हें सीढ़ियों से चढ़कर अन्य प्लेटफॉर्म पर ले जाना बहुत दुविधापूर्ण है। मेरा सुझाव है कि प्रत्येक प्लेटफॉर्म की सीढ़ियों के साथ ट्रोली रैम्प बनाया जाए ताकि ट्रॉली बैग को घसीट कर ले जाया जा सके। इससे सबसे ज्यादा फायदा महिला यात्रियों को होगा। आज कम्प्यूटर का युग है, डिजिटल इंडिया का जमाना है। रेलवे प्रशासन द्वारा ऑनलाईन टिकटिंग पर ज़ोर दिया जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों से कम टिकट लिए जाने के कारण काफी संख्या में रिजर्वेशन काउंटरों को बंद किया जा रहा है। मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि ग्रामीण क्षेत्रों में

ई-टिकटिंग ग्रामीण परिवेश के लोग नहीं कर पाते, जिसके चलते उन्हें एजेंटों को अधिक धनराशि देकर टिकट बुक करानी होती है। अतः ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे टिकट बुकिंग काउंटरों को यथावत रखा जाए। ई-टिकटिंग की सुविधा देश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचने लगी है, आज कोई भी, कभी भी टिकट बुक कर अपनी यात्रा कर सकता है, लेकिन यह सुविधा सांसदों को उपलब्ध नहीं है। संसद भवन में पी.आर.एस. काउंटर बंद होने तथा देर रात को कार्यक्रम निर्धारित होने के बाद टिकट बनाना संभव नहीं हो पाता। अतः सांसदों की टिकट बुकिंग व्यवस्था भी ऑनलाई की जानी चाहिए।

सीमित संसाधन को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय एवं इसकी कार्य प्रणाली में सुधार लाकर एक तरफ धनराशि जुटाई जाएगी और दूसरी तरफ पी.पी.पी. मॉडल के अंतर्गत निजी निवेश के द्वार खोले गये हैं। ये स्पष्ट करते हुए कि रेलवे का निजीकरण नहीं किया जाएगा, लेकिन रेल सेवाओं में विस्तार एवं गुणवत्ता में सुधार करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी करना एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। मैं इसके लिए भी माननीय रेल मंत्री जी को बधाई देता हूॅ। मुझे पूरी उम्मीद है कि रेल सुविधाओं के साथ-साथ निजी क्षेत्र के माध्यम से पुराने रेलवे स्टेशनों का विकास, नई लाईनों का विस्तार एवं माल यातायात के क्षेत्र में भी निजी क्षेत्र की भागीदारी यदि सुनिश्चित की जाती है, तो इन क्षेत्रों में हो रही धीमी गति में तेज रफ्तार लाई जा सकती है।

रेल बजट से पूर्व मैंने स्वयं माननीय रेल मंत्री जी से मिलकर अपने लोकसभा क्षेत्र से सम्बन्धित निम्नलिखित सुझाव दिए थे, मुझे पूरी उम्मीद थी कि आपके नेतृत्व में रेल मंत्रालय द्वारा पाली जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों में रेल सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा, लेकिन उन पर कार्यवाही नहीं की जा सकी, जो निम्न प्रकार हैः जोधपुर से मारवाड़ जंक्शन के बीच वाया लूणी व पाली मेमू/डेमू ट्रेन का संचालन किया जाए।

जोधपुर/मारवाड़ जंक्शन से बंगलौर व चैन्नई(साउथ) जाने वाली साप्ताहिक ट्रेनों को डेली किया जाए जो कि इस प्रकार हैं-16125, 16531, 16507, 16533 एवं 06512. दिल्ली, जोधपुर के मध्य चल रही मण्डौर एक्सप्रेस में प्रथम श्रेणी का कोच बदल कर नया लगवाने तथा कोच संख्या बढ़ाने के संबंध में विचार किया जाए।

पाली जिले का अधिकांश क्षेत्र रेलवे सुविधाओं से वंचित है। यहाँ के स्थानीय नागरिकों को रेल यात्रा करने के लिए जोधपुर या मारवाड़ जंक्शन पर जाना होता है। पाली लोकसभा के बिलाड़ा से जोधपुर को चलने वाली पैसेंजर ट्रेन के फेरे बढ़ाने को लेकर जनता की भारी मांग है। रेलवे के द्वारा ओवरब्रिज/अण्डरब्रिज बनाने के लिए एक राष्ट्रीय नीति होनी चाहिए, पाली संसदीय क्षेत्र जहॉ से मैं आता हूॅ,

अनेकों रेलवे क्रॉसिंग पर बने रेलवे फाटक दिन में 50 से अधिक बार बंद होने के कारण आम नागरिकों के लिए सबसे बड़ी परेशानी का कारण बने हुए हैं।

अंत में, मैं माननीय रेल मंत्री जी को इस क्रांतिकारी रेल बजट को प्रस्तुत करने के लिए बधाई देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि मेरे द्वारा दिये गए सुझावों पर शीघ्रता से ध्यान देते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी और मैं बजट का पुरज़ोर समर्थन करता हूँ।

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): माननीय सभापति महोदय, मैं पूर्व में ही आपसे निवेदन करना चाहती हूं, आज महिलाओं का दिवस है तो थोड़ा घण्टी देर से बजाइएगा। मैं आपका धन्यवाद करना चाहती हूं कि आपने मुझे वर्ष 2016-17 के रेल बजट पर बोलने का मौका दिया।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का देश की सभी महिलाओं की तरफ से रेल बजट में महिलाओं को दी गई प्राथमिकताओं के लिए धन्यवाद करना चाहती हूं। सरकार द्वारा महिलाओं को टिकट आरक्षण में दी गई उप-कोटा की मंजूरी, रेलगाड़ी में महिला यात्रियों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए 24 घण्टे हैल्पलाइन नम्बर 182 तथा स्टेशनों पर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने हेतु सी.सी.टी.वी. चौकसी व्यवस्था जैसी नीतियां, महिला यात्रियों को रेल में यात्रा करने के लिए न केवल सुरक्षित माहौल पैदा करेंगी, अपितु महिलाओं की संख्या भी यात्रा में बढ़ जायेगी।

सभापति महोदय, रेल मंत्री जी द्वारा शिशुओं के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए गाड़ियों और स्टेशनों पर शिशु आहार उपलब्ध कराने की सुविधा शुरू करने की एक स्वागतयोग्य पहल के लिए मैं पुनः उनका धन्यवाद करना चाहती हूं।

माननीय सभापति महोदय, मेरी नज़र में यह बजट आम जनता का बजट है। आम जन के लिए रेल भाड़ा व माल भाड़ा न बढ़ा कर रेल मंत्री जी ने साबित कर दिया कि रेल भाड़ा न बढ़ा कर भी अन्य साधनों से आय उपार्जित करके रेल की सुविधाओं को अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है।

सभापति महोदय, माननीय रेल मंत्री जी द्वारा यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए 65,000 अतिरिक्त बर्थ, बायो टॉयलेट्स, स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा, ई-टिकटिंग का विस्तार तथा सबसे महत्वपूर्ण यह कि वर्ष 2020 तक हर यात्री को कन्फर्म टिकट उपलब्ध कराना सरकार की दूरदर्शिता को दिखाता है।

सभापति महोदय, लम्बी दूरी के अनारक्षित यात्रियों के लिए अंत्योदय एक्सप्रेस एवं दीनदयाल सवारी डिब्बे जोड़ने की सरकार का निर्णय सामाजिक और आर्थिक दोनों दृष्टि से स्वागतयोग्य है। लम्बी दूरी के आरक्षित यात्रियों के लिए तेजस, हमसफर और उदय जैसी गाड़ियों को चलाने के लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहती हूं।

यात्रा को आरामदेह बनाने के लिए, समय पालन में सुधार करने के लिए गाड़ी परिचालन ऑडिट प्रारंभ करने के लिए, यात्री टिकटों के लिए ऑटोमैटिक टिकटिंग वेंडिंग मशीन लगाना, ई-टिकटिंग की व्यवस्था करना, क्षमताओं का विस्तार करना, सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए दिव्यांगों के लिए ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग में छूट, व्हील चेयर की ऑनलाइन बुकिंग, नए सवारी डिब्बे, वरिष्ठ नागरिकों

के लिए निचली शायिकाएं, विश्वविद्यालयी यात्रियों के लिए यात्रा बीमा, विश्रामालयों में घंटों के आधार पर बुकिंग, स्मार्ट सवारी डिब्बे, सेटलाइट टर्मिनल और पोर्टर्स के लिए नई वर्दी, हाई स्पीड रेल, रेल में मनोरंजन की व्यवस्था, पी.ए. सिस्टम में एफ.एम. रेडियो का प्रस्ताव, बास्केट का विस्तार, टैरिफ को युक्तिसंगत बनाना तथा टर्मिनल क्षमता के निर्माण आदि सभी पहलुओं पर सरकार आम जन से धन्यवाद लेने की अपेक्षा रखती है।

सभापति महोदय, मैं अपनी और अपने संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से माननीय रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहती हूं कि उन्होंने झुंझुनू में सीकर-लोहारू समपार पर ऊपरी सड़क पुल बनाकर जो तोहफा हमें दिया है, वह एक बहुत ही सराहनीय कदम है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कुछ मांग रेल मंत्री जी तक पहुंचाना चाहती हूं। नीम का थाना से सुजानगढ़ वाया उदयपुरवाटी, सीकर, सालासर एक बहुत बड़ा धाम है। वहां विश्व का एक प्रसिद्ध मन्दिर है। वहां सभी लोग आते हैं। वहां 150 किलोमीटर नई लाइन का जो सर्वे रेल मंत्री जी ने मंजूर किया है, मैं उसके लिए भी उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं।

रेवाड़ी से सादुलपुर वाया लोहारू, महेन्द्रगढ़ दोहरीकरण और विद्युतीकरण के 140 किलोमीटर के सर्वे के लिए भी मैं आभार व्यक्त करना चाहती हूं।

रतनगढ़ से फतेहपुर के बीच 36 किलोमीटर नई लाइन का सर्वे के लिए मैं पुनः आभार व्यक्त करती हूं।

लोहारू से भिवानी तक 64 किलोमीटर की नई रेलवे लाइन की स्वीकृति के लिए भी बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं।

सभापति महोदय, मैं अपनी बात को समाप्त करूंगी, लेकिन आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र में रेल तंत्र के वांछित कुछ मूलभूत सुधारों की तरफ दिलाना चाहती हूं।

सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र भारतीय सेना में सर्वाधिक जवान देने वाला क्षेत्र है, सर्वाधिक शहीद मेरे क्षेत्र से हुए हैं। उन शहीद परिवारों को हम लोग एक तोहफा दें, उनका सम्मान करें। इसलिए मेरे यहां से दिल्ली से लेकर जयपुर तक एक रेलगाड़ी की मांग करती हूं। राजधानी क्षेत्र को जोड़ने वाली एक रेल अतिशीघ्र चलाई जाए।

बुधवार और शुक्रवार को मात्र दो दिन चलने वाली दिल्ली सराय रोहिल्ला - सीकर ट्रेन को प्रतिदिन किया जाए।

समय-सारिणी, जो हमारे किसी काम की नहीं है, इसमें फेरबदल करके उपर्युक्त समय-सारिणी में बदला जाए। बुधवार और शुक्रवार को दिल्ली सराय रोहिल्ला-सीकर ट्रेन की समय सारिणी में परिवर्तन कर

कृपया इसे सातों दिन चलाकर मेरे उन सैनिक भाइयों को तोहफे की मांग मैं आपके माध्यम से करना चाहती हूं।

महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी को यही कह सकती हूं कि आप निरंतर आगे बढ़ते रहें। देश की जनता की दुआएं आपके साथ हैं।

धन्यवाद।

*SHRI P.R. SUNDARAM (NAMAKKAL): Salem-Karur passenger train No. 56105 should be extended upto Trichy in view of quick reach to Trichy.

Salem-Chennai (Egmore Train No. 11063/11064) Express train may be extended upto Pollacy via Namakkal, Karur.

A new road should be laid to reach the Namakkal railway station through Thuraiyur road which is divide the railway track where vacant land is available on the Western side. An estimate of Rupees Three Crores is expected for the said work.

Mohanur railway station handles large number of Rail Passengers without a reservation counter. Hence a railway out agency should be started as an initial step. Special festival train should be operated via Salem, Namakkal, Karur to Southern districts of Tamil Nadu from Bangaluru and from Chennai during the Deepavali festival at least for a period of one week.

Salem-Karur, Karur-Salem Passenger (Train No. 06743-06744, 06739-06740,06741-06742) is likely to the operated upto 30th November, 2015. Hence this train may be operated continually without any disturbance.

* Speech was laid on the Table.

श्री भगवंत मान (संगरूर): सभापति महोदय, रेल बजट पर डिबेट चल रही है। चूंकि मैं पंजाब से आता हूं, तो मेरे पंजाब से संबंधित कुछ प्वायंट्स हैं। मैं चाहूंगा कि रेल मंत्री जी उसे नोट कर लें।

जाखल से लुधियाना वाया- लहरागागा, सुनाम, संगरूर, धुरी होते हुए मलेरकोटला, किला रायपुर ट्रैक है। सुबह नौ बजे से लेकर साढ़े तीन बजे तक वहां कोई पैसेंजर ट्रेन ही नहीं है। वहां साढ़े छः घंटे तक ट्रैक बिल्कुल खाली रहता है। अगर इसमें एक-दो ट्रेनें जोड़ दी जाए, तो लोगों को सुविधा हो जाएगी, क्योंकि रेल के भाड़े और बस के किराए में बहुत फर्क़ है। इसलिए लोग चाहते हैं कि अगर दो-तीन ट्रेनें हो जाएं तो उन्हें थोड़ा फायदा हो सकता है।

राजपुरा से सनेटा तक 16 किलोमीटर का अगर ट्रैक बनता है तो पूरा मालवा क्षेत्र, गंगानगर से लेकर चंडीगढ़ से रेल कनेक्टिविटी हो जाती है। वह पता नहीं क्यों नहीं पूरा हो रहा है? शायद उससे सत्ताधारी पार्टी की बसों को उससे नुकसान होता होगा। अगर किसी को पटियाला से या भटिण्डा से ट्रेन से चंडीगढ़ जाना हो, तो आपको राजपुरा से अम्बाला जाना पड़ेगा और अम्बाला से दोबारा चंडीगढ़ आना पड़ेगा। यह 16 किलोमीटर के ट्रैक का गैप है। अगर वह पूरा हो जाए तो बहुत बड़ा फायदा हो सकता है। लोगों के खर्च में इससे 50% की कमी आ सकती है।

अमृतसर से नांदेड़ साहब के लिए सचखंड एक्सप्रेस चलती है। उसमें दो-तीन महीने की वेटिंग है। यह बहुत कमाऊ ट्रेन है और इसमें लोगों की धार्मिक भावनाएं भी जुड़ी हैं। अगर कोई और ऐसी ट्रेन चल जाए या फिर इस ट्रेन के डिब्बों में वृद्धि हो जाए, तो उससे लोगों को बहुत ज्यादा फायदा होगा, क्योंकि उससे लोग हुजूर साहब जाते हैं।

बरनाला में जो राजपुरा से भटिण्डा का ट्रैक है, उसमें बरनाला में ट्राइडेंट कंपनी का कोयला आता है और वह कोयला रेसिडेंशिएल एरिया में उतरता है। आपको यकीन नहीं होगा कि वहां जब लोग खाना बनाते हैं, तो उनके आटे का रंग भी काला हो जाता है। रेसिडेंशिएल एरिया होने की वज़ह से वहां जब ट्रक आते हैं तो इससे वहां जाम लग जाता है। इसलिए अगर इसे शहर से बाहर निकाल दिया जाए, तो लोगों को इससे बहुत फायदा हो जाएगा।

दिल्ली से लुधियाना वाया- संगरूर जो शताब्दी एक्सप्रेस जाती है, उसकी एवरेज स्पीड 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। हम बुलेट ट्रेन की बात बाद में कर लेंगे। कम से कम शताब्दी एक्सप्रेस की स्पीड को तो हम 100 किलोमीटर प्रति घंटा कर दें, जिससे वह शताब्दी एक्सप्रेस लगे। वह ट्रेन सिर्फ लुधियाना तक जाती है। अगर उसे जालंधर तक बढ़ा दिया जाए, तो इससे बहुत फायदा होगा और दूसरी जो स्वर्ण शताब्दी या अमृतसर के लिए शताब्दी एक्सप्रेस है, उसमें जो वेटिंग है, वह भी कम होगी। यह संगरूर और

रोहतक होते हुए जाती है। भटिण्डा के लिए जो शताब्दी जाती है और जो संगरूर होते हुए शताब्दी जाती है, दोनों शताब्दी एक्सप्रेस यहां से सुबह में चलती हैं और शाम को वहां से वापस आती हैं। अगर इनकी समय सारणी को बिल्कुल उलट दिया जाए कि यह भटिण्डा से सुबह में चले। भटिण्डा से व्यापारी दिल्ली आएं और काम करके शाम को वापस जाएं तो अच्छा रहेगा। सुबह भटिण्डा जाने वाले लोग कम हैं और शाम को दिल्ली आने वाले लोग कम हैं। इसलिए यह गाड़ी बहुत कम परसेंटेज में जा रही है। अगर इसे आप ऐसा कर दें कि यह सुबह में भटिण्डा से दिल्ली आए और शाम को दिल्ली से जाए और उधर लुधियाना से वाया संगरूर शताब्दी सुबह आए और लोग शाम को यहां से काम करके वापस जाएं तो इससे फायदा है।

पंजाब मेल, जो दिल्ली से फिरोज़पुर वाया फरीदकोट, भटिण्डा जाती है, उसे आप अपडेट करें। यह बहुत बढ़िया गाड़ी है। लेकिन, उसके डिब्बे बहुत पुराने हो चुके हैं। अगर उन्हें अपडेट कर दिया जाए तो अच्छा रहेगा।

मेरी यह जो मांगें हैं, तो मेरा 90% भाषण वही है, जो पिछले रेल बजट पर मैंने दिया था। नया भाषण तो तब तैयार करें, जब जनता की पुरानी मांगें पूरी हों। मुझे उम्मीद है कि आप ये मांगें पूरी कर देंगे तो मैं अगले रेल बजट पर कुछ नया बोल दूंगा, वरना अगले रेल बजट पर मैं लिख कर दे दूंगा कि वही पुरानी सी.डी. आप सुन लेना, इसका कोई फायदा नहीं होगा।

राजपुरा से भटिण्डा का ट्रैक डबल हो, क्योंकि उस पर तीन थर्मल प्लांट्स हैं। उस ट्रैक पर बिजली का प्रबंध किया जाए, क्योंकि इसे अपडेट करने की जरूरत है।

सभापति महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया और मुझे उम्मीद है कि रेल मंत्री जी मेरी इन मांगों पर ध्यान देंगे, वे उन पर हमदर्दी से गौर करेंगे।

धन्यवाद।

श्री भरत सिंह (बलिया) : महोदय, इस सीट से बोलना चाहता हूं।

माननीय सभापति : ठीक है, बोलिए।

श्री भरत सिंह : अधिष्ठाता महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का मौका दिया।

माननीय रेल मंत्री जी ने भारतीय रेल में सुविधाओं के विस्तार एवं यात्री सुविधाओं की बेहतरी के लिए जो महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं, उसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी को हृदय से धन्यवाद देता हूं। यात्री किराए एवं मालभाड़े में कोई वृद्धि न करके रेल मंत्री जी ने जनता को बहुत राहत प्रदान की है। रेलवे के उपलब्ध संसाधनों के उच्चीकरण एवं यात्री ट्रेनों की औसत गति को बढ़ाने एवं रेल यात्रा को सुगम तथा सुरक्षित बनाने के लिए रेल मंत्री जी द्वारा किए गए प्रावधान सराहनीय हैं। रेल मंत्री जी ने पूरे भारत को ईकाई के रूप में देखते हुए बिना किसी भेदभाव के समग्र रेल बजट प्रस्तुत किया है। मैं तहेदिल से इस रेल बजट का स्वागत करता हूं।

महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक पिछड़े जिले बलिया से चुनकर आता हूं। बलिया का अपना एक गौरवमयी इतिहास रहा है। इसी बलिया के मंगल पांडे, चित्तू पांडेय, लोकनायक जयप्रकाश, पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय चंद्रशेखर जी, इतने सुविख्यात महापुरूष रहे हैं। आजादी की लड़ाई में बलिया ने योगदान दिया, तीन जिले हिंदुस्तान के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हैं, बलिया, मिदनापुर और सतारा। अटल जी जब प्रधानमंत्री थे, उस समय तय हुआ था कि इन तीनों जनपदों को मिलाने के लिए एक ऐसी ट्रेन चलाई जाएगी, जो तीनों जिलों तक जाएगी, लेकिन आज तक वह कार्यान्वित नहीं हुई।

मैं माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभू जी और रेल राज्य मंत्री माननीय श्री मनोज सिन्हा जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वाराणसी, बलिया और छपरा रेल लाइन के दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य माननीय रेलमंत्री जी के नेतृत्व में किया जा रहा है। बलिया में हमने मांग की थी, 23 नवंबर को रेल मंत्री माननीय सुरेश प्रभू जी और रेल राज्य मंत्री श्री मनोज सिन्हा जी गए थे। हमने बलिया रेलवे स्टेशन पर 24 डिब्बे के वाशिंग पीट की मांग की थी। इस बजट में इसका प्रावधान हो गया है। इसके लिए मैं दोनों मंत्रियों का मैं हृदय से स्वागत और अभिनन्दन करता हूं।

मान्यवर, मैं यह कहना चाहता हूं कि आजादी के इतिहास में इतना योगदान करने वाले बलिया के लिए कोई सुटेबल ट्रेन नहीं है। मैंने पिछले बजट में भी यह उल्लेख किया था। रेल राज्य मंत्री जी हम लोगों के बीच में बैठे हुए हैं। ...(व्यवधान) आपके सामने एक एग्जांपल है। मैं रेल राज्य मंत्री जी का भी ध्यान आकर्षित करूंगा कि बिहार से बहुत रेल मंत्री हुए, एक से एक ट्रेनें बिहार से चली हैं, जितनी ट्रेनें चल रही

हैं, सब उस समय के तत्कालीन रेल मंत्रियों के सौजन्य से चली हैं। आज पहली बार उत्तर प्रदेश से रेल राज्य मंत्री हमें मिले हैं। माननीय श्री सुरेश प्रभू जी तो हैं ही, तो मैं यह चाहूंगा कि बलिया से एक ट्रेन आप अवश्य दिल्ली के लिए चलाएं। यह बहुत बड़ा और ऐतिहासिक कार्य होगा। हम लोग चलते हैं, तो 36 घंटे में बलिया पहुंचते हैं, बलिया से चलते हैं तो 36 घंटे में दिल्ली पहुंचते हैं। बलिया से ऐसी ट्रेन चले, जो रात में बलिया से चले सुबह दिल्ली पहुंचे और रात में दिल्ली से चले सुबह बलिया पहुंचे, ऐसी ट्रेन चलनी चाहिए। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी और माननीय रेल राज्य मंत्री जी से मांग करता हूं।

18.00 hours

साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूँ, हिन्दुस्तान का कोई स्थान ऐसा नहीं है। ...(व्यवधान) उस ट्रेन का नाम मंगल पांडेय के नाम पर रख दीजिए।...(व्यवधान) मंगल पांडेय जी के नाम पर रख दीजिए, चन्द्रशेखर जी के नाम पर रख दीजिए, चित्तू पांडेय जी के नाम पर रख दीजिए, किसी के भी नाम पर रख दीजिए, हम उसका स्वागत करते हैं।

अधिष्ठाता महोदय, मैं एक चीज कहना चाहता हूँ। आप घबराइए नहीं। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप एक मिनट रूकिए। इस पर काफी माननीय सदस्य बोलने वाले हैं, 6 बजे समय समाप्त हो रहा है, यदि सदन की सहमति हो तो दो घंटे के लिए और समय बढ़ा दिया जाए।

अनेक माननीय सदस्य : महोदय, ठीक है।

माननीय सभापति : अब आप बोलिए।

श्री भरत सिंह: अधिष्ठाता महोदय, आपको धन्यवाद। मैं यह कहना चाहता हूँ कि हिन्दुस्तान का कोई ऐसा शहर नहीं है, जहाँ बलिया के लोग न हों। चाहे दिल्ली हो, मुम्बई हो, कोलकाता हो, सूरत हो, अहमदाबाद हो, हर जगह बलिया के लोग हैं।

मान्यवर, मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि अब जब बलिया में वाशिंग पीट बन रहा है, एक साल में बन जाएगा, तो मुम्बई के लिए, दिल्ली के लिए, अहमदाबाद के लिए, सूरत के लिए, हर जगह के लिए बलिया से भी ट्रेन चलाई जानी चाहिए, यह मैं आपसे कह रहा हूँ। कोलकाता के लिए निश्चित रूप से, दिल्ली के लिए भी चलाइए, कोलकाता के लिए भी चलाइए। आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, छठ के अवसरों पर दुर्घटनाएं होती हैं। इसलिए छठ, दशहरा और दीपावली पर स्पेशल ट्रेनें बलिया के लिए चलनी चाहिए। बलिया रेलवे स्टेशन के सुन्दरीकरण, सुविधा विस्तार के लिए, सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन, रेवती में ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री भरत सिंह : मैं एक मिनट में समाप्त कर रहा हूँ।

माननीय सभापति : अब समय नहीं है।

श्री भरत सिंह : अधिष्ठाता महोदय, एक मिनट दीजिए, हम लोग आपके पुराने परिचित हैं। ...(व्यवधान) देखिए, मैं जब सांसद नहीं था, करमदीनपुर रेलवे स्टेशन पर हम लोग दिन भर धरना दिए थे, सारनाथ एक्सप्रेस, डाउन को रोकने के लिए। रेवती, करमदीनपुर, ताजपुर इन स्टेशनों पर सारनाथ एक्सप्रेस, डाउन को रूकवाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही बलिया, छपरा और बनारस के बीच के जितने स्टेशन हैं, सभी में यात्री सुविधाओं को बढ़ाया जाए। धन्यवाद। ...(व्यवधान)

*SHRI PREM DAS RAI: There is a need to bring the attention of the Government a glaring error in the Railway Budget.

The Sivok-Rangpo railway line has been under construction since 2009. It is an integral rail line for accelerating the socio-economic development of the people of Sikkim and there must be an endeavor to finish the project in a fast-tracked manner. The project has progressed at a very slow rate. It was stuck in environmental litigation, but has now been cleared by the Supreme Court; therefore the construction of the railway line must be expedited. While Rs. 3375.42 crores were the anticipated costs of the project, less than Rs. 200 crores has been spent on it.

Further, in this year's Railway Budget, the sanctioned cost of the entire project is listed as Rs. 359.86 crores. It is my sincere hope that this is only a clerical error, and will be corrected as soon as possible. If the sanctioned cost has indeed been reduced to $1/10^{th}$ of the estimated cost last year, it is completely against the focus on development of the North East that the Government purports to have.

The rail line is listed for completion by May 2016. It is my sincere hope that budgetary errors for the project are corrected and the project is completed in a timely manner.

* Speech was laid on the Table.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : महोदय, जो रेल बजट पेश हुआ है, मैं अपनी और अपनी पार्टी शिरोमिण अकाली दल की ओर से इस बजट का स्वागत करता हूँ और माननीय रेल मंत्री जी और मिनिस्टर ऑफ स्टेट (रेलवेज) का धन्यवाद भी करता हूँ। स्वागत इसलिए करता हूँ, क्योंकि मैं इस रेल बजट को हिस्टोरिकल बजट मानता हूँ, इसलिए मानता हूँ कि पहले जो बजट पेश किए जाते थे, उसमें जो हमारे पंजाबी में कहावत है, आगे दौड़, पीछा छोड़, आगे प्लान्स बनाई जाती थीं, पिछली कम्प्लीट नहीं होती थीं। इस बजट में नई बात आई है कि जो ऑलरेडी सिस्टम रेलवे का है, उसको बिल्ड करने की बात की है, मजबूत करने की बात की है। सबसे बड़ी बात यह है कि यात्रियों को सुविधाएं देने के लिए, सुरक्षा देने के लिए विशेष ध्यान रखा गया है।

रेलवे स्टेशंस और रेल कोचेज में जो सुविधाएं दी गई हैं, उनकी बहुत चर्चा हो चुकी है, मैं डिटेल में नहीं जाना चाहता। मैं कह सकता हूँ कि यात्रियों का इससे रेलवे पर बहुत विश्वास बढ़ा है और रेलवे को आगे बढ़ाने में ये सुविधाएं, रेल यात्रियों में विश्वास पैदा करेंगी, मुझे इस बात का पूरा ज्ञान है। मैं दूसरी बात कहना चाहता हूं कि लोगों की जेब पर बोझ डालने की जगह माननीय रेल मंत्री जी ने अपने रिसोर्सेज को मोबलाइज किया है और रेल विभाग को आगे ले जाने की बात कही है, मैं समझता हूं कि यह रेल बजट में नयी बात है। जहां तक धन्यवाद की बात है, मैं सबसे पहले उनका इसलिए धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने देश में दो रेलवे स्टेशनों का सुंदरीकरण करने की बात की है। वे दोनों हमारे सिख संप्रदाय के पवित्र स्थान हैं - श्री अमृतसर साहिब और श्री हुजूर साहिब नांदेड़।

बजट से पहले श्री आनंदपुर साहिब से श्री अमृतसर साहिब तक, सिखों के दो पवित्र स्थान हैं - श्री अकाल तख्त साहिब और श्री केशगढ़ साहिब, पिछले वर्ष माननीय मंत्री जी वहां गये, वहां उन्होंने रेल चलायी है, उसके लिए मैं उनका आभारी हूं, उसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं और उनकी प्रशंसा भी करता हूं। मैं भगवंतमान जी को कह रहा था कि सरकार जो अच्छी बातें करती है, उनकी सिफ्त भी करनी चाहिए। इस बजट में, उन्होंने दो-तीन बातें ऐसी कही है, जिन्हें सरकार ऑलरेडी कर चुकी है। उन्होंने साहिबजादा अजीत सिंह नगर महाली से राजपुरा तक नई रेल लिंक का प्रोविजन कर दिया है, इसके लिए मैं अपनी एवं पंजाब की ओर से माननीय रेल मंत्री जी को बधाई देता और उनका धन्यवाद करता हूं कि 65 वर्षों में जो काम नहीं हुआ था, उसे दो वर्षों में हमारी सरकार ने करके दिखा दिया। आधा पंजाब, आधा हरियाण और राजस्थान के लोगों को उससे बहुत सुविधा मिलेगी। कम से कम 70 किलोमीटर की दूरी चंडीगढ़ से गंगानगर, भटिंडा का काम हो गया। मैं समझता हूं कि उसका काम जल्दी शुरू हो जायेगा।

दूसरा, राजपुरा से पटियाला, भटिंडा डबल ट्रैक का काम भी शुरू हो गया है। मैं उसके लिए भी उन्हें धन्यवाद देता हूं।

18.07 hours (Dr. Ranta De (Nag) *in the Chair*)

मैडम, मैं आपके माध्यम से सरकार से कुछ विनतियां भी करना चाहता हूं। भारत सरकार की ओर से गुरु गोविन्द सिंह जी का 350वां जन्म दिन राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का फैसला हुआ है। यह माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया है। उसके लिए मैं कहना चाहता हूं कि जिन रेलवे स्टेशनों को मॉडर्नाइज करना है, उनमें श्री आनंदपुर साहिब, जो गुरु गोविन्द सिंह जी की कर्मभूमि है, जहां पिछले वर्ष माननीय मंत्री जी जा कर आये हैं। श्री आनंदपुर साहिब वह स्थान है, जहां से खालसा पंथ को बढ़ाया गया और जहां से जात-पात और ऊंच-नीच के भेदभाव का खात्मा करके बराबरी और नेशनल इंटीग्रिटी का जो एक मैसेज दिया गया, वह आनंदपुर साहिब की धरती है, जहां से गुरु तेगबहादूर साहिब शहादत देने के लिए दिल्ली के चांदनी चौक में आये। गुरु गोविंद सिंह जी के 350वें जन्म दिन पर मैं चाहता हूं कि आनंदपुर साहिब के रेलवे स्टेशन को मॉर्डनाइज किया जाये और वहां एक्सिलेटर की सहूलियत दी जाये। वहां प्लेटफॉर्म बनें एवं अन्य सुविधायें हों। ऐसे ही साहिबजादा अजित सिंह नगर महाली, गुरु गोविंद सिंह जी के एल्डर सन, चमकौर साहिब में शहीद हुए थे, उनके नाम पर बना शहर है। महाली, राजधानी चंडीगढ़ से जुड़ा हुआ शहर है। उस रेलवे स्टेशन को भी मॉर्डनाइज किया जाये, क्योंकि वहां से रेल सिधी राजपुरा जायेगी और स्टेशन बढ़ेगा, इसलिए वहां के लोगों को और अधिक सुविधायें मिलनी चाहिए।

मैं चाहता हूं कि श्री आनंदरपुर साहिब से गढ़शंकर तक की दूरी 20-22 किलोमीटर की है। जैसे राजपुरा-मोहाली रेलवे लिंक बनी है, ऐसे श्री अमृतसर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब से दूरी कम से कम 80 किलोमीटर कम हो जायेगी। राहों से समराला 20 किलोमीटर का एक मिसिंग लिंक है।...(व्यवधान) एक दोआबा शहीद भगत सिंह जी का क्षेत्र है। भगत सिंह जी का शहीदी दिवस, 23 मार्च को आ रहा है। दोआबा क्षेत्र से दिल्ली की दूरी कम से कम 70 किलोमीटर कम हो सकता है अगर 20 किलोमीटर का स्ट्रेच राहों से समराला तक का बन जाए।

ये हमारी कुछ ऐसी जरुरतें हैं। नंगल डैम से सहारनपुर तक एक रेल चलती है। लोग हरिद्वार जाना चाहते हैं। वह ट्रेन रात को वहां ठहरती है। मैं चाहता हूं कि वह ट्रेन हरिद्वार तक जाए। ऐसे ही ऊना से चंडीगढ़ तक जनशताब्दी ट्रेन चलती है। खाड रेलवे स्टेशन और उसके आसपास बहुत से गांव और शहर पड़ते हैं। जनशताब्दी ट्रेन का वहां स्टॉप हो।...(व्यवधान) ऐसे ही चंडीगढ़ से अमृतसर के लिए जनशताब्दी ट्रेन चलती है। उसका स्टॉप भी खाड में हो जाए तो बहुत अच्छा होगा। इसके लिए हम आभारी रहेंगे। मैं रेल मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं।

SHRI V. PANNEERSELVAM (SALEM): Respected Madam Chairperson, I express my indebtedness to our beloved leader hon. Chief Minister Puratchi Thalaivi Amma for giving me an opportunity to speak on the discussion on Railway Budget 2016-17.

"These are challenging times and perhaps the toughest" Railway Minister said as he introduced his Budget. Truly, it is a very challenging task for the Railway Minister to cater to the needs of cross-sections of the society throughout the length and breadth of the country.

Hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma stated that this Budget belied the sense of expectation nursed by many segments of the population, with no new trains and no new railway lines, and it was also surprising that no specific projects were announced, including several projects in Tamil Nadu.

Although many new initiatives were announced in this Railway Budget, what comes as a relief to commuters is that the Railway Minister has not announced a hike in passenger fares.

Railways has been the lifeline of crores of poor and middle-class people. Senior citizens have a reason to rejoice as the lower berth quota reserved for that category will be increased by 50 per cent. To help mothers, baby foods, hot milk and hot water will be made available on stations is welcome. Major stations to be brought under CCTV surveillance is really the need of the hour which will ensure the safety and security, and it is also crucial for assisting police in railway stations.

There are many innovative plans announced in this Railway Budget. Hon. Railway Minister has set a target to commission 1,000 MW of solar power, to evolve models to determine revenue potential of at least 20 stations and come up with an idea to lease out huge tracts of land available adjacent to our rail network to promote horticulture and tree plantation. These are required to be implemented with utmost care and caution.

The new categories of trains - Tejas, Hamsafar and UDAY - are suitable for

high income upper class passengers while the Antyodaya Express, a long distance fully unreserved, superfast train service for the common man is to be operated on dense routes. Also, the proposal to have two to four Deen Dayalu Coaches in some long distance trains for unreserved travel will cater to the economically poor passengers.

In a letter written to the hon. Prime Minister, on 11th February 2016, hon. Chief Minister Puratchi Thalaivi Amma had stated that the Tamil Nadu State Government had prioritized three projects for implementation through the SPV, with the joint participation of the Railways - Chennai-Thoothukudi Freight Corridor, Chennai-Madurai-Kanyakumari and Madurai-Coimbatore High Speed Passenger Rail Links.

The Tamil Nadu State Government had also indicated its willingness to enter into an MoU. I request the Railway Minister to consider entering into an MoU for early implementation, with the participation of the State and the Railways.

It is heartening to see that the Government will partner with Tamil Nadu for developing suburban systems in Chennai by innovative financing mechanism. Since the land is typically provided by the State Government, this should be treated as part of the State Government's equity contribution to the SPV at market value.

Chennai, under the visionary rule of Puratchi Thalaivi Amma, has become the automobile manufacturing hub in India. Therefore, the announcement regarding setting up of the first ever Rail Auto Hub at Chennai is really appropriate and commendable. But Tamil Nadu, particularly, the fast-developing Tier-II cities like Coimbatore, Madurai, Tiruchirapalli, Tirunelveli, Tirupur, Erode, Salem, Vellore, Thanjavur and Thoothukudi deserve more attention as far as the railway projects are concerned.

Our beloved Leader, hon. *Amma,* has demanded many Railway projects out of which 10 are very important and needs to be implemented at the earliest. These

are completion of doubling for Chennai - Kanyakumari line; Sriperumbudur - Guindy freight line; Chennai - Thoothukudi freight corridor; High-speed passenger rail link between Chennai-Madurai-Kanyakumari; High-speed passenger rail link - Madurai to Coimbatore; High-speed passenger rail link - Coimbatore to Chennai; Chennai - Bengaluru high speed rail link; Chennai - Bengaluru freight corridor; Avadi - Guduvancheri rail link; and Avadi / Tiruvallur - Ennore port link.

In the same letter, *Amma* had mentioned about 22 Railway Projects, which have been announced in the earlier Railway Budget, but works have not commenced due to want of funds. I, on behalf of our AIADMK Party, request the hon. Minister to allocate sufficient funds for early completion of these projects.

As a Member of Parliament from Salem Parliamentary Constituency and on behalf of the people of my Constituency, I request the hon. Minister to introduce a day-time train to and from Salem to Chennai. This is a long-pending demand of the people of this region. I have raised this issue on the floor of the House many times and the Government had also promised to fulfill the demand, but there is no mention about this important train service in this Budget. Therefore, I humbly request the Government to introduce the Salem-Chennai day-time train immediately.

I once again wish to convey my sincere thanks to our hon. Chief Minister, *Amma*, for this opportunity to speak in this august House. Thank You, Madam.

SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYANAGAR): Thank you, Madam, for giving me an opportunity to speak in this august House on the Railway Budget.

The hon. Railway Minister, Mr. Prabhu, in his first Railway Budget speech proposed the operating ratio for 2015-2016 at 88.5 per cent as against a targeted operating ratio of 91.8 per cent in 2014-2015 and 93.6 per cent in 2013-2014. As per a leading English newspaper published in July 2015, the Indian Railways has improved its operating ratio at 91.3 per cent for the year 2014-2015. It means that the Indian Railways is spending 91.3 paise to earn 100 paise, that is, one rupee. No doubt that it is a good achievement in comparison to the operating ratio of 93.6 per cent of the previous year. A lower figure of operating ratio is therefore regarded better and is indicative of better financial health of the society.

But surprisingly, the hon. Minister, Mr. Prabhu, in his second Railway Budget speech stated that the institution will aim for an operating ratio of 92 per cent while the expected operating ratio was 90 per cent as announced by the hon. Prime Minister in September 2014. The operating ratio is a key measure of efficiency. So, lower the operating ratio, better it is for the profitability of an entity.

Let us come to the point of Wi-Fi connection. It is mentioned in the Railway Budget that Wi-Fi connection will be made available in 400 stations. Madam, you cannot imagine the despicable condition of toilets at railway stations, especially in rural areas where there is no water facility. Railway stations are not properly cleaned even after an interval of six months or more. With due regards to the ‘Make in India’ and ‘Digital India’ projects, I believe that cleaning toilets should be a priority. Sufficient water, especially safe drinking water, should be made available in all railway stations and the restrooms. The food provided on board should be adequate and should meet minimum health requirements. The provision for different kinds of foods must be available at all railway stations, especially where long duration trains halt.

Madam, another shameful problem about which I wish to speak is that of sexual harassment of female passengers. Government should ensure property security and safety of women passengers. In case of any violation or complaints, appropriate action must be taken to efficiently redress grievances of the victims.

Madam, I would like to place some of those demands which I had already placed in this House before the hon. Minister, Shri Prabhu Ji, about which I also wrote a letter to him, but I did not get any positive results from his end. I would, once again, like to place my demands.

My first demand is about shuttle train service from New Garia Station to Canning Station; from New Garia to Laximkantapur; from New Garia to Diamond Harbour; and one local train service from Sealdah to Joynagar-Mozilpur.

My second demand is about construction of a level-crossing at Piyali Station on Sealdah-Canning railway line.

My third demand is about the three railway projects, which are the dream projects of the then hon. Minister of Railways, Kumari Mamata Banerjee. One railway project is from Canning to Godkhali *via* Bhangonkhali; another one is from Joynagar to Moipith *via* Jamtala; and the last one is from Namkhana to Bakkhali.

Thank you, Madam, for giving me an opportunity to speak.

SHRI VINOD KHANNA (GURDASPUR): Respected Madam, I thank you very much for giving me the opportunity to speak on the Railway Budget.

I stand here to support the Railway Budget presented on 25th February 2016. At the outset, I want to congratulate both the Railway ministers and their entire team for presenting a very balanced Budget. I call this a balanced Budget because our hon. Railway Minister has on one hand focussed on increasing the revenues without resorting to passenger tariff hike, and on the other hand he has ensured that every rupee is used for optimal productivity.

Madam, I remember that in the past, when Railway Ministers used to present Railway Budgets, they used to give a huge list of new trains, new railway lines, new projects, etc., but none of those projects saw the light of the day. I salute our Railway Minister because he is trying to expedite the backlog of the past while providing for the future needs of the people. He has been successful in overhauling the age-old bottlenecks by delegating powers to the DRM level. For the first time in the history of the Indian Railways, our Minister has given a Vision Document and laid out the priorities for 2020. The priorities set out include reserved accommodations in trains on by 2020.

Increase overall speed of mail/express trains to 80 kilometres per hour and zero direct discharge of human waste and many more facilities and amenities for the passengers.

Our Railway Minister's long term vision includes three New Freight Corridors – North-South, East-West and East-Coast Freight Corridors. The ongoing freight corridor, which is the largest infrastructure projects undertaken by railways, is going to be completed by 2019. Our hon. Railway Minister has also promised speedy completion of Katra-Banihal section of the J&K railway line.

Keeping in view the Prime Minister's "Make in India" initiative, two factories for heavy duty locomotives have been approved in Bihar.

While addressing the problems of persons with special abilities, the Minister has introduced one time registration for providing concession, online booking of wheel chairs, special toilets, Braille-enabled coaches etc. For senior citizens, the hon. Minister has increased the lower quota berths and also provisions for more escalators and lifts in stations.

Our Minister has laid special emphasis on safety of passengers. The Indian Railways has entered into partnership with Rail Technical Research Institute, Japan and Korean Railway Research Institute to provide a road map for zero accident in Indian Railways.

For the poor travellers, our hon. Minister has provided Anthyodaya Express and Deen Dayalu coaches. I would request the hon. Minister to start the Anthyodaya Express from Pathankot to Benaras and Pathankot to Patna. I shall now come to the issues relating to my constituency.

There is a demand for a second entry to the Pathankot Cantt. Railway Station from Jammu-Jalandhar highway side. This second entry would reduce considerably the presence of traffic in Pathankot town and also be easily accessible to the residents of nearby Himachal Pradesh and Jammu and Kashmir. Secondly, there is a long standing demand for construction of ROB at level crossing on Sujanpur-Pathankot railway line. Thirdly, there has been little progress on the sanctioned projects for construction of a new railway line between Qadian and Beas. A survey has started but for some reason, there were some hitches and it had stopped. I would request the Minister to look into this matter and complete this project as early as possible because it would benefit about ten lakh people of that area.

A very important issue in Pathankot is of the narrow gauge line. This narrow gauge railway has started during the British-*raj*. It starts from Pathankot and goes upt Jogindernagar in Himachal Pradesh. At that time, the population of Pathankot was very small. Today, the city of Pathankot has really expanded on both sides of the railway line. We have these railway level crossings that run

through the city. Every time, the train comes, these crossings are closed and the entire city just comes to a standstill because of the traffic. May I request the hon. Minister to really take this issue very seriously because every time the train comes to Pathankot city, the entire city comes to a standstill? If the narrow gauge station can be shifted outside the Pathankot city, it will solve all the traffic problems of the city. The other possible way to solve this problem is to have an elevated track over all the level crossings that run into Pathankot. So, I would urgently request the Minister to look into this and resolve this problem as early as possible.

Also, a provision of the ROB in lieu of the railway crossing on S-8A on the narrow gauge on National Highway leading to Dharamshala road from Pathankot bypass is required very immediately.

Some other demands of my constituency are:

1. Conversion of railway crossing D-10 into 'C' category was approved in 1992-93. However, the project has not seen the light of the day.
2. Reopening of railway gate No. C-51 at Km. 29.23 Northern Railway between village Hardowal Khurd and Hardowal Kalan.
3. Providing halt at Paniar, District Gurdaspur for the benefit of passengers of that area.
4. Provision of escalator at Pathankot railway station as well as Pathankot Cantonment for the aged and ailing commuters.
5. Daily passengers travelling from Pathankot to Amritsar by DMU are facing problems as there is no provision for toilets in DMU. As the travel time is more than three hours, commuters face a lot of problems. If toilets can be provided in DMU coaches, the passengers would be really benefited. Also, additional coaches should be provided as the traffic has increased considerably.

I hope our hon. Railway Minister would look into these issues raised by me and direct the concerned to take necessary steps. Thank you, Madam, once again for giving me this opportunity.

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं धन्यवाद करता हूं। भारतीय रेल ने न सिर्फ देश के विकास का बहुत बड़ा हिस्सा है अपितु देश की लाइफ लाइन है जो कांग्रेस की 60 साल की राजनीति के चक्कर में ब्लड प्रैशर का शिकार हो गई थी। अब रेलवे माननीय प्रभु जी और मनोज जी की देखरेख में चलने लगी है। जिन दुविधाओं की बात माननीय अटल जी ने की थी कि जो कि संसद में बैठे कांग्रेस के लोगों द्वारा ही लाई गई और उसे कर्मयोगी श्री प्रभु जी और मनोज जी के नेतृत्व में बिना झुके, बिना थके, बिना थमे इसे दूर किया जाने लगा है। पिछले एक वर्ष से भारतीय रेल में जो बदलाव आए हैं, वह आज हमें ही नहीं बल्कि आम जनता को भी दिखाई दे रहे हैं।

पिछले साल की भारतीय रेल की उपलब्धियों को संक्षेप में कहूं तो कहा जा सकता है कि रेलवे ट्रांसफार्म हो गई है। कांग्रेस राज के गंदे स्टेशन आज स्वच्छ होने लगे हैं। असुरक्षित स्टेशन सुरक्षित हैं। रेलवे की कालोनियों के बारे में मैंने माननीय मंत्री जी को निवेदन किया, वहां लोग नारकीय जीवन जी रहे थे, आज वहां रोड बनने लगे हैं और सफाई होने लगी है। आज रेलवे कांग्रेस के नेताओं और उनके लोगों के लिए ही नहीं बल्कि आम जनता के लिए डेडिकेटिड है। कॉम्पलेक्स रेलवे प्राब्लम के स्मार्ट सॉल्यूशन हैं। एक महिला के साथ गलत व्यवहार होता है तो कार्यवाही खुद रेल मंत्री करते हैं। कैपिसिटी लैक की जगह एफिशिएंसी ने ली है। कांग्रेसी रेल मंत्रियों के हवा हवाई आंकड़ों की जगह आज ग्राउंड रिजल्ट्स हैं जो कि यात्रियों को दिख रहे हैं। बिजवासन में 450 करोड़ की 2009 में योजना बनाई गई थी कि आठ लाइन का मेगा रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा और साउथ, हरियाणा और राजस्थान की ट्रेन वहीं से जाएंगी। 2009 में चुनाव आने थे, लेकिन पता नहीं कि ये पिछले वर्षों में कहां धूमिल हो गई हैं। मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इसे देखें और तुरंत शुरु करें ताकि दिल्ली में ट्रेफिक का बर्डन कम हो सके।

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के रेलवे को भारतीय विकास की रीढ़ बनाने की विज़न को प्रभु जी ने मूर्त रूप दे दिया है। इसमें पिछले वर्ष की रेलवे रिफार्म संबंधी 139 घोषणाओं पर कार्यवाही शुरु हो गई थी जिसके कार्यान्वयन की रिपोर्ट हमारी सरकार ने पहली बार संसद में पेश की है। हमारी सरकार कितनी ट्रांसपेरेंट और कितनी एकाउंटेबल है इसका जीता जागता प्रमाण रेलवे है। कांग्रेस ने जिस रेलवे को त्रस्त-भ्रष्ट बना दिया था, उसकी धुलाई और सफाई प्रभु जी और मनोज जी द्वारा की जाने लगी है। हमें पूरा विश्वास है कि इस सरकार के नेतृत्व में रेलवे को जनता की रेलवे बना सकेंगे।

अगर रेल बजट की उपलब्धियों की बात कही जाए तो पिछले साल के औसतन निवेश की तुलना में इस बार रेलवे में दुगना निवेश किया गया है। किराया नहीं बढ़ाया गया। भारतीय रेल ने पिछले साल के बजट में 8720 करोड़ रुपए बचाए हैं। इंडियन रेलवे वर्ष 2016-17 में 1.8 लाख करोड़ के रेवेन्यु पर

फोकस कर रहा है। यह पिछले सालों के दस साल के रेल बजट से दस फीसदी अधिक होगा। 2020 तक आम आदमी की लंबी समय से चली आ रही आशाओं को पूरा करने की उम्मीद इस बजट में है जो कि कांग्रेस के कार्यकाल में नहीं हो पाया था। 1600 कि.मी. रेलवे लाइन का विद्युतीकरण और इस साल और 2000 कि.मी. रेलवे लाइन का विद्युतीकरण किया जाएगा जो कि पहले औसतन छः वर्ष में 4.3 कि.मी. था और हमारी सरकार ने इसके मुकाबले में 7.3 कि.मी. प्रतिदन की रफ्तार से किया है। 2017-18 में लगभग 13 कि.मी. प्रतिदिन, 2018-19 में 19 कि.मी. प्रतिदिन रेल लाइन जोड़ने का एतिहासिक रिकार्ड होगा।

रेलवे के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए कांग्रेस शासन के समय ठेके के लिए छः वर्ष में 13,000 करोड़ रुपए दिए थे वहीं इस सरकार ने पिछले दो वर्षों में 24,000 करोड़ रुपए दिए हैं।

महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला यात्रियों के लिए अलग से पहली बार हैल्प लाइन नं.182 दी गई है। विपक्ष हमारी सरकार को आम जनता विरोधी कहती है। इस बार आम लोगों के लिए अन्त्योदय एक्सप्रैस जो पूरी तरह अनरिजर्व्ड होगी, टिकट कैंसिल कराने के लिए 139 नं. शुरु किया गया है जिससे गरीब से गरीब आदमी भी अपना टिकट कैंसिल करा सकेगा। रेलवे को स्मार्ट बनाने के लिए 400 से अधिक स्टेशंस पर वाई-फाई की सुविधा भी दी गई है। अभी मैम बोल रही थीं, यात्रियों की समस्या को देखते हुए ट्रेन्स में जीपीएस, वेज डिसप्ले लगाये जाएंगे जिससे यात्रियों को आने वाले स्टेशंस की जानकारी मिल जाएगी।

अंत में, मैं कहना चाहूंगा कि रेल बजट के बाद विपक्षी पार्टीज के नेताओं के व्यूज पढ़े जिसमें मुझे सबसे ज्यादा हंसी माननीय पूर्व रेल मंत्री नीतीश कुमार जी की बातों पर आई। जिस बिहार के विकास को उन्होंने पैसेंजर ट्रेन बना दिया था, वह रेल मंत्री रहे थे, जिसमें से लोग आज उनकी मात्र चार महीने की सरकार में उतर उतर कर बिहार के लोग भाग रहे हैं और कह रहे हैं कि हमसे गलती हो गई है। जहां से लोग प्रदेश छोड़कर भाग रहे हों, अगर वे लोग इतना ही एफिशिएंट थे तो लोग क्यों बिहार को छोड़कर, मां-बाप को छोड़कर भागे थे। वे बिहार के मुख्य मंत्री जिन्होंने वर्ष 2013 से अभी तक केवल बहानेबाजी की राजनीति की है। वह आज रेल के विकास पर सवाल उठा रहे हैं।

महोदया, यह बात वो समझते हैं कि रेल का कितना विकास हुआ है जो लोग इस देश की प्रगति के बारे में जान रहे हैं। अगर नीतीश जी नहीं समझ पाए तो पटना रेलवे स्टेशन पर उनको जाकर देखना चाहिए कि वहां की स्थिति कैसी है। उनके लिए जनता से पूछें, नीतीश कुमार एंड पार्टी ने जिनको बाहरी कहा था, उन्हीं बाहरी लोगों ने बिहार राज्य के हिस्से को रेल बजट में 3100 करोड़ रुपया दिया है। पूरा देश समझ रहा है कि रिमोट कंट्रोल किसके पास है और देश का विकास कौन कर रहा है।

महोदया, माननीय रेल मंत्री जी यहां पर बैठे हुए हैं। इसी प्रकार से दिल्ली के अंदर पांच रेलवे स्टेशंस साउथ दिल्ली पार्लियामेंट के अंदर पड़ते हैं। जो शाहबाद है, वहां पर एक अंडरब्रिज द्वारका को जोड़ने वाला हो क्योंकि वहां पर लोगों को तीन कि.मी. घूमकर आना पड़ता है। मंत्री जी, अगर आप इसको ध्यान में रखेंगे और द्वारका के लोगों के लिए एक अंडर ब्रिज बन जाए और एक तुगलकाबाद, ओखला और पालम रेलवे स्टेशंस हैं जिनमें सफाई की व्यवस्था आप देखिए।

मेरे पास कांग्रेस के समय के पुराने फोटो हैं। मैं कांग्रेस के समय में एज एम.एल.ए. मंत्रियों के पास जाकर मिलता था तो वे कहते थे कि हमारे पास पैसा ही नहीं है तो कॉलोनियों में विकास नहीं होगा, टॉयलेट्स नहीं बनेंगे। आज मैं उनको कहना चाहता हूं कि तुगलकाबाद और ओखला रेलवे स्टेशन के टॉयलेट को जाकर देखिए। एक वर्ष में सुधरे हैं। आप इंसपेक्शन करके बताएंगे तो जो विकास का काम हमारे मंत्रियों ने किया है, वह पहले कभी नहीं हुआ। पिछले 60 वर्ष में रेल को लोग ऐसे समझते थे कि जैसे कूड़ेदान है, रेल से सवारी करने के लिए अपनी किस्मत को कोसते थे। आज रेलवे में विकास का काम हुआ है और 'सबका साथ, सबका विकास' बात को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार विकास का काम कर रही है। जो मैंने उपलब्धियां गिनाई हैं, मैं इस संसद को आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी जैसे जननायक प्रधान मंत्री जो हमारे देश को मिले हैं, उसी तरह से सुरेश प्रभु जी और मनोज सिन्हा जी जैसे सबसे स्मार्ट रेल मंत्री के रूप में भी हमें मिले है जिन्होंने कांग्रेस के विकास न होने देने की भरपूर कोशिशों के बावजूद भी इस देश की रेलवे को न सिर्फ मजबूती प्रदान की है बल्कि उसे स्मार्ट और ससटेनेबल बनाया है।

मैं माननीय मोदी जी का, प्रभु जी का और मनोज सिन्हा जी का अभिनंदन करना चाहूंगा जिन्होंने उम्मीद और विकास की नयी किरण सबको दी है और यह साबित किया है कि इस देश में 'सबका साथ, सबका विकास' ही सार्थक सत्य है। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM): Hon. Chairperson, thank you for giving me the opportunity to speak. I stand up on behalf of my party Telugu Desam Party and my leader Shri N. Chandrababu Naidu in support of Rail Budget today.

Railway is a very important part of today's India and it is a true representation of Indian diversity in terms of social, cultural, economical- in all aspects. If there is anything that can represent India today, then the organization that we have to look to is the Indian Railways. If you look at the Indian Railways, there has been a huge paradigm shift from the Railway Budgets that have been happening over the years. Over the years, Governments after Governments, Ministers after Ministers have focused on making false claims and unfulfilled promises like laying out new lines and new trains but none of them have moved forward and none of them have seen the light of the day. But I truly congratulate the present Minister Shri Suresh Prabhu and also his aide Shri Manoj Sinha for showing true capacity, calibre, confidence and character in showing good direction in finishing up the backlog projects and also giving a very good sense of direction for the Indian Railway for the future.

The best thing about today's Government is that they believe in completing the projects that had been pending for many years while targeting the problems of passengers, which is more than a political sense to this Budget. अगर इस बार का रेल बजट देखें और पिछली सरकारों के रेल मंत्रियों को देखें तो जिस भी राज्य से वे संबंधित होते थे, उन राज्यों में ही रेल चलती थी और दूसरे राज्यों को अनदेखा किया जाता था लेकिन पहली बार एनडीए सरकार आने के बाद, नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनने के बाद ऐसा हो रहा है कि इंडियन रेलवे का काम पूरे देश में चल रहा है। पूरे देश के यात्रियों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है। I truly congratulate Government of India for all the steps taken.

Moving into some of the effective changes that have come through the Budget, one of the worst things of Indian Railways has always been the cleanliness part. बहुत सालों से ऐसा लगता था और हम इस सोच तक आ गए थे कि भारतीय रेल

यात्रियों को जे जाती है या कूड़ा ट्रांसपोर्ट किया जाता है। And then Shri Narendra Modi, to transform India completely from the ground level, launched the Swachh Bharat Scheme. I truly appreciate the concern taken by the Indian Railways in integrating the Swachh Bharat as Swachh Rail and taking up as a very prestigious scheme and the success it has seen. I am saying it is successful because I have seen in my own constituency of Srikakulam the stations have gotten better. They are looking a lot more better. The facilities that are provided have seen a lot of changes. So, I truly congratulate the Railway Ministry for taking up the Swachh Bharat also.

There are additional 2,500 water vending machines and 17,000 bio-toilets proposed; smart coaches using the natural talent pool of our country are also being integrated. All these changes will be really appreciated by the passengers.

If you look at the passenger fares, it is a very welcome thing that they have not increased the passenger fares. But there might be a point where it might get inevitable to increase the fares for the passengers but when that kind of a stage comes, I request the Railway Department to keep in mind that the railway fares should not be directly proportional to fulfilling the profit bracket of the Budget but it has to be directly proportional to the kind of services that we provide to the passengers. अगर यात्रियों को अच्छी सुविधाएं देते हैं तो जरूर बढ़ाना चाहिए। आज यात्री पूरे विश्वास के साथ ज्यादा खर्च करने के लिए तैयार है, लेकिन उसे सारी सुविधाएं मिलनी चाहिए, जितने पैसे वह दे रहा है।

We have also seen that the speed of the trains has been taken as a good concern. If you look at it, Uday, Tejas, Hamsafar, Antyodaya Express, and Deen Dayalu Coaches have all been announced. My only request to the Railway Department is that क्योंकि हम ग्राउंड लेवल पर देखते हैं, हम यात्रियों के साथ बातें करते हैं, हमसे वे सूचना लीजिए। Whenever they decide these things they should take the opinion of hon. Members of Parliament to make sure that they are given to the most under-penetrated and underserved areas of this country which are the rural regions, the tribal regions and the hilly regions.

Technology is also being brought in a very big way. I really congratulate and it is very heartening to see the way technology is being implemented in the Railways today. I keep looking at Twitter and it is a welcome change that the Railway Minister Shri Prabhu or the Ministry itself gets in to deal with many of the issues that the local passengers face. They interact on social media and many of them have been sought through the Internet. That is a very good thing. Technology can offer many solutions to today's problems that the Railways is facing. Some of them could be related to ticket booking, grievance or complaints redressal scheme or real-time train updates or ordering food or solutions to internal problems that the Railways face. All of these could be effectively countered with good use of technology. We have the IRCTC which is the biggest electronic booking website today. There are a lot of problems which IRCTC is facing today. अगर कोई जाता है तो उसे पता नहीं होता है कि कहां से बुकिंग होती है या कहां से क्या काम होगा। We are the biggest software exporter in the world. पूरी आईटी की दुनिया भारत में है। हम अपने लोकल ह्यूमन रिसोर्स को यूज करके क्यों न इसमें पूरी तरह से इंक्लूड करके टेक्नोलोजी की हर दिशा में उन सभी को शामिल करके और बेहतरीन काम किया जाए। मेरी यही मांग रेलवे डिपार्टमेंट से है।

They have proposed 100 Wi-Fi stations which they will be increasing to 400 stations but instead of stations they should also consider including Wi-Fi in the coaches, in the trains also. That would be a much better benefit to the passengers who are travelling. जो स्टेशंस पर बैठे हैं, उनके लिए अच्छी सुविधाएँ हैं, लेकिन जो ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं, उनके लिए भी बेहतरीन सुविधाएँ दी जा सकती हैं, जब वाई-फाई की सुविधा ट्रेनों में भी देने लगेंगे।

In terms of safety, we have faced a challenge with regard to unmanned gates. बहुत-सारे एक्सीडेंट्स हो रहे थे। Very poor people were losing lives unnecessarily because of these unmanned gates. They have all been closed; around 350 manned level crossings have been closed, 1000 unmanned level crossings, 820 ROB/RUB, completed in current year. I truly appreciate the concern that the Government has shown and the kind of work it has done. I take deep pride in telling that in my

constituency of Srikakulam - Waltair Division is an East Coast Railway - they have taken a prestigious project and have constructed three subways in a record time of four hours. It was unbelievable for me also but I truly appreciate the Indian Government for doing record breaking things. Usually it used to take over four days around 16 hours but they have done it in four-and-a-half hours. I would like to mention this in my speech.

Freight has been a good source of earning for the Indian Railways. Over the years we have seen that the prices are slightly more than the prices that the other countries offer. But we are subsidising it for the passengers' fare. पैसेंजर फेयर्स को हम नहीं बढ़ाते हैं, तो अभी सारा पैसा फ्रेट से ही आ रहा है। It is a good thing but my only request is that whatever freight people are paying they should get good benefit for the payment. उसको कैसे सुधारा जाए? फ्रेट ट्रेन्स का टाइम-टेबल भी हमें निर्धारित करना चाहिए। यदि ऐसा होगा, तो जो जितने पैसे देते हैं, उसके हिसाब से उनको भी वह सुविधा मिलेगी। For that the Government has also proposed the dedicated freight corridor which is a very innovative and appreciative move and I would like to congratulate the Government for that also.

In terms of fund generation, अभी स्टेट गवर्नमेंट्स को भी इंवोल्व किया गया है। … (*Interruptions*) Madam, please give me five minutes more.

HON. CHAIRPERSON : You will get only one minute more.

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU: Madam, I have very important points to make. Please give me five minutes.

HON. CHAIRPERSON: There are so many speakers to speak.

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU: So, joint ventures have been done with the State Governments. ज्वाइंट वेंचर्स में प्रौब्लम कुछ नहीं है but I have seen locally that ROBs/RUBs are also being done with the help of the State Government. इसे 50 : 50 के बेसिस पर किया जा रहा है।

HON. CHAIRPERSON: Why are you explaining all these things? You may just place your demand.

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU: Madam, you have to be little descriptive also. When Railway is doing 50:50 State Governments are not coming forward. Whenever you enter into a JV, these are all big projects that you are doing so, you should have a very time-bound effective manner in which you can tell the State Governments also, you can have a hold on them also that they have to give sufficient priority to these railway projects whenever they take them. I appreciate the move.

There is still no clarity with regard to PPP model. There is a lot of land. In small stations also there are acres of land which is lying unused. The local youth can use them with creative innovative ideas but there has to be a clear, structured PPP model. I would request the Government to take up some kind of a model to get this process started. I know that the Opposition is also criticizing this kind of PPP model but you take the first step. Even if you make some kind of mistake, we can all sit together and bring about the necessary changes. We can learn from the mistakes and do the necessary changes.

I would like to thank the Government for giving all these things for Andhra Pradesh especially:

- Dedicated Freight Corridor from Kharagpur to Vijayawada.
- Tirupati, which is an international pilgrimage destination, has been allotted fund for the beautification and improvement of passenger amenities at the Station.
- Madam, Rs.100 crore has been allocated for Vijayawada Metro Rail project.
- Rs.200 crore have been sanctioned for Kotpalli-Narsapur railway line which has been pending for 40 years.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU: Madam, please give me two minutes more.

- Rs.80 crore for Vijayawada-Bhimavaram-Nidadavolu railway line.

- Allocation of Rs.180 crore for Nadkudi-Srikalahasti.
- Rs.150 crore for Gudur-Duvvada line
- Rs.50 crore for a new line between Kazipet and Vijayawada.

Madam, I would like to thank the Government of Andhra Pradesh and Nara Chandrababu Naidu Garu also for doing this but there is one request which is still pending. There was a lot of hope that in this Railway Budget a Railway Zone for Andhra Pradesh would be mentioned. This has been a long pending demand. It has not started yet. Especially in our area, which is the Waltair Division, we have been receiving step-motherly treatment for so many years since our Division has been with the Kolkata Division, South Coast Railway. Right now, in the East Coast Railway we have a region of 25 per cent but the funds that are being spent on us are just 10 per cent. This request has been mentioned in the Andhra Pradesh Reorganisation Act also.This is the right of the people of Andhra Pradesh. You also know that the State has been recently divided.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now.

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU : Madam, I will conclude in two minutes. You should know that whenever a person is wounded, the treatment has to be done right then. If you wait for 30 days and do the treatment, it will never be successful. Andhra Pradesh is a wounded State right now.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) : महोदया, आज मैं वर्ष 2016-17 के रेल बजट पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं, आपने मुझे बोलने के लिए मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

मैं सर्वप्रथम माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने समृद्ध भारत की परिकल्पना के साथ हम सभी भारतीयों में गर्व की भावना जागृत की है। साथ ही माननीय रेल मंत्री सुरेश प्रभु जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं और साथ ही रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा जी के प्रति भी दिल से आभार व्यक्त करता हूं। इस बजट के माध्यम से रेल मंत्री जी ने रेलवे की आर्थिक व्यवस्था सुधारने का सफल एवं सार्थक प्रयास किया है, बल्कि रेल की क्षमता, सुरक्षा, संरक्षा, स्वस्थता एवं मनोबल बढ़ाने के लिए एवं निवेश की तंगी को समाप्त करने के लिए प्रभावशाली कदम उठाए हैं। भारतीय रेल हमारी अर्थव्यवस्था की हड्डी मानी जाती है। इस बजट ने रेलवे की आर्थिक व्यवस्था सुधारने के साथ ही आम आदमियों को सुविधा देने के लिए अच्छा काम किया है। माननीय रेल मंत्री जी ने बड़े चुनौती भरे समय पर रेल बजट प्रस्तुत किया है, लेकिन इस बजट में खर्चों को सीमित रखते हुए यात्रियों की सुविधा की गुणवत्ता बढ़ाने पर जो दिया गया। इसके लिए भी वह धन्यवाद के पात्र हैं। आधुनिकीकरण हेतु स्पष्ट दृष्टिकोण है, जिसमें सेवाओं पर जोर दिया गया है। माननीय मंत्री जी ने सोशल मीडिया, आईवीआरएमएस प्रणाली, बायो टॉयलेट, स्टेशनों पर वाई-फाई, ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन, टिकट क्षमता में वृद्धि आदि विभिन्न तकनीकी-आर्थिक प्रणालियों पर जोर दिया है।

महोदया इस देश में सरकारी सेवाओं के उपयोग हेतु पहला अधिकार देश के गरीब एवं असहाय व्यक्तियों का होता है, इसके लिए सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को नीचे की बर्थ में 50 प्रतिशत एवं महिलाओं 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। इसके लिए भी रेल मंत्री जी धन्यवाद के पात्र हैं। इस बजट में विशेषकर महिलाओं के कोच की निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने अथवा रेलगाड़ी में रात के समय सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव भी किया है। एक सराहनीय कदम यह भी है कि ओवरब्रिज एवं अंडरब्रिज पास बनाने एवं मानव रहित समपारों पर गार्ड का प्रबंध करने का निर्णय लिया गया है। दिव्यांग लोगों एवं बुजुर्गों के लिए इस बजट में सारथी सेवा, स्पेशल टॉयलेट, व्हील चेयर की व्यवस्था करने की घोषणा की गयी है। यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा गया है। हमसफर, अन्त्योदय, तेजस और उदय नाम से नई गाड़ियां चलाने की घोषणा की गयी है, इसके लिए भी मैं उनको धन्यवाद देता हूं।

महोदया, मैं अपने क्षेत्र के बारे में माननीय रेल मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि वर्ष 2009 से महुआ-सूरत ट्रेन के लिए बार-बार रेल मंत्री से मिला हूं, सभी 12 एमपीज के साइन के साथ, सभी को लेकर हम गए हैं। अभी सूरत की एमपी श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश ने भी यह बताया है कि महुआ-सूरत

ट्रेन को प्रतिदिन चलाने के लिए बार-बार हमने चिट्ठी लिखी है। मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के दस लाख से ज्यादा लोग सूरत में बसते हैं और रोजाना आना-जाना करते हैं, इसलिए इस वीकली ट्रेन को प्रतिदिन चलाया जाए। इसके लिए मैं बार-बार मंत्री जी से अनुरोध करता हूं, अगर वह हमारा यह एक काम कर दें तो उसके लिए भी मैं उनको धन्यवाद देता हूं। मेरी तीसरी मांग यह है कि मेहसाणा-सूरत, जो श्रीमती जयश्रीबेन पटेल के संसदीय क्षेत्र में आता है, उसको भी मैं मंत्री जी के सामने रखना चाहता हूं और अमरेली में, जो अभी डस्सा, जितलसर, खेजड़िया लाइन के गेज परिवर्तन के लिए मंजूरी मिल गयी है, फण्ड आवंटन किया गया है, 26 फरवरी को उसका टेंडर भी निकल चुका है। मेरा संसदीय क्षेत्र अमरेली, जो खेजड़िया से 16 किलोमीटर दूरी पर है, उससे यह पूरा डिस्ट्रिक्ट छूट गया है, इसलिए इस 16 किलोमीटर मीटर गेज लाइन का भी ब्रॉडगेज लाइन में कन्वर्जन किया जाए।

मेरा क्षेत्र गरियाधर और पालिटाना है। पालिटाना भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में जैनियों का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। लेकिन वहां रेल की व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को बड़ी कठिनाई होती है। पालथाना से गरियाधर तक रेल लाइन का सर्वे हो चुका है, लेकिन अभी तक इसके निर्माण के लिए कोई फंड आबंटित नहीं किया गया है। मेरी आपसे मांग है कि इस रेल लाइन के निर्माण हेतु शीघ्र ही फंड आबंटित कराकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।

अंत में मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि अमरेली-चलाला-धारी-विसावदर-तलाला रेल लाइन का तीन वर्ष पूर्व सर्वे हो चुका है, लेकिन फंड आबंटित नहीं हुआ है, जिसके कारण काम आगे नहीं बढ़ रहा है। मेरी रेल मंत्री जी से मांग है कि इस बारे में भी वह अपने जवाब में बताएं।

मेरा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। इसलिए मैं रेल मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र यानि सौराष्ट्र की ओर आप ध्यान दें। इतना ही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और इस रेल बजट का समर्थन करता हूं।

SHRIMATI ANUPRIYA PATEL (MIRZAPUR): Hon. Chairperson, I rise to welcome the Railway Budget presented by the hon. Railway Minister, Shri Suresh Prabhu ji on 25 February, 2016 which truly fulfils the aspirations of common man and the common citizens of India are extremely happy and satisfied that this time no hike has been proposed in the passenger fares. I congratulate the hon. Minister for his to decision to revise the Freight Policy because Railways earns most of its internal revenue from freight traffic which contributes almost 65 per cent to the internal revenue and in the past six decades the freight traffic contribution has come down from 90 per cent to almost 30 per cent with most of the share moving towards roads, considering which revision is a good idea and the proposal to expand the Railway Freight Basket and increase the number of bulk commodities from 10 to 45 is really a step which is worthy of all appreciation. I would also like to thank the hon. Minister for the idea of a dedicated freight corridor and an Action Plan in this regard to recapture the freight traffic through containerization or RORO, Roll on – Roll off is also a welcome step. Particularly because the RORO service will revolutionize the concept of transportation as it is like a `train coming to our doorstep'.

18.57 hours (Dr. P. Venugopal *in the Chair*)

I would also like to congratulate the hon. Minister for making efforts to increase the non-tariff revenue by way of steps like redevelopment of stations; advertising at stations; monetization of land along railway tracks; improving parcel service etc. The Budget talks of improving amenities from bio-toilets to changing boards for babies, automatic ticket vending; online booking of wheel chairs for the elderly patients and differently abled, travel insurance policy, clean my coach service, Wifi services, reservation of 33 per cent for women and reservation of lower berths for elderly people. A lot of such initiatives which are customer and passenger friendly make the Budget extremely promising.

I would also like to congratulate the hon. Minister for deciding to develop a National Railway Plan for the first time in order to integrate railways with other modes of transport.

However, the only thing that raises my anxiety level is the observation made by the Committee on Restructuring of Railways that the expenditure on staff is extremely high and unmanageable. The salaries, pensions and fuel take away almost 68 per cent of the railway earnings. The Depreciation Reserve Fund has also been decreasing over the years which are primarily meant for our asset maintenance and we are unable to bring down our operating ratio that means we are spending more paisa to earn or generate one rupee.

I would like to request the hon. Railway Minister to enlighten the House about how these grave issues will be addressed by the Budget that we have for this year.

With these words, I conclude.

Thank you.

SHRI JOSE K. MANI (KOTTAYAM): Hon. Chairperson, Sir, thank you very much for giving me this opportunity. This is the third Railway Budget after this Government has come to power. In all these three Budget, except for some amounts being allocated for doubling, I feel that the State of Kerala has been totally neglected and left out.

I represent Bangalore Central parliamentary constituency. Bangalore has got more than a crore of population. The interesting point is that Bangalore has more than 50 lakh vehicles also. It is the IT capital of India. It is becoming difficult for the people to move from one place to another. People take hours to move in and around the city. The road transport system is fully saturated. So, it is our duty to ease the traffic-related difficulties and to help the people of Bangalore to ease their daily travelling experience.

I thank the Railway Minister and am very grateful to him for announcing the suburban train which was a long pending demand of citizens of Bangalore. It had been pending for years. I am thankful to the hon. Minister for announcing suburban trains to Bangalore. Lakhs of people living in and around Bangalore come to the city for work, for education and for many other things. As I told earlier, in the IT hubs in White Fields, lakhs of people from villages also come to work and to earn their livelihood.

Suburban railway system has many advantages. It can carry a large number of people on the existing railway infrastructure. So, not much of new investment is needed. It can provide cheaper transport to the poor people who work hard for their daily living. For metro, in fact, we had to invest thousands of crores, which we are already doing.

I propose that the most innovative way to introduce suburban train system in Bengaluru is to complete the Coaching Depot that is proposed to be constructed at Byappanahalli. Already, land is there and there is no requirement for any land acquisition for it. The plan is also ready. So, I request the Ministry to immediately

take up the work in a time-bound manner and finish it early so that pressure on the City Railway Station and Yeshwantpur will ease down.

If you see the rail map and the movement of trains, you can see that trains from various directions criss-cross at Byappanahalli. Now, if we build a Coaching Depot at Byappanahalli and terminate long-distance trains at Byappanhalli, then we will be able to free-up a lot of path and reduce congestion at Bengaluru and Yeshwantpur Railway Stations. It is estimated that 100 trains can be terminated and dealt at Byappanahalli Coaching Depot when it is built. This free path can be used to run suburban trains to places in and around Bengaluru.

We require suburban trains in peak hours between 6 am to 10 am and 6 pm to 10 pm. Most of the long-distance trains are also coming during peak hours. Hence, I request the Ministry to take up the Byappanahalli project in a time-bound manner so that pressure on City Railway Station and Yaswantapur will be less.

As we all know that almost 200 trains arrive and depart at the City Railway Station, and more than 1.5 lakh people also use the Railway Station. So, I request the Railway Ministry to take up the matter with the State Government to create an SPV for the suburban train like the one that is created in Mumbai (MRVCL) and the funds also can come for it. Actually, the urban transport system is a State subject, but as the population is growing, the Railways have to cooperate. In the SPV model, the Karnataka Government also gives money. It should provide funds to procure rolling stocks like coaches and DEMU trains should be bought and start running the suburban trains.

Automatic signaling from Whitefield to Bengaluru City Station also must be installed and a suburban service started immediately. Last year also in the Railway Budget the Minister announced, and I contributed Rs. 1 crore from my MP Fund. Ultimately, I have taken up the full station. Its cost came to Rs. 1.76 crore. My request to the Railway Minister is that they should talk to the State Government and start suburban trains immediately. Even if any more amount out

of the MP Funds of mine is required further, I am ready to give it, but I request the Minister to start the suburban trains immediately. Thank you, Sir.

\

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, the extended time for this discussion is over. I have a long list of speakers who wish to speak on the Railway Budget. If the House agrees, then the time for the discussion may be extended by one more hour.

SEVERAL HON. MEMBERS : Yes, Sir.

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT, MINISTER OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. VENKAIAH NAIDU): Hon. Chairman, Sir, I am thankful that you have extended the House and Members have agreed. I would like to remind the Members, including Mr. Venugopal and others, that we have a total of 21.50 hours before 16th and in that 12 hours will go to Budget and we have four Bills also. You have allotted 3 hours and 2 hours like that for those Bills, and then some other issues also. Keeping all these things in mind, firstly, we have to complete the Railway Budget discussion today and reply tomorrow, and then take the General Budget. So, tomorrow and day-after tomorrow also you must be ready to sit a little late. This is my suggestion to all.

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): At least allow some important issues to be raised during the '*Zero Hour*'.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU : Yes, every day you are having it.

SHRI K.C. VENUGOPAL : Let us have 2-3 important issues.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU : All right.

20.00 hours

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। माननीय रेल मंत्री जी जिस तरह से बजट रखा है मैं आज बहुत खुश हूं क्योंकि और मुम्बई को एलिवेटिड ट्रेन मिली है। मैं जब चुनाव में खड़ा हुआ था, उससे पहले से मांग कर रहा था। मैं बजट के लिए इसलिए भी धन्यवाद करता हूं कि माइक्रो लैवल पर इतना सोचा गया है। मुझे नहीं लगता कि इतना कभी रेलवे अधिकारियों ने सोचा होगा लेकिन माननीय मंत्री जी ने सोच कर बहुत कुछ किया है। मालगाड़ियों को समय सारणी के अनुसार चलाना, गाड़ियों से मल-मूत्र का डिस्चार्ज समाप्त करना, छोटी बात नहीं है। माननीय प्रधानमंत्री जी स्वच्छ भारत अभियान की घोषणा कर चुके हैं। इसे लेकर गाड़ियों में मल-मूत्र के डिस्चार्ज समाप्त करना, रेल परियोजना को अगले तीन-चार वर्षों में पूरा करना, रेल संपर्क व्यवस्था खास तौर से जयगढ़, दिघी, महाराष्ट्र के रेवस बंदर, पारादीप, लोको फैक्ट्री, राज्य सरकार के साथ संयुक्त उद्यमों का सृजन करने की अनुमति आदि तकनीकी चीजें आई हैं। दिव्यांग खास तौर से ब्रेल लिपी की बात कही गई है यानी जो अंधा है उसे ब्रेल लिपी की मदद से जानकारी मिलेगी। सीनियर सिटिजन के लिए एस्कलेटर होंगे, गाड़ियां होंगी। ऊर्जा क्षेत्र में 3000 करोड़ की बचत, अनारक्षित यात्रियों के अंत्योदय, दीन दयाल की व्यवस्था, हमसफर, तेजस, उदय नाम की ट्रेन और जननी सेवा बजट में है। आज महिला दिवस है, महिला जागृति वर्ष मनाया जा रहा है, माननीय रेल मंत्री जी ने जननी सेवा की बात कही है। अगर मां के साथ बच्चा होता है तो उसकी क्या जरूरतें होती हैं, उसे दूध मिलना चाहिए, गर्म मिलना चाहिए या ठंडा मिलना चाहिए, खाने की क्या चीजें मिलनी चाहिए। इतनी छोटी चीजें जिस मंत्री ने सोची हैं, उसकी जितनी सराहना की जाए कम होगी।

मुझे जो फंक्शनल चीजें दिख रही हैं, उनके बारे में बताना चाहता हूं। आरपीएफ, रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स, यूपीएससी के अधिकारीगण हैं। आईपीएस अधिकारी को उनके ऊपर लाने का सोचा है। 82 बैज के आईपीएस के अधिकारी 80 बैज के आईपीएस अधिकारी से ऊपर होगा। क्यों? इसके लिए होम मिनिस्ट्री और आप की मिनिस्ट्री में जो झगड़ा चल रहा है, इसे जल्दी खत्म करना चाहिए और आरपीएफ अधिकारियों को न्याय देना चाहिए।

सुरक्षा की व्यवस्था में हमने रेलवे की प्रोटेक्शन के लिए कमांडो फोर्स बनाई। मुम्बई सॉफ्ट टार्गेट है लेकिन कमांडो की ट्रेनिंग हरियाणा में करेंगे और फायरिंग की ट्रेनिंग शोलापुर में करेंगे। मेरी मांग है कि इसे एक ही जगह किया जाए। इस तरह की दिक्कतें क्यों हो रही हैं? आपने देखा है कि जितने भी बम विस्फोट मुम्बई में हुए हैं, रेल में हुए हैं। सॉफ्ट टार्गेट है, यह कोई छोटी बात नहीं है। आपको आरपीएफ वालों को यहां लाना पड़ेगा। आप उनकी ट्रेनिंग शोलापुर में कीजिए ताकि कमांडो और फायरिंग की ट्रेनिंग एक ही

जगह मिल सके क्योंकि फायरिंग रेंज यहां है, हरियाणा में नहीं है। आप खुली जगह को कमर्शियल यूज कीजिए।

राज्य सरकार ने फोर्स वन किया है, रेलवे पुलिस प्रोटेक्शन को भी इस तरह से फोर्स वन करना चाहिए। मुम्बई पोर्ट्स उनकी स्वयं की रेल है। मैंने पहले भी सुझाव दिया था, मुम्बई पोर्ट्स की रेल जाती है, अब इसका इस्तेमाल न तो मुम्बई पोर्ट्स कर रही है और न हम कर रहे हैं। कोस्टल रेलवे कारपोरेशन बना है। मैं आपसे विनती करता हूं कि मुम्बई रेलवे में जो कोस्टल रेलवे कारपोरेशन बना है, इसके साथ ज्वाइंट वैंचर कीजिए ताकि दिन में यात्री जा सकें और रात में मालगाड़ियों के लिए इस्तेमाल कर सकें। मुम्बई में 75 लाख लोग रोज लोकल ट्रेन से यात्रा करते हैं। उनकी सुविधा के लिए मेरी यह मांग है।

मुम्बई में बारिश होने से कभी-कभी घंटों तक गाड़ियां चलना बंद हो जाती हैं, स्टेशनों के बीच में खड़ी हो जाती हैं। पुरुष तो नीचे उतर जाते हैं लेकिन महिलाओं क्या करें? गर्भवती और बुजुर्ग महिलाएं उतर भी नहीं पाती हैं। मेरी आपसे मांग है कि महिलाओं के कोच स्पेशल बनाए जाएं जिसमें टाएलेट की व्यवस्था हो ताकि महिलाओं को सुविधा मिल सके।

तीसरी बात यह है कि हमारा जो नांदेड़ का स्टेशन आता है, वह सेन्ट्रल रेलवे तक आता है। बहुत सालों से मांग चल रही है। उसे साउथ सेन्ट्रल में भेजा गया है। उसकी वजह से यह होता है कि वहां उन्होंने पिछले साल स्पेशल 150 ट्रेन्स चलाई और महाराष्ट्र को केवल 15 दीं। क्यों? उनका सारा ध्यान उधर होता है और उनका कोई विरोध नहीं है।

इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि नांदेड़ का जो स्टेशन है, वह सेन्ट्रल रेलवे के अंदर लाइए ताकि लोगों को सुविधा मिले। आपने आयुष सेवा रेल के अस्पताल में शुरु की, फंड की बात कही है, एम.पी. लैड की बात कही गई है। मैं उन 124 में से एक हूं जिसने लिखकर दिया कि एम.पी.लैड फंड रेल के अस्पताल में लांड्री के लिए लिया जाए, स्वच्छता के लिए लिया जाए।

कल तक हमारे पास रेल के खिलाड़ी बहुत माहिर थे। आज खेल नहीं होता है और जो क्लास थ्री और क्लास फोर्थ की नौकर भर्ती होती है, वहां भी लोकल भर गये हैं। नौकर भर्ती में पहले डीओपीटी की भी गाइडलाइन्स थीं। आज ऐसी अवस्था है कि रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड में सारा रिक्रूटमेंट बाहर से हो रहा है। उसके लिए लोगों के मन में अशांति है।...(व्यवधान) मैं अपनी बात समाप्त ही कर रहा हूं। ...(व्यवधान)

छत्रपति शिवाजी महाराज हमने स्टेशन को नाम दिया लेकिन उनका स्टेचू नहीं लगाया। मैं आपसे मांग करता हूं कि जल्दी से जल्दी स्टेचू लगाया जाए और जो हमारे रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर होते हैं, जो हमारे जवान हैं, उनको रेलवे की पुलिस फोर्स में अगर जगह दे देंगे क्योंकि 35 साल में वह रिटायर होता है। उसको रेलवे पुलिस में रखिए। इतना ही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। जनकल्याणकारी बजट लाने के लिए देश के प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी का और रेल मंत्री आदरणीय सुरेश प्रभु जी और रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा जी का मैं हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं कि यह जो बजट आया है, इस रेल बजट में जहां भविष्य का सपना तो है ही बल्कि यह वर्तमान को भी सुविधाजनक बनाने के सार्थक प्रयास हमारे माननीय मंत्रियों के द्वारा किये गये हैं। हमारे पूर्व के सभी साथियों ने मंत्रालय के द्वारा इस बजट में जो जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई जा रही हैं, उन योजनाओं के बारे में बताया गया। इस बजट में जहां बुजुर्गों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण यानी लगभग 120 बर्थ उपलब्ध होंगी, वहीं बुजुर्गों के लिए स्टेशंस पर एसकैलेटर्स और लिफ्ट्स की संख्या बढ़ाये जाने का परिणाम क्या हुआ है, मैं इस बजट के आने के बाद झांसी के प्लेटफॉर्म पर खड़ा हुआ था। वहां पर मैंने बुजुर्गों की जो चर्चाएं सुनीं, ये जो सुविधाएं रेलवे बजट में बढ़ाई जा रही हैं, इसके लिए बुजुर्गों ने हृदय से धन्यवाद दिया है। दिव्यांगों के लिए जो विशेष शौचालय और व्हील चेयर जैसी सुविधाओं के लिए उनको धक्के खाने पड़ते थे, अब उनको धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। जो दिव्यांगी यात्री हैं, उनके लिए ऑनलाइन व्हील चेयर की बुकिंग होगी और दृष्टिबाधितों के लिए ब्रेल एंड बैड सवारी डिब्बों की जो घोषणा हुई है, इसका पूरे देश में और हमारे दृष्टिबाधितों ने हृदय से स्वागत किया है। उनके लिए रेल मित्र सेवा शुरु की गई है और बैटरी चालक कराये जाने का वास्तव में दिव्यांगों के लिए एक समर्पित बजट है। रेलवे स्टेशंस पर सौ वाइ-फाइ सुविधा उपलब्ध कराने और आगे चलकर सौ स्टेशंस पर प्रयास किये जा रहे हैं, यह वास्तव में सराहनीय कदम है। कुलियों के लिए जो सहायक का दर्जा दिया गया है, इससे कुलियों के मन में एक सम्मान की भावना आई है और उनको नयी वर्दी दिये जाने से भी उनके अंदर काम करने की भावना बढ़ेगी और इसके साथ साथ जो सामूहिक बीमा सुविधा देने का जो सरकार ने विचार किया है, इससे उनके परिजनों के मन में भविष्य के प्रति एक निश्चिंतता का भाव आ रहा है।

महोदय, पिछले दिनों समाचार पत्रों में इस तरह के समाचार पढ़ने को मिले कि कोई महिला ट्रेन में यात्रा कर रही है, उसके बच्चे के लिए दूध उपलब्ध नहीं हो रहा था तो उसने एसएमएस से रेल मंत्री जी को ट्वीट किया और अगले स्टेशन पर रेलवे स्टेशन का प्रबन्धक उस महिला के बच्चे के लिए दूध पाउडर और बिस्किट लेकर स्वयं उपस्थित हुआ। यह अच्छे दिनों की शुरूआत नहीं है तो क्या है? इसी तरह से कई बुजुर्ग यात्री यदि बीमार हो जाते हैं और रेल मंत्री जी को ट्वीट किया तो अगले स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक डॉक्टरों को लेकर खड़ा है। यही अच्छे दिनों की शुरूआत है कि रेल मंत्रालय के द्वारा जो सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं, इनका पूरे देश में सर्वत्र स्वागत किया जा रहा है।

महोदय, मेरे क्षेत्र की ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन बरसों पुरानी योजना है। यह हमारे 6-7 सांसदों को जोड़ने वाली योजना है। इस रेल लाइन पर आजादी के 68 साल बाद पहली रेल लाइन चलना शुरू हुई है जो झांसी से चलकर टीकमगढ़ तक आती है। एक माह पहले रेलवे लाइन का विस्तार पूरा हो चुका है। पूरी रेल चलाकर छतरपुर तक इसका ट्रायल पूरा हो चुका है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि सीआरएस इंसपेक्शन के काम को शीघ्रातिशीघ्र कराकर इस ट्रेन को छतरपुर तक बढ़ाया जाना चाहिए। पन्ना टाइगर फॉरेस्ट रिजर्व एरिया के कारण रेल का कार्य बाधित हो रहा है, तो वहां एक सुरंग बनाकर या ऊपर से ब्रिज बनाकर इस ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन के कार्य को पूरा किया जाना चाहिए। हमारे क्षेत्र में बुंदेलखंड बहुत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। पूर्ववर्ती सरकारों के समय कोई काम नहीं किया गया केवल घोषणाएं की गयीं। युवा नेता उस क्षेत्र में जाते थे, लेकिन वहां कोई काम नहीं हुआ। हमारी सरकार आयी है तो वह काम करेगी। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि पिछले 68 बरसों में एकमात्र ट्रेन चलना शुरू हुई है। अभी खुजराहो से छतरपुर-टीकमगढ़ और यहां से आते हुए भोपाल-इंदौर तक एक एक्सप्रेस ट्रेन चलाए जाने से हमारे प्रदेश के बंधुओं को, बुंदेलखंड के बंधुओं को भोपाल जो कि मध्य प्रदेश राज्य की राजधानी है, शासकीय कार्य के लिए जाने में सुविधा हो सकेगी, वहीं टीकमगढ़-छतरपुर-बुंदेलखण्ड के छात्र बड़ी संख्या में इंदौर पढ़ने के लिए जाते हैं, उनको ट्रेन की सीधी सुविधा हमारे क्षेत्र से प्राप्त हो सकेगी।

इसी तरह से हमारे क्षेत्र से लोग मजदूरी करने के लिए हरियाणा-दिल्ली- पंजाब जाते हैं। छतरपुर से एक ट्रेन मजदूर एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली तक चलाई जानी चाहिए जिससे कि हमारे यहां के मजदूर सीधे यहां तक आ सकें। बुंदेलखंड में मिनरल्स बड़ी मात्रा में उपलब्ध होते हैं। यहां रेल सुविधा बढ़ाने से रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। छतरपुर बुंदेलखंड का एक प्रमुख उद्योग क्षेत्र है, जहां रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए रेल कोच फैक्टरी बनाए जाने की आवश्यकता है। इसी तरह से टीकमगढ़ में रेलवे का विश्वविद्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने से क्षेत्र का शैक्षणिक एवं औद्योगिक विकास होगा। हमारे क्षेत्र में डुमरा स्टेशन है। डुमरा स्टेशन के नजदीक शिंगपुर स्थान है, जिसे छोटा जलियावाला बाग कहा जाता है। आजादी के समय बडी संख्या में देश की स्वतंत्रता के लिए उस क्षेत्र के लोग एकत्रित हुए थे जहां ब्रिटिश शासनकाल में गोली चलाई गई थी और सैकड़ों की संख्या में लोग शहीद हुए थे। वहां 15 अगस्त के अवसर पर इस शहीद स्थली पर जाने के लिए डुमरा स्टेशन से शिंगपुर जाने के लिए क्योंकि पहले वहां स्टापेज था लेकिन अब वह स्टापेज बंद कर दिए गए हैं अतः ऐसी शहीद स्थली पर जाने के लिए मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि पूर्व के समान डुमरा स्टेशन पर पुनः स्टापेज प्रारम्भ किया जाए। टहरका स्टेशन पर भी पहले ट्रेन रुकती थी, वह स्टापेज बंद कर दिए गए हैं। ये स्टापेज पुनः प्रारम्भ

किए जाने चाहिए। हमारे क्षेत्र में औरछा एक महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्र है। सम्मानीय प्रधानमंत्री जी ने भी मन की बात में औरछा पर्यटन केंद्र के बारे में उल्लेख किया था। इस पर्यटन केंद्र के स्टेशन पर सभी गाड़ियों का स्टापेज दिया जाना चाहिए। औरछा, निवाड़ी और हरपालपुर के दो नम्बर प्लेटफार्म के विस्तार के साथ फुट ओवर ब्रिज और तीन स्टेशनों के बाद रेलवे ओवर ब्रिज बनाए जाने की आवश्यकता है। हमारा एनएच-76 आगरा, मिर्जापुर मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण यहां बहुत बार दोनों तरफ बड़े-बड़े जाम लग जाते हैं। मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि इन तीनों स्टेशनों के पास रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जाना चाहिए।

महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हुआ अपनी वाणी को विराम देता हूं।

SHRI PRASANNA KUMAR PATASANI (BHUBANESWAR): Hon. Chairman, today is a great day for me that I could greet Hon. Venkaiahji for his announcement that Bhubaneswar is the first capital of the country – we have been requesting for this and you have honoured us – to be the first smart city of the country.

Therefore, I would like to tell you that we are also grateful to Shri Suresh Prabhuji and Shri Manoj Sinhaji. You have very good Ministers. I request you that the way you have declared Bhubaneswar as Smart City, you can declare Puri and Bhubaneswar as the world class station for our people and for our State. Your predecessors, the last Governments also announced but failed to do it. My hon. Chief Minister also requested you and our delegation met the hon. Minister Prabhuji when Shri Manoj Sinha was there. We had also requested that the word 'commitment' is the key to all success. We had demanded Rs 5,000 crore and according to your commitment, you have allotted Rs 4,862 crore. You have committed and done the needful for the first time in the history of Railway Budget.

For your kind information, Odisha has been highly neglected since the time of Independence till today. For the first time, hon. Minister, according to the demands of our Chief Minister Shri Patnaik, all the MPs and also the delegation headed by the hon. Speaker of Odisha. I was also in the delegation. I am grateful to you. I have nothing to comment. The only thing that I can request you is that for Smart City, we need Metro or Mono Rail to run from Cuttack to Bhubaneswar, from Bhubaneswar to Khurdha, which is the cultural and historical Capital, from Khordha to Puri and Konark via Jatni. By that, we can promote the world class tourism. By that, we can promote the economy. There are three world heritage sites in Odisha, nowhere else in the globe. One is the biggest temple of the globe that is Shri Mandir at Puri, another is the Lingaraj Mandir, the greatest Shiva temple and the third is Konark. Within a radius of 60 kilometres, there are three

world heritage sites. With this Metro or Mono Rail, not only our State would be developed, but it will also help in promoting the economic condition of the country. We are talking about Vibrant India and Digital India. So, we should make it.

Then my last request that I would make to Shri Venkaiah Naidu is that you and the hon. Prime Minister Modiji started your election campaign from Puri. Because of the blessings of Lord Jagannath, you people could come to power. The hon. Prime Minister has already announced a bullet train. I appreciate that you have already declared a bullet train from Ahmedabad to Mumbai which would take hardly one hour. That is Prime Minister's State and I appreciate that. But a bullet train should have been run from Delhi to South India. So, when you started your election campaign to honour the people of Odisha and also got the blessing of Lord Jagannath, I request that you should start the bullet train from Bhubaneswar to Delhi. Our State has demanded and nobody is hearing it.

For the first time, you are sanctioning about R. 50,000 crore. Therefore bullet train is not a very big thing and I am very hopeful about it.

Dr. Kulamani Samal, my hon. Colleague has demanded that the train which runs from Puri and goes up to Paradip should have been named after the renowned poet Sarala Devi to promote the culture and language of Odisha. It should be called the Sarala Devi Superfast Train.

Another request is that in one place, Bhushandpur which is the biggest village of the State the platforms should be according to the needs of the people. I think, to promote it, you can sanction good money.

I am also grateful that you have already sanctioned my request to Sitaram Kesari Chhaka. The money has already been allotted but the work has not yet started. Kindly start it. Kindly start the work on Khurda-Bolangir line also which is the only line from west to east in Odisha. It should have been started on a war footing. Our Chief Minister Shri Naveen Patnaik has sanctioned 50 per cent out of our State Exchequer and has also given free land. This is the only railway line that

is linking the State from west to east through adivasi, downtrodden and poor people's areas. It goes through KBK. It should have been started on a war footing.

Another part you can examine is that it is not being executed properly and therefore money is also returned. This time, whatever money has been sanctioned must be utilised. It should be executed in time. So, you do it in time.

मैं क्या कहूं आप लोगों को, मैं क्या गुजारिश करूंगा, यह उड़िया के कल्चर को आप भूल नहीं सकेंगे, ऐसा कल्चर विश्व में नहीं है। Nowhere in the world exists a more richer culture than that of Odisha, Respect our culture and then only you will flourish.

श्री एम. वैंकैय्या नायडू : सभापति जी, जगन्नाथ जी की दया और अनुग्रह से हम यहां तक पहुंच गए, इसलिए सबसे पहले जगन्नाथ जी की पुरी को हमने हेरिटेज सिटी के रूप में घोषित किया है। यह मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं। उसके बाद भुवनेश्वर आया, किसी ने सोचा भी नहीं, लेकिन भुवनेश्वर स्मार्ट सिटी में आया। इसका श्रेय मुझे नहीं जाता है, इसका श्रेय आप लोगों को जाता है क्योंकि आप लोगों ने वहां मेहनत की, वहां के जनप्रतिनिधि, वहां के अधिकारीगण, वहां की जनता, सभी ने मिलकर अच्छा प्रपोजल भेजा और जगन्नाथ जी की कृपा के कारण वह पहले नम्बर पर आ गया।

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : धन्यवाद सभापति जी। वर्ष 2016-17 के लिए एक अच्छा रेल बजट सम्माननीय रेल मंत्री सुरेश प्रभु जी और मनोज सिन्हा जी ने प्रस्तुत किया है, इसलिए मैं उनका अभिनन्दन करना चाहूंगा। मैं ज्यादा अभिनन्दन इसलिए नहीं करूंगा कि पूरे विपक्ष ने उनका अभिनन्दन किया और मीडिया के लगभग सारे लोगों ने उनकी सराहना की है। 26 फरवरी के दो दिन पहले जब मीडिया के लोगों ने मुझसे पूछा कि मुंबई शहर के लिए आप क्या मांगना चाहते हैं, तो मैंने कहा कि मुंबई शहर के लिए मैं बहुत कुछ नहीं मांगूंगा क्योंकि एमयूएआरसी के माध्यम से बहुत से छोटे-छोटे काम हो रहे हैं। खासकर मेरे क्षेत्र में - बोरीवली, कांदीवली, मलाड, दहिसर परिसर में छोटे-छोटे काम बहुत बड़े पैमाने पर हो रहे हैं, लेकिन हर साल मुंबई में जो 3500 लोग गिरकर, कटकर, क्रॉसिंग करते समय मरते हैं, उनकी आत्मा को शांति मिले और नई घटनाएं न घटें, इसलिए एलिवेटेड कॉरीडोर की बहुत मांग है। रेल मंत्री जी को इसकी घोषणा करनी चाहिए और साथ ही यह किस तरह से होगा, कब होगा, इसके बारे में भी बोलना चाहिए। यह बात मैंने बजट से पहले कही थी। मैं फिर एक बार इस बात को दोहराता हूं। बजट के बारे में रेल मंत्री जी जब कल अपना भाषण करेंगे, तब इसका खुलासा हो, मैं यह मांग करना चाहूंगा। साथ ही, एलिवेटेड कॉरीडोर बनने में बहुत समय लगेगा, उस बीच के समय में कोई अन्य उपाय-योजना करते हुए, मुंबई शहर के लोगों को दिलासा मिले, इसके लिए मनोज सिन्हा जी, आपको प्रयास करना चाहिए। रेल प्रवासी संघ के लोग कहते हैं कि टाइम टेबल में अगर हम फेरबदल करते हैं तो 30 प्रतिशत ज्यादा सुविधा हम लोगों को दे सकते हैं, ऐसी उनके पास एक प्लानिंग है। इसके लिए पिछले बजट में रेल मंत्री जी ने भी यह बात कही थी, लेकिन वह अभी भी इंप्लीमेंट होती नहीं दिखाई देती है।

मैं चाहूंगा कि मुम्बई रेल प्रवासी संघ के लोगों के साथ आपको तुरंत बैठक करनी चाहिए और उनके पास क्या योजना है, उस बारे में विचार करके आपको आगे बढ़ना चाहिए। हमारे रेलवे के अधिकारियों की एक मानसिकता बन गई है कि वे जो सोचते हैं वही होना चाहिए। मुझे लगता है कि हमारी सरकार को अब इस बारे में अलग सोच रखनी चाहिए और उनकी मानसिकता को बदलना चाहिए। जिससे मुम्बई शहर के लोगों को और सुविधा मिल सके।

मैं रेल मंत्री जी से यह भी चाहूंगा कि बी.पी.टी. के बारे में नितिन गडकरी जी ने जो निर्णय लिया है, वह बहुत साल बाद एक अच्छा निर्णय लिया गया है कि सभी झोंपड़पट्टीवासियों को महाराष्ट्र सरकार के रूल्स के मुताबिक पर्याय जगह दी जाएगी। रेलवे में भी इस तरह का इश्यू लम्बे समय से लम्बित है। मैं चाहूंगा कि एक सरकार में दो विभागों के अलग-अलग कायदे होने से गड़बड़ी हो सकती है। हम भारतीय

जनता पार्टी के लोग तो मानते हैं कि एक देश, एक प्रधान और एक विधान। इसलिए रेलवे को भी इस बारे में निर्णय करके मुम्बई शहर में रेल पटरी के बगल में जो बड़े पैमाने पर लोग बसे हुए हैं, उन्हें न्याय देना चाहिए।

रेलवे के स्टॉल्स के बारे में दो साल पहले भी मुम्बई के हम सभी सांसदों ने कहा था कि पिछली सरकार ने 2010 के कायदे के हिसाब से 50-50 या 100-100 स्टॉल्स जिनके पास हैं, उन सारे लोगों के लाइसेंस तो रिन्यू कर दिए, लेकिन जिनके पास एक, दो या तीन स्टॉल्स हैं, उन सभी का लाइसेंस कैंसिल करके रीटेंडरिंग कर दी। हम सबने कहा था कि जो बड़े लोग हैं, जिनके पास इतने स्टॉल्स हैं, उनका ठेका कैंसिल कीजिए और जिनके पास एक या दो स्टॉल्स हैं, उनका ठेका कैंसिल नहीं करना चाहिए। इसे लेकर इन छोटे वेंडर्स को सुप्रीम कोर्ट तक न्याय लेने के लिए जाना पड़ा। हम चुने हुए सांसदों से 20-20 और 25-25 लोग आकर कहते हैं, लेकिन रेल अधिकारी मानते नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट में जाने के बाद इन लोगों को न्याय मिला। अगर ऐसा ही होना है तो फिर यह लोक सभा किसलिए है, हम सांसद और सरकार किसके लिए है? इसका हमें जवाब मिलना चाहिए। मैं कहना चाहता हूं कि ऐसे दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने के बारे में सोचना चाहिए।

मुम्बई शहर और बाकी जगहों पर जो टिकट वेंडिंग मशींस लगाने का एक अच्छा निर्णय रेल मंत्री जी ने लिया है। लेकिन इसमें भी ऐसा प्रावधान किया गया है कि मशींस लगाने का ठेका रिटायर्ड रेल अधिकारियों को दिया जाएगा। मैं मांग करना चाहता हूं और जनता के बीच भी मैंने कहा है कि रिटायर्ड लोगों को यह काम नहीं देना चाहिए, क्योंकि उन्हें तो पहले से ही पेंशन मिलती है। जो बेरोजगार हैं, उन्हें काम मिलना चाहिए। मैंने यह भी कहा था कि जो दिव्यांग हैं, उन्हें यह काम मिलना चाहिए। मैं रेल मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने दिव्यांग लोगों के बारे में निर्णय लिया। लेकिन केवल दो प्रतिशत आरक्षण उनके लिए तय किया है। यह बहुत पुराना कायदा बना हुआ है जो बाबा आदम और अंग्रेजों के समय का बना हुआ है और उसी पर आप अमल कर रहे हैं। यह दो प्रतिशत बहुत कम है और ऐसे लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। इसलिए मैंने आपको पत्र लिखकर मांग की है कि कम से कम यह कोटा 20 प्रतिशत होना चाहिए। बचे हुए जो 80 प्रतिशत हैं, उनमें देखिए कि 20 प्रतिशत रेलवे के जो रिटायर्ड अधिकारी हैं, जिनकी दयनीय स्थिति हो गई है, उन्हें देंगे तो कोई हर्ज नहीं है। बाकी के सारे स्टॉल्स बेरोजगार युवकों को मिलने चाहिए।

मैं एक बात और कहना चाहूंगा। बुलेट ट्रेन जो मुम्बई-अहमदाबाद रूट के लिए प्रस्तावित है, कई लोग इस बारे में टीका-टिप्पणी करते हैं। इससे हम जैसे लोगों को वेदना होती है। यह प्रपोजल कोई नरेन्द्र मोदी जी नहीं लेकर आए हैं। मुम्बई वी.टी. से लेकर दिल्ली तक का जो फ्रेट कॉरिडोर बन रहा है, उसका

80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। इस ट्रैक पर नई ट्रेन चलने से लोगों को और सुविधा होगी। इसके अलावा आने वाले दिनों में अन्य राज्यों और शहरों में भी इसे शुरू किया जा सकता है। इसके लिए पैसा भी जापान दे रहा है, हम अलग से बजट में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं कर रहे हैं। इसलिए इस बारे में देश के लोगों के सामने एक स्पष्ट चित्र जाना चाहिए और विस्तार से इसका खुलासा रेल मंत्री जी को अपने जवाब में करना चाहिए।

सभापति जी, मैं दो मिनट और लेना चाहूंगा। मुम्बई शहर में हर साल 3500 लोग रेल दुर्घटनाओं में मरते हैं। उनकी आत्मा बहुत दुखी होती है। हम यहां आठ घंटे से अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसलिए मुझे कम से कम आठ मिनट बोलने का मौका तो देना चाहिए।

मैं मुम्बई शहर के लिए कोई नई मांग नहीं करना चाहता। मुम्बई के लिए रेलवे के पास पैसा कैसे आए, इस बारे में कुछ कहना चाहूंगा। मनोज सिन्हा जी, मुम्बई शहर में रेलवे का रिडवलपमेंट पूरे स्ट्रक्चर का करना पड़ेगा। उसके साथ-साथ सभी स्टेशंस का भी रीडवलपमेंट का प्लान है। महाराष्ट्र में पहले कांग्रेस पार्टी की सरकार थी। उन दिनों रेलवे में तीन एफ.एस.आई. की मांग कर रहे थे। वह फाइल पड़ी हुई है। महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री तुरंत निर्णय लेते हैं। अगर ये तीन एफ.एस.आई. हमें मिलते हैं तो सारे रेलवे स्टेशंस रीडवलप्ड हो जाएंगे। इस कारण इसमें बड़े पैमाने पर पैसा आएगा। इसलिए मेरी मांग है कि इस पर तुरंत निर्णय लिया जाए।

जो वेलांगनी ट्रेन पिछली बार हमने शुरू किया था, उसे कंटीन्यू करें। वह सप्ताह में दो-तीन बार कैसे चले, उस बारे में विचार करें। एक ट्रेन आपने बोरीवली से वाया वसई-दीवा लाइन से मंगलौर तक चलाई। यह ट्रेन महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल चार राज्यों से गुजरती है और वहां की जनता को इसका लाभ मिलता है। यह ट्रेन सप्ताह में दो या तीन चले, उस बारे में भी आप विचार करें।

मैं चाहूंगा कि राज्य सरकारें भी सामने आकर रेलवे में अपना योगदान दें और कई राज्य सरकारें ऐसा कर भी रही हैं। मैं चाहूंगा कि महाराष्ट्र सरकार के साथ आप बैठकर मुम्बई और महाराष्ट्र को जो-जो सुविधाएं चाहिए आने वाले दिनों में, इस बारे में उसका भी सहयोग लीजिए। इसके अलावा पब्लिक पार्टिसिपेंट के माध्यम से भी बहुत बड़ा काम हो सकता है और इसे गति देनी चाहिए।

मैं अंत में एक बात और रेलवे के फायदे के लिए बताना चाहूंगा। जो प्राइवेट पार्टिसिपेंट्स हैं, बहुत बड़े दाता हैं। आप एल.आई.सी. से अगर पैसा लेंगे तो ब्याज के साथ उसे वापस देंगे। मुझे एक व्यक्ति मिला, वह गुजरात में एक स्टेशन पर 200 करोड़ रुपए खर्च करना चाहता है। वह गुजरात में सिर्फ एक स्टेशन पर दो सौ करोड़ रुपया खर्च करना चाहता है, वह भी फ्री में, ऐसे ही बहुत सारे लोग पैसा देना चाहते हैं...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Now nothing would go on record.

… (*Interruptions*)… *

**SHRI JHINA HIKAKA (KORAPUT): I express my views on Railway Budget 2016-17. It is interesting to note that this time Railway Budget has been based upon the intension to modernize the system. It is a passenger friendly budget focusing upon the installation of mobile charging facility at all stations, wi-fi connections, baby food in trains, bar coded tickets, vacuum bio-toilet, built-in dustbins, Deen Dayal Coaches, GPS based digital display, 24 hours helpline number, etc.

I am thankful to the Minister of Railways, Shri Suresh Prabhu that in this budget, there is provision for doubling and electrification of the route from Singapore road to Koraput and from Koraput to Jagdalpur in Odisha. This route will be immensely helpful for the people of the Southern Odisha, especially to the tribal people. It is a matter of pleasure that the new Rail lines like Jayapur to Malkanagiri and from Jayapur to Nabarangpur in Odisha have been sanctioned. We hope the Government would take steps to expedite the construction for laying the same rail lines to meet the aspirations of the people of my region.

However, I would also draw the attention of Railway Minister towards the following demands of the people of my region: to introduce a second passenger train to run from Koraput to Bhubaneswar; to introduce a link express from Koraput to New Delhi; to initiate the laying up of new rail line from Thiruwali to Gnupur in Odisha; to lay a new rail line from Rayagada to Gopalpur; to shift the rail station from market side to the town side at Maniguda Rail Station in Koraput region of Odisha; and to declare Rayagada as a new Railway division.

I am also of the view that along with the modern facilities, the security for passengers including women should be given importance. The food being served

* Not recorded.
** Speech was laid on the Table.

in the trains should also be in the standard parallel to the proposed modernization of Railways.

However, I wholeheartedly support the budget and urge upon the Minister to take action to spread rail transportation facilities in the undeveloped as well as in tribal areas to bring the people to mainstream society.

PROF. A.S.R. NAIK (MAHABUBABAD): Sir, I thank you for giving me this opportunity to express my views on the Railway Budget presented in this august House by our hon. Minister of Railways. Before expressing the views on the Budget, I convey my heart-felt greetings to all the women colleagues on the occasion of the International Women's Day.

Our Party is already in favour of the budget and we appreciate the new innovations and more facilities which have been provided to passengers. It is a welcome thing. In my Constituency which is in Telangana, there is reservation for the upliftment of SC/ST on the basis of their predominant population and their socio-economic conditions. Nearly 134 parliamentary constituencies are reserved for SCs/STs but there is no special provision or privilege in the General Budget or the Railway Budget or in MPLAD for their over all development. So, I do not know how they are going to reach their expectations. They are suffering since long.

My constituency is a reserved constituency for tribal where seven Assembly segments are there. Out of seven, six are reserved for the tribals. There are a few demands and requests from the tribals. Already my constituency is a disturbed constituency. The adivasis are facing many problems in my constituency. But their minimum demands have not been considered by the Railway Minister. For the last two years, I am trying for that. I have approached him personally also.

The first demand is for a new line. It was sanctioned in the year 2013-14. It is a new Railway line from Manuguru to Ramagundam which covers 180 villages in four districts. It is called a coal corridor. There is Medaram festival which is a tribal's festival celebrated in Yettu Nagaram but there are no facilities. Nearly 4000 buses are run for this. So the line which was proposed for tribal constituency should be given.

The second line is from Bhadrachalam to Kovvuru. Nearly 100 kilometres distance will be reduced if this line is constructed from Secundarabad to Vizag. It

is a very convenient railway line. Another request is for a new line from Pandurangapur to Sarapaka, Bhadrachalam which is a pilgrim centre. Sitaram Swamy Devalaya is there and it is visited by millions of people every year. Late Sri Bangaru Laxman the then Minister laid a foundation stone for this line. I would request the Minister to consider this issue. It is a question of only 13 kilometres. The foundation stone was laid by late Sri Bangaru Laxman, the then State Minister. But still it is pending.

Then I would request you to re-introduce a passenger train in between Dornakal and Yellendu. The coal mines are there and they require goods trains. But the Railways is unable to re-start this train.

Sir, my another request is that in the State Re-Organisation Bill it was mentioned that a Railway Coach Factory would be commissioned in Kazipet. That project is still pending. I would like to request the hon. Railway Minister to kindly to give preference to this project. If the Government fulfils its commitment, then only they can expect something from the people. Thank you.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : सभापति महोदय, आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। सबसे पहले मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा, जिन्होंने एक विजनरी, एक डाइनेमिक और इस प्रकार बजट दिया है, जो आम व्यक्ति के काम आ रहा है तथा आम पैसेंजर्स को किस प्रकार सुविधाएं दी जा सकती हैं, इसलिए उनके विजन को प्लस हमारे दोनों मंत्री, श्री सुरेश प्रभु और श्री मनोज सिन्हा जी का मैं हृदय से बहुत आभार प्रकट करता हू कि किराये का एक पैसा भी बढ़ाये बगैर उन्होंने इतना शानदार बजट पेश किया है, जिसमें सारे क्षेत्रों और सारे राज्यों का पूरा ध्यान रखा गया है, इसके लिए मैं इन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

महोदय, क्योंकि रेलवे को कहते हैं, Railways are the lifeline of the country. But in the last few years it was known as the political line. यानी इसके द्वारा दिल्ली में जमे रहने के लिए कई बार पोलिटिकल डिसिजन्स करते थे, झूठे वायदे कर देना, नई-नई घोषणाएं कर देना। वे जो बाते थीं, उनकी इस बजट में घोषणा न करके they believe in action. They believe in work. इसीलिए कहा जाता है कि अब बोलने की जरूरत नहीं है, अब काम बोलना शुरू होगा, हमारा काम बोलेगा। इसलिए मैं पुनः इन्हें एक बार फिर से हृदय से धन्यवाद देता हूं। चूंकि समय बहुत कम है, इसलिए मैं इस मौके पर सजेस्ट करना चाहूंगा कि आपने जो बजट पेश किया है, उसमें बच्चे से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक Right from infants to senior citizens तक जो सुविधाएं दी हैं, महिलाएं के लिए भी सुविधाएं दी हैं और सारे वर्गों को ध्यान में रखकर आपने वर्ष 2016-17 का बजट बनाया है, वह बहुत ही शानदार बजट है। क्योंकि आम आदमी को क्या चाहिए, वह गाड़ी में बैठे तो साफ-सुथरी कोच मिले, जगह मिल जाए, टिकट की व्यवस्था हो जाए, आम आदमी ये सारी सुविधाएं चाहता है और वे सारी सुविधाएं आपने दी हैं।

महोदय, इस समय मैं आपको कुछ सुझाव देना चाहूंगा, क्योंकि बाकी इस बजट में हमारे सभी पक्षों के विद्वान साथियों ने बहुत कुछ बातें कही हैं। I just want to give some suggestions. The first thing is about decentralisation of power. आपने टेंडर वगैरह को डीसैन्ट्रलाइज कर दिया है, लेकिन एक चीज को डीसैंट्रलाइज जरूर करें कि रेल के स्टापेज का जो मामला है, विदइन दि जोन, एट लीस्ट जनरल मैनेजर के अंडर जो एक ही स्टेट में ट्रेन चल रही हो, एक ही जनरल मैनेजर के अंडर वह ट्रेन हो तो उसका स्टापेज कहां होगा। Why is he sending the file to the Railway Board? Why should it not be decided at the level of the General Manager? आज मुझे एक छोटे से रेलवे स्टेशन के लिए मंत्री महोदय को अप्रोच करना पड़ता है और श्री मनोज सिन्हा साहब को हमारे इलाके की सारी पब्लिक ने एक-दो स्टापेज के लिए अर्ज किया है। But that is a long process.

आपने कहने के बावजूद भी the file has come to the Railway Board but it has not been decided. मंत्री महोदय यहां मौजूद है, मेरा निवेदन है कि कृपया within the Zone, within the range of the General Manager, even it may be of Express Trains उसमें स्टापेज का उसी लैवल पर निस्तारण करना चाहिए। These files should not be sent to the Railway Board.

इसके अलावा recruitment should be time-bound. टाइम बाउंड रिक्रूटमैन्ट होना चाहिए। आज रेलवे के अंदर रिक्रूटमैन्ट टाइम से नहीं होने से काफी नुकसान हो रहा है।

मेरा थर्ड पाइंट यह है कि रेलवे की प्रोपर्टी पर काफी अतिक्रमण है। आपने अभी पांच से दस परसैन्ट जो इंकम का नवअर्जन का फार्मूला अपनाया है, जितने अतिक्रमण है, आप उन्हें हटवायें और उस प्रोपर्टी का सदुपयोग किया जाए। वास्तव में कोर्ट में अतिक्रमण पर पचासों सालों से केस चल रहे हैं, मैं समझता हूं कि गवर्नमैन्ट यह सोचे कि इसे सेल ऑफ किया जाए, डिस्पोज ऑफ किया जाए तो वह भी किया जा सकता है। इस पर आप एक कमेटी बनाकर निर्णय करें।

महोदय, 311 स्टेशंस पर आपने सीसीटीवी कैमरे लगाकर सुरक्षा का प्रबंध किया है। Why do you not do it for all the 408 stations? सारे एवन और ए कैटेगरी के सारे स्टेशंस को इस कैटेगरी में लाया जाए, उन सारे स्टेशंस में इसी साल यह व्यवस्था करें। क्योंकि 311 और 408 में ज्यादा फर्क नहीं है। बाकी स्टेशन वाले अनावश्यक रूप से सोचेंगे कि हमारे यहां इस साल क्यों नहीं किया? कपया इस सुरक्षा के लिए कुछ करें। दूसरा, रेलवे की जमीन में से कई नाले जाते हैं और अर्बन लोकल बॉडीज़ जो हैं, सफाई वगैराह कराने की जिम्मेदारी उनकी होती है। रेलवे और उनके आपसी अनबन से कई बार नाले ओवर फ्लो होते हैं, झगड़े चलते हैं, आपने देखा था, पर्वतसर के अंदर आपके सामने लोगों ने प्रॉब्लम्स रखी थीं। ऐसे ही हमारे डेंगड़ा के अंदर है कि रेलवे की जमीन में से नाले जा रहे हैं, लेकिन आगे जा कर उनकी कोई सफाई नहीं हो पा रही है। इसके ऊपर आपको ध्यान देना है।

I am now coming to the problems of my own constituency, Nagaur. सबसे पहले मैं आपको धन्यवाद का पिटारा देना चाहूंगा कि बीकानेर-जयपुर इंटरसिटी का नाम लीलन कर दिया गया है, यह एक लोक देवता की घोड़ी के नाम पर किया है, इसके लिए आपको धन्यवाद देते हैं। दूसरा, 23 साल से पर्वतसर और मकराना के बीच में, एक ट्रेन बंद थी, 19 जनवरी को माननीय राज्य मंत्री महोदय आपने पधार कर उसको चालू करने का काम या, उसके लिए भी आपको धन्यवाद देते हैं। एक बैंग्लोर से बीकानेर जो ट्रेन चल रही है, उस ट्रेन का जो स्टॉपेज नागौर तक किया है, उसके लिए आपको धन्यवाद देते हैं। Nagaur Headquarters is having a population of more than 1.5 lakhs.

There was no stoppage earlier at that place. एक आपने जयपुर टू फुलेरा टू डेंगाणा तक जो डबल लाइन का निर्देश दिया है, उसके लिए भी धन्यवाद। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude. I have a long list of Members who want to speak.

SHRI C.R. CHAUDHARY: Sir, please allow me to speak for two minutes. I have been waiting for this opportunity to speak on the Railway Budget for the last four to five days. फुलेरा से डेंगणा तक जो किया, उसके लिए भी धन्यवाद। सबसे बड़ा है कि किशनगढ़ पर्वतसर के बीच में जो रेलवे लाइन आपने डिक्लियर की है, उसके लिए पूरे जिले की ओर से, पूरे राजस्थान की ओर से आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं। We want a new railway line between Nagaur and Didwana. वहां कोई रेलवे लाइन नहीं है, उससे आपको थोड़ा फायदा होगा क्योंकि राजस्थान में जिप्सम का सबसे बड़ा भण्डार है, वह जाइल है। वहां पर कोई रेलवे लाइन नहीं है। यदि यह रेलवे लाइन बनती है तो डायरेक्ट दिल्ली से जुड़ जाएगा। जितनी आपकी सीमेंट इंडस्ट्रीज़ हैं, वहां जिप्सम जाता है, लाइमस्टोन की दोनों माइंस वहीं हैं। इसी प्रकार से मेणता से पुष्कर जो है, यह रेलवे लाइन पहले की घोषित है, कृपया उसको बनवाने का कष्ट करें। मेरी सबसे बड़ी मांग है कि सराय रोहिल्ला से दिल्ली, जब से मैं आया हूँ तब से एक ही बात कहता हूँ कि इसको सातों दिन चलाया जाए और हरिद्वार तक चला दिया जाए। हम चार-पांच एमपीज़ ने मिल कर आप दोनों से निवेदन किया था कि कृपया ट्रेन नंबर 22482 को आगे चलाया जाए। Yashwantpur-Bikaner railway line is a great demand of the people residing in Bengaluru. इस ट्रेन को कम से कम चार-पांच ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing is going on record.

… (*Interruptions*)… *

* Not recorded.

श्री कांति लाल भूरिया (रतलाम) : सभापति महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने मुझे इस रेल बजट पर बोलने का मौका दिया है। माननीय रेल मंत्री जी द्वारा जो रेल बजट प्रस्तुत किया गया है, वह निराशावादी है। मैं कांग्रेस पार्टी की तरफ से इसके विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

सभापति महोदय, इस बजट में सरकार की तरफ से बढ़ा-चढ़ा कर कहा गया है। कहावत है कि पुरानी बॉटल में नई शराब डालने का काम इस सरकार ने किया है। रेल मंत्री जी ने लुभावना, जुमनेबाजी का बजट रखा है। अपनी कमी उजली बताने के लिए असफल कवायद भी उन्होंने की है। मैं उनको बधाई देता हूँ। लेकिन आज आज देश में स्थिति इतनी खराब है कि वहां पर सुविधा के नाम से जो बात की जा रही है और पिछले समय की यूपीए सरकार और उससे पहले कांग्रेस सरकार की रेलवे के मामले में जो व्यवस्था हुई थी, परंतु उस बात को भुला कर जो भी दिख रहा है, वह दो साल के अंदर ही हुआ है, 18 महीनों के अंदर ही हुआ है। यह कभी संभव हो सकता है? कोई जादू की छड़ी तो थी नहीं कि आपने घुमा दिया और सारा का सारा यथावत हो गया। ...(व्यवधान) सभापति महोदय, मैं सदन का और रेल मंत्री जी का भारतीय रेलवे के आदर्श के वाकये के बारे में याद दिलाना चाहता हूँ।

लाइफ लाइन ऑफ इंडिया यानी भारत देश की जीवन रेखा रेल है। इस आदर्श वाक्य का मतलब यह होता है कि रेलवे देश के उन इलाकों को देश की मुख्य धारा से जोड़े जो विकास की धारा से पिछड़े हैं, आदिवासी इलाके हैं, क्योंकि हमारे आदिवासी क्षेत्र की उपेक्षा हो रही है। जब सरकार की प्राथमिकता है कि आदिवासी क्षेत्रों में प्राथमिकता से रेल लाइन की बिछावट होनी चाहिए, पर आदिवासी क्षेत्रों में जो पुरानी योजनाएं थीं, उनको भी उन्होंने नजरंदाज किया है।

महोदय, रेल मंत्री अपने मंत्रालय के आदर्श वाक्य को ही भूल गए। मैं उन्हें याद दिला रहा हूं कि कैसे भूल गए, यह समझ के बाहर है। आदर्श वाक्य से यूपीए सरकार मध्य प्रदेश में, उससे जुड़े गुजरात, राजस्थान, उसमें यूपीए सरकार ने कई योजनायें आदिवासी क्षेत्रों की, वहाँ पर राजीव जी का सपना था कि आदिवासी क्षेत्रों को मुख्य धारा से जोड़ा जाए, उन क्षेत्रों को जोड़ने से विकास होता है, उद्योग बढ़ता है, मजदूरी मिलेगी, आवागमन होगा, मगर इस बात को छोड़कर, जब बड़ी-बड़ी महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की थीं, आपके दाहोद से इंदौर, वह साढ़े सात सौ करोड़ की थी, आज वह 16 सौ करोड़ हो गई, उन्होंने उसे रोक रखा है। जब यूपीए सरकार थी, वह योजना गुजरात से चलते-चलते मध्य प्रदेश बार्डर पर आ गई थी, उसको भी उन्होंने छोड़ दिया। उदयपुर से धार 6 सौ करोड़ की योजना थी, आज वह 12-15 सौ करोड़ की हो गई। अब जो योजनाएं चल रही हैं, पैसा 500 करोड़, 1000 करोड़ रूपए लग गया, उस योजना में नाम मात्र का पैसा दिया है।...(व्यवधान) इससे आज वहाँ सब लोग परेशान हैं।

महोदय, अभी आज यहाँ पर राज्य मंत्री महोदय हैं, यहाँ पर इतनी महत्वपूर्ण चर्चा चल रही है तो रेल मंत्री जी को यहाँ पर उपस्थित रहना चाहिए था। रेल मंत्री जी उपस्थित नहीं हैं, हम किससे बात करें?...(व्यवधान) इसी तरह से इस बात को देखें कि डूंगरपुर, राजस्थान से लेकर बांसवाड़ा और रतलाम, वह रेलवे लाइन बांसवाड़ा-डूंगरपुर शुरू हो गई, पर जैसे ही एनडीए सरकार आई, माननीय नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि मेरी सरकार आने दो, मैं रेलवे इंदौर पहुँचा दूँगा, डूंगरपुर से रतलाम होती हुई उधर निकाल दूँगा। उन्होंने बड़े-बड़े आश्वासन दिए थे, अच्छे दिन लाने की बात कही थी, अच्छे दिन तो आए नहीं और वह योजना आज दम तोड़ रही है। इसकी क्या वजह है? क्यों आदिवासी क्षेत्रों की आप लोग उपेक्षा करते हैं? आपकी कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर है, इस बात को आपको समझना चाहिए।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Hon. Member, please address the Chair.

श्री कांति लाल भूरिया: महोदय, इसी तरह से उन्होंने कहा था कि हम रेलवे बजट में किराया नहीं बढ़ाएंगे। आपने बताया कि नहीं बढ़ाया, आपने कहा कि भाड़ा नहीं बढ़ाया। आपने पिछले समय में दरवाजे के पीछे से 11 बार किराया बढ़ाया। 11 बार डेढ़ साल में किराया बढ़ाया। आप रिकॉर्ड उठाकर देख लीजिए, अपने विभाग वालों से पूछ लीजिए। 11 बार आपने किराया बढ़ाया और रेल बजट पेश करते वक्त कहा कि हमने किराया नहीं बढ़ाया। आपके रेलवे प्लेटफार्म पर कोई वीआईपी आते हैं, शादी के बाद अपनी बहन-बेटी को छोड़ने जाते हैं, उसके टिकट का भी आपने दोगुना किराया बढ़ा दिया है। उसका भी आपने बढ़ा दिया है, रेलवे टिकट का बढ़ा दिया और देश की जनता को गुमराह करने के लिए यहाँ पर कहा कि नहीं, हमने कोई किराया नहीं बढ़ाया। आप इस तरह से देश की जनता को धोखा मत दीजिए। जनता सब जानती है, सब समझती है।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing is going on record.

… (*Interruptions*)… *

* Not recorded.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।...(व्यवधान) हिन्दुस्तान के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आदरणीय सुरेश प्रभु जी और मनोज सिन्हा साहब ने जो जानदार और शानदार बजट पेश किया है, उसका मैं समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: The time is already over.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी : कुछ लोग हैं, जो इस देश में चाहे तो स्क्रैप बेचकर बजट लाए होंगे या फिर इस देश के हजार फीट...(व्यवधान) कांति लाल जी यह भूल गए कि सारा बजट इनका पवन बंसल जी ले गए।...(व्यवधान)अभी तक जितने बजट पेश हुए, उसमें या तो स्क्रैप बेचकर बजट लाया गया या फिर कोई आधारभूत ढाँचे का निर्माण नहीं किया गया। हिन्दुस्तान आज़ाद होने के बाद यह पहला बजट होगा जिसमें न तो यात्री किराया बढ़ाया गया, न ही मालभाड़ा बढ़ाया गया, बल्कि आधारभूत संरचना में इतना काम किया गया जितना हिन्दुस्तान आज़ाद होने के बाद पहले कभी नहीं हुआ। मैंने भी अभी तक के इतिहास में चाहे डबलिंग हो या ट्रिपलिंग हो या इलैक्ट्रिफिकेशन करना हो, चाहे नई रेल लाईन डालनी हो या ब्रॉडगेज का निर्माण हो, इस प्रकार का काम मैंने भी पहले कभी नहीं देखा। आपने देखा होगा कि इस बजट में पहली बार चाहे आर.ओ.बी. और आर.यू.बी. हो, मैंने देखा कि पिछले दो वर्षों में जितने आर.ओ.बी. और आर.यू.बी. पिछले दो वर्षों में बने, पिछले साठ वर्ष इनकी सरकार रही लेकिन पहले कभी इतने आर.ओ.बी. या आर.यू.बी नहीं बने। चाहे रेलवे स्टेशनों के मॉडिफिकेशन का काम हो या स्वच्छता का काम हो, चाहे सिगनल लाइन का मॉडिफिकेशन का काम हो, चाहे लिफ्ट लगाने या एस्केलेटर लगाने का काम हो, इतना काम पहले कभी नहीं हुआ। मैं इतना ज़रूर कहना चाहता हूँ कि जिस प्रकार से माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने नेशनल हाईवेज़ बनाने की सोची थी, जिसकी पहले किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। उन्होंने 2001 में इसका निर्माण किया और 2004 में इसे राष्ट्र को समर्पित कर दिया। वे इस देश की वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी के लिए भी एक उदाहरण पेश करके गए और ऐसा ही काम रेल मंत्रालय ने किया और वह काम अभी शुरू हुआ है। इस कार्यकाल में उस काम को भी अंजाम देने का काम यह सरकार कर रही है।

मैं ज्यादा पुरानी बातों में नहीं जाना चाहता। मैं तो इतना ही कहना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंदर एक रेलवे लाईन है जिसकी आज़ादी के बाद से ही माहोली बड़ी सादरी के निर्माण की मांग हो रही थी। इस सरकार ने न केवल उसकी स्वीकृति दी बल्कि दो माह में उस काम को पूरा करने का टैंडर भी दे दिया। वह काम कोई कर सकता है तो नरेन्द्र मोदी जी की सरकार कर सकती है। मैं इतना ज़रूर कहना

चाहता हूँ कि आज रेल ऐसा साधन है कि जो पूरी दुनिया को राष्ट्रीय एकता के सूत्र में बाँधता है। उसमें आगरा से लेकर मगध और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के लोग यात्रा करते हैं क्योंकि आम आदमी के लिए यात्रा करने का सबसे सस्ता साधन यदि कोई है तो वह रेलवे है। आज चाहे कश्मीर में, हमारी वादियों में रेल ले जाने का काम हो, चाहे पूर्व में त्रिपुरा में बड़ी लाईन ले जाने का काम हो, चाहे गुजरात के रेगिस्तान में रेल लाईन ले जाने का काम हो, यह काम अगर किसी ने शुरू किया तो एनडीए की सरकार और नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में यह काम शुरू हुआ।

मैं एक दो बातें और कहकर अपनी बात समाप्त करना चाहता हूँ। आपने मुझे यहाँ बोलने का अवसर दिया है तो मैं अपने संसदीय क्षेत्र की बात करना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र में भी एक नहीं, अनेक काम ऐसे हुए हैं। अभी कांतिलाल जी बोल रहे थे कि इनकी सरकार में 2008 में अहमदाबाद से उदयपुर का काम शुरू हुआ और आठ सालों में इन्होंने सिर्फ 80 लाख दिये और हमारी सरकार ने सिर्फ एक साल में सवा तीन सौ करोड़ रुपये का बजट देकर उस काम को अंजाम तक पहुँचाने का काम किया है। छोटे-मोटे काम तो इतने किये हैं कि उनकी कल्पना नहीं कर सकते। आदरणीय मनोहर पर्रिकर साहब चले गए। आपने माहोली से बड़ी सादरी आपने आमान परिवर्तन का कार्य कर दिया। मैं आदरणीय मनोज सिन्हा साहब से कहना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र का सिर्फ एक काम है जिसको मैं करने के लिए कहता हूँ। बड़ी सादरी से छोटी साजड़ी होकर नीमच और नीमच से जोधपुर कैन्ट, जो सेना की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण काम है, उसको पूरा कराने का मैं आपसे हाथ जोड़कर आग्रह करता हूँ। एक काम और है। जो हमारी बांद्रा गाड़ी जयपुर, अजमेर और उदयपुर से चलती है जो तीन दिन वहाँ से और तीन दिन यहाँ से चलती है, उसको रेगुलर चलाया जाए। साथ ही कुछ दिनों में लोग कभी अफ़ज़ल की बरसी मनाते हैं कभी मकबूल बट्ट की मनाते हैं। रेल में चूँकि राष्ट्रीय एकता का एकमात्र सूत्र दिखता है, देश भर के लोग उससे आते हैं, रेलवे स्टेशन पर या रेल के डिब्बों में हमारे शहीद, जिन्होंने इस देश की आज़ादी के लिए शहादत दी, ऐसे शहीदों के चित्र और उनकी जीवनी इसमें अंकित कराने का काम करें ताकि जो लोग दिग्भ्रमित हो गए हैं, उनको भी कुछ सद्बुद्धि आए। जिन लोगों ने भारतमाता के टुकड़े कराकर प्रधान मंत्री की कुर्सी हासिल की, उन लोगों को भी कोई सद्बुद्धि मिलेगी।

सभापति जी, मैं एक और निवेदन करना चाहता हूँ। चूँकि मेरा संसदीय क्षेत्र बहुत बड़ा है, मेरे संसदीय क्षेत्र में तीन डीआरएम और तीन ज़ोन लगते हैं - जबलपुर, जयपुर और मुम्बई। मैं चाहता हूँ कि मेरा जो चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र है, वह एक ही क्षेत्र में आ जाए, एक ही ज़ोन और एक डीआरएम ऑफिस वहाँ हो जाए ताकि सारी समस्याओं का समाधान वहाँ हो सके। मैं चाहता हूँ कि उज्जैन में बहुत बड़ा

महाकुंभ भी हो रहा है। वहाँ ऐसी कई ट्रेनें लगाई जाएँ ताकि लोगों को सुविधा हो सके। साथ ही वहाँ बहुत बड़ी सीमेन्ट इंडस्ट्री भी है, मार्बल उद्योग भी है, वेदान्ता का हिन्दुस्तान ज़िन्क का बहुत बड़ा प्लान्ट भी है। वहां एक कंटेनर डिपो भी बनाया जाये, ताकि व्यावसायिक दृष्टि से भी वहां के लोगों को लाभ मिल सके। मैं इतना और निवेदन करना चाहता हूं कि आज उदयपुर में हो, चाहे चित्तौड़गढ़ में हो, सैकिण्ड एंट्री हो, चाहे अन्य काम हो, इन कामों को तो आपने किया ही। ...(व्यवधान)

मैं एक मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि यह जितनी योजनाएं हैं, चाहे आप रतलाम से हमारी डूंगरपुर बांसवाड़ा हो, राजस्थान में हिन्दुस्तान के आजाद होने के बाद जितना बजट नही मिला, उतना आपने अभी दिया है और पिछले बजट से 550 करोड़ इस रेल बजट में आपने राजस्थान को दिया है, चूंकि राजस्थान पर्यटन की दृष्टि से, चाहे हैरीटेज की दृष्टि से, चाहे हमारे सैंक्चुरी की दृष्टि से, और कई दृष्टि से राजस्थान एक ऐसा प्रदेश है, जो आगे बढ़ रहा है और पर्यटन के मामले में बहुत आगे है तो ऐसे में आपने रेलवे लाइन में बहुत पैसा दिया है तो आने वाले समय में भी हमने जिस प्रकार से जितनी रेल लाइनें मांगी हैं और कुछ आपने आशा केन्द्र बनाने का काम शुरू किया है, टूरिज्म सर्किट के नाम से, अजमेर को तो आपने उसमें शामिल कर लिया। अब उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और उज्जैन को आप एक टूरिज्म सर्किट के नाम से उसमें जोड़ने का काम करें, ताकि उस क्षेत्र के लोगों को उससे लाभ मिल सके।

एक अन्तिम बात कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। कल हमने शिव की आराधना कर ली, आज शक्ति की आराधना कर ली और आज प्रभु से और आदरणीय मनोज सिन्हा साहब से और पर्रिकर साहब से अन्तिम बार मैं कहता हूं कि नीमच से बड़ी सादड़ी और फिर मावली से हमारी राई मारवाड़ तक जोड़ दी जाये, ताकि एक बहुत बड़ा काम से वहां की जनता को एक राहत मिलेगी। यही बात कहकर मैं इस बजट पर सहमत हूं और इसका समर्थन करता हूं।

*SHRI RAMESHWAR TELI (DIBRUGARH): The Railway Budget, 2016 presented by the Hon'ble Railway Minister Shri Suresh Prabhuji is a welcome step on the part of the Government for the Country in general and the North-East in particular. I thank the Hon'ble Railway Minister for increasing the allocation of the North-East Frontier Railway (NFR) to Rs. 40,000 crore from Rs. 35,065 crore. The announcement made by the Railway Minister in his budget speech that better connectivity to the north eastern states is of utmost importance for the railways really deserved kudos.

I would like to request the Hon'ble Railway Minister to initiate appropriate action for electrification of railway lines which has been long pending demand of the people of Assam.

I would like to request the Hon'ble Railway Minister to re-open the Bogapani Railway station in Tinsukia district of Assam which had been closed several years back. The re-opening of the railway station at Bogapani will go a long way in helping the railway commuters who are in great distress due to the sudden closure of the station.

To conclude, I once again congratulate the Railway Minister for presenting a pragmatic, dynamic and a people friendly budget.

Thank you.

* Speech was laid on the Table.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : सभापति महोदय, मैं तो इससे शुरू करना चाहूंगा कि If the train does not stop at your station, then it is not your train. आज यह मानसिकता देश के अन्दर है कि रेल दे दो, रेल दे दो। मैं सरकार को बधाई देता हूं कि पिछले दो सालों से ट्रेन का लालच छोड़कर ट्रेन की सुविधाओं को सुधारने के लिए सरकार ने कदम उठाये हैं। खास तौर पर सुरेश प्रभु जी का आभार प्रकट करूंगा, क्योंकि पिछले दिनों जब वे हिसार में आये तो मैंने रेलवे कर्मचारियों के क्वार्टर उनको दिखाने का काम किया और उस दर्द को उन्होंने समझा और इस बजट के अन्दर 23 नये क्वार्टर उन छोटे कर्मचारियों के लिए उन्होंने बनाने का काम किया, जो पिछले 40 सालों से टूटे क्वार्टरों में रहने का काम कर रहे थे। एक बहुत लम्बी मांग थी कि हिसार में लम्बे रूट की गाड़ियां नहीं आती थीं। हरियाणा का अधिकतम हिस्सा छूट जाता था। मैं आभार प्रकट करूंगा कि पिछले बजट में जिस वाशिंग यार्ड के लिए एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, सरकार ने उस हिसाब जंक्शन की अहमियत समझ कर 9.5 करोड़ रुपये इस साल के बजट के अन्दर उस वाशिंग यार्ड के लिए लाने का काम किया।

पूरे देश के अन्दर एक बहुत अहम जरूरत थी, ओवर दि काउण्टर ड्रग्स की, बेसिक सैनीटरी आइटम्स की, छोटे-छोटे बच्चों की रिक्वायरमेंट की चीजों की और सरकार ने इस बजट के अन्दर मैजोरिटी बड़े स्टेशनों के अन्दर ओ.टी.सी. सैण्टर्स बनाने की जो बात की है, उसके लिए मैं सरकार को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। यहां इलैक्ट्रिफिकेशन एक बहुत अहम हिस्सा है, आज के दिन रेलवेज़ का, चूंकि डीजल और कोल इंजन से आज पोल्यूशन होता है, एन.जी.टी. भी निरन्तर कदम उठा रही है कि पोल्यूशन को रोका जाये, वहां सरकार ने लगभग दो करोड़ रुपये का प्रावधान हिसार लोक सभा क्षेत्र के अन्दर इलैक्ट्रिफिकेशन का किया है। मैं उसके लिए भी सरकार का आभार प्रकट करूंगा। आज जहां हम रेल की बात करते हैं, मैंने बहुत से साथियों को सुना, सब साथी सरकार का आभार प्रकट कर रहे थे कि आपने एक्सकेलेटर्स दिये, एलीवेटर्स दिये, माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं, मैं एक गुजारिश आपसे करूंगा, आज अगर आप स्टेशन पर जाते हैं, चाहे नई दिल्ली चले जाइये, चाहे हिसार चले जाइये, जहां-जहां डबल डेकर ट्रेंस की प्रोवीजंस आपने रखी है, वहां-वहां आपने जो फुट ओवरब्रिज थे, उनको दोगुनी हाइट पर ले जाने का काम किया है। आज अगर हम लुटियंस दिल्ली का नक्शा देखें, उस समय गौरों ने सोचा था कि अगर हमने सज़कों के ऊपर से कुछ बनाना शुरू कर दिया तो शायद एरिया ज्यादा यूटीलाइज़ होगा, जो व्यवस्था है, उसमें लोगों को तंगी आएगी और ब्रिज बनाने का काम किया।

21.00 hours

आज हम यूरोप में चले जाएं, तो किसी भी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ऊपर से नहीं जाना पड़ता, बल्कि अंडरवेज़ बनाकर उन्हें मूलभूत सुविधाएं, चाहे वह दिव्यांगों के लिए स्लोप देने की हो, चाहे आम नागरिकों के लिए सीढ़ियों की हो, उसे रेलवे लाइन के नीचे से निकालने का काम किया जाता है। मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि इस पर भी सोच-विचार करने का काम करें।

पिछले रेल बजट की स्पीच में मैंने आग्रह किया था कि अगर आज कोई रेल दुर्घटना हो जाती है, तो हमें हर यात्री को मुआवज़ा देना पड़ता है। जिस तरह प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना की बात करते हैं, प्रधान मंत्री जन-धन योजना के तहत बीमा की बात करते हैं, तो क्यों नहीं हम रेलवे के अन्दर टिकट में सरचार्ज जोड़ कर हर यात्री को इंश्योरेंस देने का काम करें, जिससे हमारी सरकार को बारी-बारी से किसी को खैरात के तौर पर मुआवज़ा न देना पड़े, बल्कि उसकी टिकट के अन्दर ही हम उसके लिए मुआवज़ा देने का काम कर पाएं।

माननीय सभापति महोदय, मैं मार्क ट्वेन की एक कोट को पढ़ना चाहूंगा - "Railroads are like a lie; you have to keep building to keep it alive." मैं यह आग्रह करूंगा कि उस असत्य को और आगे ले जाने का काम न करें। आज जब हम बजट खोलते हैं तो इतने वायदे होते हैं और ये आज के नहीं, सिन्हा जी देख रहे हैं, ये आज के नहीं, बल्कि जब नीतीश कुमार जी थे, लालू प्रसाद यादव जी, ममता जी, उसके बाद हमारे खड़गे जी थे। अब आपकी सरकार है। जब आपकी सरकार आई, तो दो रेलवे लाइन के लिए सर्वे की घोषणा की गयी। इसके लिए दस-दस लाख रुपए दिए गए और वह सर्वे फिजीबल सर्वे था कि हिसार को चंडीगढ़ से सिरसा को चंडीगढ़ से जोड़ने के लिए उकलाना-नरवाना का कनेक्शन किया जाएगा। आपको जो रिपोर्ट आई, उसके अंदर भी वह फिजीबल आया। मगर, आज तक उसके लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। इस बजट के अन्दर भी 400 करोड़ रुपए के प्रावधान वाले हिसार-अग्रवा-सिरसा-फतेहबाद जो लाइन है, उसकी घोषणा कर दी गयी। मगर, जब हमने बजट की बुकलेट्स खोली, तो उसके अंदर मात्र दस लाख रुपए थी। दस लाख रुपए में तो सरकार केवल सोच-विचार जरूर कर सकती है, लेकिन रेल लाइन लाकर नहीं दे सकती।

महोदय, मैं आग्रह करूंगा कि हम कदम उठाएं, तो ऐसे कदम उठाएं कि उसे उसके पूरे लास्ट एण्ड तक पहुंचाने का काम करें। जिस तरह हमारे कांग्रेस के सांसद बोल रहे थे कि हमने यह लाइन बनाई और आज वह लाइन रूक गयी। आपकी पार्टी के सांसद बोल रहे थे कि यह लाइन आपने रोकी हुई थी और हमने उसको पूरा कराया। मेरा यह आग्रह है कि देश की बढ़ोतरी के लिए, देश के विकास के लिए हम

जो भी घोषणा करें, उसके लिए ऐसे प्रावधान करके जाएं कि वह अपने आखिरी छोर तक पहुंचने का काम करें।

मैं एक-दो आग्रह आपसे अपने प्रदेश के लिए करूंगा। आज जिस तरह हम हृदय की बात करते हैं, हमारे सारे हेरिटेज साइट्स को, हमारे सारे धार्मिक संस्थाओं को जोड़ने की बात करते हैं, तो आज हरिद्वार को अमृतसर के साथ जोड़ने के लिए एक बहुत अहम हिस्सा महाभारत की लड़ाई का है और वह है कुरूक्षेत्र। बहुत लम्बे समय से कुरूक्षेत्र-हरिद्वार रेलवे लाइन लम्बित पड़ी है। आपसे आग्रह करता हूं कि इस लाइन को पूरा करवाने का काम करें।

मुझ से पूर्व बोलने वाले सभी सांसद आज यह बात कर रहे थे कि हमारे सैनिकों को पूर्ण तौर पर, आखिरी छोर तक सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। माननीय पर्रिकर साहब यहां बैठे हैं। मैं उन से भी आग्रह करूंगा कि अगर हम सिरसा को इलाहाबाद से जोड़ने का काम करेंगे, तो वह केवल 23 किलोमीटर का पैच है, मगर दिल्ली को पाकिस्तान के साथ अनूपगढ़ बॉर्डर तक जोड़ने के लिए वह एक सीधी लाइन मिलेगी। इस पर भी जरूर सोच-विचार करने का काम करें।

माननीय रेल मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि मेरा लोक सभा क्षेत्र भी तीन रेलवे डिवीजंस में आता हैं - अम्बाला, बीकानेर और दिल्ली। आज अगर किसी डी.आर.एम. के साथ बैठक करनी पड़ती है, तो छः घंटे ट्रेन की यात्रा करनी पड़ती है। आपसे आग्रह करता हूं, क्योंकि उत्तर भारत की यह जरूरत है कि एक नयी रेल डिवीजन बने। इसलिए पहले भी 22 एकड़ ज़मीन नेवली खुर्द गांव के लोगों ने रेल विभाग को देने की बात की थी। अगर आप चाहते हैं कि वह डिवीजन बने, तो मैं जरूर अपनी ओर से भी यह प्रस्ताव दूंगा कि उस डिवीजन को बनाने का काम आप पूरा करें।

गुड़गांव के अन्दर सिटी सेन्टर तक मेट्रो है। पर, गुड़गांव का जो ग्रामीण क्षेत्र धनकोट है, जहां से हमारे पार्लियामेंट के कर्मचारी भी मेट्रो से चढ़ कर आते हैं, कृपया सोच-विचार करके पुराने गुड़गांव से होते हुए धनकोट गांव तक उस मेट्रो लाइन को जोड़ने का काम करें।

आखिर में, आपसे एक आग्रह करूंगा कि हिसार-सिरसा को हमारे प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ से जोड़ने के लिए, जो लगभग 210 किलो मीटर का पैच है, उसके लिए मैं किसी स्पेशल ट्रेन की मांग नहीं करता, बल्कि मैं यह मांग करता हूं कि जो डेमू है, अगर उसे भी आप सात कोचेज की चलाएंगे, तो सुबह से लेकर शाम तक हमारी राजधानी के लिए जो बेसिक सुविधाएं हैं, उसे भी हम पूरी तौर पर कर पाएंगे।

सभापति महोदय, आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, I have a long list of speakers. If the House agrees, the time for the discussion may be extended by one more hour.
SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

श्री लल्लू सिंह (फ़ैज़ाबाद) : माननीय अधिष्ठाता महोदय, आपने रेल बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, जिस देश में हर क्षण करोड़ों की संख्या में लोग रेलवे ट्रैक पर यात्रा कर रहे हों ऐसे विशाल देश में यात्रियों को बेहतर सुविधा मिले, यह सरकार के बेहतर उत्तरदायित्व का बोध है। माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, माननीय सुरेश प्रभु जी, रेल मंत्री और मनोज सिन्हा जी के द्वारा प्रस्तुत यह बजट समय की शिला पर अमिट हस्ताक्षर साबित होगा। आने वाले दिनों की रेल व्यवस्था इसकी पुष्टि करेगी।

माननीय रेल मंत्री ने रेल बजट में यात्री सुविधाओं को प्रमुखता देने के साथ ही इसके ढांचागत संसाधनों में वृद्धि करके अगले कुछ वर्षों में जो तस्वीर आलंकित की गई है, उससे रेल की व्यवस्था विश्व के अन्य देशों की रेल व्यवस्था के सापेक्ष बेहतर होने की उम्मीद है।

मान्यवर, बजट संकेत करता है कि रेल व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन दिखाई पड़ेगा। बजट घोषणाओं का दस्तावेज नहीं है, यह यथार्थ के करीब दिखेगा, जरूरत बस थोड़े से इंतजार की है।

माननीय रेल मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट बहुआयामी है। इसके जरिए देश के लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। माननीय रेल मंत्री ने देश के विभिन्न भागों के साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र के लिए भी रेल बजट में विभिन्न परियोजनाओं की घोषणा की है। इसमें बाराबंकी से फैजाबाद होते हुए अकबरपुर रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण, फैजाबाद से मनकापुर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण, फैजाबाद-बस्ती नई रेलवे लाइन का सर्वेक्षण सहित तमाम ऐसी परियोजनाओं की घोषणा की गई है, जिसके लिए हम अपने क्षेत्र के पूज्य साधु-संतों की तरफ से, क्षेत्र की जनता की तरफ से हम माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देते हैं।

माननीय रेल मंत्री जी ने इस देश में कई परियोजनाओं की घोषणा की है जिससे देश के विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को रेलवे के माध्यम से जोड़ने का खाका आस्था सर्किट के माध्यम से खींचा गया है, लेकिन थोड़ी सी पीड़ा है। माननीय मंत्री जी शायद भूल गए कि आस्था का प्रमुख केन्द्र आयोध्या है, जो सप्तपुरियों में प्रथम है, वह आस्था सर्किट से गायब है। इसलिए हमारी मांग है कि माननीय मंत्री जी आस्था सर्किट में अयोध्या को लाने का काम करें।

आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से हमारी दूसरी मांग है, जहां भगवान श्रीकृष्ण जी ने पूरब से पश्चिम इस देश को जोड़ने का काम किया, वहीं प्रभु श्रीराम ने उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का काम किया है, इसलिए अयोध्या से रामेश्वरम तक पिछले कई वर्षों से हम मांग कर रहे हैं कि अयोध्या से, फैजाबाद से रामेश्वरम तक नई रेल देने की घोषणा माननीय मंत्री जी करें। इसी के साथ-साथ अयोध्या से प्रयाग होते हुए चित्रकूट तक नई इंटरसिटी ट्रेन चलाई जाए। इसी के साथ-साथ फैजाबाद से मुंबई जो सप्ताह में तीन दिन ट्रेन चलती है, उसे प्रतिदिन करने की घोषणा माननीय मंत्री जी करें। इसी के साथ-साथ तीन स्थानों पर ओवर ब्रिज का निर्माण, मौदहा रेलवे स्टेशन, फैजाबाद, बांदकपुर रेलवे स्टेशन, दमोह और जखनिया ओवर ब्रिज एनईआर का निर्माण कराने का कष्ट करें।

अपनी तरफ से और अपने क्षेत्र की जनता की तरफ से माननीय मंत्री जी को हम धन्यवाद देते हैं और विश्वास करते हैं कि आस्था सर्किट से अयोध्या को जोड़ने की माननीय मंत्री जी इसी सदन में घोषणा करेंगे, धन्यवाद।

SHRIMATI K. MARAGATHAM (KANCHEEPURAM): Hon. Chairperson, I express my sincere thanks to our beloved leader, the hon. Chief Minister, Puratchi Thalaivi Amma, for giving me an opportunity to speak on the discussion on the Railway Budget 2016-17.

In his Budget Speech, the hon. Railway Minster said: "These are challenging times, may be one of the toughest." Indeed, it is truly a very challenging task for the Railway Minister to cater to the needs of different cross sections of society, length and breadth of the country.

Sir, the hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma stated that this Budget belied the sense of expectation nursed by many segments of the population with no new trains and no new railway lines. It was also surprising that no specific projects were announced including several projects in Tamil Nadu.

I take this opportunity to furnish in this august House, the demands concerning railways of the people of Tamil Nadu, particularly my Kancheepuram Constituency for consideration and speedy implementation.

There is a need to speed up the construction of a subway at Level Crossing No. 45 between Thirukalukundram and Chengalpattu as the work is progressing very slow.

I would request for early completion of rain water channel at Level Crossing No. LC-54, Chengalpattu-Thirukalukundram Railway Crossing.

Similarly, I would also request for provision of an escalator facility in Chengalpattu Railway Station as many foreign tourists and aged people board trains from this station.

Sir, there is a need to set up a Railway Reservation Centre at Siruseri and Maduranthakam in Kancheepuram.

I demand for stoppage of Trains No. 16101/Rameshwaram Express and 16713/Rameshwaram Express at Maduranthakam Railway Station.

Train No. 40801/40802, Chennai Beach-Kancheepuram EMU does not stop at Nathapettai, Old Seevaram, Villiambakkam and Reddipalayam. I would request the hon. Minister to please see the stoppage is given at these stations.

I would request for sanction of the Mahabalipuram to Puducherry and Guduvanchery to Avadi *via* Sriperumbudur and Irungattukottai Railway route. This project was conceived way back in 2008.

Sir, construction of Rail Over Bridge at Othivakkam is still pending even after Rs. 7 crore were sanctioned. This is a very important place where an ROB is necessary to avoid traffic jams. I would, therefore, request the hon. Railway Minister to expedite this project.

Sir, in the end, I would urge upon the hon. Railway Minister to take necessary steps to expedite these long pending railway demands of the people of my Constituency Kancheepuram.

With these words, I conclude. Thank you.

श्री भगवंत खुबा (बीदर): सभापति महोदय, वर्ष 2016-17 के रेल बजट पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको हृदय से धन्यवाद देता हूं। जब रेल मंत्री, माननीय श्री सुरेश प्रभु जी 25 तरीख को रेलवे बजट सदन में प्रस्तुत कर रहे थे तो मुझे थोड़ा याद आ रहा था कि चुनाव से पूर्व माननीय प्रधानमंत्री जी इस देश के नागरिकों को कुछ नारा दिये थे - 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत', 'सबका साथ - सबका विकास' और 'अच्छे दिन आयेंगे'। उन्हीं बिन्दुओं के लिए अपने रेलवे मंत्री माननीय सुरेश प्रभु जी और रेल राज्य मंत्री श्री मनोज सिन्हा जी, दोनों बधाई के पात्र हैं, मैं दोनों को बधाई देता हूं, मैं उन्हें बधाई इसलिए देता हूं कि पिछले छः साल में नये रेलवे लाइन का प्रोगेस सिर्फ चार किलोमीटर प्रतिदिन था, सिर्फ एक साल के अंदर उन्होंने इसे सात किलोमीटर प्रतिदिन बढ़ाया और आगे आने वाले बजट में करीब 13 किलोमीटर प्रतिदिन रेलवे लाइन बिछायेंगे और दूसरे साल में 19 किलोमीटर प्रतिदिन नयी रेलवे लाइन बिछायेंगे, इसके लिए माननीय मंत्री जी बधाई के पात्र हैं। केवल इतना ही नहीं कई छोटे-छोटे अन्य बिन्दू हैं - रेलवे यात्री अपने प्रवास के समय जो कठिनाइयां उठाते थे, पहले रेल बहुत गंदगी से भरा हुआ रहता था, माननीय प्रधानमंत्री जी के 'स्वच्छ भारत' अभियान के तहत रेलवे मंत्रालय भी 'स्वच्छ रेल - स्वच्छ भारत' का नारा देते हुए, बीस महीने के अंदर संपूर्ण रेलवे स्टेशंस, रेल बोगियों में स्वच्छता का अनुभव करा रहा है इतना ही नहीं, तकरीबन 17 हजार बायो-टॉयलेट्स इस बार बनाने जा रहे हैं। साथ ही करीब 475 स्टेशनों में टॉयलेट्स बनाए जाएंगे। सबसे अहम चीज जो विश्व में पहली बार रेलवे मंत्रालय इंट्रोड्यूस कर रहा है, वह बायो-वैक्यूम टॉयलेट हैं। इसके लिए मैं एक बार और मंत्रालय को बधाई देता हूं। पहले जब स्टेशन पर लोग टिकट खरीदने आते थे तो काफी समय लग जाता था। समय में कटौती करने के लिए एक मिनट में करीब 7,200 टिकट देने का प्रस्ताव किया गया है। डिजिटल इंडिया के अंतर्गत मौनीटर और मेनटेनैंस स्विच्ड टू आईटी प्लेटफार्म किया गया है। इतना ही नहीं, अगर रेलवे में सफर करते समय स्वच्छता चाहिए तो एसएमएस के जरिए स्वच्छता हो सकती है। विकल्प के आधार पर ट्रेन बदलने की सुविधा की गई है। इससे काफी प्रवासी लोगों को सुविधा मिलेगी।

मैं कर्नाटक, बीदर पार्लियामैंट्री कौन्सटीटूएंसी से आता हूं। पहली बार कर्नाटक के लिए 2,765 करोड़ रुपये बजट में आवंटित किए गए हैं। पिछली यूपीए सरकार से तीन गुना ज्यादा दिया गया है। इसके लिए मैं दोनों मंत्रियों को बधाई देता हूं। मेरे क्षेत्र में बीदर-गुलबर्गा के लिए नई लाइन का काम खत्म होने वाला है। इसके लिए 40 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मैं इस दिसम्बर में उसका सम्पूर्ण काम पूर्ण करने के बारे में आग्रह करता हूं। दो नई लाइन - गुलबर्गा और लातूर का सर्वे हो चुका है।...(व्यवधान) मैं उसके लिए बधाई देता हूं। बोधन और बीदर नई लाइन के बारे में कहा गया है। मैंने मुम्बई-लातूर बीदर तक

एक्सटैंड करने के बारे में मांग की थी। वह अभी तक नहीं हुआ है। मैं आग्रह करता हूं कि उसे किया जाना चाहिए। बीदर-खानापुर में पिटलाइन का काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है। पिछली बार जीएम ने कहा था कि उसे मार्च में कम्प्लीट कर दिया जाएगा। उसे पूरा करवाया जाना चाहिए। गुलबर्गा में डिवीजन घोषित हुए तीन साल के करीब हो चुके हैं। वह भी करवाया जाना चाहिए। यादगीर में नई कोच फैक्ट्री के लिए 70 करोड़ रुपये ऑलरेडी रेलवे खर्च कर चुका है। उसे दूसरे फेज में लेकर कम्प्लीट किया जाना चाहिए। अगर यशवंतपुर-बीदर को लातूर तक एक्सटैंड किया जाए तो रिवैन्यू और बढ़ जाएगा। मैं मैटल कुंटा के पास आरयूबी की एक साल से मांग कर रहा हूं। वह भी किया जाना चाहिए। एक्सप्रैस ट्रेन का कमलनगर में स्टॉपेज किया जाना चाहिए। बीदर और मुम्बई के लिए जो ट्रेन हफ्ते में एक बार चलती है, उसे प्रतिदिन किया जाना चाहिए। वाडी गदग लाइन को तुरंत गति से किया गया तो अच्छा होगा।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : सभापति महोदय, आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। एक बहुत व्यापक, ठोस रेल बजट, विकासोन्मुख रेल बजट माननीय मंत्री श्री सुरेश प्रभु जी ने लोक सभा में रखा है। इसके लिए श्री सुरेश प्रभु और रेल राज्य मंत्री श्री मनोज सिन्हा को अपनी ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। साथ ही कहना चाहूंगा कि आपकी ऐसी मंशा है कि आप रेल के माध्यम से देश का विकास करना चाहते हैं और देश के लोगों को अच्छी से अच्छी रेल सुविधा देना चाहते हैं।

मैं आपके सामने कुछ सुझाव रखना चाहता हूं। मैं बिहार के औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र से चुन कर आता हूं, यह इलाका दक्षिण बिहार का पिछड़ा और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित है। मेरा एक सुझाव है, दिल्ली से कोलकाता मेनलाइन है, उसको दिल्ली कोलकाता ग्रांडकोट लाइन से जोड़ने के लिए कई वर्षों से एक रेल लाइन बिहटा-औरंगाबाद प्रस्तावित है इसकी दूरी 118 किलोमीटर है। यह ऐसे भाग को रेल सुविधा से जोड़ेगा जो पिछड़ा है, उग्रवाद से प्रभावित है, 50-60 किलोमीटर तक कोई भी रेल लाइन वहां के लोगों को नसीब नहीं है। इस परियोजना की लागत 400 करोड़ रुपये है लेकिन मात्र सांकेतिक तौर पर 2 करोड़ रुपये इसके लिए प्रावधान किया गया है जिससे कुछ भी काम होने वाला नहीं है। मेरा निवेदन है कि इसमें कम से कम इतनी राशि का प्रावधान करें कि कुछ काम आगे बढ़े। 2007 से यह रेल परियोजना प्रस्तावित है, इसका सर्वे भी हो चुका है। दूसरा काम जो कई वर्षों से चल रहा है यह बहुत बड़ी परियोजना है और देश के लिए अच्छी योजना है, दिल्ली से दानकुनी डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर, आपने फ्रेट कॉरीडोर के निर्माण के लिए ज्यादा धन दिया है लेकिन इसमें और ज्यादा धन उपलब्ध कराकर परियोजना को कम से कम समय में पूरा करें तो यह देश की अर्थव्यवस्था में बहुत ही सहायक होगा। इसके साथ मेरे संसदीय क्षेत्र के अधीन दो आरओबी हैं, जो रफीगंज से पूरब है और दूसरा गुरारू से पश्चिम है, दोनों जगह स्टेट हाईवे ग्रांटकोड लाईन क्रास करता है, बड़ी संख्या में वहां गाड़ियों का आना-जाना है, रेलवे का फाटक बंद होने से लोगों को असुविधा होती है। मेरा अनुरोध है कि रफीगंज और गुरारू में आरओबी का निर्माण कराया जाए। मैं केवल रेलवे से मांग ही नहीं कर रहा हूं बल्कि रेलवे की आमदनी कैसे बढ़े, मुझे इसकी भी चिंता है। गया में रेलवे के पास कई एकड़ में जमीन है जो बहुत ही प्राइम लोकेशन पर है जहां व्यावसायिक गतिविधियां हो सकती है जहां रेल अपने लिए कुछ कर सकता है, रेलवे वहां मॉल बना सकता है वहां शॉपिंग कम्पलेक्स बना सकता है। उससे साल में रेलवे को करोड़ों रुपये की आमदनी हो सकती है। मेरा निवेदन है कि इसका सदुपयोग किया जाए। एक गाड़ी गया से मद्रास तक चलती है इस गाड़ी को बंगलौर तक कर दिया जाए जिससे बिहार के लोगों को अच्छी रेल सुविधा मिले जिससे बिहार के लोग सीधे उसी

गाड़ी से सीधे बंगलौर पहुंच सकेंगे। एक बहुत ही पुराना रेल लाइन प्रस्तावित है जो गया-रफीगंज-मानीकरपुर जो मध्य प्रदेश में है, जिसके लिए सर्वे भी हुआ था मगर उस पर कोई काम आगे नहीं बढ़ सका। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस काम को आगे बढ़ाया जाए और इस क्षेत्र के पिछड़े लोगों की सहूलियत के लिए इस रेल लाइन का निर्माण कराया जाए।

हमारे संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्टेशन हैं जिसमें एन स्टेशन है जो ए ग्रेड का स्टेशन है, जिला मुख्यालय का स्टेशन है, एन रोड में जितनी भी गाड़ियां वहां से गुजरती हैं, जो गाड़ियां वहां नहीं रुकती हैं, मैं किसी एक गाड़ी का नाम नहीं लेना चाहता, वहां सारी गाड़ियों का ठहराव होना चाहिए जो वहां से गुजरती है। वह बहुत ही ज्यादा राजस्व देने वाला स्टेशन है, ए ग्रेड का स्टेशन है जहां से प्रति वर्ष 10 करोड़ से ज्यादा रेलवे को आमदनी होती है। फेसर, जाखिम, रफीगंज, गुरारू और पराईया स्टेशनों पर कम से कम सुपरफास्ट गाड़ियों का ठहराव किया जाए ताकि वहां की जनता को लाभ मिल सके। उस स्टेशन से चार-चार राजधानी गाड़ियां गुजरती हैं लेकिन हम लोगों को केवल राजधानी गाड़ी गुजरते हुए देखने को मिलता है न हम वहां ऊतर सकते हैं न चढ़ सकते हैं, वह पूरा इलाका वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित है, यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा का भी सवाल है। इसलिए निवेदन होगा कि ए.एन. रोड स्टेशन पर कोई एक राजधानी, चाहे आप हावड़ा राजधानी का ठहराव दे दें या सियालदाह राजधानी का ठहराव दे दे, लेकिन कम से कम एक राजधानी का ठहराव जरूर दें।

माननीय सभापति जी, मैं मंत्री जी के बगल से इसलिए बोल रहा हूं, ताकि यह मेरी बात ज्यादा सुन सकेंगे और उस पर गौर करेंगे, तो बड़ी कृपा होगी। धन्यवाद।

PROF. RICHARD HAY (NOMINATED): Hon. Chairman, Sir, I thank you very much for giving me this opportunity. I heartily compliment the hon. Minister of Railways for presenting a very pragmatic and innovative Budget, which focuses on all round development of the Indian Railways.

Everyone must appreciate this mammoth organisation, which is the 4th largest railways in the world catering to 1.25 billion people, the largest employer in the world, is taking up more challenging task on a time bound basis.

I would like to specially request the hon. Minister of Railways to ensure that the proposed long distance trains pass through my State Kerala, which is an end destination and as many Keralites work in different parts of the country. Similarly, I request the hon. Minister very humbly to extend the Delhi-Chennai Dedicated Freight Corridor to Kerala too so that our State also gets the benefit of this flagship project.

I would also bring to the attention of the hon. Minister a very important matter regarding the Tellicherry-Mysuru railway project. The Tellicherry-Mysuru railway is equally important for Karnataka and Kerala since this is the shortest route between Mangaluru and Bengaluru via Mysuru. The actual distance from Tellicherry to Mysuru is 145 kilometres. Through this rail line, passengers can save at least four hours in their journey time making this the preferred route between Mangaluru and Bengaluru via Mysuru. This railway line will help in the faster growth of Malabar area of Kerala and the coastal districts of Karnataka especially the Mangaluru region.

During the time of the Maharaja Wodeyar of Mysuru in 1910, the English East India Company started the survey in this regard, which was left incomplete because of the World War. In 1955, Pandit Jawaharlal Nehru sent Lal Bahadur Shastri to Tellicherry to personally study the ground reality. During his visit in 1956, Shastri ji had given assurances to the local people that the project would be

implemented without delay. The survey was restarted the same year in 1956. But it was discontinued halfway due to the unexpected resignation of Mr. Shastri ji. The survey conducted by the Railways during 2006 was not factual. Therefore, I humbly request the hon. Minister of Railways to conduct an independent re-survey under supervision of a man of repute for unwavering ethical standards like Mr. E. Sreedharan. Thank you.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): सभापति महोदय, सर्वप्रथम मैं माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने समृद्ध भारत की परिकल्पना के साथ हम सभी भारतीयों में गर्व की भावना जागृत की है। इसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री आदरणीय श्री सुरेश प्रभु एवं आदरणीय मनोज जी का मैं ह्रदय से आभारी हूं। भारतीय हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाती है।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर, झारखंड राज्य की औद्योगिक राजधानी होने के कारण एक मिनी भारत के रूप में जाना जाता है। माननीय रेल मंत्री आदरणीय सुरेश प्रभु जी एवं मनोज जी का मैं आभार प्रकट करना चाहता हूं, जिन्होंने मेरे अनुरोध पर एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए दुरंतो एक्सप्रैस का बोडिंग टाटानगर में दिया। इसके साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों में लगभग 32 जगहों पर बोडिंग की सुविधा दी। मैं दोबारा माननीय मंत्री जी का आभार प्रकट करना चाहता हूं कि महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए रेल लाइन के विस्तार हेतु 15 करोड़ रुपये का आबंटन किया, जो रेलवे लाइन चांडिल, बोडाम, पोटमदा, कांटिन, बाधवान होते हुए झाड़ग्राम मुख्य लाइन को जोड़ेगा तथा टाटा नई दिल्ली एवं कोलकाता दोनों महत्वपूर्ण शहर को जोड़ने का काम करेगा।

मेरा संसदीय क्षेत्र चक्रधरपुर डिवीजन रेलवे को 40 प्रतिशत राजस्व देने का काम करता है। जमशेदपुर लोक सभा क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग लंबित है। जिन लाइनों का सर्वे हो चुका है जैसे बुड़ामारा, बहरागोड़ा होते हुए बागापोसी से ओडिसा तक एवं कांड्रा से नामकुम तक नई रेल लाइन तथा टाटा से बादाम पहाड़ होते हुए वाया बालेश्वर होते हुए भुवनेश्वर को जोड़ा जाये। जिससे लाइन जोड़ने से टाटा भुवनेश्वर की दूरी सौ कि.मी. कम हो जाएगी एवं दोहरीकरण की आवश्यकता है।

माननीय रेल मंत्री सुरेश प्रभु जी एवं मनोज जी का मैं आभार प्रकट करते हुए उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि झारखंड की राजधानी रांची में माननीय मुख्य मंत्री के साथ एक विशेष कार्यक्रम की उन्होंने घोषणा की थी कि पुरुषोत्तम एक्सप्रैस जो दिल्ली में 18 घंटे रुकी रहती है, उसे जयपुर तक एक्सटेंड किया जाएगा। इसलिए हमारी मांग है कि उसको अविलम्ब एक्सटेंड किया जाए। इसके साथ ही कुछ नयी ट्रेन्स की मांग भी आपके समक्ष रखना चाहता हूं- टाटानगर से अहमदाबाद, टाटानगर से बक्सर, टाटानगर से जयनगर, सुपौल तथा तराई क्षेत्र, टाटानगर से कटियार, टाटानगर-सिटी-भागलपुर की मांग भी पूरी की जाए। साथ साथ टाटा से जो जसवंतपुर के लिए सप्ताह में एक दिन ट्रेन चलती है, कम से कम उसे पांच

दिन चलाया जाए। घाटशिला-धलविंगर के बीच में चरुगौड़ा में हॉल्ट एवं पुरुषोत्तम को दो मिनट का ठहराव, हल्दी-पोकरवन, उड़ीसा के सिथिरसहाय में एक हॉल्ट स्टेशन जुगशाला-चाकुली-आसनबनी, बारीगोड़ा-गोविंदपुर में आरओबी का निर्माण, साथ-साथ चाकुलिया-घाटशिला -जादूगोड़ा-आसन-गोविंदपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म को ऊंचा किया जाए तथा इसके साथ ही सभी स्टेशंस पर शौचालय का निर्माण किया जाए। धन्यवाद।

श्री अभिषेक सिंह (राजनंदगांव) : महोदय, मैं सबसे पहले आदरणीय रेल मंत्री जी को और आदरणीय रेल राज्य मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह इतने धैर्य के साथ सभी सांसदों के महत्वपूर्ण सुझावों के ऊपर विचार कर रहे हैं। मैं जिस राज्य छत्तीसगढ़ से आता हूं और जिस राजनंदगांव जिले से मैं आता हूं, उन दोनों का भारतीय रेलवे के साथ महत्वपूर्ण लगाव है। छत्तीसगढ़ जो एसईसीआर के अंतर्गत रेलवे को पूरे देश में से सर्वाधिक रेवेन्यु देने वाला राज्य है, उसके साथ-साथ राजनंदगांव जिला, जहां से छत्तीसगढ़ में रेलवे की शुरूआत हुई थी। मैं माननीय कांग्रेस सदस्यों के भाषणों और मीडिया में उनके द्वारा दिए गए बयानों को देख रहा था। उन्होंने भारतीय रेल की फाइनैंशियल हेल्थ को लेकर चिंता व्यक्त की है। हम सब भी माननीय कांग्रेस सदस्यों की चिंता से सहानुभूति रखते हैं और लगभग 60 वर्षों में भारतीय रेलवे की जो उपेक्षा हुई है, उसी का नतीजा है कि आज भारतीय रेलवे इस चरण पर आकर खड़ा हुआ है। मैं इस सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं, माननीय रेल मंत्री और रेल राज्य मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस बजट में महत्वपूर्ण बदलाव लाते हुए पहली बार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर व्यक्तिगत दलगत राजनीति की महत्वाकांक्षा का जो जरिया रेलवे बन गया था, उससे हटकर इस देश को प्रगति पर लाने के लिए रेलवे के महत्वपूर्ण संसाधनों का संशोधन किया है। उसमें विकास की एक नयी दिशा दी है।

महोदय, पिछले लगभग एक दशक की यदि मैं बात करूं तो रेलवे के अंदर जितने भी फंड्स का उपयोग हुआ है, उनमें से 60 प्रतिशत फंड का प्रयोग उन प्रोजेक्ट्स के लिए हुआ था जिनका आरओआर नैगेटिव था। मैं अपने क्षेत्र की सबसे प्रमुख मांग जो मंत्री जी ने पूरी की है, लगभग डोंगरगढ़ से खैरागढ़-कवर्धा और विलासपुर 270 कि.मी. की रेलवे लाइन को स्टेट के साथ ज्वाइंट वेंचर करके पूर्ण किया है। उसके लिए मैं पूर्ण रूप से साधुवाद अदा करता हूं। अपने क्षेत्र में मैं मांग करता हूं कि जो डेडीकेटेड फ्रैट कोरीडोर के अंतर्गत इस बजट में दस लॉजिस्टिक पार्क को स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। वह मेरे क्षेत्र में हो सके।

अपने क्षेत्र में राजनंदगांव से लेकर बोरतालाब तक के स्टेशंस को जो अभी नागपुर मंडल में आता है, उसको रायपुर मंडल में शामिल किया जाए, ऐसी मांग मैंने पहले भी की थी और इसमें कुछ शुरुआत भी हुई है और मुझे खुशी भी हुई है तथा मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में यह मांग पूरी होगी। डोंगरगढ़ पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश का सबसे प्रमुख धार्मिक स्थल है। इसे पर्यटक सर्किल में शामिल किया जाए जिससे उस क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिल सके। मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि रेलवे में महिलाओं के लिए एक डेडीकेटेड बोगी की व्यवस्था की जाए तो बहुत अच्छा होगा। धन्यवाद।

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे रेल बजट पर अपने विचार रखने का अवसर दिया इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

महोदय, आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय रेल मंत्री जी और माननीय रेल राज्य मंत्री श्री मनोज सिन्हा जी को एक ऐतिहासिक रेल बजट प्रस्तावित करने के लिए मैं हृदय से धन्यवाद करता हूँ। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नयी सोच, नयी कार्य-प्रणाली तथा नयी खोज के अनुरूप एक भारत श्रेष्ठ भारत को विश्वस्तर पर स्थापित करने का जो सपना है, आज उसी के अनुरूप माननीय रेल मंत्री एवं माननीय रेल राज्य मंत्री जी ने बिना रेल किराया बढ़ाये रेल के विकास एवं यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए जो रेल बजट पेश किया है, वह अत्यंत ही सराहनीय है।

जैसा कि मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में वर्णित किया है कि आज तक रेल भाड़ा बढ़ाकर ही रेलवे राजस्व में वृद्धि किया जाता रहा है परंतु इस रेल बजट में इसके अतिरिक्त मालभाड़ा की नीतियों में परम्परागत सोच को बदलकर नयी सोच के अनुरूप आधुनिक नीति बनाकर तथा दूसरे अन्य संसाधनों के द्वारा राजस्व अर्जित कर रेल के विकास तथा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा का काम किया गया है। मैं माननीय रेल मंत्री जी की इस दूरदर्शिता के लिए भी मैं धन्यवाद करता हूँ। यह माननीय रेल मंत्री जी की ही दूरदर्शिता है कि आज रेलवे में निवेश करने के लिए उद्यमियों का ध्यान आकृष्ट हुआ है और मुझे विश्वास है कि निवेश के क्षेत्र में भी रेल मंत्री जी के ज्ञान का लाभ रेलवे को मिलेगा।

रेलवे मात्र यात्री व माल ढोने का ही साधन नहीं है। अपितु, यह पूरे देश को एकसूत्र में पिरोने का माध्यम भी है। यही नहीं लाखों लोगों को रोजगार देने के अतिरिक्त रेल से जुड़े लोगों जैसे मजदूर, वेंडर, रिक्शा चालक, टैक्सी चालक आदि तथा जो अन्य लाखों लोग इससे जुड़े हुए हैं, की जीविकोपार्जन का संसाधन भी प्राप्त होता है। यही नहीं जैसे माननीय रेल मंत्री जी ने जो लक्ष्य रखा है कि आने वाले वर्षों में करोड़ों लोगों के लिए रोजगार का सृजन किया जाएगा। गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए रेल खादी ग्रामोद्योग और महिला स्वयं सहायता समूह को आंशिक सहायता देकर रोजगार सृजन का विचार किया है। यह एक अत्यंत ही सराहनीय कदम है।

इस रेल बजट में बिहार को प्राथमिकता देने के लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी का कृत आभारी हूँ जैसे मढ़ौरा जनपद में रेल इंजन निर्माण कारखाना, मधेपुरा में रेल डिब्बों का निर्माण-कारखाना, दीघा से पहलेजा घाट पर रेल-सह-सड़क पुल का निर्माण कर इसे चालू करने तथा गंगा पर नई रेल पुल के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने पर एक बार फिर से मैं हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

महोदय, आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मैं आग्रह करता हूँ कि उत्तर बिहार विशेषकर सारण, सीवान जिला, जिसके अंतर्गत मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज भी है, तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश जो आर्थिक दृष्टिकोण से अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है, के विकास के लिए मेरा कुछ निवेदन है।

महाराजगंज में रेलवे की बेकार पड़ी लगभग 50 एकड़ जमीन में सारण, सीवान एवं गोपालगंज जिला के लिए रैक यार्ड बनाया जाए।

लोक नायक जय प्रकाश नारायण जी की जन्मभूमि जिला सारण के छपरा से महात्मा गांधी की कर्मभूमि जिला पूर्वी चम्पारण के चकिया तक नई रेल लाइन बनाया जाए।

एकमा एवं महाराजगंज, दाउदपुर रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन बनाया जाए। मांझी ग्रामीण रेलवे स्टेशन का निर्माण शीघ्र पूरा कर उसे चालू कराया जाए। छपरा एवं सीवान रेल पथ में माने एवं पियानो ग्राम के बीच रेलवे हाल्ट बनाया जाए। महाराजगंज-मशरख रेल लाइन के कार्य को गति प्रदान करते हुए उसे शीघ्र पूर्ण कराया जाए। बरौनी से गुड़गांव तक एक नई सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए ताकि गुड़गांव में रहने वाले लाखों बिहारवासियों सहित पूर्वांचल के लोगों को सीधे आवागमन की सुविधा मिल सके। वर्तमान में चल रही राजधानी (गुवाहाटी-नई दिल्ली भाया बलिया) को प्रतिदिन चलाया जाए। छपरा शहर के जगदम कॉलेज के पास रेलवे क्रासिंग तथा छपरा शहर के ही श्याम चक के पास 51 नं. रेलवे क्रासिंग पर उपरगामी पथ बनाया जाए। एकमा एवं महाराजगंज एवं दाउदपुर रेलवे स्टेशनों पर आरक्षण केन्द्र खोला जाए। दाउदपुर रेलवे स्टेशन पर मौर्या एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। प्रत्येक ट्रेनों में एक किसान कोच लगाया जाए। एकमा में ग्वालियर-झांसी तथा आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव किया जाए। पटना से दीघा-सोनपुर रेल पुल, छपरा, सीवान, गोरखपुर होते हुए एक नई राजधानी ट्रेन चलाई जाए।

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): महोदय, आज महिला दिवस है और मैं माताओं को, बहनों को तथा बेटियों को अपनी ओर से महिला दिवस की बहुत-बहुत बधाई देता हूं और अभिनंदन करता हूं इन शब्दों के साथ कि वे कोमल हैं कमजोर नहीं, शक्ति का नाम ही नारी है, जग को जीवन देने वाली मौत भी मुझसे हारी है।

महोदय, मैं रेल बजट के लिए श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की सरकार में इस बजट में प्रस्तुत हमारे क्षेत्र की बहु प्रतीक्षित मांग जिसका कि मेरे सहयोगी साथी ने भी उसका उल्लेख किया बिलासपुर से डोंगरगढ़ आपने इसे स्वीकृति प्रदान की है। ब्रिटिश काल से मांग चल रही थी जिसमें बिलासपुर से मुंगेली, मुंगेली से कवर्धा, खैरागढ, डोंगरगढ़ के लिए रेल लाइन के लिए मैं अपनी ओर से, अपने क्षेत्र की ओर से आपका हृदय से आभारी हूं तथा अभिनंदन करता हूं। इस बजट में सभी वर्गों के लिए चाहे वे बच्चे हों, युवा हों, बुजुर्ग हों, महिला हों या गरीब हों, आपने सभी वर्गों के लिए प्रावधान किया है। आपने यह प्रयास किया है कि यह बजट सर्व-स्पर्शी हो सके। इसके बाद भी कुछ बातें मेरे क्षेत्र में है।

आपको मालूम है कि बिलासपुर रेलवे जोन सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला जोन है। कुछ विषयों के बारे में पूर्व से ही मांग होती आ रही हैं, उनमें से कुछ इस प्रकार हैं-

जोनल मुख्यालय बिलासपुर में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की स्वीकृति हुई है। पिछले वर्ष से ही उसके लिए बजट का आवंटन हो गया था, परंतु उसका निर्माण नहीं हो पा रहा है। मेरा आग्रह है कि उसे पूरा कराया जाए।

दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के जोनल मुख्यालय बिलासपुर में रेलवे मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग वर्षों से चली आ रही है, उसे भी पूरा करने की कृपा करेंगे।

इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बन जाने के कारण तथा बिलासपुर के रेलवे जोन का मुख्यालय होने के कारण वहाँ पर एक रेलवे ट्रिब्यूनल कोर्ट की स्थापना की जाए।

दो ट्रेनें, राजधानी एक्सप्रेस तथा दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस बिलासपुर से गुजरती हैं, मेरा आग्रह है, मेरे साथी ने इसका समर्थन किया है कि राजधानी ट्रेन सप्ताह में मात्र दो दिन चलती है, इसे रेगुलर किया जाए। छत्तीसगढ़ सम्पर्क क्रांति, जो दुर्ग से निज़ामुद्दीन तक चलती है, उसे भी रेगुलर किया जाए।

मेरा आग्रह है कि यह रेल बजट हर भारतीय के लिए सर्व-स्पर्शी बन सके, जो हमारा नारा है- " सबका साथ, सबका विकास " के संबंध में मैं "नवम् बुद्ध अवतार भगवान श्री मायानंदजी चैतन्य " की भावना के अनुसार एक कविता आपके बीच रखना चाहता हूँ, उसके बाद मैं अपनी बात को विराम दूँगा।

" तुम गहो विश्वजन सत् सुख का सोता है,
ईश्वरी धर्म सो विश्व रूप होता है।

उसमें नहिं ईसा, जैन, हिन्दू, इस्लामी,
नहिं दर्शन, मत,पथ, सम्प्रदाय परणामी,
नहिं बड़ा, न छोटा, गृही भेखवा स्वामी,
नहिं मंत्र-तंत्र-यंत्रादिक वा सतनामी,
जो सब नामों का अहंकार धोता है,
ईश्वरी धर्म सो विश्व-धर्म होता है।"

आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देते हुए, अपनी वाणी को विराम देता हूँ।

SHRI RABINDRA KUMAR JENA (BALASORE): Mr. Chairman, Sir, thank you so much for this opportunity to speak.

At the outset, I must congratulate and thank the hon. Minister of Railways for virtually taking the Railways out of the ICU. The Railways was in an Intensive Care Unit and he has taken enormous steps to see that the Railways is out of the ICU.

Mr. Chairman, Sir, the Railways have appointed so many Committees for making various recommendations, while no other department in the world has made those many number of Committees. Invariably, most of the Committees have recommended that implementation is the key to success in Railways.

If we look at what has happened, in 2005, there was announcement of a Dedicated Rail Freight Corridor. It took one year to appoint its Managing Director in that Dedicated Rail Freight Corridor; and it took four more years to sack that Managing Director which means all most five years had gone without doing much of a job. So, what was the result? The result was that Rs. 25,000 crore worth project has become Rs. 1,00,000 plus crore project. That is how the Indian Railways have lost and the country has lost.

The good part in this Budget is that a lot of focus has been given to the implementation part. So, we must thank the Railway Minister for putting a lot of focus on the implementation part.

Having said that, I will come to a couple of key issues which are of concern to us because we expected a lot more from Shri Suresh Prabhu Ji and his team.

One of the biggest criteria for the operating ratio is that the operating ratio in the Budget was declared as 92 per cent, which is a key concern for us. Added to this, if you look at the indefinite postponement of allocation to the Depreciation Reserve Fund, it makes the scenario more complicated. Obviously, everybody is looking at a more better operating ratio for the Railways to make it more financially viable.

The second and the most important part is that I come from Balasore, which is in the northern part of Odisha, and we come under the South Eastern Railway. Historically, post Independence, year after year, we have lost. We have been deprived of various developments that took place under the South Eastern Railway. Since its Headquarters is in Kolkata, whether it is due to that reason or otherwise, we do not know. We sincerely urge upon the Railway Minister to see that we are out of the South Eastern Railway and we are made a part of the East Coast Railway.

We would urge upon the Hon. Minister to name Balasore Railway Station in the name of Fakir Mohan Senapati, who was virtually the saviour of Odiya language. This is our sincere demand.

The last demand is to provide a passenger train service from Balasore to Nilgiri where already goods train is plying. It is a meagre investment. The earlier Railway Minister had already announced that it had been approved. But the fact is that it has not been approved. I myself have checked it. I would urge upon the hon. Railway Minister to see that this particular project for a railway passenger connectivity from Balasore to Nilgiri which is a tribal-dominated area, is done. Thank you very much.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : सभापति महोदय, सर्वप्रथम मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का मौका दिया। यह देश बहुत बड़ा भूभाग है और आप जानते हैं कि अनेकता में एकता भारत की विशेषता है, यह बात रेलवे द्वारा प्रतिबिम्बित होती है। देश की एकात्मकता और अखण्डता को बल प्रदान करने वाला यह रेल ही है। सर्वप्रथम मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एक कर्मयोगी, दूरदर्शी रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु जी द्वारा पेश इस प्रगतिशील, ऐतिहासिक रेल बजट के लिए उन्हें एवं मर्मयोगी यशस्वी रेल राज्यमंत्री श्री मनोज सिन्हा जी को हार्दिक बधाई देता हूं।

महोदय, आज मैं बड़े हर्ष के साथ यह कहना चाहता हूं कि यह बजट कुशलता, समग्रता, समरूपता और पूरी पारदर्शिता के साथ एक संतुलित बजट है। साथ ही, वर्ष 2016-17 के रेल बजट द्वारा विजन को यथार्थ की ओर ले जाने का कदम उठाया गया है, वह अत्यंत ही सराहनीय है। इस बजट के माध्यम से खासकर यात्रियों की सुविधा को विशेष ध्यान में रखते हुए किराए में वृद्धि न करते हुए अधिक से अधिक सुविधाओं के साथ-साथ बच्चों के लिए जननी सेवा के तहत परिवार के साथ सफर कर रहे छोटे बच्चों के लिए ट्रेनों में भोजन, गर्म दूध और गर्म पानी का प्रावधान, महिलाओं की सुरक्षा के लिए 24 घण्टे महिला सुरक्षा हेल्पलाइन, बुजुर्गो के लिए प्रत्येक ट्रेन में 120 सीटें, ऑनलाइन व्हील चेयर की सुविधा, दिव्यांगों के लिए प्रथम श्रेणी के स्टेशनों पर विशेष शौचालय, स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत मिशन के अनुसरण में रेलगाड़ियों में 17,000 जैव शौचालय, 475 स्टेशनों पर अतिरिक्त शौचालय, युवा छात्रों के लिए इंटर्नशिप, रेल कर्मचारियों के कौशल विकास प्रशिक्षण, कुलियों को यात्री सहायक के रूप में आगे लाने, हमसफर, तेजस, उदय और पंडित दीन दयाल जी की स्मृति में अन्त्योदय नाम से ट्रेन के परिचालन करने तथा दीन दयाल जी सवारी डिब्बा की घोषणा तथा नई तकनीक डिजीटल इंडिया पर जोर देते हुए हेल्पलाइन नम्बर 139 से टिकट रद्द करने की सुविधा, 400 स्टेशनों पर वाई-फाई, पी.ए. सिस्टम संस्थापित करके गाड़ियों में मनोरंजन की व्यवस्था, अहमदाबाद से मुंबई तक एक हाई स्पीड पैसेंजर कॉरीडोर, रेल पटरियों के आस-पास भूमि पर बागवानी तथा वृक्षारोपण का उपयोग, सभी बड़े स्टेशनों पर सीसीटीवी, प्रायोगिक आधार पर बार कोड वाले टिकट, हैंड हेल्ड टर्मिनल द्वारा टिकट बिक्री, मिशन जीरो दुर्घटना के मिशन में बिना चौकीदार वाली लेवल क्रॉसिंग्स को समाप्त करना जैसी सुविधा का प्रावधान रखा गया। इसके लिए मैं इस बजट की जितना प्रशंसा करूं, वह कम है।...(व्यवधान) महोदय, मुझे बोलने के लिए दो मिनट समय दीजिए। मैं आपकी जानकारी के लिए कहना चाहता हूं कि रेलमंत्री जी ने जो बजट पेश किया है...(व्यवधान) मुझे एक मिनट समय दीजिए। मैं रेल मंत्री श्री प्रभु द्वारा देशभर की, विशेषकर बिहार की सभी लम्बित परियोजनाओं को अधिकाधिक राशि, लगभग 3100 करोड़ रुपये प्रदान कर उन्हें गति देने के लिए इस रेल बजट में

समुचित प्रावधान कर गति तथा हमारी चिरलम्बित मांगों भागलपुर विक्रमशिला से गंगा पार कटरिया रेललाइन की राशि सहित स्वीकृति के लिए बिहार की जनता की तरफ से साधुवाद देते हैं।

हमारे संसदीय क्षेत्र बक्सर, जो महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि तथा माता अहिल्या के अवतरण स्थल एवं वामन भगवान का अवतरण स्थल है, जो धार्मिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है, जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी मिनी काशी को चरितार्थ करते हुए सभी दृष्टिकोण से विकसित करने की बात कही थी, अतः इसकी महत्ता को देखते हुए बक्सर के स्टेशन को एक अत्याधुनिक सुविधा युक्त आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित किया जाए, एवं पिट प्वाइंट यथा ट्रेन ठहराव सह रेलवे यार्ड की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही, महर्षि विश्वामित्र सहित भगवान राम दरबार का चित्र बक्सर स्टेशन तथा वहां से खुलने वाली गाड़ियों में लगाया जाए तथा महर्षि विश्वमित्र की पावन तीर्थस्थली बक्सर में आपका स्वागत है, इस आशय के बोर्ड बक्सर स्टेशन पर लगाए जाएं। बक्सर स्टेशन से प्रतिदिन बिहार एवं उत्तर प्रदेश के कई जिलों की बहुत बड़ी आबादी यात्रा करती है। यह क्षेत्र तीर्थाटन के साथ-साथ व्यावसायिक दृष्टि से भी काफी प्रगतिशील है। तीर्थाटन के साथ-साथ आजादी की लड़ाई की एक क्रांतिकारी एवं ऐतिहासिक भूमि के रूप में सुप्रसिद्ध रहा है। अतः बक्सर स्टेशन पर सभी राजधानी एक्सप्रेस, विक्रमशिला एक्सप्रेस, सीमांचल एक्सप्रेस, अर्चना एक्सप्रेस, सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस सहित सभी रेलगाड़ियां, जिनका ठहराव नहीं है, उनका ठहराव सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, गंगा-दामोदर एक्सप्रेस, टाटा पटना दुर्ग एक्सप्रेस को बक्सर तक विस्तारित किया जाए। डुमरावं तथा रघुनाथपुर स्टेशन के पास ओवरब्रिज बनाया जाए। डुमरावं स्टेशन पर संघमित्रा एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक पूर्वा एक्सप्रेस, पटना मथुरा कोटा एक्सप्रेस का ठहराव तथा स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जाए। रघुनाथपुर स्टेशन से कुछ ही दूर पर अवस्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर एक तीर्थस्थली है तथा यहां पशुओं का सोनपुर के बाद राज्य में दूसरा बड़ा मेला लगता है। अतः स्टेशन के आधुनिकीकरण के साथ-साथ, मथुरा पटना एक्सप्रेस, भागलपुर दादर एक्सप्रेस, भागलपुर अजमेर शरीफ एक्सप्रेस, मगध पटना एक्सप्रेस, कुर्ला एक्सप्रेस, भागलपुर दिल्ली गरीबरथ आदि ट्रेनों का ठहराव जनहित में आवश्यक है। यहां महिला प्रतीक्षालय, शौचालय एवं पानी आदि की भी समुचित व्यवस्था की जाए। भभुआ रोड पटना जाने वाली इंटरसिटी को कर्मनाशा होते हुए मुगलसराय जंक्शन तक वाया गया और आरा, दोनों इंटरसिटी एक्सप्रेस को कर्मनाशा स्टेशन होते हुए मुगलसराय तक चलाया जाए। कर्मनाशा में महाबोधि एक्सप्रेस का ठहराव तथा दुर्गावती में फुटओवरब्रिज बनाया जाए। साथ ही,बक्सर के पुनिया, गोविनापुर में समपार पथ की व्यवस्था की जाए तथा दुर्गावती के चिहरिया में भी ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए।

इसके अतिरिक्त, आरा से मां मुंडेश्वरी धाम तक नई रेल लाइन का विस्तार, बक्सर से रामगढ़ होत हुए मां मुंडेश्वरी धाम तक नई रेल लाइन एवं मुंडेश्वरी धाम से विंध्याचल तक नई रेल लाइन का सर्वेक्षण

कार्य कर निर्माण किया जाए। साथ ही, बलिया जंक्शन से गंगा नदी पार करते हुए, गंगौली, भोजपुर, डुमरावं, विक्रमगंज, डिहरी तक नई रेल लाइन बिछाने की कार्रवाई की जाए।

इसके अतिरिक्त मेरे गृह क्षेत्र भागलपुर में पूर्व रेल मंत्री द्वारा घोषित रेल मंडल कार्यालय, डीआरएम ऑफिस की स्थापना शीघ्र कराई जाए। यह वर्ष 2001-02 में बिहार विधान सभा से सर्वदलीय प्रस्ताव स्वीकृत होकर केंद्र सरकार को भेजा गया था। वहां पर गोहाटी राजधानी एक्सप्रेस को रेशमी शहर भागलपुर होकर परिचालित कराया जाए तथा सूरत एक्सप्रेस में दो ए.सी. एवं दो स्लीपर बोगी को जोड़ते हुए प्रतिदिन परिचालित कराया जाए तथा फरक्का एक्सप्रेस में भी दो ए.सी. एवं दो स्लीपर बोगी जोड़ी जाएं। भागलपुर से बैंगलौर तथा चेन्नई के लिए एक तीव्र गति वाली ट्रेन चलाई जाए। क्यूल साहबगंज लाइन के बचे हुए हिस्से का रेल पटरी के दोहरीकरण का काम शीघ्र कराया जाए तथा भागलपुर स्टेशन पर तथा वहां से खुलने वाली सभी गाड़ियों में प्राचीन बिहुला बाला कथा पर आधारित मंजूषा कला की पेंटिंग लगाई जाए।

मुगलसराय जंक्शन पर शहीद हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के नाम से स्टेशन का नामकरण करते हुए, उनकी आदमकद प्रतिमा उक्त स्टेशन पर स्थापित की जाए। साथ ही बांका जिला के बाराहाट स्टेशन का नामकरण आजादी की लड़ाई में शहीद सतीश के नाम पर करते हुए आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाए तथा रेलवे स्टेशन से मुख्य सड़क तक पथ निर्माण कराया जाए। साथ ही कुछ सुझाव के साथ यथा सभी दूरस्थ गाड़ियों में खान-पान एवं बेडशीट की धुलाई एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था की जाए। सभी बेरोजगार युवाओं को टेलीफोन-एसटीडी की सुविधा, जो पहले से प्राप्त है, एसटीडी नहीं चलने के कारण वे भुखमरी की स्थिति में हैं। अतः एसटीडी के साथ स्टॉल पर क्रॉकरी, फ्रूटी एवं मिनरल वाटर आदि की व्यवस्था की जाए। विक्रमशिला एवं तिनसुकिया ब्रह्मपुत्र मेल प्रतिदिन काफी विलम्ब से चलती हैं, इनको नियत समय पर चलाया जाए।

"छुक छुक कर चलती यह रेल, 24 घण्टे का यह खेल,
भारत की जीवन रेखा यह रेल, देश की धड़कन है यह रेल,
जो सबका कराए आपस में मेल, यही है हमारा भारतीय रेल,
सबका साथ सबका विकास का हमसफर करता यह रेल।।"

जय हिन्द, जय भारत।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri Ravindra Kumar Pandey.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record.

… (*Interruptions*)... *

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : सभापति महोदय, देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में और भारत सरकार के रेल मंत्री श्रद्धेय सुरेश प्रभु जी के कुशल रेल बजट के निर्माण और साथ ही साथ रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा जी के प्रयास और सहयोग से रेल बजट के प्रस्ताव के पक्ष में मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

रेल हमारे जीवन की जैसे लाइफ लाइन है, वैसे ही भारत की भी लाइफ लाइन कही जाती है। बिना यात्री किराया और माल भाड़ा बढ़ाए सारी व्यवस्था को खड़ा करना, अपने आपमें एक बड़े अजूबे का विषय है। एक कहावत है - प्रभु की माया, कहीं धूप, कहीं छाया। वही दृष्टि आज हमें देखने को मिल रही है। यू.पी.ए सेकंड में जितनी भी रेलगाड़ियों की घोषणा की गई थी, वे सब कागजों के खेल में पड़ी रह गईं। हम रेल मंत्री जी को धन्यवाद देंगे कि उन्होंने झारखंड राज्य के लिए इस रेल बजट में जितनी भी घोषणाएं की हैं, निश्चित रूप से वे समय पर पूरी होंगी। खासकर मेरे लोक सभा क्षेत्र गिरिडीह की।

सभापति जी, अगले वित्तीय वर्ष में करीब 1 लाख 25 करोड़ रुपए का केपिटल बजट भारतीय रेलवे के लिए ऐतिहासिक बजट है। इससे पहले कभी भी किसी वित्तीय वर्ष में भारतीय रेल को इतना पैसा केपिटल बजट की मद में नहीं मिला है। मैं इसके लिए रेल मंत्री जी को बधाई देता हूं। डिजीटल इंडिया का प्रयोग रेलवे में दिखाई दे रहा है। रेलवे बोर्ड का ट्वीटर सेल यात्रियों के लिए सुखद अनुभव कराता है। सातवें वेतन आयोग के वित्तीय बोझ के कारण अगर रेल मंत्री जी ने भारतीय रेल का ऑपरेटिव रेश्यो सिर्फ 9.2 रखने की बात कही है, तो यह बड़ी जिम्मेदारी की बात है।

सभापति महोदय, पिछले दो रेल बजटों में नई ट्रेंस चलाने का प्रावधान नहीं किया गया है। लेकिन जो पुरानी व्यवस्थाएं हैं, उन्हें कैसे पूरा किया जाए, इसकी व्यवस्था जरूर की गई है। मैं जिस क्षेत्र से आता हूं वहां तीन डिवीजन हैं। हमारे पूर्व वक्ता कह रहे थे कि हमारे डिवीजंस से सबसे ज्यादा धन रेलवे को मिलता है। धनबाद, आगरा और आसनसोल डिवीजनों के क्षेत्र में गिरिडीह क्षेत्र आता है। मेरा मंत्री जी से आग्रह होगा कि राजेन्द्र नगर-दानापुर-हावड़ा जो ट्रेन जाती है, मैंने स्वयं मिलकर उनसे आग्रह किया था कि उसमें हावड़ा और पटना के लिए जो कोच लगता था, उसे हटा दिया गया है। मैं चाहूंगा कि उसे लगाने की

* Not recorded.

कृपा रेल मंत्री जी करें। गोमुद में जो समपार है, उसका लगभग डेढ़-दो साल पहले शिलान्यास हुआ था। मंत्री जी ने आश्वस्त भी किया है कि हम बहुत जल्द उस काम को कराएंगे। हम आग्रह करेंगे कि वर्तमान में एक ई.एम.यू. ट्रेन बरकाखाना से आसनसोल तक चलाई जाए। एक ट्रेन पलामू एक्सप्रेस बरकाखाना में 16 घंटे तक खड़ी रहती है। उसे गोमुद से चलाया जाए। जैनियों का विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पारसनाथ है। पारसनाथ जंक्शन से गिरिडीह लाइन से उसे जोड़ने का प्रावधान सर्वे में भी किया गया है। साथ ही साथ गिरिडीह-कोडरमा रेल लाइन जो गिरिडीह से कोवाड़ तक अधूरा है, उसको पूर्ण करवाया जाए।

महोदय, मैंने आपके माध्यम से कुछ ट्रेनों का ठहराव दिया है, हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मंत्री महोदय इसको पूर्ण कराने का काम करेंगे...(व्यवधान) माननीय मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि हमारे धनबाद डिवीजन में दामोदर वेली कॉर्पोरेशन का बहुत बड़ा संस्थान है, वहां ट्रेनों के ठहराव के लिए 18605-18606 रांची-जयनगर एक्सप्रेस, 1810318104 टाटा नगर-अमृतसर एक्सप्रेस, 12831-12832 रांची-नई दिल्ली सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस, 12831-12832 धनबाद-भूवनेश्वर गरीब रथ और आद्रा से खानूडीह मेमू ट्रेन का विस्तार गोमो तक, महुदा में गोरखपुर-शालीमार एक्सप्रेस का ठहराव और धनबाद डिवीजन में गरीब-गुरबा को ट्रेन में मुंगफली नहीं बेचने दी जा रही है। मेरा मंत्री महोदय से आग्रह होगा कि धनबाद डिवीजन में ट्रेन में हॉकरों को मुंगफली बेचने की सुविधा पहले से थी, उसको बहाल किया जाए। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) : सभापति महोदय, मैं वर्ष 2016-17 के बजट के लिए आदरणीय मंत्री श्री सुरेश प्रभु जी और मनोज सिन्हा जी को बहुत-बहुत बधाई दूंगा। आपके और हमारे पास समय का अभाव है इसलिए मैं उस चर्चा में न जाकर सीधे अपने क्षेत्र पर आता हूं। मैंने पहले भी बार-बार आग्रह किया है कि मेरे क्षेत्र की चतरा-गया रेल लाइन परियोजना वर्ष 2006-07 से ही बनने की प्रक्रिया है और आज तक नहीं बना है। मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि उस पर ध्यान दें। इसके अतिरिक्त बरवाडिह-चिरीमिरी रेल लाइन, जिसके बारे में राकेश जी ने अपनी चर्चा में रखा था और जो पिछले 80 साल से लंबित है। चतरा-शिवपुर-टोरी रेल लाइन जो कोल कनेक्टिविटी के अंतर्गत आता है, उसके लिए आग्रह करूंगा। मेरे क्षेत्र के दो रेलवे ओवर ब्रिज एक टोरी स्टेशन के निकट चंदवा-डोमी पथ पर, एक लातेहर स्टेशन के निकट लातेहार-सरयू पथ पर और फूट ओवर ब्रिज बरवाडीह जंक्शन पर, छिपादोहर रेलवे जंक्शन पर और महुआ मिलान स्टेशन पर इसके साथ-साथ मैंने कुछ यात्री सुविधाओं के लिए माननीय मंत्री जी को पत्र लिखा था, महुआ-मिलान टोरी, लातेहार और बरवाडीह स्टेशन को आदर्श स्टेशन बनाने हेतु।

माननीय महोदय, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि मैं जिस क्षेत्र से आता हूं वह अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है, परंतु रेल राजस्व की दृष्टि से धनबाद रेल मंडल लगभग प्रति वर्ष 10 हजार 3 सौ करोड़ रुपये डिसपैच के माध्यम से देता है। जिसमें मेरे क्षेत्र का योगदान लगभग 4 हजार करोड़ रुपये आता है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से यह भी आग्रह करूंगा कि जिन रेल लाइनों के बारे में मैंने अभी कहा है, अगर वे रेल लाइन पूरा होने के बाद लगभग तीन साल के अंदर अपने व्यय को वापस नहीं करती हैं तो वह इन योजनाओं में हाथ नहीं लगाएं।

22.00 hours

यह भी मैं उनसे आग्रह करूंगा और साथ ही साथ मैं माननीय रेल मंत्री जी के बजट के बारे में कुछ निवेदन करना चाहता हूं। चूंकि समय नहीं है, इसलिए मैं सिर्फ उल्लेख करूंगा कि आपने पेज 46 के 16 नम्बर पर कहा है कि आर्थिक दृष्टि से व्यावहारिक रेल परियोजनाओं को फंड मिलने का पूरा भरोसा है और अगले तीन-चार साल में ये योजनाएं पूरी हो जायेंगी। साथ ही साथ आपने एक्शन टेकन रिपोर्ट में 81, 82 और 83 में जो कहा है कि हम स्टेट के साथ पार्टनरशिप करेंगे, मैं यह ध्यान दिलाना चाहता हूं कि झारखंड देश का वह राज्य है, जिसने 2003 में ही रेलवे के साथ पार्टनरशिप की, पैसा दिया और फिर 2012 में भी पार्टनरशिप की। इसलिए आप इन योजनाओं को जरूर ध्यान में रखें।

मैं एक बार फिर से माननीय मंत्री जी को पिछले रेल बजट 2015-16 के पेज संख्या 31 में साझेदारी बनाने में उन्होंने जो कहा था कि कोयला, लोहा, सीमेंट इत्यादि के लिए उनकी व्यवस्था जो बनेगी, उसमें वह करेंगे, लेकिन ऐसा हमारे क्षेत्र के साथ नहीं हुआ है। साथ ही साथ उन्होंने नेटवर्क की

क्षमता वृद्धि की बात कही है। मैंने जो बरवाडीह-चिरिमिरी रेल लाइन की बात कही है, वह 400 किलोमीटर कोलकाता से मुम्बई के बीच की दूरी को कम करने वाली एक योजना है, जो भारत को निश्चित रूप से आर्थिक विस्तार देगी और साथ ही साथ उन्होंने पिछले बजट के पृष्ठ संख्या 31 के पैरा 81 में दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों में रेल नेटवर्क के विस्तार को कहा था कि यह अग्रदूत का काम करता है। इसलिए मैं इन योजनाओं की चर्चा करता हूं और सिर्फ एक बात कहना चाहूंगा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि पूर्व की सरकारों ने इन क्षेत्रों को पिछले अस्सी सालों से इतना वंचित रखा। अभी जो भूरिया जी कह रहे थे कि आदिवासी क्षेत्र की उपेक्षा की जाती रही है। सच्चाई यह है कि अगर अस्सी सालों से उपेक्षा नहीं होती तो छत्तीसगढ़ और झारखंड का यह भूभाग आज उग्रवाद का दंश नहीं झेलता। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि चतरा लोक सभा की ये जितनी लम्बित परियोजनाएं हैं, ये पूरे पूर्वी भारत को आर्थिक विकास की दिशा देगी, इसलिए मेरा आग्रह होगा कि आप इन योजनाओं को माननीय मंत्री जी के माध्यम से पूरा करवाये।

अंत में एक बार फिर एक सार्थक और अच्छे बजट के लिए विपरीत स्थितियां रहने के बाद भी एक अच्छा बजट लाने के लिए मैं माननीय मंत्री, श्री सुरेश प्रभु और श्री मनोज सिन्हा जी को बहुत-बहुत बधाई देते हुए अपनी बात को समाप्त करूंगा। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, 30 more Members want to speak on this. If the House agrees, we may extend the time of the House till 11 p.m.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : सभापति महोदय, मैं सदन में प्रस्तुत रेल बजट का समर्थन करता हूं। भारत की परिस्थिति व विविधता के कारण परिवहन के लिए रेल का बड़ा महत्व है। जब हमारा देश आजाद हुआ तो सड़कों के अभाव व कई जगहों पर रेल की लाइनें न होने के कारण जरूरत थी कि रेल लाइनों का विस्तार करके पूरे देश को सस्ता व सुविधापूर्ण परिवहन उपलब्ध कराया जाए। मैं यह तो नहीं कहता कि इस क्षेत्र में कोई काम नहीं हुआ, परंतु यह निश्चित है कि जैसा योजनाबद्ध विकास होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। चूंकि रेल के परिवहन से बहुत सारे देश जुड़े थे, इस देश की बहुत बड़ी जनसंख्या रेल से जुड़ी थी, इसलिए हमारी पूर्ववर्ती सरकारों ने रेल का राजनीतिकरण किया और रेल का उपयोग राजनीति करने के लिए किया।

उदाहरण के रूप में मैं कहना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में जब उन्होंने एक शिलान्यास किया तो मैंने इसी लोक सभा में यह प्रश्न उठाया था कि माननीय मंत्री जी हमारे यहां ऐसा एक शिलान्यास हुआ है तो उसके उत्तर में कहा गया कि यूपीए की सरकार ने ऐसे कम से कम 300 शिलान्यास पहले कर रखे हैं, जो केवल राजनीतिक और चुनावी कारणों से किये गये थे और यह उसी का परिणाम था और केवल रेल के क्षेत्र में ही नहीं, हम लोगों ने देखा है, जब 2014 में हमारी सरकार बनी, महंगाई, भ्रष्टाचार, सड़कें, आतंकवाद, सीमा की सुरक्षा ऐसे बहुत सारे मसले थे, जिनके कारण देश की दुर्दशा हो रही थी और पूरी दुनिया में भारत का सम्मान घटा था, वैसी स्थिति रेल की भी थी। बहुत सारे साथी उन बातों को कह चुके है, जिनको मैं दोहराना नहीं चाहता हूँ। हमारी सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए एक मज़बूत काम किया है, हमारे माननीय रेल मंत्री जी और रेल राज्य मंत्री जी ने बहुत ही योग्यता से, बहुत ही सक्षमता से पूरे देश में रेल का इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने का काम किया है, जिसमें बालिकाओं, महिलाओं को ऐसी सुविधाएं दी जा सकें। मैं उनको धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने मेरे क्षेत्र में एक मैलानी बहराइच रेलवे लाइन दी है। गोला में एक फुल साइड का रैक पॉइंट दिया है और पहले से जो ब्रॉडगेज का काम हमारा लखनऊ, एसबाग और पीलीभीत लाइन पर हो रहा था, मैं माननीय मंत्री जी से यह अनुरोध करना चाहता हूँ कि तीनों जो काम हो रहे हैं, इसमें कोई बाधा न आने पाए, इसको समयबद्ध तरीके से पूरा करा दें।

उसके साथ-साथ मेरे लोक सभा क्षेत्र के लखीमपुर नगर में ओवरब्रिज के नीचे रेलवे क्रॉसिंग बंद कर दिया गया है, जिससे मेरा शहर दो हिस्सों में बंट गया है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि शहर के दोनों हिस्सों को आवागमन की दृष्टि से जोड़ने के लिए नगर लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर दोनों

साइड को जोड़ने वाला ओवरब्रिज बनाया जाए। उसके साथ-साथ लखीमपुर नगर के पास एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है - ओयल, वहां पर रेलवे की बहुत बड़ी संपत्ति भी है, लेकिन रेलवे के मानकों के अनुसार वह स्टेशन बंद होने वाला है। मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उस स्टेशन को बंद न किया जाए। उसके साथ-साथ पलिया, निघासन, बिलराया रेलवे लाइन के सर्वे के लिए रेलवे बोर्ड को दिया गया है। मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उसका सर्वे करा कर पलिया, निघासन और बिलराया की नई रेलवे लाइन बिछाई जाए। पुनः मैं रेल मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ।

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर) : सभापति महोदय, आपने मुझे रेलवे बजट पर बोलने का अवसर दिया है। मैं माननीय प्रधान मंत्री और माननीय रेल मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करना चाहूंगा, जिन्होंने इस बजट के माध्यम से जनता को रेलगाड़ियों में मिलने वाली सारी सुविधाओं का ध्यान रखा है। रेल यात्रियों को हर मूलभूत सुविधा पहुंचाने के लिए इस बजट में प्रावधान रखा है। इसके लिए मैं बहुत-बहुत बधाई देना चाहूंगा। समय की बहुत कमी है, मैं नहीं चाहता कि मेरे बोलने के बीच में आपकी घंटी बज जाए। इसलिए मैं सीधा-सीधा अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में माननीय मंत्री जी को अवगत कराना चाहूंगा।

महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र बुलंदशहर है, जो कि देश की राजधानी दिल्ली से मात्र 70 किलोमीटर की दूरी पर है। बहुत सारे धार्मिक स्थल बुलंदशहर में हैं। बहुत सारे यात्री सैंकड़ों की संख्या में नौकरी और व्यापार के लिए दिल्ली आते हैं। बड़ी संख्या में फल सब्जी दूध दिल्ली के लिए सप्लाई होती है। अभी पिछले वर्ष हमारे आदरणीय मंत्री जी ने बुलंदशहर के ऊपर बहुत बड़ी कृपा की थी। एक नई ट्रेन कानपुर से जम्मू के लिए चली थी, मेरे आग्रह पर माननीय मंत्री जी ने जम्मूतवी ट्रेन का स्टॉपेज़ बुलंदशहर में दिया। मैं इसके लिए माननीय मंत्री जी को समस्त क्षेत्रवासियों की तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूँ।

सभापति महोदय, मेरे क्षेत्र में रेल की स्थिति अभी बहुत अच्छी नहीं है। अभी पूर्व में दो सर्वे हुए हैं, जिसमें एक दादरी से सिकंदराबाद, बुलंदशहर, जंगीराबाद, अनूपशहर, नरौरा के लिए हुआ था। दूसरा चोला से बुलंदशहर के लिए हुआ था। ये दोनों ही बड़ी महत्वपूर्ण लाइन हैं। मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि जो सर्वे हुआ है, उस पर नई लाइन बिछाने की कृपा करें। दूसरा, मेरे क्षेत्र में होते हुए कुछ ट्रेनें वहां से गुजरती हैं, जो डिवाई स्टेशन से जाती हैं। एक दादर एक्सप्रेस है, एक महाकाल एक्सप्रेस है। इन दोनों ट्रेनों का डिवाई में स्टॉपेज बना दें। मैं अंत में मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि बुलंदशहर से दिल्ली आने के लिए कोई सीधी रेल नहीं है। मेरा आग्रह है कि बुलंदशहर से दिल्ली के लिए एक नई ट्रेन चलाने की कृपा करें।

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद) : महोदय, धन्यवाद। सबसे पहले मैं देश के प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी को, हमारे रेल मंत्री माननीय प्रभु जी को और रेल राज्य मंत्री, जो सांसदों को मुझे लगता है कि इस देश के इतिहास में इतनी आसानी से उपलब्ध होने वाले सबसे सर्वश्रेष्ठ मंत्री हैं, ऐसे हमारे माननीय सिन्हा साहब का बहुत आभार व्यक्त करता हूँ कि एक अच्छा बजट इस देश को आपके माध्यम से मिला है। मैं केवल 4-5 मिनट में अपनी बात समाप्त करूँगा। सबसे पहले तो मेरा धन्यवाद इसलिए बोलना जरूरी है कि बहुत लम्बे समय से एक माँग लगातार हम लोग कर रहे थे, विदेश मंत्री माननीय सुषमा स्वराज जी, हमारे प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान साहब, इन्दौर से जबलपुर रेल लाइन जोड़ने के लिए। सर्वे के नाम पर तीन-चार साल से बात चलती रही, लेकिन मैं धन्यवाद देता हूँ वर्तमान सरकार को कि हमारी सरकार ने, माननीय मंत्री जी ने, राज्य मंत्री जी ने इन्दौर से जबलपुर को जोड़ने के लिए नई रेल लाइन और उस पर लगभग ढ़ाई हजार करोड़ रूपए के बजट की जो स्वीकृति दी है, उसके लिए मैं बहुत हृदय से धन्यवाद देना चाहता हूँ। माननीय मंत्री जी से अपेक्षा है कि वह रेल लाइन इन्दौर-खातेगांव-नसरूलागंज होते हुए बरेली, उदयपुरा से गाडरवारा अभी जाने का उसका प्रावधान है। मेरा अनुरोध है कि अगर उदयपुरा से तेंदुखेड़ा होते हुए करेली लाइन में उसको जोड़ा जाएगा तो शायद एक और हमारा जिला, एक और विधान सभा उसमें शामिल होगी और बजट में बहुत ज्यादा अन्तर उसमें नहीं आएगा।

माननीय मंत्री जी से मेरा एक आग्रह है, हमारी स्टैंडिंग कमेटी भी लगातार माँग करती रही है, पहले भी हम लोगों ने वहाँ से प्रस्ताव भेजे हैं कि जो टेक्निकल स्टॉपेज थे, जहाँ पर रेल सफाई आदि के लिए रोकी जाती थी, मैं धन्यवाद देना चाहता हूँ कि इस देश में जितने टेक्निकल हॉल्ट थे, उनको कामर्शियल हॉल्ट में परिवर्तित किया गया है। यह काम हो गया है, इसलिए हम आपका बहुत आभार व्यक्त करते हैं, हमारा अकेला इटारसी स्टेशन, जिसे लगभग 12 हॉल्ट वहाँ पर मिले हैं, इसके लिए हम आपका बहुत आभार व्यक्त करते हैं। माननीय मंत्री जी से मैं आग्रह करना चाहता हूँ कि हमारे जो छोटे स्टॉपेज हैं, पूर्व वक्ताओं ने कहा है पैसेंजर, फॉस्ट पैसेंजर, जी.एम. लेवल पर उनके पास अधिकार अगर आप देंगे तो छोटे-छोटे स्टेशनों पर जो लगातार माँग हो रही है, उस माँग की पूर्ति वहाँ पर की जा सकती है। मैं माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूँ कि हमारे जो मीसा बन्दी हैं, जिन्होंने इस देश के हित में बड़ी लम्बी लड़ाई लड़ी है, अलग-अलग राज्यों में उनके लिए अलग-अलग तरह की सुविधाएं मिल रही हैं। मैं अनुरोध करना चाहता हूँ कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तर्ज पर इस देश के मीसा बन्दियों के लिए भी ट्रेन में आरक्षण की और जो अन्य सुविधाएं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को दी जाती हैं, इस तर्ज पर उन्हें

भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, यह हमारी आपसे अपेक्षा है और मैं इसके लिए आपसे अनुरोध करना चाहता हूँ।

माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि भोपाल से इटारसी हमारा बहुत महत्वपूर्ण रेलवे ट्रैक है, उस पर अगर आप एक मैमो ट्रेन का प्रावधान करेंगे तो उससे राजस्व की प्राप्ति भी होगी और अप-डाउनर्स को मदद भी मिलेगी। मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि एक बड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद् और पार्लियामेन्टेरियन हरि विष्णु कामथ साहब थे। जबलपुर से भोपाल जन शताब्दी एक्सप्रेस चलती है, अगर उसका नाम श्री हरि विष्णु कामथ एक्सप्रेस किया जाएगा तो उस महान हस्ती के प्रति एक बहुत सम्मान होगा। हमारी बहुत सी माँगे स्टॉपेज की हैं, मैं केवल तीन माँगें आपके सामने रखना चाहता हूँ, बाकी लिखित में आपसे अनुरोध कर दूँगा। बनखेड़ी रेलवे स्टेशन है, वहाँ के हमारे साथी, वहाँ के निवासी बहुत लम्बे समय से माँग कर रहे हैं, जबलपुर-अमरावती एक एक्सप्रेस है, उसके हॉल्ट की वहाँ पर माँग कर रहे हैं, कृपया अनुरोध है कि वह हॉल्ट दिया जाए। सुहागपुर में जबलपुर-नई दिल्ली हमारी जो एक्सप्रेस ट्रेन है, उसका वहाँ पर स्टॉपेज दिया जाए, इससे लोगों को बड़ी सुविधा होगी। हमारा करेली रेलवे स्टेशन है, वहाँ इन्दौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस है, अगर आप उसका वहाँ स्टॉपेज देंगे तो बड़ी कृपा होगी। पैसेंजर ट्रेन के छोटे-छोटे स्टॉपेज हमारे स्टेशंस पर देंगे तो आपकी बड़ी कृपा होगी। इस अवसर पर मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहना चाहूँगा कि गरीबों के लिए और अनारक्षित कोटे के जो हमारे यात्री हैं, उनके लिए हर ट्रेन में जो दो-दो डिब्बे आपने बढ़ाए हैं, उसके लिए मैं भारत सरकार का, रेल मंत्रालय का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI M. MURLI MOHAN (RAJAHMUNDRY): Hon. Chairperson Sir, thank you very much for giving me this opportunity to participate in the discussion on the Railway Budget. I express my sincere thanks for sanctioning East Coast dedicated freight corridor between Kharagpur and Vijaywada *via* Visakhapatnam which covers a stretch of nearly 1100 kilometres under PPP mode which will augment infrastructure in a number of sectors and give boost a port development in the East Coast, especially two out of three freight corridors under PPP mode would benefit our State of Andhra Pradesh. Similarly, the North-South Corridor from Chennai to Delhi *via* Vijaywada would cater to most parts of Andhra Pradesh. In this context Shri Chandrababu Naidu Garu, the hon. Chief Minister of Andhra Pradesh has suggested for considering a DFC from Raipur to Visakhapatnam by inter-linking it with the above two proposed DFCs.

We can have a Diamond Corridor which can play a very significant role in the development of coastal States. Andhra Pradesh can emerge as a suitable logistic hub to promote trade relations between various States and countries so that it will serve the larger interests of Andhra Pradesh and Chhattisgarh, and would also boost up the revenue generation.

However, I am very much disappointed for not considering the establishment of a separate Railway Zone at Visakhapatnam, even though an assurance was made in the AP Reorganization Act, we are at a loss on this issue as to why such decision was not been taken so far even though the NDA Government has come to power nearly two years ago. In this regard, Shri Chandrababu Naidu *Garu,* hon. Chief Minister of Andhra Pradesh, along with our Party MPs had met Shri Suresh Prabhu, many a time and requested him o sanction for creation of a new separate Railway Zone at Visakhapatnam.

Establishment of a Railway University at Amaravati which is the new Capital city of Andhra Pradesh, modernisation of Visakhapatnam-Rajahmahendravaram, Vijayawada Railway Station, along with other stations

through PPP mode. However, they have been ignored in the Railway Budget which really pains us a lot.

Another issue I want to bring to the kind attention of the hon. Railway Minister is that the existing Rail-cum-Road Bridge running across the river Godavari-Rajahmundry is in a dilapidated condition. This is one of the oldest bridges of the country. There are wide cracks on the pillars and has become very dangerous. Some parts of the bridge has already fallen resulting in the blockade of the road traffic.

In this context, I am to state that there is one more railway bridge situated on the river of Godavari which is having a single railway track because of which the railway traffic at Rajahmahendravarm and other places is badly affected. In fact, there are a number of passengers and goods trains passing on this route. Laying of second railway track on this railway bridge is the need of the hour.

I would like to put forth genuine demand of the public particularly from the coastal districts of Srikakulam, Vijayanagaram, Anakapalli, East and West Godavari and all the districts of the State, for the introduction of Rajdhani Express from Amaravati, the new Capital to New Delhi *via* Guntur, Vijayawada, Rajahmahendravaram, Visakhapatnam, Rayagada, Raipur and Nagpur.

Thank you, Sir.

श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) : माननीय सभापति महोदय, रेलवे जो भारत की आधारभूत संरचना है, उसके बजट पर आज मुझे बोलने का अवसर मिला है इस बात के साथ कि चलो मिलकर कुछ नया करें, पटरी से उतरी रेल पटरी पर फिर ले आएँ। इस संकल्प के साथ मोदी जी के नेतृत्व में सम्माननीय रेल मंत्री सुरेश प्रभु जी और विशेष रूप से श्री मनोज सिन्हा जी के प्रयासों का यह परिणाम है कि रेल बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। बिना यात्री किराये की वृद्धि किए 65000 अतिरिक्त बर्थों को साथ लेकर 17000 बायो टॉयलैट्स के साथ 400 स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा, 820 आरओबी और आरयूबी, 2020 तक आम आदमी की लंबे समय से चली आ रही आशाओं को पूर्ण करने के लिए 1 लाख 84 हजार 820 करोड़ के राजस्व के लक्ष्य के साथ 780 स्वचालित टिकट मशीनें, 1600 किलोमीटर विद्युतीकरण, ऐसी कई लोकप्रिय स्थितियों को आपने देश में लाकर खड़ा किया है। अंत्योदय एक्सप्रैस, अनारक्षित सुपरफास्ट ट्रेन दीनदयाल सवारी डिब्बे, पूर्णतः वातानुकूलित हमसफर, तेजस और उदय, पत्रकारों के लिए विशेष रियायत, क्लीन माई कोच, 30 हजार नए शौचालय, सीएसआर के साथ सामाजिक संगठनों को जोड़ना, 10 नए बेस किचन, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, खाली भूमि पर कोल्ड स्टोरेज, रेलवे साइट, लॉजिस्टिक पार्कों का और वेयरहाउसों का निर्माण, निश्चित रूप से यह आदर्श बजट है जो देश के लिए अपने आप में एक नई प्रगति के स्वप्न को पूर्ण करने के लिए आगे बढ़ा है।

माननीय रेल मंत्री जी, माननीय रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा जी, मैं आपको धन्यवाद दूंगा कि आपने इस विकास और विस्तार में मध्य प्रदेश का भी पूर्ण ध्यान रखा है और इस विकास और विस्तार में मेरे संसदीय क्षेत्र मंदसौर का भी पूर्णतया आपने ध्यान रखा है। कांग्रेस के दौर में पूरे पांच साल में एक आर.ओ.बी. और आर.यू.बी., जिसका नामोनिशान नहीं था, आपने नौ आर.ओ.बी. और आर.यू.बी. मेरे संसदीय क्षेत्र को दिये हैं, इसके लिए मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। मैं धन्यवाद इस बात के लिए भी देता हूं कि नीमच और चित्तौड़ के दोहरीकरण को आपने बजटीय व्यवस्था से जोड़ दिया है। मैं धन्यवाद इस बात के लिए भी देता हूं कि आपने विद्युतीकरण के हमारे संकल्प को पूर्ण करने के लिए काम किया है। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि उदयपुर से उज्जैन, टूरिस्ट सर्किल जो भारत को पर्यटन की दृष्टि से एक नया स्वप्न पूर्ण करेगा, उस ओर भी आप ध्यान देंगे। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि श्यामगढ़ में एक बेस किचन बना हुआ है, आप जो नये 10 बेस किचन बना रहे हैं, उसके साथ श्यामगढ़ को भी जोड़कर उस बने हुए बेस किचन का उपयोग करेंगे। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि सर्वे में आपने सुवांसरा से मंदसौर, नीमच सिंगोली कोटा, मंदसौर से प्रतापगढ़ बांसवाड़ा गोधरा, नीमच से बड़ी सादड़ी का जो सर्वे 1990, 2001 और 2008 में हुआ था, वह किसी कारण से रुका है। उसे आप आगे बढ़ाकर मारवाड़ जंक्शन से नीमच को

जोड़ेंगे। ...(व्यवधान) मैं एक मिनट में कन्क्लूड कर रहा हूं। जावरा से तालालोट, रामगंजमंडी से नीमच, यह आपने सर्वे दिया है, इसे पूर्ण करने का आप प्रयास करेंगे। मैं आप सब लोगों से एक आग्रह और करूंगा, माननीय रक्षा मंत्री जी भी हमारे पास यहां बैठे हैं। नीमच से बड़ी सादड़ी, यह निश्चित रूप से पाकिस्तान बोर्डर तक पहुंचने का और यह मेरा क्षेत्र माननीय रक्षा मंत्री जी और मनोज सिन्हा जी से आग्रह कर रहा हूं। ...(व्यवधान) हूणों को पराजित करने वाला वह क्षेत्र है, जिससे डर कर चीन ने दीवार बनाई थी। यह मेरा संसदीय क्षेत्र है और चित्तौड़, जिसकी वीरांगनाएं और वीर सारे देश में जानी जाती हैं, इसलिए यही रेलें पाकिस्तान को पार करते हुए अखण्ड भारत के स्वप्न को पूरा करेगी, इसलिए आपसे आग्रह है कि इस स्वप्न को पूरा कराइये।

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : सभापति महोदय, सर्वप्रथम मैं माननीय रेल मंत्री सुरेश प्रभु जी और रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा जी का अभिनन्दन करता हूं और मेरे चुनाव क्षेत्र और मुम्बई के लिए उन्होंने सी.एस.टी. पनवेल एलीवेटिड कोरीडोर जो डिक्लेयर किया, उसके लिए मैं उनका आभार मानता हूं।

मुम्बई में 75 लाख पैसेंजर्स डेली ट्रैवल करते हैं और उसमें एवरेज 3400 की एक्सीडेंट्स में मृत्यु होती है। लास्ट 2-3 सालों में जब ज्यादा पैसेंजर्स की मृत्यु हो रही थी, तभी माननीय रेल मंत्री जी ने एक कमेटी गठित की और उस कमेटी में सभी सांसद थे और उस कमेटी को कहा कि पूरे रेल पैसेंजर्स हैं और ये एक्सीडेंट्स रोकने के लिए रेलवे को क्या एक्शन प्लान करना चाहिए, यह कमेटी को उन्होंने निर्देश दिया था। उस कमेटी ने एक महीने में पूरी रिपोर्ट बनाई और जो एक्सीडेंट्स हैं और पैसेंजर्स को क्या फैसिलिटीज़ मिलनी चाहिए, उसकी एक रिपोर्ट बनाई और उस रिपोर्ट के तहत कमेटी ने माननीय रेल मंत्री जी को डिमांड की थी, 21 हजार करोड़ अगर मुम्बई लोकल को मिलेंगे तो मुम्बई के जो पैसेंजर्स हैं, उसमें महिला पैसेंजर्स हैं, सीनियर सिटीज़न हैं, सभी को फैसिलिटी मिल सकती है और जो 3400 एक्सीडेंट्स इसके पहले हुए थे, अगर उनको रोकना है तो एक एक्शन प्लान जो कमेटी ने किया था, वह इम्प्लीमेंट करना चाहिए। उस कमेटी ने लोंग टर्म और शॉर्ट टर्म मैजर्स लिए थे। उसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि Provision of emergency medical care for accident victims at suburban stations in phased manner, introduction of 15 more car rakes, particularly during peak hours to reduce overcrowding, implementation of tress-passing control project through MRVC, construction of escalators at every station, more FOB and subways to reduce hazard of crossing tracks, provision of door closing technology, and CBTC system for signalling etc. ये सुझाव कमेटी ने दिये थे, लेकिन माननीय रेल मंत्री जी ने उसमें से 50 प्रतिशत ही जो सुझाव थे, उनके लिए इस बजट में प्रोवीजन किया है। मेरी सभी मुम्बई के नागरिकों के माध्यम से और आपके माध्यम से मांग है कि इस बजट में 21 हजार करोड़ रुपये का जो कमेटी ने सुझाव दिये थे, उसका प्रोवीज़न करेंगे तो मुम्बई में जो एक्सीडेंट्स होते हैं, वे एक्सीडेंट्स रोके जा सकते हैं।

इसके बावजूद जो रेल की वेकेंट लैंड है, उसको अगर हम पी.पी.पी. मॉडल से डैवलप करेंगे तो रेलवे को रेवेन्यू मिल सकता है। रेलवे स्टेशनों को पी.पी.पी. मॉडल से डैवलप करेंगे तो रेलवे को रेवेन्यू मिल सकता है। मेरे चुनाव क्षेत्र में दादर रेलवे स्टेशन है, उसको रीडैवलप करने का एक प्रोजैक्ट रेलवे मिनिस्ट्री को दिया गया है। मेरे चुनाव क्षेत्र में कुर्ला माओल में जो गुड्स लेंन्स हैं, उनको अगर पैसेजर्स लेन में कन्वर्ट किया जाये तो रेलवे को रेवेन्यू मिल सकता है।

महोदय, मेरे क्षेत्र में मानखुर्द क्षेत्र है, जहां आबादी बढ़ रही है। वहां मानखुर्द से सी.एस.टी., मानखुर्द से दादर और अगर मानखुर्द से कुर्ला लोकल चालू करेंगे तो पैसेंजर बढ़ सकते हैं और रेलवे को रेवेन्यू मिल सकता है।

महोदय, मैं बस एक मिनट में समाप्त कर रहा हूं। स्वच्छता के लिए अगर हम स्थानीय संस्थाओं को एडॉप्ट सिस्टम पर स्टेशन देंगे, तो 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत स्वच्छता भी हो सकती है।...(व्यवधान)

SHRI PRATAP SIMHA (MYSORE): Mr. Chairman, Sir, first of all, I thank you for giving me this rare opportunity. The reason why I am calling it a rare opportunity is this. Now I do not have to face the rabble-rousing Opposition or you do not have to tell 'Please address the Chair'. So, it is a rare opportunity and I thank you for giving me the rare opportunity. I cannot see any Member of the Congress Party sitting in the House. Now the people of India can judge who is intolerant.

HON. CHAIRPERSON: Come to the subject, please.

SHRI PRATAP SIMHA: Okay, Sir. I congratulate the hon. Railway Minister and his able deputy, Mr. Manoj Sinha *ji* for presenting a wonderful Budget which can change the face of the Indian Railways. I also thank the Railway Ministry for allocating Rs. 2,779 crore for the overall development of Karnataka Railways which is three times bigger than what UPA used to allot us. So I congratulate the Railway Ministry once again.

I represent Mysore and Coorg. Let me tell you a few things about my constituency. For the last two years, we have been honoured with the cleanest city in India. We have got the most beautiful palace and we have got the third largest zoo in Asia and the oldest zoo in India. We have got three national parks and the same number of dams. We have got the Brindavan Garden; we have got the world famous Dasara. You are well aware, I also represent the place where Cauvery takes its birth.

The reason why I am telling all these things is this. As the former Prime Minister of India, Devegowda *ji* rightly said, railway double tracking between Bangalore and Mysore was first proposed two decades back. It has been over a decade since the work was started. It is yet to be completed. It is a long-pending and ongoing process. I request the Railway Minister and his deputy, Manoj Sinha *ji*, who is well aware of the condition of the traffic between Mysore and Bangalore, to give some kind of stern warning to the Railway officials to speed up the process and complete the double tracking.

There is one more issue. The Tipu's armoury is a stumbling block to complete the double tracking. For the last two years, we are hearing the same response from the Railway officials that they calling the tender and it is under the process. We are yet to see any good news from the Railway Ministry.

There is a State highway between Mysore and Bangalore. The congestion there is so high, the pressure on the road is so high that we could see at least half-a-dozen accidents every day. So, I would request the Railway Ministry to speed up the double tracking. It will help the people of Mysore as well as Coorg.

Sir, there is one more issue. We do not have any train between Mysore and Bangalore running between 3.30 p.m. and 6.15 p.m. We have a Chamundi passenger train departing at 6.15 p.m. It is highly congested. You simply cannot travel in that train. So I would request the Railway Minister to run one more train at 5.15 p.m. just to decongest the Chamundi passenger train.

I also represent Coorg. As you are very well aware, Coorg is the place where Cauvery takes her birth. In Karnataka, Coorg is the only district which does not have railway connectivity. It is a long pending demand. Every MP has demanded it for the last 30 years. Finally, thanks to the Railway Ministers, Prabhu ji and Manoj Sinha ji. They have understood our problems and given a green signal to the Mysore-Kushalnagar Railway Project. I request him to help us in realising our dream as soon as possible.

Finally, the Urban Development Ministry, under the able leadership of Venkaiah Naidu ji, conducts 'Cleanest City Competition' every year. We have been honoured with that 'Clean City' title for the last two years. I would like to suggest the Railway Minister for conducting the similar kind of competitions among the railway stations. There will be a healthy competition between the DRMs. It will also give some kind of encouragement to the Railway officers.

Thank you, Sir, for giving me this opportunity.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। सबसे पहले मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि हम लोग, चूंकि बहुत समय यहां दे रहे हैं तो कुछ ग्रेस मार्क जरूर दे दीजिए।

सभापति महोदय, आज यहां पर रेल बजट के समर्थन में बहुत सारे सदस्य बोल चुके हैं। यह गौरव का विषय है कि आजादी के बाद यह जो बजट आया है, यह बहुत ही अभूतपूर्व बजट है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि आज विपक्ष की कुर्सियां आज खाली हैं। इन लोगों के पास आज आलोचना करने के लिए भी कुछ नहीं बचा है कि यहां बैठकर इस बजट की कहीं से कोई आलोचना कर सकें। यह अपने आप में एक ज्वलंत उदाहरण है। जहां तक रेल की बात है तो रेल निश्चित ही सेवा का, मालभाड़ा का वाहक तो है ही, लेकिन देश की संस्कृति का एक संगम भी है और एक वाहक भी है। रेल के द्वारा पूरे भारत की संस्कृतियों का जो एक मेल होता है, जो एक संगम होता है, उसके आधार पर अगर धर्मनिरपेक्षता का सबसे ज्वलन्त उदाहरण कोई एक हमारा विभाग प्रस्तुत करता है तो वह हमारी रेल ही है। उस रेल पर हमारे वर्तमान प्रधानमंत्री श्रद्धेय मोदी जी सबका साथ, सबका विकास का नारा देकर, अब तक जिस प्रदेश के मंत्री होते थे, उस प्रदेश को ही विशेष पैकेज देकर रेल बजट की इतिश्री कर लेते थे, लेकिन जहां तक हमारी सरकार का सवाल है, हम उत्तर प्रदेश से आते हैं। उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक हिस्सा होना चाहिए, क्योंकि यह देश की सबसे बड़ी आबादी का प्रदेश है, लेकिन फिर भी हमारी सरकार जिसने सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया है, उत्तर प्रदेश में बजट तो दिया ही है, लेकिन जो पूर्वोत्तर राज्य हैं, जहां अगर वोट की राजनीति हमारी सरकार करती तो उत्तर प्रदेश की तुलना में, अन्य प्रांतों की तुलना में पूर्वोत्तर राज्य मेघालय, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश जैसे राज्य हैं, उन राज्यों में सदस्यों की संख्या बहुत कम है, लेकिन फिर भी सर्वाधिक बजट हमारी सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों को दिया है, उसके बाद हमारे प्रदेश उत्तर प्रदेश को दिया है। मुझे बहुत सी बातें कहनी थी, विशेष रूप से हमारी रेल ने जो अभूतपूर्व काम किया है, विश्व में जो एक रिकार्ड बनाया है और बायो वैक्यूम टॉयलेट विकसित किया है। यह हमारी भारतीय रेल का विश्व में सबसे बड़ा रिकार्ड है, जो केवल भारत में अभी स्थापित हुआ है। इसके लिए मैं विशेष रूप से माननीय सुरेश प्रभु जी को और माननीय मनोज सिन्हा जी को बधाई दूंगा।

महोदय, मैं मूल विषय अपने संसदीय क्षेत्र पर आता हूं। माननीय रेल मंत्री जी को मैं बधाई दूंगा, जो इन्होंने खलीलाबाद से बांसी होते हुए, डुमरियागंज होते हुए और बहराइच, श्रावस्ती तक रेल लाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान की है, इसके लिए मैं विशेष रूप से इनको धन्यवाद दूंगा। मेरे संसदीय क्षेत्र के

अंतर्गत ही अकबरपुर से गोबिंदसाहब जो बहुत पौराणिक स्थान है, गोबिंदसाहब से होते हुए, रामनगर जहांगीरगंज से होते हुए आजमगढ़ को भी जोड़ने की कृपा करें। मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं।

संतकबीर नगर चूंकि संत कबीर की निर्वाण स्थली है, मैं माननीय मंत्री जी से चाहूंगा कि कबीर के नाम पर वहां से कोई एक एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की कृपा करें। विशेष रूप से मैं पुनः अपने रेल राज्य मंत्री जी को हृदय से बधाई देता हूं, बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर): माननीय सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि आपने भारतीय रेल के 2016-17 के प्रगतिगामी, बहुआयामी बजट पर चर्चा पर अपने विचार रखने का मुझे अवसर दिया।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री सुरेश प्रभु जी और रेल राज्य मंत्री माननीय मनोज सिन्हा जी को भी बधाई देना चाहता हूं कि उनके नेतृत्व में माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से भारतीय रेल ने बदलाव की जो यात्रा शुरू की, वह सही दिशा में उचित गति के साथ मंजिल की ओर बढ़ रही है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक बार कहा था कि रेलवे को भारत की प्रगति और आर्थिक विकास रीढ़ बनाना मेरा विजन है, यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि रेलवे की कमान संभालने के बाद सुरेश प्रभु जी, मनोज सिन्हा और उनका मंत्रालय इसे साकार करने का भरपूर भरसक प्रयास कर रहे हैं और व्यक्तिगत स्तर पर ग्राहक के अनुभव में सुधार राष्ट्रीय स्तर पर अधिकाधिक रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति में अग्रणी बनाने की ओर अग्रसर है। सही अर्थों में भारत की यह सबसे बड़ी संस्था अपने में बदलाव लाकर बढ़ते और बदलते भारत में मिशाल बन कर उठ रही है।

महोदय, इस तथ्य से हम सभी परिचित और सहमत हैं कि रेलवे प्रणाली समूचे भारत का प्रतिबिम्ब है, और हमारे महान देश का मूल स्वभाव नैतिकता, आचार्य व्यवहार सभी कुछ शामिल है। इसमें हमारे विकासशील देश का अथक उत्साह झलकता है तो करोड़ों-करोड़ भारतवासियों की शाश्वत आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिबिम्ब भी है। इतना ही नहीं, भारतीय रेल सतत् प्रयास दृढ़ संकल्प और अनन्त उमंग का परिचायक बनकर हम भारतीयों के जीवन अभिन्न अंग बन चुकी है।

महोदय, भारत के आम नागरिक के रूप में भी हम यह अनुभव करते हैं कि विगत वर्ष माननीय सुरेश प्रभु जी एवं माननीय मनोज सिन्हा जी की अगुवाई में रेलवे ने जो बदलाव की यात्रा शुरू की थी, उसके सभी पहलुओं स्पीड, सफाई, कार्यकुशलता और संसाधन जुटाने में उसने महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। यह सही है लेकिन रास्ता बहुत लम्बा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रभु जी और मनोज सिन्हा जी की अगुवाई में रेलवे के पास मजबूत इरादा है और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की अदम्य इच्छा है।

महोदय, मैं अपने क्षेत्र की कुछ प्रमुख बातें आपके सम्मुख रखना चाहता हू कि राष्ट्रीय फलक पर रेल बजट की अनगिनत खुबियां गिनाने के लिए हैं, लेकिन मैं व्यक्तिगत तौर पर अपने संसदीय क्षेत्र अकबरपुर के अंतर्गत जनपद कानपुर नगर एवं कानपुर देहात के लिए की गयी घोषणाओं के लिए माननीय रेल मंत्री जी को विशेषतौर पर साधुवाद देना चाहूंगा। इनमें पनकी-भावपुर में 11 किमी की तीसरी लाइन का

निर्माण, भीमसेन-झाँसी तक 206 किमी दूसरी लम्बी लाइन बिछाना, पामा एवं भीमसेन को बी-श्रेणी स्टेशन बनाना, मैथा में सैंड हंप व हाट एकल साइडिंग सहित डाउन प्लेटफार्म का विस्तार, के अलावा इलाहाबाद-कानपुर व झाँसी-कानपुर एवं कानपुर-टूंडला मार्गों पर समपार के बजाय दर्जनों हमारे क्षेत्र के ऊपरी सड़क पुलों को बनाये जाने की मंजूरी और कानपुर-अम्बियपुर के मध्य भी सभी ऊपरगामी पुलों को बदले जाने की गुंजाइश है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी की इस उदारता के लिए उनको धन्यवाद देते हुए कहना चाहूंगा कि हमारे अति पिछड़े क्षेत्र की कुछ बहुत ही जायज मांगे अनदेखी रह गयी हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी एवं रेल राज्य मंत्री जी का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं कि जहां माननीय रेल मंत्री जी ने हमारे क्षेत्र में मेमो ट्रेन देकर तीन जनपदों को जोड़ने का काम किया है, वहीं कुछ ऐसी कुछ चीजों को आपके सामने रखना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

मान्यवर, मैं आपके सम्मुख बहुत महत्वपूर्ण बात रखने जा रहा हूं। इटावा, ग्वालियर रेल मार्ग के ऊदी से यदि ओरैया, सिकन्दरा, भोगनीपुर, मूसानगर, घाटमपुर, जहानाबाद होती हुयी बिंदकी रोड स्टेशन पर नयी रेलवे लाइन का निर्माण हो जाये तो कानपुर सेंट्रल स्टेशन की व्यवस्तता एवं दूरी कम हो जायेगी और वहां के लोगों को रेलवे सुविधा भी मिलेगी। यदि घाटमपुर क्षेत्र के शम्भुआ स्टेशन जो कि पूर्व में रेलवे विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण बंद कर दिया गया था, जिसके चलते उस क्षेत्र में रहने वाले दर्जनों गांवों के किसान, मजदूर, छात्र, शिक्षक आदि रेल यात्री अत्यधिक दूरी तय कर अपने-अपने गंतव्य तक जाते हैं। यदि शम्भुआ स्टेशन को पुनः चालू कर दिया जाये तो हजारों यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा।...(व्यवधान)

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): आज के दिन बहुत सारे माननीय सदस्य रेलवे बजट पर बोल रहे हैं। रेल राज्य मंत्री जी सदन में बैठे हुए हैं, केन्द्रीय मंत्री, श्री मनोहर पर्रिकर जी यहां बैठे हुए हैं। इस दो साल की कार्यावधि में हम सब बहुत अधिक समय के लिए यहां बैठे हैं। विशेषकर, रेल राज्य मंत्री जी सदन में बैठे हुए हैं, केन्द्रीय मंत्री, श्री मनोहर पर्रिकर जी, श्री मेघवाल जी जो हमारे चीफ व्हिप हैं और अन्य माननीय सदस्य यहां उपस्थित हैं। हमारे देश में लोकतंत्र की एक मजबूत परंपरा स्थापित हो रही है, यह आज प्रमाणित हो रहा है। हम सबको बधाई देना चाहेंगे। आज आपने बहुत देर तक सदन का संचलान किया है, जिससे अम्मा आपसे बहुत प्रसन्न होंगी। आज सभी लोग आपसे प्रसन्न हैं। हमारे कैबिनेट मिनिस्टर यहां बैठे हैं, ताकि कार्रवाई हो सके।...(व्यवधान) माननीय सदस्य सदन में बोल सकें। माननीय सिग्रिवाल साहब यहां बैठे हैं,

अन्य लोग यहां बैठे हैं। मैं आपको बधाई देता हूं। मैं विशेष रूप से स्टाफ को भी बधाई देता हूं कि आप सदन को अभी तक चलाने में सहयोग करते रहे है। देर रात पूरा देश इसे देख रहा है।

श्री देवेन्द्र सिंह भोले : उत्तर मध्य रेलवे के कानपुर से इटावा रेल मार्ग पर ब्लॉक हट एफएफ रैपालपुर में टिकट वितरण की व्यवस्था एवं गाड़ी संख्या 646587/54588 एवं 64589/64590 आदि का ठहराव किया जाना अत्यंत आवश्यक है। ...(व्यवधान)

मान्यवर, मैथा और रैपालपुर के बीच में ब्लॉक हट है, वहां डेली गाड़ी रूकती है, डीआरएम के आदेश से एमयूज आता है।

श्री मुकेश राजपूत (फरूखाबाद) : सभापति महोदय, आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु और माननीय मनोज सिन्हा द्वारा जो रेल बजट प्रस्तुत किया गया है, इसकी हर जगह अच्छी चर्चा हो रही है। लोगों को लगता है कि पहले जो रेल बजट होता था, वह लोक लुभावनी घोषणाओं पर ही आधारित होता था। यह जो बजट घोषित हुआ है, इसमें सही मायने में यात्रियों की सुविधा और जो पुरानी योजनाएं अधूरी पड़ी हुई हैं, उन्हें पूर्ण करके चालू करने के बारे में प्रमुखता दी गई है। यही नहीं, चार सौ रेलवे स्टेशनों को वाई-फाई युक्त किया जाएगा। इसी वर्ष सौ स्टेशन सुविधा युक्त होंगे।

कई सदस्यों द्वारा मंत्री जी की प्रशंसा की गई है। उसके बावजूद मैं अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं की तरफ माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगा। मंत्री जी द्वारा इस बार फरूखाबाद जनपद के लिए चार फ्लाई ओवर दिए गए और एक अंडर पास दिया गया। इसके लिए मैं फरूखाबाद जनपद और अपनी तरफ से आपका बहुत-बहुत आभार, साधुवाद व्यक्त करता हूं। फरूखाबाद जंक्शन से शिकोहाबाद जंक्शन तक रेलवे विद्युतीकरण के लिए जोड़ा जाएगा। दूसरा, कल्याणपुर स्टेशन से फरूखाबाद होते हुए मथुरा को भी विद्युतीकरण के लिए जोड़ा जाएगा। इसके लिए भी मैं माननीय मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं। एक बहुत महत्वपूर्ण रेलमार्ग है। मंत्री जी, मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं। यदि दिल्ली से पूर्वांचल असम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश को जोड़ते हैं तो गाड़ियां या तो दिल्ली से बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ होकर पूर्वांचल जाती हैं या वाया टुंडला, इटावा, कानपुर होकर पूर्वांचल जाती हैं। यदि आप अलीगढ़ से कासगंज को सीधा जोड़ देते हैं, आपने बजट में इसका प्रस्ताव भी किया है, सर्वे करवाने के लिए पैसा भी आवंटित किया गया है, यह मात्र 64 किलोमीटर रेलमार्ग बनता है, तो तीसरी लाइन सीधे पूर्वांचल को जोड़ने के लिए मिल जाएगी। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इस नई लाइन को स्वीकृत किया जाए।

मैं एक और अनुरोध करूंगा कि फरूखाबाद जनपद से कन्नौज, फर्रूखाबाद, मेनपुरी और कानपुर देहात ऐसे कई जनपदों को जोड़ते हुए 24 घंटे में मात्र एक कालिन्दी एक्सप्रैस ट्रेन चलती है। मैं मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि फर्रूखाबाद के पिछड़े क्षेत्र के लोगों को एक और ट्रेन दिल्ली से जोड़ने वाली दी जाए। साप्ताहिक ट्रेन 14151/14152 आनन्द विहार-कानपुर एक्सप्रेस की आवृत्ति प्रतिदिन की जाए अथवा सप्ताह में तीन दिन करने का कष्ट करें। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri Ajay Tamta.

श्री अजय टम्टा (अल्मोड़ा) : सभापति महोदय, आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु और माननीय मनोज सिन्हा जी द्वारा वर्ष 2016-2017 रेल बजट प्रचलन में मील का पत्थर साबित होगा। इस बजट में सभी वर्ग के लोग जो रेल यात्रा करते हैं, उन्हें समावेशित किया गया है। रेल में स्वच्छता का विषय हो या लम्बी यात्रा के दौरान गाड़ियों में ताजे, स्वच्छ भोजन की उपलब्धता, टिकट बुकिंग, खिड़कियों पर खड़े यात्रियों की प्रतिक्षा को कम करना, यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए विशेषकर महिलाओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना जैसे विषय को लेकर एक बहुत अच्छा काम किया गया है। वहीं पंडित दीनदयाल जी द्वारा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के लिए अन्त्योदय एक्सप्रैस चलाकर भी बहुत अच्छा काम किया गया है। तीन रेलगाड़ियों, सफर, तेजस और उदय को चलाकर अच्छा काम किया है।

भारत में तीर्थयात्रा एक महत्वपूर्ण आकर्षण रहा है, तीर्थयात्रियों को जोड़ने के लिए माननीय रेल मंत्री महोदय द्वारा आस्था सर्किट चलाना मील का पत्थर साबित होगा। माननीय रेल राज्य मंत्री और माननीय रक्षा मंत्री यहां उपस्थित हैं। मेरा लोक सभा क्षेत्र नेपाल, तिब्बत और चीन का बार्डर आता है इसके अंतर्गत 4 जिले आते हैं। इसे सौभाग्य कहें या दुर्भाग्य 69 साल की आजादी के बाद भी 1 मीटर रेल लाइन मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंदर नहीं है। कोई भी गांव ऐसा नहीं है जहां से प्रत्येक गांव से 5-6 लोग कोई न कोई देश की सैनिक के रूप में काम करता है। सामरिक महत्व की दृष्टि से भी एक तरफ चीन सीमा लगी है जिसने सड़क और रेल लाइन का विस्तार कर लिया है। ब्रिटिश शासन काल में सर्वप्रथम टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन का सर्वेक्षण किया गया था, फिर 1992 में इस रेल लाइन का सर्वेक्षण किया गया, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों को रेल द्वारा जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है वहीं उत्तराखंड की सीमांत क्षेत्र चीन और नेपाल से सटे होने और संवेदनशील होने के कारण रेल लाइन से जुड़ने की आस बांधे हुए है। हिमालय राज्य रेल नेटवर्क को विकसित करने का प्रस्ताव राज्य सभा की याचिका समिति द्वारा 141 प्रतिवेदन में टनकपुर-बागेश्वर के विषय में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। समिति ने रेल बोर्ड, रक्षा मंत्रालय, तत्कालीन योजना आयोग और वित्त मंत्रालय के उच्च पदाधिकारियों द्वारा इस विषय पर विस्तृत चर्चा की

गई थी। योजना आयोग और रक्षा मंत्रालय द्वारा समिति को अपने इस रेल लाइन को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण स्वीकार किया गया। अतः निवेदन है कि इसे रेल बजट में समायोजित किया जाए। रामनगर, चौखुटिया-गैरसैण, हल्द्वानी-रीठासाहेब रेल लाइन के सर्वेक्षण के लिए जिस धनराशि का प्रस्ताव किया गया, मेरी मांग है कि सर्वेक्षण का काम अतिशीघ्र पूर्ण हो। मुम्बई देश की आर्थिक राजधानी है, क्षेत्र की जनता की काफी पुरानी मांग है कि काठगोदाम से मुम्बई तक सीधी ट्रेन सेवा प्रारम्भ हो, मैं आपके माध्यम से यह मांग करता हूँ।

DR. K.C. PATEL (VALSAD): Sir, with the blessings of hon. Prime Minister, Narendra Modi Ji, my *rajya guru*, late my mother and father, my family and my wife, this is the first time I am speaking in this august House. I am very much thankful to you. I am coming from Gujarat. मैं गुजरात के उस क्षेत्र से आता हूं जहां स्वर्गीय मोरारजी देसाई की जन्मभूमि है। हमारे यहां 100 साल पहले पारसी लोग आए थे। डांग क्षेत्र ऐसा है जहां आदिवासी राजाओं ने आजादी की लड़ाई में बहुत सहयोग दिया था। हमारे डांग के राजा को अभी भी सलाना मिल रहा है। देश के किसी भी डिस्ट्रीक्ट में सलाना नहीं मिलता है इसलिए डांग के आदिवासी राजा को सलाना मिलता है। कांग्रेस के कांति लाल भूरिया जी बोल रहे थे कि आदिवासियों के लिए बहुत कुछ किया। मैं उनको जवाब देना चाहता हूं कि मेरे डांग प्रजा 100% ट्राइबल प्रजा है, 100% उनकी पोपूलेशन है, कांग्रेस के लोगों ने 60 साल में यह दशा किया कि उन्होंने अभी तक रेलगाड़ी नहीं देखा है, 60 साल तक उनको रेल गाड़ी में बैठाया भी नहीं है।

HON. CHAIRPERSON : Please speak on the Railway Budget—Demands for Grants.

डॉ.के.सी.पटेल (वलसाड) : मैं रेल मंत्री से प्रार्थना करता हूं कि विल्लीमोरा की जो रेलवे लाइन का 3765 करोड़ रुपये का सर्वे हुआ है, विल्लीमोरा से वोगोई, वोगोई से अहवा, अहवा से सतपारा और नासिक को जोड़ दिया जाए। यही मेरी प्रार्थना है। उमरगाम से बलसाड़ तक रेलवे स्टेशन आता है Vapi is the largest industrial area in Asia. वापी का जो इनकम है, बोरीवली, सूरत और वापी। वापी में गुजरात ट्रेन जो वलसाड़ तक आती है, उसका वापी तक एक्सटैंड किया जाये। वापी में जो उद्योगपति हैं, जो वीपीपीएल के मालिक श्री राजीव भाई सर्राफ हैं, उन्होंने पीपीपी बेस पर दो प्लेटफार्म तैयार करने के लिए रेलवे को एग्रीमैंट दिया है। हमारी जो गुजरात क्वीन है, क्योंकि वापी से यूनियन टेरीटरी दमन और दीव और सिलवासा दादर और नगर हवेली लगती है, तो मैं रेल मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि गुजरात क्वीन वहां तक एक्सटैंड की जाये। मेरे उमबरगांव में लोक शक्ति का स्टापेज दिया जाये और वापी में मुम्बई सुपरफास्ट, चंडीगढ़ एक्सप्रैस, गरीब रथ और सूर्यनगरी एक्सप्रैस का स्टापेज दिया जाये। इसके साथ-साथ राजधानी ट्रेन का भी वापी में स्टापेज दिया जाये, यह मेरी प्रार्थना है। वलसाड़ हमारा डिस्ट्रिक्ट प्लेस है। वहां बांद्रा से पालीताना जो गाड़ी जाती है, उसका स्टापेज दिया जाये। वलसाड़ में एक मार्ग है जो वन वे है। वहां रेलवे कालोनी है, इसलिए उस मार्ग को दो मार्गीय बनाया जाये, यह मेरी प्रार्थना है। धन्यवाद।

SHRI RAJIV PRATAP RUDY: It was hon. Member's maiden speech. Hon. Chair may make an observation.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, आपने मुझे इस रेल बजट पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। सबसे पहले मैं देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं, जिनके नेतृत्व में रेल मंत्री आदरणीय श्री सुरेश प्रभु और हमारे राज्य मंत्री आदरणीय मनोज सिन्हा जी ने एक अच्छा, विकासशील और संतुलित बजट पेश किया है। मैं अपने क्षेत्र की मांगें सीधे-सीधे उनके सामने समक्ष रखना चाहता हूं।

माननीय सभापति महोदय, वास्तविकता यह है कि देश स्वतंत्र होने के बाद हमारा क्षेत्र बुन्देलखंड के अंतर्गत आता है। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी डिवीजन के अंतर्गत कानपुर से झांसी तक रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए माननीय मंत्री जी ने जो 400 करोड़ रुपये दिये हैं, उसके लिए मैं उनका धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। साथ ही साथ इन्होंने संयुक्त उपक्रम के आधार पर कोंच से भिंड और उरई से महोबा नयी लाइन प्रस्तावित की है। निश्चित ही जब यह रेल लाइन बनेगी तब बुन्देलखंड का चहुमुखी विकास होगा।

माननीय सभापति महोदय, मैं सिर्फ एक बात कहना चाहता हूं कि उरई से लेकर जालौन, जालौन से लेकर कोंच और कोंच से लेकर फफूंद तक नयी रेल लाइन के निर्माण और सर्वे के लिए बजट में पैसा आवंटित किया गया है। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि हमारे यहां के बुद्धिजीवी लोगों ने आर टी आई के तहत यह प्रश्न किया था कि फफूंद से लेकर कोंच तक इसका सर्वे हुआ या नहीं, तो विभाग द्वारा उन्हें बताया गया कि वर्ष 2014 में इसका सर्वे हो गया है। जब इसका सर्वे हो चुका है, तो दोबारा पैसा आवंटित होने का कोई औचित्य समझ में नहीं आता है। इस कारण वहां भ्रम की एक स्थिति पैदा हो गयी है। जालौन के लोगों को यह लगता था कि शायद सबसे पहले इसी लाइन पर ही पैसा प्रस्तावित किया जायेगा। जालौन नगर के लोगों को लगा कि यह सर्वे बहुत पहले हो गया है, लेकिन सांसद जी ने जानबूझकर इस लाइन को नहीं होने दिया है, इसलिए वहां हमारे और आपके नाम से पुतले फूंके गये हैं। हम लोगों ने उन्हें समझाने की बहुत कोशिश की है कि अभी उसका सर्वे नहीं हुआ है। हमने सारे कागज देखे हैं। हमने उन्हें समझाया कि उन्होंने अब सर्वे के लिए पैसा दिया है।

मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि आपने नये सर्वे में जो पैसा रिलीज किया है, विशेष तौर से अगर पहले सर्वे हो गया है, जो अधिकारियों ने जवाब दिया है, तो कम से कम इसकी जांच होनी चाहिए, ताकि वहां की जनता भ्रम में न रहे। जब पैसा दिया है, तो पिछला सर्वे होने का क्या औचित्य है? वहां की जनता भ्रम में आकर हम सब लोगों की बातों को सुनने के लिए तैयार नहीं है।

मेरे लोक सभा क्षेत्र से दिल्ली को जोड़ने वाली एक भी ऐसी गाड़ी नहीं है जो दिल्ली से जुड़ती हो। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि आनंद विहार से आएं तो कानपुर-इलाहाबाद-मानिकपुर होते हुए सतना-रीवा तक पूर्वान्चल एक्सप्रैस चलती है, उसे अगर सीधा कानपुर और झांसी और बांदा-मानकपुर होकर निकाल दिया जाए तो सीधा जो क्षेत्र है, 200 कि.मी. का जो क्षेत्र है, उसे वहां से जोड़ा जा सकता है। इसी के साथ ही मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्री हरिनरायन राजभर (घोसी) : माननीय सभापति जी, रेल बजट पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

दो वर्ष के बाद हमें किसी बजट पर बोलने का मौका मिला है। इसके लिए भी मैं धन्यवाद देता हूं। रेल बजट ऐसा आया है, ऐसा लगता है कि आज़ादी के बाद कोई ऐसा बजट ही नहीं आया है, ...(व्यवधान) जिसकी सराहना पूरे देश का पक्ष-विपक्ष कर रहा है और जनता तो सराहना कर ही रही है। यहां तक कि पप्पू यादव जी ने कहा कि विदेशों में भी इसकी सराहना हो रही है। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में रेल मंत्री सुरेश प्रभु जी और हमारे प्रदेश का एक तरह से गौरव और गरीबों की गली को छूकर मनोज सिन्हा जी ने जो रेल बजट में व्यवस्था दी है जबकि हर सरकारों में उत्तर प्रदेश की उपेक्षा होती थी, मगर इन्होंने हमारे प्रदेश में एक रेल व्यवस्था का उदाहरण कायम किया है। मैं बगैर भूमिका के अपनी समस्याएं आपके समक्ष रखना चाहता हूं। मेरे जिले और क्षेत्र में जो रेल की व्यवस्था हुई है, मैं उसके लिए धन्यवाद देते हुए यह कहना चाहता हूं कि अभी कुछ काम इसमें बाकी रह गया है, जैसे एक बलिया से हावड़ा गाड़ी चलाई जाती है और कैफियात जो है, दिल्ली से आजमगढ़ तक है और बीच में मऊ छूटा हुआ है, यह मेरा आग्रह है कि दोनों गाड़ियों को मऊ तक कर दिया जाए।

महोदय, एक और पुल जो रतनपुरा में है, चूंकि माननीय मंत्री जी जानते हैं, मैं मांग करता हूं कि उसको आप बनवा दें। माननीय मंत्री जी का यह पड़ौसी जिला है, मैंने पब्लिक मीटिंग में कहा कि यहां के भी सांसद आप ही हैं और इसका प्रतिनिधित्व आपको ही करना है। यह मैंने आपके सामने कहा। पूर्वान्चल यानी बहुत गरीब क्षेत्र है, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि मऊ चूंकि बीच में पड़ता है, इसलिए मऊ में कोच बनाने यानी रेल के डिब्बे बनाने का कारखाना लगाया जाए जिससे वहां के लोगों को रोजगार मिल सके और वहां की गरीबी दूर हो सके। इसके लिए मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं और रेल मंत्री जी और विशेष रूप से मनोज सिन्हा जी को धन्यवाद देते हुए आग्रह करता हूं कि आप उस क्षेत्र से हैं जहां यह स्थिति बनी हुई है, जहां पर बेरोजगारी, गरीबी बनी हुई है यानी यह सदियों से पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, इसलिए मऊ में रेल के डिब्बे बनाने का कारखाना खुलवाया जाए जिससे वहां की गरीबी और बेरोजगारी दूर हो सके। इसके साथ ही मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

23.00 hours

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, if the House agrees, I may extend the time of the House till 11.30 pm.

SEVERAL HON. MEMBERS : Yes, Sir.

HON. CHAIRPERSON: Okay.

SHRI RAJIV PRATAP RUDY: Sir, how many speakers are there in the list?

HON. CHAIRPERSON: There are five Members.

SHRI RAJIV PRATAP RUDY : There is no harm to take up the '*Zero Hour'* also today. If the time permits we can take the '*Zero Hour'* also. I am saying this because there are so many Members present and they want to participate in the '*Zero Hour'*.

HON. CHAIRPERSON: Yes, the time is extended for both.

The next speaker is Shri Vishnu Dayal Ram.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी और रेल राज्य मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा क्योंकि उन्होंने बहुत कम समय में ही रेलवे की समस्याओं को पहचानकर ठोस निदान की दिशा में सार्थक पहल करते हुए रेल बजट को लाए हैं। समस्या की पहचान निदान का प्रथम चरण है। पिछली सरकारों ने लोक लुभावन बजट के माध्यम से सीमित ट्रैक पर नई-नई रेल गाड़ियों को चलाना शुरू कर दिया। नए-नए स्टेशनों को बनाना शुरू कर दिया बिना यह सोचे-समझे कि ये रेलगाड़ियां यदि इतनी संख्या में चलेंगी तो इन ट्रैकों का क्या होगा। इसका नतीजा यह हुआ कि आज के दिन में ये सारे ट्रैक सैचुरेटिड हो गए हैं। एक ब्लाक दो घंटे का भी रेलवे को नहीं मिलता है जिसमें इंटरलॉकिंग की व्यवस्था की जा सके। ऐसी परिस्थिति में माननीय रेल मंत्री जी किसी भी नई रेलगाड़ी की घोषणा नहीं करके और किसी भी नए रेलवे स्टेशन की घोषणा करके मिस एलोकेशन आफ रिसोर्सेस को बंद कर दिया। मैं समझता हूं कि यह सबसे बड़ी उपलब्धि रेल बजट की है। रेलवे ट्रैक पर रेलगाड़ियों की रफ्तार को बढ़ाना ही आज की समस्या का समाधान है और यह तब तक जारी रखना चाहिए जब तक कि पर्याप्त निवेश, पर्याप्त क्षमता विकास का पूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर का चक्र पूरा नहीं हो सके, जो हमारी मांग की आपूर्ति के अनुरूप होना चाहिए। पैसेंजर सेगमेंट में और फ्रेट सेगमेंट में रेलवे को घाटा को हो रहा है। इस बारे में रेलवे को ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके साथ रेल की आय के साधनों में 67 प्रतिशत आय माल ढुलाई से, 27 प्रतिशत आय पैसेंजर्स से तथा 5 से 6 प्रतिशत आय साधनों से होती है। अन्य साधनों की आय को बढ़ाने की आवश्यकता है और पैसेंजर सेगमेंट से और फ्रेट सेगमेंट से भी आय बढ़ाने की जरूरत है।

मैं रेल राज्य मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने 80 साल पुरानी रेल परियोजना को हमारे यहां स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने बरवाडीह से लेकर चिरीमिरी होते हुए अम्बिकापुर की रेलवे लाइन को स्वीकृति प्रदान की है। मैं मंत्री जी का ध्यान वाया रफीगंज होते हुए डाल्टनगंज तक शीघ्र बड़ी लाइन बनाने की तरफ दिलाना चाहता हूं। नई दिल्ली-रांची राजधानी ट्रेन को प्रतिदिन चलाया जाए। जपला एवं उटारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की लम्बाई बढ़ाई जाए। बीडीआर पैसेंजर ट्रेन का फेरा बढ़ाया जाए। शक्तिपुंज एक्सप्रेस एवं त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस का रमना रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया जाए । नगरउंटारी रेलवे स्टेशन के पोल नम्बर 47/2 और सोनबरसा के पास पोल नम्बर 47/3 पर रेलवे क्रांसिग बनवाया जाए।

ट्रेन नम्बर 18312 वाराणसी संभलपुर एक्सप्रेस को चेन्नई तक विस्तारित किया जाए। ट्रेन 11447 शक्तिपुंज एक्सप्रेस को जबलपुर से विस्तारित कर मुम्बई तक किया जाए। ट्रेन 13348 पलामू एक्सप्रेस का कजरात नावाडीह स्टेशन पर ठहराव। ट्रेन नम्बर 12321 हावड़ा मुम्बई मेल में पलामू से मुम्बई जाने के लिए एक अतिरिक्त कम्पार्टमेंट जोड़ा जाए। ट्रेन 12835 हटिया-यशवंतपुर एक्सप्रेस में पेंट्रीकार की सुविधा दी जाए। अरंगी रेलवे स्टेशन पुनः चालू किया जाए। पलामू एक्सप्रेस को पुरानी समय सारणी के अनुसार चलाया जाए।

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ।

मैं एक अच्छे रेल बजट के लिए माननीय रेल मंत्री जी तथा रेल राज्य मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूँ। उन्होंने महिलाओं के लिए आरक्षित कोटे को बढ़ाकर, वरिष्ठ नागरिकों के कोटे को बढ़ाकर एक सराहनीय कार्य किया है। साथ ही, बच्चों के लिए दूध, खाना और गरम पानी की व्यवस्था करके जननी सेवा शुरू करने का जो काम किया है, निश्चित रूप से वह भी एक सराहनीय प्रयास है। वेटिंग टिकटों को कंफर्म करने के लिए एक समयबद्ध संकल्प व्यक्त किया गया है। विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस चार तरह की नयी ट्रेनें- सफ़र, तेजस, उदय और अंत्योदय चलाने का निर्णय लिया गया है। निश्चित रूप से अंत्योदय जैसे पूर्ण अनारक्षित ट्रेनों से अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बहुत ही सहूलियत होगी। आस्था सर्किट ट्रेनों से यात्रियों को देश के तीर्थ स्थलों पर भ्रमण करने की सहूलियत मिलेगी।

माननीय मंत्री जी से मैं अनुरोध करना चाहता हूँ कि चित्रकूट देश का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, आस्था सर्किट के तहत जो ट्रेनों को स्थान दिया गया है, उनमें चित्रकूट का नाम नहीं है। मेरा अनुरोध है कि उसमें चित्रकूट को शामिल किया जाए।

इस बार बहुप्रतीक्षित मांगों को इस बजट में पूरा करने का काम किया है। जैसे मेरे संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाली झांसी-मानिकपुर लाइन व खैराड़-कानपुर लाइन के दोहरीकरण की मांग वर्षों से की जा रही थी, लेकिन उसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया था। इस बार के रेल बजट में उसके लिए प्रावधान किया गया है, इससे क्षेत्रवासी बहुत प्रसन्न हैं। इसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी एवं रेल राज्य मंत्री जी को बधाई देता हूँ।

मेरे क्षेत्र में बरगढ़ में एक स्टापेज दिया गया है। इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ, लेकिन वहाँ बदौसा में बुदेलखंड एक्सप्रेस का स्टापेज मांगा जा रहा था, इसके लिए आंदोलन भी हुआ था और लोग आपसे भी आकर मिले थे, लेकिन वह स्टापेज नहीं दिया गया है। मेरा आपसे अनुरोध है कि बदौसा में बुंदेलखंड एक्सप्रेस का स्टापेज दिया जाए और आप उसके लिए घोषणा करने की कृपया करेंगे।

क्षेत्र के कुछ जरूरी काम हैं, जो रह गये हैं। जब आप अपनी मनमोहक मुस्कान से हम लोगों को संतुष्ट करते हैं, तो हम लोग तो संतुष्ट हो जाते हैं, लेकिन क्षेत्र के लोग जब काम देखते हैं, तभी संतुष्ट होते हैं, नहीं तो वे हम लोगों को बहुत परेशान करते हैं। इसलिए कुछ मांगें बहुत जरूरी हैं। इसलिए मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि उनको यथासंभव पूरा करावें। जैसे कानपुर इंटरसिटी है, वह चित्रकूट से

कानपुर तक जाती है, लखनऊ राजधानी है, उसको वहाँ तक बढ़ाने का काम बहुत दिनों से लंबित है। आपके अधिकारी कहते हैं कि वहाँ पर प्लेटफार्म खाली नहीं है, लेकिन कानपुर इंटरसिटी को जरूर लखनऊ तक बढ़ाने का काम पूरा करें। इसके साथ ही इसमें एक चेयर कार लगाने की मांग बहुत दिनों से हो रही है। यह अभी तक नहीं लगायी गयी है। उदयपुर-खजुराहो एक्सप्रेस, जो महोबा से संपर्क क्रांति की तरह विभाजित करके मानिकपुर तक बढ़ाने का प्रस्ताव बहुत दिनों से विचाराधीन है, इसके लिए सर्वे भी हुआ है, लेकिन आज वह काम नहीं हुआ है। इसलिए मान्यवर, उसे मानिकपुर तक बढ़ाने का काम करें। चित्रकूटद्वार तथा मानिकपुर ग्रामीण के नाम से दो हाल्ट स्टेशन के लिए सर्वे हो गया है। यह बहुप्रतीक्षित है। मेरा अनुरोध है कि उसको यथाशीघ्र चित्रकूटद्वार और मानिकपुर ग्रामीण हाल्ट स्टेशन को बनाने का काम करें। इसके साथ ही दुर्ग एक्सप्रेस और तुलसी एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने का काम करें। इसके साथ ही एक अंतिम निवेदन करते हुए मैं कहना चाहता हूँ, यह कहा जाता है कि ये ट्रेनें इसलिए वहाँ तक नहीं बढ़ पाती हैं क्योंकि वहाँ पर धुलाई की व्यवस्था नहीं है। इसलिए चित्रकूट धाम स्टेशन पर धुलाई की व्यवस्था कराने की कृपा करें। यह व्यवस्था हो जाएगी तो वहाँ पर अन्य ट्रेनें जैसे सरयू एक्सप्रेस, अयोध्या से चित्रकूट का नाता है, उसे चित्रकूट तक बढ़ाना है, लेकिन धुलाई सेन्टर न होने की वजह से इसे वहाँ तक नहीं बढ़ाया जा रहा है।

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल बजट के समर्थन में अपने विचार व्यक्त करने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

20 मई, 2014 को जब केन्द्रीय कक्ष में श्री नरेन्द्र मोदी जी को भाजपा के संसदीय दल का नेता चुना गया, तो उन्होंने संसद की सीढ़ियों को नमन करते हुए कहा था कि मेरी सरकार गरीबों के लिए समर्पित है। गरीबों को समर्पित सरकार की अनेक लोकोपयोगी कार्यक्रम आपके सामने है। लेकिन मैं उन सब पर न जाकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के शताब्दी वर्ष में अनारक्षित और गरीब यात्रियों के लिए जो अंत्योदय एक्सप्रेस उन्होंने चलायी है, यह भारतीय रेल के इतिहास में बहुत ही बड़ा कदम है। मैं इसके लिए रेल मंत्री जी एवं रेल राज्य मंत्री जी की भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूँ, उनका अभिनन्दन करता हूँ। जो अनेक बातें तेजस, उदय, हमसफर के बारे में कहीं गयी हैं, ये बड़े ऐतिहासिक निर्णय हैं।

मुख्य बात यह है कि आज रेलवे कम निवेश का शिकार हुआ है। आज रेलवे पर जो दबाव है, वह सबसे अधिक आवागमन का है। लेकिन भारत के 68-69 साल के इतिहास में आज इनफ्रास्ट्रक्चर के डवलपमेंट में जितना हाईवेज़ में निवेश हुआ है, उससे बहुत ही कम निवेश रेलवे में हुआ है। जबकि रेलवे उससे छः गुना ज्यादा उपयोगी है। आज रेलवे में पहली बार यह इनवेस्टमेंट बढ़ाया गया है और बिना भाड़ा बढ़ाए, इनवेस्टमेंट पिछली बार से 52 प्रतिशत बढ़ाकर एक लाख करोड़ रुपये का इनवेस्टमेंट पिछले रेल बजट में दिया था और इस बजट में 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये इनवेस्टमेंट करने के बारे में कहा गया है। यह आपका ऐतिहासिक निर्णय है। एलआईसी से डेढ़ लाख करोड़ रुपये का ऋण लिया है, जो तीस साल बाद बहुत ही न्यूनतम दरों पर लौटने के लिए है, यह रेलवे के सुधारने के लिए है। आज कांग्रेस और अन्य सदस्य इस समय सदन में नहीं हैं, नहीं तो मैं कहता कि आज रेलवे के कायाकल्प के लिए माननीय सुरेश प्रभु जी और मनोज सिन्हा जी का मोदी जी के नेतृत्व में संकल्प है, लेकिन इसकी जो काया इन लोगों ने पिछले साठ सालों में बिगाड़ी है, वह कायाकल्प करके रेलवे को सुधारने का काम यह लोग कर रहे हैं यह भारतीय रेल के इतिहास में राजनैतिक और सामाजिक हर दृष्टि से उल्लेखनीय है। आज तक रेलवे में निर्णय जरूरतों के हिसाब से नहीं बल्कि राजनैतिक कारणों से होते रहे हैं। आज भारतीय रेल, भारतीय जनता और भारत की आवश्यकताओं और आवागमन की जरूरतों के हिसाब से निर्णय हो रहे हैं। पिछले बार के बजट में मीडिया के भाइयों को वह चीज नहीं मिली थी, कहते थे नई रेल की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इस बार नई रेल न चलाकर भी मीडिया ने माना कि रेल बजट में एक क्रांतिकारी रुख अख्तियार कर लिया है, इस नाते उन बातों पर न जाते हुए मैं पुनः इस बजट का समर्थन करते हुए मैं अपने क्षेत्र के बारे में निवेदन करना चाहूंगा।

मेरे क्षेत्र में दीनदयाल जी का पूर्ण स्मरण किया जाता है, मुगल सराय से एकात्मकता एक्सप्रेस शताब्दी वर्ष में चलाकर लखनऊ तक चलाकर रेलवे ने जो योगदान किया है, उसके लिए मैं रेलवे को धन्यवाद देता हूं और अभिनंदन करता हूं। लेकिन मैं चाहता हूं कि दीनदयाल जी की पुण्यतिथि और पुण्यस्मरण का मुगल सराय स्टेशन है, अंत्योदय ट्रेन यहां से नई दिल्ली स्टेशन गरीबों के लिए चलायी जाए। डबल डेकर एसी ट्रेन जो उदय नाम से चलायी जानी है, वह भी यहां से चलायी जाए...(व्यवधान) मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा। हमारे यहां आपने लोहता, कजाकपुरा, बावतपुर और काजीपुर, भोजापुर और मट्टकट्टा को भरोसा दिया है, ओवरब्रिज सैंक्शन किया है, इसके लिए धन्यवाद। मझबार, सैय्यदराजा, आशापुर के लिए जो बजट दिया है,उसके लिए धन्यवाद। मैं यह चाहता हूं कि यहां के सभी आरओबी को भी आप स्वीकृत कर लें और माननीय रेल राज्य मंत्री हमारे पड़ोसी हैं, इन्होंने जब सिधौना का हाल्ट बनवाया है तो मैं चाहता हूं कि हमारे बनारस के उबहाना में भी एक हाल्ट दिया जाए। लोहता में ...(व्यवधान)

श्री दद्दन मिश्रा (मुरैना) : आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में एसएसबी रेल मंत्री आदरणीय सुरेश प्रभु जी, यथार्थवादी रेल राज्य मंत्री और बड़े भाई आदरणीय मनोज सिन्हा जी जो सिर्फ एक रेल मंत्री के रूप में ही नहीं बल्कि हम लोगों के अभिभावक के रूप में खास तौर से उत्तर प्रदेश के वासियों को मार्गदर्शन प्राप्त होता रहता है। एक बहुत प्रगतिशील, दूरगामी और भविष्योन्मुखी बजट प्रस्तुत किया है, जिसके लिए मैं उन्हें बधाई देते हुए बजट का समर्थन करता हूं।

महोदय, यह बजट कर्ज में डूबे हुए संसाधन विहिन रेलवे में नई आशा और विश्वास का संचार करेगा। इस रेल बजट में भारतीय रेल के अच्छे दिन लाने के लिए मजबूत आधारशिला रखी गई है। देश की जनता के सपने और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए आधारभूत ढांचे और क्षमता निर्माण की तरफ विशेष ध्यान दिया गया है। हमारे क्षेत्रवासियों को रेल मंत्री जी ने ऐसी सौगात दी है जिसका आभार व्यक्त करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं हैं। क्योंकि यह हमारे क्षेत्रवासियों के सपने को साकार करने वाला रेल बजट है। वास्तव में रेल हमारे श्रावस्तीवासियों का एक सपना था। उल्लेखनीय है कि श्रावस्ती हमारे मैदानी इलाके का एकमात्र जनपद होगा, जहां एक सेंटीमीटर रेल लाइन नहीं थी। आजादी के बाद से अब तक उसके लिए तमाम आंदोलन होते रहे हैं, मांग उठती रही है। श्रावस्ती को रेल से जोड़ो जैसी तमाम संघर्ष समितियों का गठन हुआ। सन् 2014 के चुनाव के बहुत पहले से विगत सरकारों की उपेक्षा से त्रस्त आकर वहां के नागरिकों ने संयुक्त संघर्ष समिति का गठन करके जंतर-मंतर पर धरना और प्रदर्शन किया। आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के विकास के नारे में आस्था व्यक्त करते हुए मुझे वहां की जनता ने देश की इस सबसे बड़ी पंचायत में चुनकर भेजा। उसके बाद के हमारे प्रयासों से मंत्री जी अवगत हैं। श्रावस्ती में कई बुजुर्ग ऐसे भी मिल जाएंगे, जिन्होंने आज तक रेल देखी तक नहीं थी। लोगों को विश्वास नहीं हुआ, क्योंकि जिस तरह से 1952 से वहां के लोगों की मांग थी और कई सरकारों ने वादे भी किए। वहां रेल लाइन की घोषणा पर एक बार तो वहां के लोगों ने भरोसा ही नहीं किया, क्योंकि यह उनके सपने को साकार करने जैसी बात थी। विरोधी लोग सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कमेंट्स भी कर रहे थे। कभी श्रावस्ती के जंक्शन पर गधे को खड़ा करके पोस्ट भी करते रहे थे। जो श्रावस्ती का भीनगा मुख्यालय है, वहां भीनगा जंक्शन लिखकर गधे को पोस्ट करने जैसी बातें कर रहे थे। लेकिन रेल मंत्री जी द्वारा एक बहुत बड़ी सौगात हमारे श्रावस्ती निवासियों को बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, अतरोला, डुमरियागंज होते हुए खलीलाबाद तक की एक नई रेल लाइन दी है, उसके लिए हम अपनी ओर से तथा वहां की जनता तथा रेल से श्रावस्ती को जोड़ो संघर्ष समिति की ओर से धन्यवाद देना चाहते हैं।

सभापति महोदय, इतनी बड़ी सौगात देने के बावजूद भी हमारे श्रावस्ती जनपद का जो मुख्यालय भीनगा है, वहां की जनता अपने को ठगा महसूस कर रही है। यह श्रावस्ती भगवान बुद्ध की ऐतिहासिक तपोस्थली है। वह एक छोर पर है और श्रावस्ती भीनगा मुख्यालय दूसरी छोर पर है। हमारे ये दोनों अलग-अलग प्रस्ताव थे इसलिए गौतम बुद्ध की पावन स्थली को भी रेल लाइन से जोड़ने का काम रेल मंत्री जी ने किया उसके लिए उन्हें धन्यवाद। लेकिन जो हमारा दूसरा प्रस्ताव है बहराइच-भीनगा-सिरसिया-तुलसीपुर-देवीभाटन तक जोड़ने का, उस बारे में मंत्री जी ने विचार नहीं किया। यह इलाका रक्षा से भी सम्बन्धित है, क्योंकि चीन आज हमारे सामने चुनौती बनकर खड़ा हुआ है। चीन ने हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों और नेपाल की सीमा पर पहाड़ी इलाकों पर रेल नेटवर्क का जाल बिछा दिया है। इसलिए मंत्री जी को हमारे इस दूसरे प्रस्ताव पर भी ध्यान देना चाहिए।

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : सभापति महोदय, माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारे रेल मंत्री जी सुरेश प्रभु और रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने बहुत ही अच्छा रेल बजट पेश किया है। मेरे लोक सभा क्षेत्र से मलीहाबाद से इटौंजा तक को रेल लाइन से जोड़ने की घोषणा की है, उसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। हमारे यहां काकोरी रेलवे स्टेशन है। यह वही काकोरी है, जो अमर शहीद चन्द्र शेखर जी के समय काकोरी रेल डकैती कांड हुआ था। उसके संशोधिकरण की जरूरत है। मलीहाबाद आम की फसल की एक पूरी बेल्ट है। वहां पर दिलावर नगर और मलीहाबाद स्टेशन आते हैं। लखनऊ की तरफ आने वाली ट्रेन अगर दो एक्सप्रेस ट्रेन का स्टापेज वहां दे दिया जाए और लखनऊ से उधर शाम के समय जाने के वक्त ट्रेन रुक जाएं तो वहां के लोगों को काफी सुविधा होगी। इसी तरह हरौनी स्टेशन कानपुर से लखनऊ की तरफ पड़ता है। वहां करीब 45,000 लोग प्रतिदिन आते-जाते हैं। उस स्टेशन पर एक ही प्लेटफार्म बना हुआ है, जबकि वहां तीन प्लेटफार्म्स की जरूरत है। वहां पर पढ़ने वाले छात्रों और मजदूर जो वापस चले जाते हैं इसलिए कि ट्रेन लेट आती हैं। वे ट्रेन लखनऊ की तरफ सही समय पर पहुंचे, तो इससे इन विद्यार्थियों और मजदूरों को काफी सुविधा हो जाएगी।

इसके अलावा उसी हरौनी स्टेशन पर एक ओवरब्रिज बहुत पहले से पास है, लेकिन अभी तक उसका निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। उसे शीघ्र कराया जाए, जिससे उस क्रासिंग पर जो यातायात ठप होता है, वह सुगम हो जाएगा। रायबरेली से निगोगा, मोहनलाल गंज होते हुए लखनऊ को रेल मार्ग आता है। उस पर दो बार मोहनलाल गंज और निगोहा के बीच में रेल ट्रेक को असामाजिक तत्वों ने काटने का प्रयास किया है। निगोहा स्टेशन और मोहनलाल गंज स्टेशंस एसजीपीजीआई जो मेडिकल कालेज है, जहां पूरे उत्तर भारत से मरीज इलाज कराने आते हैं। यह एक काफी बड़ा अस्पताल है। वहां पर अगर ट्रेन का स्टापेज बन जाएगा सुबह के समय आने का लखनऊ की तरफ और फिर लखनऊ से वापस जाने का, तो तमाम लोगों को सुविधा होगी।

मोहनलाल गंज में काफी सीमेंट और कोयला डम्प किया जाता है, जिसकी वजह से वहां के लोगों को काफी परेशानी हो रही है, इसको हटाने की जरूरत है। एसजीपीजीआई में लोगों को सुविधा देने की जरूरत है ताकि लोगों को परेशानी न हो। इसी तरह से लखनऊ से सीतापुर की तरफ जो छोटी लाइन जाती थी, वह बड़ी लाइन बन रही है। वहां इटौंजा स्टेशन है, अब उसको हाल्ट बनाने का प्रयास किया जा रहा है, उसको स्टेशन ही बनाया जाए। पहली एक क्रॉसिंग बनी हुई थी, उसको बंद किया गया है, उसको फिर से क्रॉसिंग बना दिया जाए। सिधौली स्टेशन पर 114 लोगों को दुकानें अलॉट की गयी थी, वह वर्ष 2017 तक अलॉट की गयी थी, लेकिन उनको हटाया जा रहा है। उनको रिप्लेस करके सिधौली स्टेशन की

खाली पड़ी जमीन रेलवे की है, उन पर उनको दे दिया जाए ताकि उन लोगों की रोजी-रोटी इसी तरह से चलती रहे। इसके अलावा मेरा आपसे अनुरोध है कि बाराबंकी रेलवे मार्ग जो लखनऊ की तरफ आता है, गंगा गंज में एक रेलवे हाल्ट बना देने का काम किया जाए। मैं कनक्लूड करते हुए यह कहना चाहता हूं...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing more will go on record. Now the House shall take up Zero Hour.

… (*Interruptions*)... *

* Not recorded.

SHRI RAJIV PRATAP RUDY : Hon. Chairman, I must thank you in person that you have stayed back for so long to take up the Zero Hour as well.

Sir, there is a small reference which I would like to make. The Prime Minister is visiting Bihar on the 12th. Many projects have been taken up in Bihar earlier also. There have been several Ministers of Railways from the State of Bihar. But in particular schemes which have been pending for long have been taken up this time. For example, Maroda is in my Constituency where the Prime Minister has sanctioned a diesel locomotive factory for Rs. 20,000 crore. That way Bihar has been rewarded with and given a lot of investments this time. The Prime Minister is going there on the 12th and the hon. Railway Minister is there and hon. Minister of State for Railways Mr. Manoj Singh is there, and he is inaugurating a project which meets the long time demand of connecting Patna to North Bihar through a railway bridge near Patna which is between Sonpur and Patna. So, on 12th the Prime Minister, the Railway Minister and all the Ministers from Bihar are going there. I, therefore, would like to congratulate the Government for this. He is also inaugurating the Munger Bridge, new bridge in Mokama which has been a long pending demand of the State Government. These are important schemes. So, the package which was announced for Bihar, the promise which was made, though we did not form a government there, the Prime Minister is going whole hog to see that it is fulfilled.

जिस प्रकार से प्रधानमंत्री जी ने बिहार के विकास के लिए मन बनाया है और चुनाव के परिणाम चाहे जो भी निकले हों, लेकिन प्रधानमंत्री जी ने बिहार के लिए जो कमिटमेंट किया है, उन्होंने उसे पूरा करने के लिए चाहे वह 20 हजार करोड़ का, 15 हजार करोड़ का मधेपुरा में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्ट्री और मरोहड़ा की मीटिंग में भी उन्होंने कहा था, छपरा जो कि मेरा संसदीय क्षेत्र है। हम सरकार को बधाई देना चाहेंगे, विशेष रूप से देश के प्रधानमंत्री को और 12 तारीख को एक महत्ती आम सभा का संबोधन हाजीपुर में करेंगे, जिसमें प्रधानमंत्री लगभग दो बजे दिन में पहुंचेंगे तो आपके माध्यम से, सदन के माध्यम से फिर से एक बार देश की सरकार को और प्रधानमंत्री जी को बधाई देना चाहेंगे और बिहार में इन दो बड़ी परियोजनाओं की शुरूआत करने की उन्होंने जो पहल की है। सोनपुर, दिगाह रेल परियोजना का

नामकरण होगा और उसके बाद मुंगेर के मोकामा में जो नया पुल है उसके बारे में। मैं फिर से आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि इतिहास इस सत्र का आपने कायम किया है, 16वीं लोक सभा का पहली बार आपने कायम किया है, इतनी लेट रात 12 बजे तक सभी सदस्य और रक्षा मंत्री जी कैबिनेट मिनिस्टर के रूप में उपस्थित हैं और मनोज सिन्हा जी भी उपस्थित हैं, मैं आपका भी विशेष रूप से आभार प्रकट करता हूं।

SHRIMATI V. SATHYABAMA (TIRUPPUR): Mr. Chairman, Sir, the handloom weavers and their families were provided health insurance benefits by the Union and State Governments under Health Insurance Scheme through from 2005-06 to 30 September 2014. The Government of India has approved implementation of Health Insurance Scheme for handloom weavers under Rashtriya Swasthiya Bima Yojana (RSBY) with inpatient treatment coverage up to Rs. 30,000/- and outpatient treatment coverage up to Rs. 7,500/- per annum. The Government of Tamil Nadu have also accorded approval for migration to the new Health Insurance Scheme on RSRY platform. During the policy year 2014-15, from 1st October 2014 to 30 September 2015 a total of 1 lakh 50 thousand enrolments had been made in Tamil Nadu under RSBY Scheme. This covers around 6.5 lakh family members of handloom weavers. The Union Government has not yet released its share money for the premium for the year 2014- 15. Due to which, the insurance companies are reluctant to settle the medical claims causing hardships to the poor handloorn weavers and their families in getting medical treatment in time.

I, therefore, urge upon the Union Government to immediately release the central share of insurance premium of Rs.2,10,93,092 under Rashtriya Swasthiya Bima Yojana for the policy year 2014-15.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर शून्यकाल में बोलने का समय दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र जालौन, गरौठा, भोगनीपुर के अंतर्गत आता है, उसी में एक कोंचनगर है, कोंचनगर में एक चंदेल कालीन के समय पर बाराखम्बा चौकी की स्थापना की गई थी। जब बैरागढ़ में आल्हा-ऊदल और मलखान के साथ जब पृथ्वीराज सिंह चौहान की लड़ाई हुई थी, उसी में घायल होकर उन्होंने वहां बाराखम्बा चौकी का निर्माण किया था और उसी के सामने देवी की स्थापना की थी। आज हम उसे बड़ी माता के नाम से जानते हैं। उस बाराखम्बा में नगरपालिका के द्वारा करीब सवा एकड़ जमीन दी गई थी। परंतु कुछ एक विशेष सम्प्रदाय द्वारा उस जमीन को दबा लिया गया है। स्थानीय प्रशासन ने दबाई हुई कुछ जगह तो छुड़वा ली है, लेकिन अन्य जगहों पर कब्रें बनाकर उस जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। यह जमीन पुरातत्व विभाग के अंतर्गत

आती है और पुरातत्व विभाग से उसका रख-रखाव होता है। उसे सौ रुपये रख-रखाव के लिए दिये जाते हैं। अंग्रेजों के जमाने से यह पैसा देना चला आ रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जिस जमीन पर अतिक्रमण हो गया है, उस पर स्थानीय प्रशासन ने जो अतिक्रमण हटवाया है, मैं केन्द्रीय पुरातत्व विभाग से मांग करता हूं कि उसके रख-रखाव के लिए पैसे बढ़ाये जाएं और वहां की जमीन पर जो अतिक्रमण किया गया है, उस अतिक्रमण को हटवाया जाए, जिससे कि वहां सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे और हमारे चंदेल कालीन का जो बाराखम्बा चौकी अच्छी तरह से सुरक्षित रह सके। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Bhanu Pratap Singh Verma.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : माननीय सभापति महोदय, यह राजस्थान का एक महत्वपूर्ण विषय है, एक महत्वपूर्ण घटना जो तीन और चार तारीख को हुई है, उस घटना को मैं सदन, माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय कृषि मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं। चार और पांच तारीख को राजस्थान के कई जिलों में ओलावृष्टि हुई और उससे रबी की फसलों को भयंकर नुकसान हुआ और स्पेशली जोधपुर, जैसलमेर और मेरे जिले नागौर जिले में काफी ओलावृष्टि हुई। मैं ओलावृष्टि के समय पांच तारीख को स्वयं वहीं पर मौजूद था। ओलावृष्टि बीकानेर और सीकर जिलों में भी हुई है, कई जिलों में ओलावृष्टि हुई है। ओलावृष्टि में जो सबसे सबसे बड़ी यह चीज देखने में आई और ज्योग्राफिकली उसका क्या कारण रहा है, मैं वहीं पर था, जहां पर रबी क्राप थी, स्पेशली जहां रबी की क्राप खड़ी थी, उन्हीं क्षेत्रों में ओले गिरे हैं, जहां पानी कम था, जहां रबी क्राप्स नहीं थी, वहां ओलावृष्टि नहीं हुई है। यह एक संयोग की बात है और इसी कारण से ज्यादा नुकसान हुआ है। मेरे जिले में, मेरी कांस्टीटुएंसी में मकराना, कूचामन, परबसद, डीडवाला में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।

मैं आपकी मार्फत तीन बातें विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि जो फसलें खराब हुई हैं, उनमें जीरा प्रथम है। इसी प्रकार से दूसरी फसल, जिसे ईसबगोल कहते हैं, सारी की सारी कमर्शियल क्राप्स हैं।प्याज़ आदि तीनों फसलें करीब-करीब चौपट हो गई हैं। इसी प्रकार से जौ, चना और गेहूं में नुकसान हआ है। रबी क्रॉप्स में जो तीन कमर्शियल क्रॉप्स थीं, वे सारी की सारी खराब हुई हैं। मैं आपके मार्फत माननीय प्रधान मंत्री जी से, माननीय गृह मंत्री जी से, माननीय कृषि मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि एक स्पेशल टीम भेज कर राजस्थान के जिन जिलों में ओलावृष्टि से नुकसान हुआ है, उसका आंकलन करवाया जाए। दूसरा, मैं प्रधान मंत्री जी और माननीय गृह मंत्री जी को बहुत साधुवाद अर्पित करना चाहूंगा कि उन्होंने कई सालों के बाद डिज़ास्टर मैनेजमेंट में 50 गुणा राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है। उसी

आधार पर इस वर्ष भी हमारा जो नुकसान हुआ है, उसका कंपनसेशन दिया जाए। हमारे प्रदेश की माननीय मुख्यमंत्री महोदया खुद चिंतित हैं। आज उनका जन्म दिवस है, हम सब उनको बधाई भी दे रहे हैं, लेकिन उनकी चिंता का मुख्य कारण यह है कि किसानों का भयंकर नुकसान हुआ है। इसलिए वे भी चाहती हैं कि केंद्र के द्वारा इस कंपनसेशन को दिया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri P.P. Chaudhary, Shri Arjun Ram Meghwal, Shri Bhairon Prasad Mihra, Shri Sudheer Gupta and Shri Chandra Prakash Joshi are permitted to associate with the issue raised by Shri C.R. Chaudhary.

श्री राजीव प्रताप रूडी : सभापति महोदय, राजस्थान के बहुत सारे सदस्य आज यहां पर देर रात तक बैठे हैं और निश्चित रूप से चौधरी साहब ने जो विषय उठाया है, जिस प्रकार से ओलावृष्टि से राजस्थान में और कुछ विशेष क्षेत्रों में नुकसान हुआ है, मैं कृषि मंत्री जी के संज्ञान में इनकी समस्याओं को लाऊंगा और उनकी भी टीम वहां जाएगी। साथ-साथ गृह मंत्री के संज्ञान में भी लाऊंगा क्योंकि देश के प्रधान मंत्री ने यह संकल्प लिया है कि देश के किसानों के प्रति यह सरकार पूरी तरह से समर्पित रहेगी। किसान का विषय कहीं भी आएगा तो प्रधान मंत्री दो कदम आगे चल कर किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए हर कदम उठाएंगे और इसीलिए तो देश के प्रधान मंत्री ने ऐसी स्थिति को देखते हुए कृषि फसल बीमा इस देश में लागू की है। मुझे लगता है कि ऐसे ही गरीब किसानों के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। निश्चित रूप से हमारी टीम वहां जाएगी और जो सबसे अच्छी व्यवस्था हो सकेगी, राज्य सरकार और वसुंधरा जी से बात कर के इनके विषय को हम लोग उठाएंगे।

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : सभापति महोदय, अगर आधे घंटे के बाद यह विषय मैं उठाता तो इसका कुछ फायदा नहीं होता, क्योंकि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है और इस दिवस के अवसर पर ज़ीरो ऑवर के माध्यम से एक इश्यु मैं लेना चाहता हूँ।

महोदय, हमारे देश में प्रतिवर्ष इस दिवस पर महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कार्यक्रमों और योजनाओं की घोषणा होती है, परंतु आंकड़ें कुछ और ही कहते हैं। महोदय, मैं महाराष्ट्र से आता हूँ। सामना अखबार की रिपोर्ट के अनुसार अकेले महाराष्ट्र में 62,000 महिला उत्पीड़न के केस लंबित हैं, जिनमें बॉम्बे हाईकोर्ट में 3434, सैशन कोर्ट में 12,894 और मेट्रोपोलिटियन कोर्ट में 45,976 केस हैं, जिनका निपटारा नहीं हो पा रहा है। पूरे देश में इन केसों की संख्या लाखों में है। हमारे समाज में आज भी महिला को हेय दृष्टि से देखा जाता है। महिलाओं पर अन्याय के खिलाफ उठाई जाने वाली हर एक आवाज़ को दबाया जाता है। यह समय है जब हमें समाज में महिलाओं को बराबर का दर्जा देने का हरसंभव प्रयास करना चाहिए।

महोदय, आदरणीय सर्वोच्च न्यायालय ने सन् 2012 में महाराष्ट्र राज्य सरकार को फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित कर महिलाओं से संबंधित केसों का तुरंत निपटारा करने का आदेश दिया था। आदरणीय सुप्रीम कोर्ट ने ब्रज मोहन लाल बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के फैसले में महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने और जजों की नियुक्ति में देरी पर अपनी चिंता भी जताई थी। इसके बावजूद इस दिशा में अभी तक कुछ नहीं हुआ है।

आपके माध्यम से मेरा सरकार से विशेषतया प्रधान मंत्री जी से आग्रह है कि इस वर्ष के महिला दिवस पर कम से कम फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का राज्य सरकारों को निर्देश दिया जाए, जिसका कड़ाई से पालन हो और जिससे महिलाओं के सामाजिक, वित्तीय, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से उत्थान एवं विकास की दिशा में सही रूप से कार्य किया जा सके और सन् 2017 में आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बहुत सारी उपलब्धियों के साथ मनाया जा सके।

HON. CHAIRPERSON: Shri Sudheer Gupta, Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Chandra Prakash Joshi are permitted to associate with the issue raised by Shri Rahul Shewale.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार और सदन का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना आंगनबाड़ी कार्यकत्री व उनकी सहायिकाएं क्रमशः तीन हज़ार व 15 सौ रूपये प्रति माह की मानदेय पर काम कर रही हैं। इसी तरह आशा बहुएं, शिक्षा प्रेरक, सरकारी स्कूलों में खाना बनाने वाले रसोइए, चौकीदार, ग्राम रोज़गार सेवक, किसान मित्र, जानवरों का इलाज करने वाले, पैरावेट्, स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षक न्यूनतम मज़दूरी से कम रूपये पर काम करते चले आ रहे हैं। होमगार्ड्स व पीआरडी के जवानों का भी न्यूनतम वेतनमान अभी तक तय नहीं किया गया है। इसी तरह सभी विभागों को मिलाकर अकेले उत्तर प्रदेश में लगभग 17 लाख लोग संविदाकर्मी के रूप में काम कर रहे हैं। इसके अलावा विकलाँगों, वृद्धों, विधवाओं को भी मात्र 300 रूपए प्रतिमाह पेंशन दी जाती है।

महोदय, हम आपके माध्यम से सरकार से माँग करते हैं कि उत्तर प्रदेश की सरकार को निर्देशित करके आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, शिक्षा सेवकों, रोजगार सेवकों, स्कूलों में खाना बनाने वाली रसोईया, किसान मित्रों, जानवरों का इलाज करने वाले पैरावेट्स व शिक्षा अनुदेशकों को राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए। होमगार्ड्स तथा पीआरडी के जवानों को कम से कम 500 रूपया प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाए व स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के 80 हजार शिक्षकों का न्यूनतम वेतनमान

लागू किया जाए। विकलाँगों, वृद्धों, विधवाओं को जो 300 रूपए प्रतिमाह पेंशन मिलती है, उनकी पेंशन बढ़ाकर 1500 रूपए प्रतिमाह की जाए। यह हमारी सरकार से माँग है।

HON. CHAIRPERSON: S/Shri Chandra Prakash Joshi, Bhairon Prasad Mishra are allowed to associate with the issue raised by Shri Kaushal Kishore.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : महोदय, मैं आपके माध्यम से खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री जी का ध्यान भारतीय खाद्य निगम, दिल्ली के घेवड़ा डिपो में व्याप्त लापरवाही एवं मजदूरों के शोषण की ओर दिलाना चाहता हूँ। भारतीय खाद्य निगम में 1985 से कार्यरत 617 नैमित्तिक मजदूरों के नियमितीकरण के लिए 1991 में प्रबंधन और कर्मचारी यूनियन ने एक समझौता किया। समझौते के मुताबिक 1992 में सभी मजदूरों का चिकित्सा परीक्षण करवाया गया। चिकित्सा परीक्षण के उपरान्त प्रबंधन ने 451 मजदूरों को नियमित कर दिया। बाकी बचे हुए मजदूरों को कहा गया कि आपको बाद में नियमित किया जाएगा।

बाकी बचे 166 मजदूर वही काम नैमित्तिक आधार पर आज भी कर रहे हैं। उन्हें प्रबंधन ने बिल्कुल ही भुला दिया है, जबकि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय है कि समान काम का समान वेतन और सुविधा दी जाए। नियमितीकरण करने में भी वरीयता का ध्यान नहीं रखा गया। जिसको जहाँ से मर्जी प्रबंधन ने उठाकर नियमित कर दिया। मजदूरों के पूछने पर सही जवाब भी नहीं दिया जा रहा है। प्रबंधन अपनी मनमानी पर उतारू है। कुछ अधिकारी मजदूरों को धमकाते भी हैं।

अतः आपके माध्यम से हम मंत्री जी से और सरकार से यह माँग कर रहे हैं कि मजदूरों को न्याय मिले और बाकी मजदूरों को नियमित किया जाए ताकि इन गरीब मजदूरों को न्याय मिल सके और उनका जीवन-यापन आज के इस महँगाई के समय में ऊपर उठ सके। आपने हमें गरीब लोगों के विषय में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: S/Shri Chandra Prakash Joshi, Bhairon Prasad Mishra. Shri Sudheer Gupta are allowed to associate with the issue raised by Shri Janardan Singh Sigriwal.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : महोदय, मैं एक अति महत्वपूर्ण विषय को आपके माध्यम से सदन के सामने उठाना चाहता हूँ। रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग से जहाँ खेती में उत्पादन प्रभावित हो रहा है, वहीं ये कीटनाशक जाने-अनजाने में पानी, मिट्टी, हवा, जन-स्वास्थ्य एवं जैव विविधता को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं और प्रकृति का संतुलन भी बिगाड़ रहे हैं। अनेक कीटनाशक व्याधियाँ फिर से पैदा हो रही हैं। कई कीटनाशकों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ गई है और वे दवाओं को ही हजम कर रहे हैं। इसका असर खाद्य उत्पादनों पर पड़ रहा है। उनमें दवाओं व रसायनों की मात्रा खतरनाक स्तर पर

आ जाने से कैंसर जैसी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। लोगों की भी रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म होती जा रही है।

हमारे देश की मिट्टी अत्यधिक उपजाऊ है एवं हमारा किसान बहुत मेहनती है। हमारे देश के किसान दुनिया के कई देशों को खाद्यान्न उपलब्ध करा सकते हैं। लेकिन ज्यादा फसल के लालच में अंधाधुंध खाद व कीटनाशकों का प्रयोग होने से जहर मिट्टी में समाता जा रहा है। नदी-नालों एवं भूगर्भ का जल भी जहरीला होता जा रहा है।

भारतीय कृषि के पारम्परिक ज्ञान में कई ऐसे नुस्खे हैं, जिन्हें अपनाने से न केवल खेती की लागत कम होती है, बल्कि फसल की मात्रा वे गुणवत्ता भी बेहतर होती है। हमारी आदरणीय अध्यक्ष महोदया जिस क्षेत्र से हैं, उनसे लगा हुआ निवाड़ क्षेत्र है, जहाँ पर मिर्च की खेती बहुतायत में होती है, लेकिन इस वर्ष जिन किसानों ने खेतों में रसायन का उपयोग किया, उनकी फसल खराब हो गई है। इसके विपरीत कुछ किसानों ने गुड़, दूध और हल्दी का छिड़काव किया और घंटी बजाई, तो ऐसे किसानों के खेतों में जो मिर्च की फसल हुई है, वह बहुत अच्छी हुई है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जल, जन एवं जीवन को स्वस्थ रखने के लिए देश में जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा देने वाले कीटनाशकों के उपयोग पर रोक लगाने एवं तालाबों की सफाई को प्रोत्साहित कर उनसे निकलने वाली खाद को खेतों में उपयोग करने की योजना बनवाने में सहयोग करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: S/Shri Chandra Prakash Joshi, Bhairon Prasad Mishra. Shri Sudheer Gupta, Shri P.P. Chaudhary, Shri C.R. Chaudhary are allowed to associate with the issue raised by Dr. Virendra Kumar.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : महोदय, 11 घंटे के इंतजार के बाद आपने बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र अम्बाला के अम्बाला छावनी स्थित इंडियन ऑयल डिपो की ओर दिलाना चाहता हूँ। यह कई दशकों से अंबाला छावनी में कार्यरत है। अंबाला छावनी सामरिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। रक्षा मंत्री जी भी यहाँ बैठे हैं। क्योंकि यह कैंटोनमैंट एरिया है जहाँ पर एयरफोर्स स्टेशन डिवीज़न के रेलवे स्टेशन और सेना से संबंधित बहुत से कार्यालय भी यहाँ पर हैं। अब यह इंडियन ऑयल डिपो नगर की आबादी के बीच में आ गया है, इसलिए किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए जनहित में अब इसका स्थानांतरण किया जाना अति आवश्यक है। अंत में मंत्री महोदय जी से यह अनुरोध करूँगा कि इस इंडियन ऑयल डिपो को तुरंत यहाँ से किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

महोदय, मैं जब 1971 में कालेज में पढ़ता था, तो इस ऑयल डिपो से अगर एक सैकेन्ड का भी फर्क पड़ जाता, एक सैकेन्ड से भी कम का फर्क पड़ जाता तो यह डिपो पाकिस्तान की लड़ाई में बमों की लपेट में आ जाता। मैं उस वाकये का चश्मदीद गवाह हूँ। जब पाकिस्तान ने 6 स्थानों पर बमबारी की थी इसलिए सामरिक दृष्टि से इस विषय को देखते हुए इसे अविलम्ब यहाँ से हटाया जाए और इसे आबादी से दूर किया जाए।

HON. CHAIRPERSON: Shri Sudheer Gupta, Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Chandra Prakash Joshi are permitted to associate with the issue raised by Shri Rattan Lal Kataria.

DR. THOKCHOM MEINYA (INNER MANIPUR): Mr. Chairman, Sir, I rise to raise a matter of urgent public importance on this auspicious day of International Women's Day. I would like to pay my sincere and humble best wishes to all hon. women Members of this august House and to the women of the world.

On this day, I do feel that it is significant to mention about the marathon hunger striker, Irom Chanu Sharmila, the Iron Lady of Manipur, who has been on indefinite fast for almost 16 years now. During these days, she has been nose-fed. Sharmila had been freed, she resumed fast and then she was taken into judicial custody. This is nothing new, for this is what has been happening ever since the Iron Lady decided to launch her fast, to demand the repeal of the Armed Forces Special Powers Act, 1958, in November, 2000. Once again Sharmila is under judicial custody and once again there is not the slightest hint that she is ready to give up her fast. Rightly so, the annual turn of events will continue. The term 'Armed Forces Special Powers Act' is redundant, infamous, inhuman and, most importantly, terrifying in the so-called troubled regions of Jammu and Kashmir and the North East. Insurgent activities and violence are the two fundamental premises which determine whether a particular area should be categorized as 'disturbed' or not.

I have been urging the Union Government for the immediate repeal of this infamous Armed Forces Special Powers Act, 1958. I am supported by the fact that as many as four Committees/Conferences, namely, the Justice Jeevan Reddy

Committee of 2005, the Second Administrative Reforms Commission of 2007, the Working Group on Confidence Building Measures in Jammu and Kashmir of 2007, and lately, the Justice J.S. Verma Committee of 2012 have recommended the repeal of the Armed Forces Special Powers Act. It is also a fact that many people had been killed in 'fake encounters', 'several cases of enforced disappearances', 'rampant cases of rapes' and 'custodian killings' had been recorded in the country because of this infamous military Act. Also, as around 169 countries had recommended the repeal of this draconian Act. Prime Minister Narendra Modi says that one of his missions is to rid India of a 'maze of useless laws' – India's archaoic and obsolete laws which are seen by many as its most burdensome legacy.

Hence, I do strongly urge upon the Union Government to immediately intervene and direct the Union Home Ministry to reconsider its decision to reject the Jeevan Reddy Committee Report to repeal the Armed Forces Special Powers Act and order the immediate repeal of this law.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI RAJIV PRATAP RUDY): Mr. Chairman, Sir, there are some more hon. Members who want to raise some important issues and they are waiting for a long time. So I request that they may be allowed one minute each to raise their matters.

श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) : सभापति महोदय, आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दे को उठाने के लिए रात के पौने बारह बजे समय दिया, इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद। महोदय, मेरे क्षेत्र में जो अफीम के किसान हैं, मौसम की मार के कारण परेशान हैं। चूँकि यह वित्त विभाग से संबंधित विषय है, मैं चाहूँगा कि अफीम के किसानों को पोस्त दाना निकालने का अधिकार दिया जाए, यह मेरी आपके माध्यम से मांग है।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra, and Shri Chandra Prakash Joshi are permitted to associate with the issue raised by Shri Sudheer Gupta.

SHRI R.K. BHARATHI MOHAN (MAYILADUTHURAI): Sir, according to paragraph three of commercial circular No. 24 of 2009, MPs enjoyed the privilege

of issuing income certificate to the labourers for issue of IZZAT Monthly Seasonal Ticket in Railways. With this monthly season ticket, the labourers can travel upto 150 kilometers daily in train to earn their livelihood. But this privilege enjoyed by the MPs has been withdrawn and as a result, the daily wagers find it difficult to travel in train at concession rate. I, therefore, request the hon. Railway Minister to restore the privilege to the MPs immediately to issue income certificate in "Form-A" to the labourers.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : सभापति महोदय, मैं मेरे संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के ऐतिहासिक धरोहर, विश्वविख्यात किले के बारे में अपनी ओर से निवेदन करना चाहता हूं। वह 13 किलोमीटर के रेडियस में फैला हुआ है और महाराणा प्रताप, जिन्होंने कभी मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके, कभी समझौता नहीं किया, मेवाड़ को स्वाधीन बनाये रखा, मैं उस किले के ऊपर महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा लगे और पन्ना धाय, मीराबाई और रानी पद्मिनी का इतिहास जिस किले से जुड़ा हुआ है, जिस किले के कण-कण में वीरता और शौर्यता है, मैं चाहता हूं कि वहां महाराणा प्रताप की एक आदमकद प्रतिमा लगे। मैं भारत सरकार का तो धन्यवाद देता ही हूं कि महाराणा प्रताप का एक रैगुलर डाक टिकट जारी कर दिया, लेकिन एक प्रतिमा अगर किले के ऊपर लगेगी तो निश्चित रूप से पूरे मेवाड़ को मान और सम्मान मिलेगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri Sudheer Gupta and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri C.P.Joshi.

श्री राजीव प्रताप रूडी: मैं माननीय पर्यटन मंत्री श्री महेश शर्मा जी की जानकारी में लाऊंगा और जो सम्भव होगा, उसके लिए जरूर सरकार प्रयास करेगी।

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष पर सब को बधाई देते हुए मैं कहना चाहता हूं कि आज महिलाओं की जो स्थिति है, पूरे देश भर में जो महिलाएं पुलिस में काम करती हैं, उन महिलाओं को शौचालय, लघुशंका के लिए कोई भी उपलब्ध स्थान नहीं रहता है। वे पानी भी नहीं पीती हैं और जिससे कई प्रकार की बीमारियां भी हो जाती हैं। यह मामला बहुत उजागर हुआ है। मैं चाहता हूं कि इस पर सरकार अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष में सहानुभूतिपूर्वक ध्यान दिया जाये।

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : माननीय सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र के चित्रकूट एवं बांदा जनपद में पिछले कई वर्षों से सूखा पड़ने के कारण और इस वर्ष और अधिक सूखे के कारण पूरे क्षेत्र में पशुओं के लिए चारे की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है। पशु बिना चारे के भूख से मर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर

अधिकारियों तथा राज्य शासन से बहुत बार अनुरोध करने के बाद कहीं-कहीं किसी गांव में एक दिन के लिए पांच किलो से आठ किलो तक भूसा उपलब्ध कराया गया है। बाकी वे हाथ खड़े कर दिये हैं कि हम कुछ नहीं कर सकते हैं। हालात बहुत खराब हैं, अतः सरकार से अनुरोध है कि ग्राम स्तर पर, हर न्याय पंचायत स्तर पर कम से कम एक भूसे व चारे का केन्द्र खोलकर पशुओं को चारा उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार को निर्देश देने की कृपा करें, जिससे इस भीषण समस्या का समाधान हो सके।

HON. CHAIRPERSON: Shri Sudheer Gupta and Shri Chandra Prakash Joshi are permitted to associate with the issue raised by Shri Bhairon Prasad Mishra.

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : सभापति महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। एन.डी.ए. सरकार ने जब-जब सत्ता संभाली है, तब-तब राज्यमार्गों के विकास कार्य में तेजी आई है। हम सभी जानते हैं कि राजमार्ग देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। पिछली एन.डी.ए. सरकार द्वारा 11 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से राजमार्ग निर्माण कार्य किया जाता था, जो वर्तमान सरकार द्वारा बढ़ाकर 23.4 किलोमीटर प्रतिदिन किया गया है। यू.पी.ए. के कार्यकाल के दौरान तो राजमार्ग के निर्माण की गति केवलमात्र 5.2 किलोमीटर प्रतिदिन ही रह गई थी। माननीय नितिन गडकरी जी के नेतृत्व में ही राजमार्ग निर्माण का लक्ष्य प्रतिदिन 30 किलोमीटर का प्राप्त हो सकेगा। मैं सदन और माननीय सड़क परिवहन व राज्य मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का ध्यान पुराने राजमार्गों की मरम्मत की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि यू.पी.ए. के कार्यकाल में राजस्थान को राजमार्गों की मरम्मत हेतु आवश्यकता से लगभग आधी धनराशि जारी की जाती रही है। वर्ष 2011-12, 2013-14, 2014-15 के बजट में तो कुल मिलाकर 41.48 करोड़ ही जारी किये गये हैं। जो कि अनुमानित लागत से एक चौथाई से कम था।

राजमार्गों की खराब स्थिति को गंभीरता से लेते हुए राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2013-14 में 50 करोड़ रुपए की धनराशि केन्द्र सरकार द्वारा पुनर्भरित किए जाने के आधार पर की गयी थी। केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 में राजमार्गों की मरम्मत हेतु 22.34 करोड़ तथा बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों हेतु 4.08 करोड़ की राशि ही जारी की गयी है।

इसके साथ-साथ राजमार्गों की लम्बाई तथा उन पर वाहनों की संख्या में निरन्तर बढ़ोतरी के कारण मरम्मत हेतु धनराशि को बढ़ाया जाना आवश्यक हो गया है। राजस्थान सरकार के मध्यम से 75 करोड़ रूपए की धनराशि राजमार्गों की मरम्मत हेतु आवंटित किए जाने का प्रस्ताव केन्द्र के पास लम्बित है, जिसे गडकरी जी स्वीकृत करने की कृपा करें।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Sudheer Gupta are permitted to associate with the issue raised by Shri P.P. Chaudhary.

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) : सभापति महोदय, यहां माननीय रूडी जी हैं, माननीय रेल राज्य मंत्री जी भी हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का शताब्दी वर्ष चल रहा है और 11 फरवरी को उनके 100 वर्ष पूरे हुए हैं। उनका देहांत मेरे संसदीय क्षेत्र में हुआ था। मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत मुगलसराय में उनका शव पाया गया था। वहां रेलवे की पर्याप्त जमीन है और वह क्षेत्र देश का बड़ा केन्द्र है। उनकी पवित्र स्मृति में एक बड़ा स्मारक बनाया जाए, एक पार्क बनाया जाए। मैं माननीय रेल मंत्री जी और सरकार से आपके माध्यम से यह मांग करता हूं।

कृपया आश्वासन दें।

HON. CHAIRPERSON: Shri Ashwini Kumar Choubey, Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Sudheer Gupta are permitted to associate with the issue raised by Dr. Mahendra Nath Pandey.

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मनोज सिन्हा) : महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, वह अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका संज्ञान सरकार लेगी और जो भी संभव होगा, वह शीघ्र करेगी।

SHRI RAJIV PRATAP RUDY : Sir, on behalf of the House, on behalf of Parliament we would extend a very special thanks to you, Sir, Dr. P. Venugopal Ji for having chaired and allowed the Members to present their views and represent their constituencies. Sir, you have been sitting here for the last seven hours. On behalf of the Parliament and on behalf of everyone, across Party lines, we congratulate you and thank you, and we extend our special thanks.

HON. CHAIRPERSON: Thank you.

The House stands adjourned to meet tomorrow, the 9th March, 2016 at 11.00 a.m.

23.51 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, March 9, 2016/Phalguna 19, 1937 (Saka)